चैत्र मास, कृष्ण पक्ष 10, वर्ष 12, अंक 37, पृष्ठ 16, मूल्य : 5.00

वाराणसी, शुक्रवार, 17 मार्च, 2023

परख सच की

# जनसंदेश टाइम्स

वाराणसी, लखनऊ, कानपुर, गोरखपुर एवं प्रयागराज से प्रकाशित

डाक/ नगर संस्करण

E-paper : www.jansandeshtimes.net | Portal : www.jansandeshtimes.news



अन्दर : सर्जनात्मक जिद के महारथी कांशीराम

अन्दर : विराट कोहली ने किन वजहों से छोड़ी आरसीबी की कप्तानी ? खुद किया खुलासा



# संभल में कोल्ड स्टोरेज की छत ढही

## एक की मौत, 8 निकाले गए, 20 से ज्यादा के दबे होने की आशंका, एरिया खाली कराया

**संभल।** संभल में गुरुवार को बड़ा हादसा हो गया। यहां एआर कोल्ड स्टोरेज की छत ढह गई। मलबे में 25 से 30 लोग दब गए। राहत एवं बचाव कार्य टीम ने नौ लोगों को बाहर निकाला है। इसमें एक की मौत हो गई है। 8 का इलाज चल रहा है। दोपहर 12 बजे शुरू हुआ रेस्क्यू ऑपरेशन अभी जारी है। अभी भी बीस से ज्यादा लोगों के दबे होने की आशंका है। आलू से भरे बोरों के बीच दबे लोगों की चीखें सुनाई दे रही हैं।

मौके पर पुलिस-प्रशासन और फायर ब्रिगेड की टीम पहुंच गई है। बुलडोजर और जेसीबी से मलबा हटाया जा रहा है। अमोनिया गैस के रिसाव के डर से एरिया खाली करा लिया गया है। मुरादाबाद के डीआईजी समेत संभल के डीएम और एसपी भी मौके पर पहुंच गए।

### बड़ा हादसा

**मलबा हटा रहीं आठ जेसीबी**

**आलू भरने के दौरान हादसा**

**कर्मचारियों ने बंद की अमोनिया गैस**

**1000 से ज्यादा आलू की बोरियां एक-एक कर हटायी जा रहीं**

एसडीआरएफ और एनडीआरएफ की टीम बचाव कार्य में जुटी हुई है। रेस्क्यू ऑपरेशन में मलबे में दबे जिन 9 लोगों निकाला गया है, उनमें 8 लोगों को गंभीर हालत में चंदौसी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसा कोतवाली चंदौसी क्षेत्र के इस्लाम नगर रोड स्थित ओरछी चौराहे का है। यह एरिया बदायूं और संभल जिले के बॉर्डर पर स्थित है। इन दिनों किसान खेतों से आलू खोदकर कोल्ड स्टोरेज लेकर जा रहे हैं। पश्चिम उत्तर प्रदेश के ज्यादातर कोल्ड स्टोर पर आलू स्टोरेज का चल रहा है। एआर कोल्ड स्टोरेज संभल और बदायूं जिले के बॉर्डर पर स्थित है। यहां पर इन दोनों जिलों का आलू आता है। गुरुवार सुबह करीब 11 बजे यहां कोल्ड स्टोर में आलू स्टोरेज किया जा रहा था। गोडाउन के अंदर बीस से तीस लोग काम कर रहे थे। इनमें बीस से ज्यादा लेबर और करीब दस किसान बताए जा रहे हैं। ये लोग जब हॉल के अंदर गाटर से बनी तीसरी मंजिल पर आलू चढ़ा रहे थे तभी अचानक भरभराकर पूरी छत बैठ गई। जो लोग जहां काम कर रहे थे वहीं दब गए। हालांकि किनारे काम कर रहे दो चार लोग बाहर निकल आए। पर वो बदहवास सी स्थिति में हैं। कोल्ड स्टोर के बाहर भी ट्रैक्टर की लंबी लाइन लगी थी। हादसा होते ही अफरातफरी मच गई।



### प्रत्यक्षदर्शी बोले- ऐसा लगा धमाका हो गया

प्रत्यक्षदर्शी राकेश ने बताया, कोल्ड स्टोरेज की लंबाई करीब 100 फीट होगी। रोज की तरह यहां आज भी सुबह से ही किसान आलू लेकर पहुंचे थे। मजदूर आलू की एक-एक बोरी को लॉट में लगा रहे थे। सुबह करीब 11 बजे अचानक बिल्डिंग भर भराकर गिर गई। तेज धमाके जैसी आवाज सुनकर हम लोग मौके पर पहुंचे तो देखा कि कोल्ड स्टोरेज मलबे में तब्दील हो चुका था। लोगों की चीख-पुकार मची थी। करीब 20-25 लोग अंदर थे, जो मलबे में दब गए। इनमें मजदूर और कुछ किसान भी शामिल हैं। बताया जाता है कोल्ड स्टोरेज में 1000 से ऊपर आलू से भरी बोरियां लगी हैं। मलबे में ट्रॉलियां भी दबी हैं। डीएम ने बताया कि धीरे-धीरे मलबे को हटाया जा रहा है। आशंका है कि कुछ लोग आलू की बोरियों के नीचे भी दबे होंगे। इसलिए एक-एक कर बोरियों को हटाकर बाहर लाया जा रहा है।

वहीं सीएम योगी ने जनपद संभल के चंदौसी में कोल्ड स्टोरेज में हुए हादसे का संज्ञान लिया है। उन्होंने घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाकर जिला प्रशासन के अधिकारियों को उनका समुचित उपचार कराने के निर्देश दिए हैं। साथ ही घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है।

# मनीष सिसोदिया पर एक और शिकंजा

**नई दिल्ली।** शराब नीति मामले में जेल में बंद दिल्ली के पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया पर सीबीआई ने नया केस दर्ज किया है। यह केस दिल्ली सरकार की फीडबैक यूनिट में कथित भ्रष्टाचार को लेकर है। सीबीआई का दावा है कि गैरकानूनी तरीके से फीडबैक यूनिट को बनाने और चलाने से सरकारी खजाने को 36 लाख रुपए का घाटा हुआ है। इस यूनिट पर विरोधी पार्टी के नेताओं, अधिकारियों और ज्यूडिशयरी मेंबर्स की जासूसी का भी आरोप है। फीडबैक यूनिट केजरीवाल सरकार ने 2015 में सत्ता में आने के बाद बनाई थी।

2016 में विजिलेंस डिपार्टमेंट के एक अधिकारी केसी मीणा ने एफबीयू को लेकर शिकायत की थी जिसके बाद मामले में जांच शुरू हुई थी। पिछले महीने ही गृह मंत्रालय ने सीबीआई को इस मामले में मनीष सिसोदिया के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की परमिशन दी थी। सीबीआई का कहना है कि ये यूनिट राजनीतिक जानकारियां इकट्ठा करती थी।

### एक और मामला

**दिल्ली सरकार की फीडबैक यूनिट में करप्शन और विपक्षी नेताओं की जासूसी करवाने का आरोप**

यूनिट की 40% रिपोर्ट इन्हीं जानकारियों के बारे में थीं। इस मामले में सिसोदिया के अलावा तत्कालीन विजिलेंस सेक्रेटरी सुकेश कुमार जैन, सीआईएसएफ के रिटायर्ड डीआईजी राकेश कुमार सिन्हा, इंटेलिजेंस ब्यूरो के रिटायर्ड जॉइंट डिप्टी डायरेक्टर प्रदीप कुमार पुंज, सीआईएसएफ के रिटायर्ड असिस्टेंट कमांडेंट सतीश खेत्रपाल और गोपाल मोहन के खिलाफ भी प्रिवेंशन ऑफ करप्शन एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

NARAYANDAS
नरायन दास सराफ ज्वेलर्स
वाराणसी
916 हॉलमार्क ज्वेलरी
अर्दली बाजार
SUNDAY OPEN

C.U.E.T. CHS
ENTRANCE EXAM - 2023
BHU / DU / AU
9th & 11th
B.Sc. B.Com. B.A. LL.B
Selection
1218 in CUET | 155 in CHS
संकल्प ट्यूटोरियल्स
पॉलिटेक्निक
1. बादशाह बाग (G.G.I.C. के पास) मलदहिया
2. रविन्द्रपुरी एक्सटेंशन 3. नेवादा 4. सिगरा बाजार
5. पाण्डेयपुर 6. बुलानाला 7. बसही, वाराणसी
9335418689, 9335720660

# उप्र में 72 घंटे की हड़ताल पर गए बिजली कर्मचारी

**लखनऊ।** निजीकरण और सेवा शर्तों में कटौती के विरोध में विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के सदस्यों का कार्य बहिष्कार दूसरे दिन भी जारी रहा। इसका असर बिजली आपूर्ति पर पड़ा है। कार्य बहिष्कार के दूसरे नगर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में आपूर्ति तीन घंटे तक बाधित रही।

प्रबंध निदेशक कार्यालय के बाहर विरोध सभा में कर्मियों ने प्रबंधन से वार्ता विफल रहने के बाद हड़ताल पर जाने का फैसला किया। संघर्ष समिति के मीडिया प्रभारी अंकुर पांडेय ने बताया कि प्रबंधन से वार्ता विफल रहने के बाद बनारस के भी बिजली कर्मी गुरुवार रात 10 बजे के बाद 72 घंटे की हड़ताल पर चले जाएंगे। शांतिपूर्ण आंदोलन के दौरान किसी भी बिजली कर्मी को गिरफ्तार किया गया तो हड़ताल के साथ जेल भरो आंदोलन करेंगे।



### परेशानी बढ़ी

**यूपी में गहरा सकता है बिजली संकट**

नेशनल कोऑर्डिनेशन कमेटी ऑफ इलेक्ट्रिसिटी इम्प्लॉइज एंड इंजीनियर्स (एनसीसीओईईई) के आह्वान पर प्रदेश के बिजली कर्मी विरोध-प्रदर्शन कर रहे हैं। सभा को नीरज पांडेय, राजेंद्र सिंह, सुनील कुमार, अमित त्रिपाठी, संजय भारती आदि ने संबोधित किया। प्रबंधन ने संविदा कर्मचारियों के नियोक्ता और ठेकेदारों को नोटिस जारी कर कार्य से विरत रहने वाले कर्मियों को हटाने और उनकी जगह नई तैनाती करने के निर्देश दिए हैं। निदेशक कार्मिक और प्रशासन शेष कुमार बघेल के मुताबिक निर्बाध बिजली आपूर्ति के लिए आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। कोई उपकेंद्रों को नुकसान न पहुंचा सके इसके लिए इसके लिए प्रशासन की ओर से पुलिस की तैनाती की गई है।

## अलीगढ़ में तीन महीने के लिए धारा 144 लागू

**अलीगढ़।** त्योहार, विभिन्न बोर्ड और विवि की परीक्षाएं और सन्निकट नगरीय निकाय चुनाव को देखते हुए अलीगढ़ में तीन महीने के लिए धारा 144 लागू कर दी है। जिसके लिए डीएम इंद्र विक्रम सिंह के निर्देश पर एडीएम प्रशासन डीपी पाल ने आदेश जारी कर दिया है। अलीगढ में धारा 144 दंड प्रक्रिया संहिता लागू की गई है। धारा 144 को 16 मार्च से लेकर 7 जून तक लागू किया गया है।

### डीएम ने जारी किया आदेश

इस आदेश की प्रति सभी तहसील, थाना, विकासखण्ड, स्कूलों, नगर पालिका, नगर पंचायत पर चस्पा की जाएगी। यदि कोई व्यक्ति इस आदेश का उल्लंघन करता है तो धारा 188 आईपीसी के अंतर्गत तथा अन्य सुसंगत अधिनियम एवं विधिक प्रावधानों के अंतर्गत दंडनीय होगा। निषेधाज्ञा लागू हो जाने पर बिना अनुमति के कोई भी सभा, जुलूस अथवा रैली का आयोजन नहीं किया जायेगा। इस अवधि में कोई भी व्यक्ति लाठी, बन्दूक आदि हथियार लेकर नहीं चलेगा और कोई भी ऐसा कृत्य नहीं करेगा जिससे किसी दूसरे व्यक्ति की भावनायें आहत हों।

# इंडियन आर्मी का चीता हेलिकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त, दोनों पायलट की मौत

**नई दिल्ली।** अरुणाचल प्रदेश में चीन बॉर्डर के पास गुरुवार को इंडियन आर्मी का चीता हेलिकॉप्टर क्रैश हो गया। न्यूज एजेंसी के मुताबिक, हेलिकॉप्टर मंडला हिल्स इलाके में क्रैश हुआ।

### हादसा

**चीन बॉर्डर के पास मलबा मिला**

**सुबह 9:15 बजे टूटा था संपर्क**

वेस्ट कामेंग जिले के एसपी बी.आर.बोमारेड्डी ने बताया कि हेलीकॉप्टर हादसे में दोनों पायलट की मौत हो गई है। मारे गए पायलटों की पहचान लेफ्टिनेंट कर्नल बीबी रेड्डी और मेजर जयंत का शव दुर्घटना स्थल से बरामद कर लिया गया है। दोनों के शवों को निकट के अस्पताल लाया जा रहा है, जहां पर अंतिम कार्रवाई की जाएगी। शव शाम करीब चार बजे मिले।

डिफेंस गुवाहाटी के पीआरओ लेफ्टिनेंट कर्नल महेंद्र रावत ने बताया कि आर्मी एविएशन का चीता हेलिकॉप्टर अरुणाचल प्रदेश के बोम्डियाल के पास ऑपरेशनल उड़ान पर था। इसी दौरान सुबह 9:15 बजे इसका एयर ट्रैफिक कंट्रोल से संपर्क टूट गया था। अरुणाचल प्रदेश पुलिस ने बताया- दोपहर करीब 12.30 बजे बंगजालेप, दिरांग थाने के ग्रामीणों ने बताया कि एक हेलिकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हुआ है। सेना, एसएसबी और पुलिस की सर्च और बचाव टीम मौके के लिए रवाना हो चुके हैं। अभी तक कोई फोटो सामने नहीं आई है, क्योंकि क्षेत्र में कोई सिग्नल नहीं है। वहीं, कोहरे के चलते दृश्यता भी 5 मीटर है। इससे पहले 21 अक्टूबर 2022 को अरुणाचल प्रदेश के सियांग जिले में मिलिट्री हेलिकॉप्टर 'रुद्र' क्रैश हो गया था। हादसा टूटिंग हेडक्वार्टर से 25 किलोमीटर दूर सिंगिंग गांव के पास हुआ था। हादसे में पांच की मौत हुई थी। रुद्र सेना का अटैक हेलिकॉप्टर है। इसे हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड ने भारतीय सेना के लिए बनाया है। यह हल्के ध्रुव हेलिकॉप्टर का वेपन सिस्टम इंटीग्रेटेड संस्करण है। पिछले साल ही 5 अक्टूबर को अरुणाचल प्रदेश के तवांग इलाके में आर्मी का एक चीता हेलिकॉप्टर क्रैश हो गया था।



# ओबरा में बिजली संकट को लेकर अलर्ट

**ओबरा।** विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति उप्र के आह्वान पर ओबरा तापीय परियोजना के बिजली कर्मचारियों, जूनियर इंजीनियरों, अभियन्ताओं और निविदा व संविदा कर्मियों की 72 घंटे की हड़ताल गुरुवार की रात्रि 10 बजे से प्रारंभ हो गई। वहीं एनसीसी ओ ई ई ई के आह्वान पर 16 मार्च को देश के सभी प्रान्तों के सभी जनपदों एवं परियोजनाओं पर लगभग 27 लाख बिजली कर्मी सड़कों पर उतर कर विरोध प्रदर्शन करेंगे। संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि ऊर्जा निगमों के शीर्ष प्रबन्धन की हठवादिता के चलते बिजली कर्मियों पर हड़ताल थोपी जा रही है। कहा कि 3 दिसम्बर 2022 को हुए समझौते में ऊर्जा मंत्री की ओर से 15 दिन का समय मांगा गया था। किंतु समझौते के प्रमुख बिन्दुओं के क्रियान्वयन की दिशा में कुछ भी कदम नहीं उठाया जा रहा है। वहीं ओबरा, अनपरा की 800-800 मेगा वाट की नई इकाईयां को उत्पादन निगम से छीन कर एनटीपीसी को दिये जाने, पारेषण के निजीकरण को रोकने व अन्य न्यायोचित मांगों के सार्थक समाधान किये जाने को लेकर शांतिपूर्ण ढंग से आन्दोलन कर रहे बिजली कर्मियों को पुलिस उत्पीड़न की धमकी दी जा रही है। वहीं दूसरी ओर प्रदेश सरकार द्वारा ओबरा परियोजना को चलाने हेतु भारी संख्या में आसपास के निजी कंपनियों व निजी परियोजनाओं के कर्मचारियों को बुलाया गया है, ताकि बिजली आपूर्ति में किसी तरह की बाधा उत्पन्न नहीं होने पाए। समिति के पदाधिकारियों ने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से प्रभावी हस्तक्षेप करने की अपील किया है।

### नाराजगी

**सरकार ने निजी परियोजनाओं के कर्मचारियों को बुलाया**

### प्रशासन मुस्तैद

**ओबरा।** विद्युत कर्मचारियों की बृहस्पतिवार की रात से होने वाली हड़ताल को लेकर प्रशासन भी सतर्कता बरत रहा है। शाम को उप जिलाधिकारी ओबरा राजेश सिंह, तहसीलदार सुशील कुमार एवं प्रभारी निरीक्षक ओबरा मिथिलेश मिश्रा ने सीआईएसएफ कमांडेंट ओबरा के साथ बैठक कर सभी पहलुओं की जानकारी ली। वहीं परियोजना गेट पर बिजलीकर्मियों की चल रही आम सभा स्थल का जायजा लेते हुए भारी पुलिस बल के साथ अधिकारियों ने पैदल गश्त किया।

# प्रदेश के 14 शहरों में बारिश का अलर्ट

**लखनऊ।** यूपी का मौसम आज फिर करवट ले सकता है। मौसम विभाग ने 14 जिलों में बारिश का अलर्ट जारी किया है। लखनऊ में बादल छाए रहने के साथ बारिश की संभावना है। झांसी में सुबह से बादल छाए हैं। बुधवार को 37℃ के साथ प्रयागराज और झांसी प्रदेश में सबसे ज्यादा गर्म रहे हैं। वहीं, 13.5 डिग्री के साथ मुजफ्फरनगर सबसे ठंडा शहर रिकॉर्ड किया गया है। मौसम विभाग ने बुलंदशहर, संभल, कासगंज, एटा, फिरोजाबाद, आगरा, हाथरस, मथुरा, अलीगढ़, उन्नाव, रायबरेली, हमीरपुर, बांदा और चित्रकूट जिलों में बारिश का अलर्ट जारी किया है। इस दौरान इन जिलों में 40- 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं भी चलेंगी और बिजली की गरज चमक भी देखने को मिलेगी। लखनऊ में अनुमान है कि न्यूनतम तापमान 15 से 18 डिग्री के आस-पास रहेगा। अधिकतम तापमान 28 से 30 डिग्री तक रिकॉर्ड किया जा सकता है। पहाड़ी राज्यों में मौसम ने करवट ली है। इसलिए यूपी के तराई इलाकों में अचानक मौसम बदल गया। मौसम विभाग ने 16 और 17 मार्च के आस-पास मौसम बदलने का अलर्ट जारी किया था। राजधानी लखनऊ में गुरुवार सुबह से ही बादल छाए हुए हैं।

### बदलेगा मौसम

**मुजफ्फरनगर 13.5 डिग्री के साथ सबसे ठंडा**

## सीबीआई के सामने 25 मार्च को पेश होंगे तेजस्वी यादव

**पटना।** बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव 25 मार्च को जांच एजेंसी सीबीआई के सामने पेश होंगे। इसके पहले सीबीआई ने उन्हें तीन बार पूछताछ में शामिल होने के लिए समन भेजा, लेकिन वो पूछताछ के लिए नहीं आये। वहीं कोर्ट में सीबीआई ने कहा है कि तेजस्वी यादव को गिरफ्तार नहीं किया जायेगा। सीबीआई ने 4 मार्च और 11 मार्च को तेजस्वी को पूछताछ के लिए बुलाया था, लेकिन वो पेश नहीं हुए। इसके बाद मंगलवार को उन्हें पूछताछ के लिए बुलाया गया लेकिन वे फिर भी नहीं पेश हुए। सीबीआई ने 7 मार्च को मामले के संबंध में राजद सुप्रीमो और तेजस्वी के पिता लालू यादव से पूछताछ की थी। एक दिन पहले 6 मार्च को लालू की पत्नी और बिहार की पूर्व सीएम राबड़ी देवी से उनके पटना आवास पर केंद्रीय एजेंसी ने पूछताछ की थी।

# लोकतंत्र की परीक्षा की घड़ी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने लंदन में अपने भाषण को देशविरोधी करार देने के भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के आरोपों पर जवाब दिया है। उन्होंने कहा कि जिस तरह से बीजेपी के 4 मंत्रियों ने मुझपर सदन में आरोप लगाए हैं, उसी तरह मुझे भी सदन में इन आरोपों का जवाब देने दिया जाए। उन्होंने कहा कि ये भारतीय लोकतंत्र की परीक्षा की घड़ी है। राहुल ने साथ ही कहा कि मुझे नहीं लगता है कि वो मुझे बोलने देंगे। आज तो मेरे आने के एक मिनट के भीतर सदन की कार्यवाही स्थगित कर दी गई थी। राहुल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में पीएम नरेंद्र मोदी और गौतम अडानी के रिश्तों को लेकर भी सवाल उठाए। राहुल ने बीजेपी के आरोपों पर कहा कि आज सुबह मैं संसद जाकर स्पीकर से कहा कि संसद में अपनी बात रखना चाहता हूं। सरकार के चार मंत्रियों ने मेरे ऊपर हाउस में आरोप लगाया है तो मेरा हक है कि संसद में मुझे अपनी बात रखने देने चाहिए। मुझे लगता नहीं है कि वो मुझे बोलने देंगे। आज मेरे आने के एक मिनट के बाद उन्होंने सदन को स्थगित कर दिया। उम्मीद है कि वो कल मुझे बोलने देंगे। राहुल गांधी ने कहा कि मैंने जो पीएम नरेंद्र मोदी और गौतम अडानी के बारे में जो सदन में बोलना उसे सदन की कार्यवाही से हटा दिया गया। ये पूरा मामला मुद्दे से हटाने का है।

### बोले राहुल गांधी

**मुझे बोलने नहीं दिया जाएगा अडाणी के मुद्दे से बचने के लिए पीएम मोदी ने रचा तमाशा**



# अखिलेश का डिप्टी सीएम पर 'शूद्र' वार

**आगरा।** रासचरित मानस की चौपाई से शुरू हुआ शूद्र का विवाद खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। बृहस्पतिवार को गांव अंगौथा नगरिया में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा में शामिल होने आए सपा प्रमुख ने फिर इस मामले को एक बयान से हवा दे दी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री अपने बगल में एक शूद्र को बैठाकर रखते हैं, और उन्हीं से बयान दिलवाते हैं। ये बातें उन्होंने डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य के बयान अयोध्या में भव्य राम मंदिर बन रहा है और सपा के लोग रामभक्तों पर गोलियां चलवाना चाहते हैं पर पलटवार करते हुए कहीं। उन्होंने कहा लोग पूछें कि क्या वह शूद्र हैं या नहीं? वहीं रामचरित मानस को लेकर मंगलवार को सपा नेता स्वामी प्रसाद मौर्य के बयान पर वे कुछ भी बोलने से बचते नजर आए। कहा वे जानकारी करेंगे कि उन्होंने क्या बयान दिया। मंदिरों में रामचरितमानस पाठ के आयोजन को लेकर उन्होंने कहा कि सरकार सभी मंदिरों में आयोजन के लिए धनराशि दे, सपा कार्यकर्ता और पदाधिकारी भी प्रसाद लेने जरूर आएंगे।

### साधा निशाना

**बोले- मुख्यमंत्री अपने बगल में बैठे शूद्र से दिलाते हैं बयान**



# फिर हंगामे की भेंट चढ़े दोनों सदन, गतिरोध जारी

**नई दिल्ली।** संसद में बृहस्पतिवार को सत्ता पक्ष के सदस्यों ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा भारत के लोकतंत्र को लेकर लंदन में दिए गए बयान के विरोध में जबकि विपक्षी सदस्यों ने अडाणी समूह से जुड़े मामले की संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) से जांच की मांग को लेकर भारी हंगामा किया। इस वजह से दोनों सदनों की बैठक पूरे दिन तीन-तीन मिनट भी नहीं चल सकी।

बजट सत्र का दूसरा चरण सोमवार को शुरू होने के साथ ही दोनों सदनों में गतिरोध कायम है क्योंकि सत्ता पक्ष के सदस्य जहां गांधी से माफी मांगने की मांग पर अड़े हुए हैं वहीं अडाणी समूह के बारे में हिंडनबर्ग रिपोर्ट की जांच के लिए जेपीसी गठित करने की मांग पर विपक्षी सदस्य हंगामा कर रहे हैं। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी बजट सत्र का दूसरा चरण शुरू होने के बाद आज पहली बार भोजनावकाश के बाद सदन में उपस्थित थे। ब्रिटेन में उनके बयान को लेकर उठे विवाद के बाद वह पहली बार सदन में आये थे। इससे पहले सुबह बैठक शुरू होने के बाद कार्यवाही महज दो मिनट ही चल सकी।

### सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों हंगामे पर आमादा

**तीन मिनट भी नहीं चले दोनों सदन, बीजेपी की राहुल से माफी और कांग्रेस की अडाणी समूह की जेपीसी जांच कराने की मांग पर हुई नोकझोंक**

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने प्रश्नकाल चलाने का निर्देश दिया। इस बीच कांग्रेस और कुछ अन्य विपक्षी दलों के सदस्य आसन के समीप आकर अडाणी समूह से जुड़े मामले की जेपीसी जांच की अपनी मांग को लेकर नारेबाजी करने लगे। उधर सत्तापक्ष के कुछ सदस्य अपने स्थानों पर खड़े होकर विदेश में राहुल गांधी के भारतीय लोकतंत्र को लेकर दिये गये बयान पर उनसे माफी की मांग करने लगे। पश्चिम बंगाल से भाजपा के सदस्यों को राज्य के स्कूल भर्ती घोटाले को लेकर तृणमूल कांग्रेस के खिलाफ नारेबाजी करते देखा गया। तृणमूल कांग्रेस के सदस्य अपने मुंह पर काली पट्टी बांधकर आसन के समीप पहुंचे। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने आसन के पास नारेबाजी कर रहे विपक्षी सदस्यों से अपने स्थान पर जाने और सत्ता पक्ष के सदस्यों से शांत होने की अपील की। बिरला ने कहा, ह्यह्य मैं सदन चलाना चाहता हूं। मैं आपको (विपक्ष) भी कहूंगा कि अपने स्थान पर बैठें और उनको (सत्ता पक्ष) भी कहूंगा कि बैठें। उन्होंने कहा कि संसद की एक मयार्दा होती है और हम संसद की मयार्दा को बनाए रखें। लोकसभा अध्यक्ष ने कहा, क्या आप बजट पर चर्चा नहीं करना चाहते, क्या आप प्रश्नकाल नहीं चलने देना चाहते हैं? हंगामा नहीं थमने पर अध्यक्ष बिरला ने सदन की बैठक शुरू होने के दो मिनट के अंदर अपराह्न दो बजे तक स्थगित कर दी। दोपहर दो बजे लोकसभा की बैठक फिर शुरू होने पर सदस्यों ने हंगामा शुरू कर दिया और पीठासीन सभापति किरीट सोलंकी ने नारेबाजी कर रहे सदस्यों से कहा, मैं दोनों पक्षों से पूछना चाहता हूं कि चर्चा चाहते हैं या नहीं। सदन चर्चा के लिए है। हंगामा नहीं थमने पर उन्होंने बैठक करीब एक मिनट के अंदर दिनभर के लिए स्थगित कर दी। सदन की बैठक अब शुक्रवार को पूर्वाह्न 11 बजे शुरू होगी। राज्यसभा में भी कमोबेश यही नजारा देखने को मिला। सुबह जैसे ही उच्च सदन की कार्यवाही आरंभ हुई, सभापति जगदीप धनखड़ के आसन पर बैठने से पहले ही, मुंह पर काली पट्टी बांधे तृणमूल कांग्रेस के सदस्य आसन के निकट दोनों ओर खड़े हो गए। तृणमूल कांग्रेस के सदस्य इस बात का विरोध कर रहे थे कि उन्हें बोलने नहीं दिया जा रहा है। इसी दौरान अन्य विपक्षी सदस्य सरकार के खिलाफ नारेबाजी करने लगे जबकि सत्ताधारी दल के सदस्य राहुल गांधी से उनकी लंदन में की गई टिप्पणी को लेकर माफी की मांग कर रहे थे।



# नकदी समेत करीब सात लाख के गहने चोरी

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** मंडुवाडीह थानाक्षेत्र अंतर्गत मीरा नगर कॉलोनी में बंद पड़े मकान को चोरों ने निशाना बनाया। यहां नकदी समेत करीब सात लाख के आभूषण पर चोरों ने हाथ साफ किया। मामले की जानकारी गुरुवार की सुबह होने पर वहां पहुंचे मकान मालिक के समधी और सपा नेता योगेंद्र यादव ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस मामले की छानबीन में जुट गयी है। वहीं मौके पर मकान मालिक राजाराम व उनकी पत्नी सुशीला देवी भी पहुंची।

भुक्तभोगी की माने तो चोर घर के मुख्य दरवाजे का ताला तोड़कर अंदर घुसे थे। चंदौली जिले के सकलडीहा थाना क्षेत्र के लोहरा गांव के रहने वाले राजाराम यादव कोल इंडिया से सेवानिवृत्त होने के बाद मीरा नगर कॉलोनी में घर बनवा कर रहने लगे। इनके इकलौते बेटे जितेंद्र यादव मध्य प्रदेश में निजी कंपनी में इंजीनियर पद पर नौकरी करते हैं। 20 दिसंबर को अपनी पत्नी के साथ राजाराम गांव चले गए और तीन महीने बाद लौटे तो जानकारी हुई।


चोरी के बाद बिखरा सामान

भुक्तभोगी की माने तो सीसीटीवी में घर से भागने एक युवक को देखा जा सकता है।

**रोहनिया।** रोहनिया थानाक्षेत्र के मोहनसराय चौकी अंतर्गत शाहावाबाद स्थित पेट्रोल टंकी के सटे मकान में बुजुर्ग महिला श्यामा कनौजिया( 80) वर्ष को वृद्धा पेंशन देने का प्रलोभन देकर कनफूल लेकर जालसाज भाग निकले। महिला की ओर से 112 पर सूचना दी गई।

जानकरी के अनुसार बुजुर्ग महिला घर में अकेली रहती है उसका लड़का मुंबई शहर में काम करके गुजारा भत्ता प्रति माह देता है। महिला की माने तो 40 हजार का कनफूल था। पुलिस जांच में जुट गयी है।

# महिला से छेड़खानी और मारपीट में एक दर्जन पर मुकदमा

## शादी समारोह में शराब के नशे में धुत होकर पहुंचे थे आरोपी

**वाराणसी।** पांडेयपुर में आयोजित एक प्रीतिभोज कार्यक्रम में शराब के नशे में धुत कुछ लोगों ने महिलाओं के साथ छेड़छाड़ की और करने विरोध करने पर मारपीट किया। इस मामले में हुकुलगंज निवासी महिला ने एक नामजद समेत दर्जन भर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया।

पीड़िता मुन्नी देवी की माने तो बुधवार को उनकी बहन की शादी पांडेयपुर स्थित एक जगह से आयोजित थी। वहीं का निवासी विक्की कश्यप अपने अन्य दर्जन भर साथियों के साथ शराब के नशे में धुत होकर शादी समारोह में घुस आया और यहां महिलाओं के साथ छेड़छाड़ करने लगा। इस बात की जानकारी जब पीड़िता ने अपने भाई शैलेश की तो शैलेश आरोपियों को इस कृत्य के लिए फटकारा। ये बात आरोपियों को नागवार लगी और भाई समेत अन्य लोगों को मारपीट कर घायल कर दिया गया। मारपीट के दौरान महिला मंगलसूत्र भी गायब हो गया। आरोप है कि घटना की सूचना पर कैंट पुलिस पहुंची लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की। ऐसे में पीड़ित पक्ष पुलिस आयुक्त को ज्ञापन सौंपा। पुलिस आयुक्त के आदेश पर कैंट पुलिस मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश कर रही है।

## संक्षेप

### नियुक्त होमगार्डों को मिला प्रशिक्षण

**वाराणसी।** टीपी लाइन में गुरुवार को नवनियुक्त होमगार्डों को यातायात संचालन व्यवस्था का प्रशिक्षण दिया गया। होमगार्डों को यातायात नियमों से अवगत कराया गया। ट्रैफिक मैनेजमेंट की बारिकियां बतायी गयीं। इस दौरान यातायात विभाग से जुड़े पुलिस अधिकारी मौजूद रहें।

### ट्रैक्टर के धक्के से घायल किसान की मौत

**पिंडरा।** फूलपुर थाना क्षेत्र के खालिसपुर में ट्रैक्टर ट्राली के चपेट में आये अशोक पटेल की गुरुवार को निजी अस्पताल में मौत हो गई। दो दिन पूर्व खालिसपुर से घर जाते समय मंगलवार की शाम ईंट लोड ट्रैक्टर चालक ने अशोक पटेल को धक्का मार दिया था। गंभीर अवस्था में उसे काजीसराय स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। हालत गंभीर होने पर बीएचयू के ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया। यहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी। मृतक देवजी बलोई का निवासी था। बेटे जयप्रकाश पटेल की तहरीर पर अज्ञात ट्रैक्टर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ। पुलिस ने ट्रैक्टर को कब्जे में ले लिया। वहीं चालक की तलाश में जुट गयी है।

### बीमारी से तंग युवक ने लगाई फांसी

**सारनाथ।** सरायमोहाना निवासी एक युवक ने बीमारी से तंग आकर पीपल के पेड़ में गुरुवार को फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। जानकारी के अनुसार सरायमोहाना निवासी रामबिलास साहनी 50 मछुवारे का काम करता था। घर के लोग बताए की रामविलास कई वर्षों से बीमारी से परेशान था, जिस कारण अवसादग्रस्त चल रहा था। वही पड़ोसियों का कहना है की परिवार में आपसी विवाद हुआ था, इलाज में खर्च आने की वजह से उसने पीपल के पेड़ में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। अधेड़ की शिनाख्त पड़ोसियों द्वारा किया गया। सूचना पे पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उधर मृत्यु की सूचना पाकर परिजनों का रोकर हाल बेहाल है।

### छत से गिरी वृद्धा, मौके पर तोड़ा दम

**मिर्जामुराद।** मिर्जामुराद थाना क्षेत्र के अरका (कंसरायपुर) गांव में गुरुवार की दोपहर छत पर चना फैला रही वृद्धा मालती देवी पत्नी जियालाल उम्र (60) वर्ष की चक्कर आने से दो मंजिला छत से नीचे गिरने से मौत हो गई। मालती के पति जियालाल ने बताया कि दोपहर में पत्नी मकान के दूसरे तल पर चना फैलाने गई थी आशंका है की चक्कर आ जाने से छत से नीचे गिर गई होगी। मृतका रक्तचाप की मरीज थी। छत से गिरते ही जबतक परिजन व आसपास के लोग पहुंच वृद्धा को पास के अस्पताल में लेकर पहुंचे लेकिन मौत हो चुकी थी। परिजनो ने शव का मीरजापुर स्थित कछवां के बरैनी घाट पर शव का दाह संस्कार किया। वृद्धा को तीन पुत्र व चार पुत्रियां बताई गई।

### गोदाम में लगी आग, दमकल ने पाया काबू

**वाराणसी।** जैतपुरा थाना के औसानगंज तिराहे के समीप स्थित इलेक्ट्रानिक सामान के गोदाम में गुरुवार की शाम आग लग गई। देखते ही देखते आग ने भीषण रूप धारण कर लिया। इससे अफरातफरी मच गई। सूचना के बाद पहुंची फायरब्रिगेड की टीम को आग पर काबू पाने के लिए कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। औसानगंज तिराहे के समीप तीन मंजिला मकान के नीचले तल पर इलेक्ट्रानिक का गोदाम है। गोदाम में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। नीचे से आग की लपटें और धुआं उठते देख मकान के उपरे तलों पर रह रहे लोगों में अफरातफरी मच गई। लोगों ने छत से कूदकर अपनी जान बचाई। मौके पर जुटे लोगों ने इसकी सूचना पुलिस व फायर ब्रिगेड को दी। फायर ब्रिगेड की टीम ने कड़ी मशक्कत कर आग पर काबू पाया।

# लूट के आरोपित को मिली जमानत

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** विशेष न्यायाधीश (पाक्सो एक्ट द्वितीय) अनुभव द्विवेदी की अदालत ने युवक को मारपीटकर उसकी घड़ी व रुपये लूट लेने के मामले में आरोपित टोडरपुर, राजातालाब निवासी हरिओम सिंह को 50-50 हजार रुपए की दो जमानतें एवं बंधपत्र देने पर रिहा करने का आदेश दिया। अदालत में बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता विकास सिंह ने पक्ष रखा।

अभियोजन पक्ष के अनुसार वादी राज मोदनवाल ने 22 सितम्बर 2022 को रोहनिया थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। आरोप था कि वह 16 सितम्बर 2022 को लगभग 3.25 बजे दोपहर में अपने आवास से मोटरसाइकिल से अपने फैक्ट्री मौढैला लिए जा रहा था। वह जैसे ही शहाबाबाद स्थित राजेन्द्र टोयटा के सामने पहुंचा, तभी टोडरपुर निवासी हरिओम सिंह टोडरपुर व मिल्कीचक निवासी लड्डू यादव अपने अन्य 2 अज्ञात साथी को लेकर आए और गालियां देते हुए हरिओम सिंह ने धारदार हथियार दिखाते हुए उसे खींचकर अपने मोटरसाइकिल पर जबरदस्ती बैठा लिया व अपने निवास स्थान पर ले जाकर लगभग 2-3 घंटे तक बुरी तरह मारा पीटा। साथ ही सर पर लोहे की राड से हमला कर सर फोड़ दिया, जिसकी वजह से प्रार्थी लहूलुहान हो गया। इस दौरान असरोपितों ने उसका स्मार्ट वाच जिसका मूल्य 2300 रुपए था व 7600 रुपए छीन लिये तथा पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी दिए। बाद में उन लोगों ने मुझसे जबरन सादे स्टांप पेपर पर हस्ताक्षर करवा लिया गया और लहूलुहान हालात में मुझे अपने साथियों से मेन हाईवे पर लाकर छोड़वा कर वहां से भाग गए।



# डीआईजी रेंज अखिलेश चौरसिया ने संभाला कार्यभार

**संभाली कमान**

**एटीएस, सीबीआई और डीआरडीओ में दे चुके हैं सेवाएं**

**काशी विश्वनाथ का दर्शन कर लिया चार्ज**

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** आईपीएस अखिलेश कुमार चौरसिया ने गुरुवार को डीआईजी रेंज का कार्यभार संभाला। इसके पहले उन्होंने काल भैरव और बाबा काशी विश्वनाथ का दर्शन किया। पद भार ग्रहण करने के बाद उन्होंने रेंज के चंदौली, गाजीपुर और जौनपुर के पुलिस अधिकारियों संग बैठक की और अपराध समीक्षा की। अपराध पर लगाम लगाने और पुलिसिंग कार्यशैली की जानकारी ली।

क्राइम कंट्रोल और सरल व्यवहार के लिए पहचान रखने वाले अखिलेश चौरसिया 2009 बैच के आईपीएस अधिकारी है। लखनऊ में स्कूल शिक्षा के बाद एनआईटी इलाहाबाद बीटेक किया। 2005 में इंडियन ऑयल में बतौर इंजीनियर भी रहे साथ ही कुछ समय डीआरडीओ में भी काम किया। लेकिन, इन नौकरियों में मन नहीं लगा।


आईपीएस अखिलेश कुमार चौरसिया

अखिलेश चौरसिया की मंशा देश सेवा की थी इसलिए 2006 में दिल्ली आकर सिविल सर्विसेज की तैयारी की और पहली ही बार में यानी 2009 में आईपीएस क्रैक किया। उनका रैंक 292 था और ट्रेनिंग के बाद आजमगढ़, सीतापुर और आगरा में पोस्टिंग हुई। बरेली में एसपी आरए (पुलिस अधीक्षक ग्रामीण) रहे थे साथ ही प्रतापगढ़ में एसपी रहे। आगरा पीएसी के बाद एसपी औरैया बनाए गए। पांच महीने बाद एटीएस, फिर एसपी इंटेलिजेंस आगरा की जिम्मेदारी दी गई। एसएसपी एटा रहे। अखिलेश कुमार चौरसिया 13 साल के कैरियर में औरैया, प्रतापगढ़, खीरी, झांसी अयोध्या और बरेली रहे। 2019 में केंद्र में प्रतिनियुक्ति पर गए। सीबीआई में रहने के बाद 2021 में यूपी वापस लौट आए। बरेली में उनके रहते क्राइम कंट्रोल किया। वर्तमान में उनकों डीआईजी रेंज वाराणसी के पद पर भेजा गया।

### सीएम के आगमन की तैयारी तेज

**पिंडरा।** मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर पुलिस प्रशासन ने तैयारी तेज कर दी है। इस बाबत गुरुवार को एडिशनल सीपी अपराध एवं मुख्यालय संतोष कुमार सिंह और डीसीपी काशी जोन विक्रांत वीर ने मातहतों संग सुरक्षा बैठक की। संभावना व्यक्त की गयी कि करखियाँव स्थित एग्रो पार्क परिसर में 12 करोड़ की लागत से बने पैक हाउस पर मुख्यमंत्री आ सकते हैं उसे देखते हुए गुरुवार को दोपहर में संतोष कुमार सिंह मातहतों संग वहां भी पहुंचे। यहां करीब 40 मिनट तक रहे और मातहतों को आवश्यक निर्देश दिया। इस दौरान डीसीपी विक्रांत वीर, एसीपी पिंडरा अमित पांडेय समेत अनेक पुलिस अधिकारी व कर्मी रहे।

### डिवाइडर पर चढ़ा ट्रक, पलटने से बचा

**चौबेपुर।** चौबेपुर थानाक्षेत्र के स्वर्वेद महामंदिर उमरहा के निकट गुरुवार की भोर एक ट्रक डिवाइडर पर चढ़ गया। हादसे में चालक-खलासी घायल हो गए। इस दौरान ट्रक डिवाइडर से टकराने के कारण तेज धमाका हुआ। संयोग ठीक रहा कि हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ। स्थानीय लोगों का कहना है कि कार्यदायी संस्था एनएचएआई यहां डिवाइडर पर रिफ्लेक्टर नहीं लगायी है। ऐसे में इस मार्ग पर आये दिन हादसा होता रहता है। रात में लाइटिंग का पुख्ता बंदोबस्त नहीं हैं। उनकी मांग है कि यहां व्यवस्थाएं बढ़ायी जाये ताकि दुर्घटना से बचा जा सके।

### अधिवक्ताओं का धरना तीसरे दिन भी रहा जारी

**मिर्जामुराद।** राजातालाब तहसील में व्याप्त भ्रष्टाचार समेत विभिन्न मांगों को लेकर तहसील बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं का धरना तीसरे दिन भी जारी रहा और न्यायिक कार्य से विरत रहे। अधिवक्ताओं ने एसडीएम पोर्टिको में बैठकर सभा कर अपनी बातों को रखा। तहसील बार द्वारा बीते तीन मार्च को दिए गए प्रस्ताव की मांग को स्वीकार न किए जाने के कारण शुक्रवार को भी अधिवक्ता न्यायालय को बंद करा धरना देंगे। धरना-प्रदर्शन में तहसील बार एसोसिएशन के अध्यक्ष जैलेन्द्र राय, महामंत्री विजय भारतीय, पूर्व अध्यक्ष सुनील सिंह, दिनेश शर्मा, सर्वजीत भारद्वाज, छेदीलाल यादव, प्रदीप सिंह, नन्दकिशोर पटेल, धीरेंद्र प्रताप सिंह समेत अन्य दर्जनों अधिवक्तागण शामिल रहे।

### चादर चढ़ाने की याचिका पर सुनवाई 13 को

**वाराणसी।** सिविल जज सीनियर डिविजन / फार्स्ट ट्रैक कोर्ट महेंद्र कुमार पांडेय की अदालत में गुरुवार को ज्ञानवापी प्रकरण में चादर चढ़ाने के मामले में अब 13 अप्रैल की सुनवाई होगी।

# सचिव संग बैठक के बाद किसानों का वीडीए कार्यालय का घेराव स्थगित

**रोहनिया।** मोहनसराय किसान संघर्ष समिति के मुख्य संरक्षक किसान नेता विनय शंकर राय मुन्ना के नेतृत्व में किसानों एवं किसानों के अधिवक्ता नित्यानंद राय व शैलेंद्र राय सहित किसानों के प्रतिनिथियों संग विकास प्राधिकरण (वीडीए) सचिव के कार्यालय में गुरुवार को वार्ता हुई। जिसमें 20 मार्च को प्रशासन किसानों के अधिवक्ता व वीडीए सचिव एवं किसान प्रतिनिधियों संग वैधानिक प्रक्रिया अपनाने के लिए बैठक करने के लिए सहमत हुए। दोनों पक्ष अपना-अपना साक्ष्य देंगे और बीस वर्षों से लंबित मोहनसराय ट्रांसपोर्ट नगर योजना के वैधानिक पहलुओं पर वार्ता करेंगे । उक्त सहमति के बाद 17 मार्च को किसानों का वीडीए कार्यालय घेराव स्थगित करने का निर्णय हुआ। बैठक में मेवा पटेल, प्रेम शाह, छेदी पटेल, अमलेश पटेल, हृदय नरायण उपाध्याय आदि किसान शामिल थे।

**न्यायालय अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) बलिया**
**वाद संख्या-08/2013 दफा 28 C.R. Act**
**मौजा-जगदीशपुर तपा सहतवार, परगना-खरीद**
**रामजी बनाम गांवसभा**

1-गांवसभा मुड़ाडीह व जरिये प्रधान गांवसभा मुड़ाडीह परगना खरीद। 2-शिवमंगल, 3-राजमंगल, 4-राममंगल पुत्रगण धूमन, 5-देऊ पु0 छवागुर, 6-जगरनाथ, 7-सुरेन्द्र पुत्रगण रामानन्द, 8-शंकर पु0 पथली, 9-शिवदासिया बेवा बुधन, 10-शिवशंकर, 11-रामाशंकर पुत्रगण शिवगोविन्द, 12-अनिल पु0 श्री किसुन, 13-कमली बेवा श्री किसुन, 14-रामगोविन्द पु0 लालमन, 15-राज कुमार, 16-शिव कुमार, 17-भुवर पुत्रगण स्व0 रेखा, 18-रघुनाथ पु0 दोकर, 19-बृजेश, 20-संजय पुत्रगण कालिका, 21-राजेन्द्र पु0 महेश्वर सिंह,22-धीरेन्द्र सिंह पु0 छोटे लाल सिंह, 23-नागेन्द्र सिंह पु0 शोक हरण सिंह, 24-विनोद पु0 भगवत सिंह, 25-राजबली, 26-लल्लन,27-धनजी पुत्रगण स्व0 शिवबचन, 28-सूर्यबली पु0 शिवबचन, 29-शिवजी पु0 दत्तक बिहारी सिंह समस्त साकिनान सहतवार उर्फ महतपाल, परगना-खरीद, तहसील-बांसडीह, जिला-बलिया। वजेह हो कि वादी ने आपके नाम एक मुकदमा दायर किया है। जिसमें तारीख पेशी 23 .03 .2023 नियत की गयी है। लिहाजा ता0 पेशी पर उपस्थित होकर स्वयं या मय अधिवक्ता हाजिर होकर पैरवी करें नियत तिथि पर उपस्थित न होने पर आपत्ति न देने पर बाद में एकतरफा कार्यवाही की जायेगी।

**अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) बलिया**

**कार्यालय क्षेत्रीय प्रबन्धक,**
**उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम, वाराणसी**

**नीलामी/निविदा आमंत्रण सूचना**

इस कार्यालय के पत्र संख्या-1904/वारा0/क्षे0प्र0/जन-ठेका/नीलामी दिनांक 14.03.2023 के माध्यम से उत्तर प्रदेश परिवहन निगम वाराणसी क्षेत्र अन्तर्गत कैण्ट बस स्टेशन स्थित रिक्त दुकान की नीलामी 02 बीड प्रणाली के अन्तर्गत निविदा दिनांक 30.03.2023 को आमंत्रित की गयी है। निविदा विषयक जानकारी परिवहन निगम की वेबसाईट www.upsrtc.com पर उपलब्ध है, तथा जानकारी कार्यालय क्षेत्रीय प्रबन्धक, उ0 प्र0 परिवहन निगम वाराणसी कैण्ट से कार्यालय दिवस में भी ली जा सकती है।

**क्षेत्रीय प्रबन्धक**
**वाराणसी**

पत्रांक: 1903/वारा0/क्षे0प्र0/जन-ठेका/नीलामी/2023, दिनांक: 14.03.2023

**कार्यालय जिला पंचायत, वाराणसी**

**सूचना**

**पंजीयन/नवीनीकरण वर्ष-2023-24**

जिला पंचायत, वाराणसी के पंजीकृत ठीकेदारों एवं जन साधारण को सूचित किया जाता है कि जिला पंचायत, वाराणसी में विभिन्न योजनाओं के अन्तर्गत स्वीकृत परियोजनाओं पर निर्माण कार्य कराये जाने हेतु निमित्त उ0 प्र0 क्षेत्र पंचायत/जिला पंचायत निर्माण कार्य नियमावली 1984 एवं शासनादेश सं0-5743/33-2-2008-190जी/2006 दिनांक 17.11.2006 में संशोधित शा0 सं0 819/33-2-2007-190जी/2008 दिनांक 10.04.2007 के प्राविधान के अनुसार वित्तीय वर्ष 2023-2024 की अवधि के लिये पंजीयन/नवीनीकरण हेतु प्रकाशन तिथि से दिनांक 31.03.2023 तक आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। उक्त विज्ञप्ति की विस्तृत सूचना जिला पंचायत, वाराणसी के पोर्टल http://vazp.uppr.gov.in एवं जिला सूचना अधिकारी, वाराणसी की वेबसाइट www.varanasi.nic.in पर देखा जा सकता है, तथा सम्पूर्ण सूचना किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय जिला पंचायत, वाराणसी में भी देखा जा सकता है।

(अनिल कुमार श्रीवास्तव) अभियन्ता जिला पंचायत, वाराणसी
(अभिषेक कुमार सिंह) अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत, वाराणसी
(पूनम मौर्य) मा0 अध्यक्ष जिला पंचायत, वाराणसी

पत्रांक: 1913/जि0पं0वा0/2022-23, दिनांक: 15.03.2023

# गुहाटी मैदान को सार्वजनिक पार्क बनाने की मांग

**रामनगर।** जनकपुर न्यू कालोनी स्थित गुहाटी मैदान को सार्वजनिक पार्क बनाने और उसमें ओपेन जिम खोलने की मांग अब जोर पकड़ने लगी है। इस बाबत नागरिकों ने पीएम के संसदीय कार्यालय में जन सुनवाई के दौरान मौजूद कैंट विधायक सौरभ श्रीवास्तव को पत्रक भी दिया था। अमित सिंह गहमरी के नेतृत्व में पहुंचे नागरिकों का कहना था कि कालोनी स्थित उत्तर प्रदेश की नॉन जेडेड जमीन खाली पड़ी हुई है। जिसका उपयोग आसपास के क्षेत्रीय नागरिक करते आ रहे है। गुहाटी मैदान के रूप में मशहूर इस मैदान में बच्चे खेलते भी है और शादी-विवाह जैसे आयोजन भी होते हैं। ऐसे में इस मैदान को सार्वजनिक पार्क के रूप में बदले जाने की जरूरत है। चूंकि केंद्र और प्रदेश सरकार आम आदमी के स्वास्थ्य को लेकर फिक्रमंद है और खाली जगहों पर ओपेन जिम खोलने की योजना पर तेजी से काम कर रही है। इसलिए गुहाटी मैदान में भी ओपेन जिम खोला जाय। इससे आस पास की लगभग 25 हजार की आबादी लाभान्वित होगी। पूर्व में भी इस बाबत पीएम के संसदीय कार्यालय को ज्ञापन दिया जा चुका है। विधायक सौरभ श्रीवास्तव ने नागरिकों को आश्वासन देते हुए कहा कि इस पर अमल के लिए विकास प्राधिकरण को कहा गया है। जल्दी ही सकारात्मक परिणाम देखने को मिलेगा। ज्ञापन सौंपने वालों में अमित सिंह गहमरी, अरुण ओझा, यशोदानन्द, अवधेश, आलोक तिवारी, कामेश्वर पांडेय, श्यामलाल, शेषनाथ पांडेय आदि शामिल थे।

### मानसिक बीमार चढ़ा ट्रेन के इंजन पर

**वाराणसी।** कैंट रेलवे स्टेशन पर आधी रात उस समय अफरा-तफरी का माहौल हो गया जब एक युवक नग्न अवस्था में ट्रेन के इंजन के ऊपर चढ़कर बैठ गया। सूचना मिलते ही आनन-फानन में जीआरपी और आरपीएफ के जवानों के साथ रेलवे के अधिकारी मौके पर पहुंचे। नग्न अवस्था में इंजन पर बैठे युवक को देख हर कोई हैरान हो गया। जीआरपी और आरपीएफ के जवान लगातार युवक को बैठे रहने की अपील कर रहे थे, क्योंकि यदि युवक इंजन के ऊपर खड़ा होता तो वह हाईटेंशन तार की चपेट में आ जाता। जिससे उसकी जान जा सकती थी। करीब डेढ़ घंटे बाद जीआरपी और आरपीएफ के जवानों की सूझबूझ से युवक को सकुशल उतार लिया। तब रेलवे महकमे ने राहत की सांस ली। नग्न युवक के उतरने पर पता चला कि युवक की मानसिक स्थिति ठीक नहीं है। जीआरपी के जवान विक्षिप्त युवक को कपड़े से ढककर अपने साथ ले गए। जीआरपी और आरपीएफ के जवानों की सूझबूझ से विछिप्त युवक की जान बच गई।

# वैश्विक संस्थान में मिलेगा शोध का अवसर

**कार्ययोजना**

**बीएचयू ने शुरू किया इंटरनेशनल विजिटिंग स्टूडेंट प्रोग्राम**

**सेमेस्टर के लिए दिया जाएगा प्रति माह 1800 यूएसडी वजीफा**

**मेजबान देश में अनुसंधान यात्रा के लिए अतिरिक्त यूएसडी 600**

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** सफलता तथा उत्कृष्टता हासिल करने के अपने विद्यार्थियों के प्रयासों में यथासंभव सहयोग व सुविधाएं उपलब्ध कराने की प्रतिबद्धता पर आगे बढ़ते हुए बीएचयू ने एक नई पहल की है। जिसके तहत शोधार्थियों को भारत से बाहर विश्व के अतिप्रतिष्ठित संस्थानों में एक सेमेस्टर तक रहकर शोध कार्य करने का अवसर प्राप्त होगा। इंटरनेशनल विजिटिंग स्टूडेंट प्रोग्राम नामक यह योजना राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 तथा इंस्टीट्यूशन ऑफ एमिनेंस के उन उद्देश्यों के अनुरूप आरंभ की गई है, जिनके तहत अनुसंधान का अंतरराष्ट्रीयकरण तथा चोटी के संस्थानों के साथ शोध व सहयोगात्मक गतिविधियां स्थापित करने पर जोर दिया गया है।

इंस्टीट्यूशन ऑफ एमिनेंस-बीएचयू की गवर्निंग बॉडी से स्वीकृत इस योजना के तहत चयनित शोधार्थी विश्व के शीर्ष 500 संस्थानों (टाइम्स हायर एजुकेशन अथवा क्यूएस रैंकिंग पर आधारित) में एक सेमेस्टर (छह महीने तक) रह कर अपना शोध कार्य कर सकेंगे। योजना का उद्देश्य सहयोगात्मक अनुसंधान को बढ़ावा देना, संस्थागत संबंधों को प्रगाढ़ करना, प्रयोगात्मक/सैद्धांतिक अथवा पेशेवर कौशल व ज्ञान में इजाफा करना है, जिससे युवा शोधार्थियों व विद्यार्थियों का विकास हो। वे शोधार्थी जो 8.0 अथवा अधिक सीजीपीए के साथ अपना कोर्स वर्क पूर्ण कर चुके हैं तथा जिनके अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठित (क्यू1 अथवा क्यू2) शोध पत्रिकाओं में दो पत्र प्रकाशित हो चुके हैं, वे इस योजना का लाभ लेने के लिए आवेदन कर सकते हैं। इसके अलावा आवेदक को शोध संबंधी सुविधाओं की उपलब्धता के लिए मेजबान संस्थान से सहमति प्राप्त होना आवश्यक है। चयनित शोधार्थी को सेमेस्टर प्रवास के दौरान प्रतिमाह 1800 रुपये अमेरिकी डॉलर अथवा समराशि की अध्येतावृत्ति प्राप्त होगी। शोधार्थी को वायुमार्ग से इकोनॉमी श्रेणी का आने-जाने का टिकट, वीजा फीस तथा स्वास्थ्य बीमा भी आवश्यकतानुसार उपलब्ध कराया जाएगा।



योजना के तहत शोध के संबंध में प्रवास वाले देश में अथवा वहां स्थित अन्य संस्थानों की यात्रा के लिए 600 अमेरिकी डॉलर तक की अतिरिक्त राशि का भी प्रावधान किया गया है। कुलपति प्रो. सुधीर कुमार जैन ने कहा है कि बीएचयू अपने शोधार्थियों को नई ऊचाइयां हासिल करने के लिए सक्षम बनाने हेतु प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि इस योजना से विश्वविद्यालय के उत्कृष्ट शोधार्थियों को विश्व के प्रमुख विश्वविद्यालयों अथवा प्रयोगशालाओं में कार्य करने का मौका मिलेगा, जिससे वे अंतरराष्ट्रीय स्तर के अनुरूप तैयार होंगे।

# निगम ने चलाया अवैध विज्ञापनकर्ताओं के विरुद्ध अभियान

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** नगर आयुक्त शिपू गिरि के निर्देश पर बुधवार की रात शहर में लगाये गये अवैध विज्ञापनकर्ताओं के विरुद्ध सघन अभियान चलाया गया। अभियान में नगर निगम के विज्ञापन विभाग द्वारा अपर नगर आयुक्त सुमित कुमार के निर्देशन में सिगरा होते हुये मलदहिया, नदेसर, कचहरी, सर्किट हाउस, भोजुबीर, तरना होते हुये बाबतपुर हवाई अड्डा तक लगाये गये अवैध विज्ञापनकर्ताओं के विरुद्ध कार्रवाई करते हुये उन्हें हटाया गया। साथ ही निगम द्वारा अवैध रूप से लगाने वाले संस्थाओं में रैंकर्स ट्यूटोरियल्स, रामा स्कूल, अनएकेडमी क्लासेस, संकल्प ट्यूटोरियल्स के बैनर्स एवं पोस्टर्स सबसे अधिक लगाया गया था, इन सभी संस्थाओं के विरूद्ध नोटिस जारी करते हुये जुमार्ना वसूली की कार्यवाही प्रारंभ की गई। नगर आयुक्त ने निर्देश दिया है कि नगर निगम द्वारा यह कार्यवाही नियमित रूप से प्रतिदिन चलायी जायेगी।

जनसंदेश टाइम्स
**वर्गीकृत**

**सूचना**

मेरा हाईस्कूल वर्ष 2014 अनुक्रमांक 3333765 का प्रमाणपत्र-सह-अंकपत्र खो गया है। मंतोष कुमार पुत्र सरल चौहान, बॉसडीह, जिला-बलिया, उ0।

सूचित किया जाता है कि खिवडू पुत्र विन्देश्वरी, निवासी ग्राम-भडॉव मलियान, पोस्ट-सजोई, जिला-वाराणसी को अब लक्ष्मी नारायन पुत्र विन्देश्वरी के नाम से जाना एवं पहचाना जाये।

मेरे सर्विस नम्बर 18022504H है रिकार्ड बुक में माता का नाम मुन्नी देवी दर्ज है जो गलत है। सही नाम मुनि गुप्ता है। राहुल कुमार गुप्ता पुत्र मगरू गुप्ता ग्राम-पोस्ट व थाना-नोनहरा, जनपद-गाजीपुर पिन कोड-233303 (यू.पी.)।

My service number is 18022504H. In the record book, mother's name is Munni Devi which is wrong. The correct name is Muni Gupta. Rahul Kumar Gupta S/o Magru Gupta Village-Post & Thana-Nonhara, District-Ghazipur Pin Code-233303 (U. P.)

मैं रेखा कुमारी पुत्री धर्मदेव चौधरी शाहपुर पटोरी बिहार अपना नाम बदलकर रेखा गुप्ता पत्नी रामचन्द्र प्रसाद गुप्ता कर लिया है। अब मुझे इसी नाम से जानी पहचानी जाए। रेखा गुप्ता पत्नी राम चन्द्र प्रसाद गुप्ता 1/1239 साहित्य नाका रामनगर, वाराणसी, उत्तर प्रदेश। मोबाइल नंबर - 9891921878, 8208781950

**आवश्यकता**

**आवश्यकता है** - बीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर से सम्बद्ध विमला रमाशंकर महाविद्यालय युसुफपुर शाहपुर, गाजीपुर उ0प्र0 में स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत प्राचार्य एक पद, स्नातक स्तर पर कला संकाय के अन्तर्गत बी0ए0 पाठ्यक्रम में हिन्दी, समाजशास्त्र, शिक्षाशास्त्र, भूगोल, प्राचीन इतिहास विषयों में एक-एक रिक्त पदों पर एवं शिक्षा संकाय के अन्तर्गत बी0एड0 पाठ्यक्रम में विभागाध्यक्ष एक पद तथा स्नातकोत्तर स्तर पर कला संकाय के अन्तर्गत एम0ए0 पाठ्यक्रम में हिन्दी, संस्कृत, अंग्रेजी, समाजशास्त्र, राजनीतिशास्त्र में दो-दो प्रवक्ताओं एवं गृहविज्ञान में तीन प्रवक्ताओं की आवश्यकता है। योग्यता एवं वेतनमान एन0सी0टी0ई0 न्यू रेगुलेशन 2014 तथा यू0जी0सी0 विश्वविद्यालय परिनियमावलीनुसार, इच्छुक अभ्यर्थी 21 दिन के अंदर शैक्षणिक प्रमाण पत्र एवं दो पासपोर्ट फोटो के साथ आवेदन करें। साक्षात्कार की सूचना डाक, फोन व स्वयं से दी जायेगी। प्रबन्धक मो0-9161221561, 9838825063

**किसान स्नातकोत्तर महाविद्यालय**
**रकसा, रतसर-बलिया**
**(सम्बद्ध जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया)**

**आवश्यकता है**-स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत स्नातक स्तर पर हिन्दी, समाजशास्त्र व भूगोल विषयों में प्रवक्तागण की। वेतन व अर्हताएँ यू0 जी0 सी0/उ0 प्र0 शासन / विश्वविद्यालय परिनियमावली के अनुरूप। इच्छुक अभ्यर्थीगण अपने आवेदन पत्र समस्त शैक्षिक अभिलेखों की स्वप्रमाणित छायाप्रतियां, फोटोग्राफ, आधार व पैन कार्ड सहित दो प्रतियों में विज्ञापन तिथि से 15 दिन के अन्दर महाविद्यालय कार्यालय में उपलब्ध करायें। पीएच-डी0 अभ्यर्थियों को प्राथमिकता दी जाएगी। साक्षात्कार की सूचना यथासमय दूरभाष के माध्यम से दी जायेगी।

लल्लन सिंह
प्रबन्धक
डा0 अभय नाथ सिंह
प्राचार्य
मो0-9935594343
कार्यालय
मो0-9415254779

जनसंदेश टाइम्स
**वर्गीकृत**

**आवश्यकता**

**आवश्यकता है** - वीर बहादुर सिंह पू0 वि0 वि0 जौनपुर से सम्बद्ध केदार सुखदेव एस0 एन0 ओ0 पी0 महाविद्यालय हरसरपुर चौबेपुर, गाजीपुर में स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत स्नातकोत्तर स्तर पर कला संकाय के अन्तर्गत समाजशास्त्र-02 प्रवक्ता, शिक्षाशास्त्र, गृहविज्ञान व भूगोल विषय में 3-3 प्रवक्ताओं की आवश्यकता है। योग्यता यू0 जी0 सी0/विश्वविद्यालय परिनियमावली के अनुसार अभ्यर्थी विज्ञापन तिथि से 21 दिनों के अंदर शैक्षिक अंकपत्रों/प्रमाण पत्रों का स्वहस्ताक्षरित छायाप्रति एवं दो-दो फोटो के साथ आवेदन करें। साक्षात्कार की सूचना दूरभाष नम्बर पर दी जायेगी।
प्रबन्धक-मो0-9415810991

**आवश्यकता है**

मां वैष्णवी लॉ कालेज करंजाकला जौनपुर मे संबद्ध वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय स्ववित्तपोषित योजनातंर्गत लॉ विभाग मे प्राचार्य (एक पद) एवं प्रवक्ताओं की। योग्यता-यूजीसी/विश्वविद्यालय परिनियमावली अनुसार । अभ्यर्थी समस्त शैक्षिक प्रमाण पत्रों फोटो सहीत 21 दिन के अंदर आवेदन भेजें। साक्षात्कार की सूचना बाद में दी जाएगी।
प्रबंधक- 9415 891097

**आवश्यकता है** - बाबा ऋषिदेव सिंह महाविद्यालय धर्मापुर, कारों-बलिया (सम्बद्ध-जननायक चंद्रशेखर विश्वविद्यालय बलिया) में स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत संचालित बी0टी0सी0 पाठ्यक्रम, स्नातक कला संकायान्तर्गत सैन्य विज्ञान, परास्नातक कला संकायान्तर्गत भूगोल, समाजशास्त्र, गृहविज्ञान एवम हिन्दी विषयों में प्रवक्तागण की। वेतन व अर्हतायें यू0जी0सी0/ उ0 प्र0 व शासन/ विश्वविद्यालय परिनियमावली के अनुरूप। इच्छुक अभ्यर्थीगण अपने आवेदन पत्र समस्त शैक्षिक अभिलेखों की स्वप्रमाणित छाया प्रतियो, फोटोग्राफ, आधार व पैन कार्ड सहित दो प्रतियों में विज्ञापन तिथि से 15 दिनों के अंदर महाविद्यालय कार्यालय में उपलब्ध कराएं। साक्षात्कार की सूचना दूरभाष से दी जाएगी।
सम्पर्क सूत्र - 6388507903



# वाराणसी भारत



## शंघाई सहयोग संगठन की बैठक में योगी होंगे शामिल

**आगमन**

**दो दिनी दौरे पर आज आ रहे हैं सीएम, कल होगी रवानगी**

**वाराणसी।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ दो दिनी दौरे पर शुक्रवार को आएंगे। वह नदेसर क्षेत्र स्थित एक तारांकित होटल में आयोजित शंघाई सहयोग संगठन के मंत्री समूह की बैठक में शामिल होंगे। वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संभावित दौरे को देखते हुए चल रही तैयारियों की समीक्षा भी करेंगे। प्राप्त जानकारी के मुताबिक सीएम योगी 17 मार्च को अपराह्न वाराणसी पहुंचेंगे। वह शंघाई सहयोग संगठन यानि एससीओ के मंत्री समूह की मीटिंग में उपस्थिति दर्ज कराएंगे। उस कार्यक्रम में केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री जी. किशन रेड्डी, यूपी के पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह आदि भी हिस्सा लेंगे। एससीओ एक अंतर सरकारी संगठन है। इसकी स्थापना 15 जून 2001 को शंघाई में हुई थी। वर्तमान में एससीओ में आठ सदस्य देश चीन, भारत, कजाकिस्तान, किर्गिस्तान, रूस, पाकिस्तान, ताजिकिस्तान और उज्बेकिस्तान हैं। वहीं, पूर्ण सदस्यता लेने के इच्छुक चार पर्यवेक्षक राष्ट्र अफगानिस्तान, बेलारूस, ईरान और मंगोलिया तथा छह 'संवाद भागीदार' आर्मेनिया, अजरबैजान, कंबोडिया, नेपाल, श्रीलंका एवं तुर्की शामिल हैं। इधर, अपने दो दिनी दौरे के तहत सीएम योगी जनपद के विकास कार्यों की समीक्षा कर सकते हैं। साथ ही पीएम मोदी के संभावित आगमन के लिए की जा रही तैयारियों समेत आगामी अप्रैल माह में होने वाले जी-20 सम्मेलन की तैयारियों की जानकारी भी लेंगे। चर्चाओं के मुताबिक मुख्यमंत्री उन परियोजनाओं का हाल भी जानेंगे जो या तो पूर्ण हो चुकी हैं अथवा लगभग पूर्णता की कगार पर हैं और पीएम उसका लोकार्पण कर सकते हैं।

# राजस्व वसूली प्रभावित, जनता का दर्द बढ़ा

### रात 10 बजे से 72 घंटे ही हड़ताल शुरू, जेल भरो आंदोलन से पीछे नहीं हटेंगे

**आंदोलन**

**पूर्वांचल-डिस्कॉम के प्रबंध निदेशक कार्यालय पर विद्युतकर्मियों ने की आवाज बुलंद**

**सीयूजी नंबर किया बंद, उपभोक्ताओं से अभियंताओं और कर्मचारियों का सम्पर्क टूटा**



एमडी कार्यालय पर सभा को संबोधित करते वक्ता



सभा में नारेबाजी करते विद्युतकर्मी

**वाराणसी।** ऊर्जा मंत्री के साथ हुए समझौते को लागू करने के प्रति ऊर्जा निगमों के शीर्ष प्रबंधन के नकारात्मक एवं हठवादी रवैये के चलते बिजलीकर्मियों ने कार्य बहिष्कार के दूसरे दिन गुरुवार को भी हाईडिल कॉलोनी-भिखारीपुर स्थित पूर्वांचल-डिस्कॉम के प्रबध निदेशक कार्यालय जोरदार प्रदर्शन किया। मांगों को मनवाने के लिए विद्युतकर्मी रात 10 बजे से 72 घंटे की सांकेतिक हड़ताल पर चले जायेंगे। हड़ताल के साथ विद्युतकर्मी जेल भरो आंदोलन से भी पीछे हटने को तैयार नहीं है। विद्युतकर्मियों के कार्य बहिष्कार के चलते जहां विभाग के तमाम कार्यालयों पर ताले लटकते रहे। कैश काउंटर बंद होने से राजस्व वसूली पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। वहीं, आपूर्ति व्यवस्था भी चरमरा गई है। इससे प्रभावित इलाकों के उपभोक्ताओं को संकट बढ़ गया है। कार्य बहिष्कार के चलते अधिकांश अभियंताओं ने विभाग से मिले सीयूजी नंबरों को या तो बंद कर दिया है या फिर मोबाइल से सिम निकाल कर संगठन को सौंप दिया है। इसके चलते उपभोक्ताओं से अभियंताओं और कर्मचारियों का सम्पर्क लगभग पूरी तरह टूट चुका है। प्रदर्शन स्थल पर हुई सभा में वक्ताओं ने बिजली संकट के चलते हो रही परेशानी के बाबत जनता से खेद प्रकट करते हुए आग्रह किया है कि वर्तमान में आप हमारा सहयोग कीजिये, ताकि यह आंदोलन हो। मांगें पूरी हुई तो बिजली उद्योग के साथ समस्त उपभोक्ता को इसका सीधा फायदा मिलेगा। वक्ताओं ने बताया कि आज नेशनल कोऑर्डिनेशन कमेटी ऑफ इलेक्ट्रीसिटी इम्प्लॉइज एण्ड इंजीनियर्स (एनसीसीओईईई) के आह्वान पर प्रदेश के बिजलीकर्मियों की हड़ताल के समर्थन में गुरुवार को देश के सभी प्रान्तों में लाखों बिजलीकर्मी सड़क पर उतर कर विरोध प्रदर्शन किये। सभा की अध्यक्ष नीरज पांडेय ने की। संचालन राजेंद्र सिंह ने किया। सभा को सुनील कुमार, आशीष कुमार, मनोज यादव, संजय शर्मा, अमित त्रिपाठी, संजय भारती, तपन चटर्जी, कुंज विहारी, सोहनलाल, अविनाश पटेल, बीरेंद्र सिंह, अंकुर पांडेय, विजय सिंह, जिउतलाल आदि ने संबोधित किया।

### विद्युतकर्मियों की प्रमुख मांगें

विद्युतकर्मी लिखित समझौतों को लागू कराने की आवाज बुलंद की है। इसमें ऊर्जा निगमों के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक का चयन समिति के जरिए करने, पूर्व की तरह मिल रहे तीन पदोन्नति पदों के समयबद्ध वेतनमान के आदेश जारी करने, कर्मियों के लिए पावर सेक्टर इम्प्लॉईज प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने, पारेषण के विद्युत उपकेंद्रों के परिचालन एवं अनुरक्षण की आउटसोर्सिंग बंद करने, नये विद्युत उपकेंद्रों का निर्माण पारेषण निगम से कराने, निविदा/संविदा कर्मियों को अलग-अलग निगमों में मिल रहे मानदेय की विसंगति दूर कर समान मानदेय देने, भत्तों के पुनरीक्षण एवं वेतन विसंगतियों का निराकरण करने, ओबरा व अनपरा की 800-800 मेगावाट की इकाइयों को विद्युत उत्पादन निगम को सौंपने आदि शामिल है।

# हड़ताल से विद्युत आपूर्ति चरमराई

### बिजली न मिलने से पानी की सप्लाई भी हुई प्रभावित

**संकट गहराया**

**जनता में बढ़ने लगा आक्रोश उपकेंद्रों पर पुलिस तैनात**

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** विद्युतकर्मियों के हड़ताल के चलते शहर और देहात क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति व्यवस्था चरमरा गई है। पूर्वांचल-डिस्कॉम प्रबंधन की तमाम कवायद फेल हो नजर आ रही है। बिजली न मिलने से पानी की सप्लाई भी प्रभावित हुई है। बच्चों के पठन-पाठन पर गहरा असर पड़ने लगा है। मच्छरों के प्रकोप से प्रभावित इलाकों के लोगों का जीना दूभर हो गया है। इलेक्ट्रानिक उपकरण खामोश है तो फ्रिज भी बंद पड़े हैं। मोबाइल चार्ज करने में लोगों को झेल जाना पड़ रहा है। इससे जनता में आक्रोश बढ़ने लगा है। हालांकि कई उपकेंद्रों पर सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस को भी तैनात किया गया है।

चौकाघाट उपकेंद्र पर करंट ट्रांसफॉर्मर (सीटी) फटने की सूचना है। सीटी फटने से जहां एसएसओ बालबाल बच गया, वहीं बेलदार के झुलसने की बात सामने आ रही है। सीटी फटने से उपकेंद्र का नाटी इमली, संजय गांधी नगर, बड़ी बाजार, ढेलवरिया आदि फीडर से जुड़े इलाकों में सुबह से देर रात तक आपूर्ति बाधित रही। इस बाबत पता करने के लिए निर्माण इकाई के अधिशासी अभियंता सुभाष चंद्रा का सीयूजी नंबर मिलाया गया तो स्विच आफ मिला। उपकेंद्र का सीयूजी नंबर उठा नहीं। काशी सब स्टेशन का रूलर फीडर भी घंटों से बंद होने की सूचना रही। जबकि रामनगर उपकेंद्र के इनकमिंग नंबर दो में चूहा घुस जाने से ब्लॉस्ट हुआ। हालांकि किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। लेकिन काफी देर तक विद्युत आपूर्ति प्रभावित हुई। लेढ़ूपुर उपकेंद्र का अर्बन, शक्तिपीठ व आकाशवाणी फीडर भी घंटों बंद रहा। पहड़िया उपकेंद्र का पांडेयपुर फीडर हो या फिर मैदागिन उपकेंद्र के कई फीडर भी ट्रिपिंग की चपेट में आया। 33 केवी वरुणा गार्डेन फीडर रहा हो या फिर कोनिया, रोहनिया, डाफी उपकेंद्र का छित्तूपुर फीडर ब्रेकडाउन में होने से घंटों आपूर्ति प्रभावित हुई।

### हड़ताल से निपटने के लिए मुकम्मल तैयारी : एमडी

वाराणसी। पूर्वांचल-डिस्कॉम के प्रबंध निदेशक शंभू कुमार ने बताया कि अभियंताओं-कर्मचारियों की 72 घंटे की हड़ताल से निपटने के लिए मुकम्मल तैयारी करते हुए वैकल्पिक मानव संसाधन, वाहनों की व्यवस्था, मजिस्ट्रेटों की तैनाती, पुलिस प्रबंधन आदि कर ली गयी है। हड़ताल अवधि में निर्बाध विद्युत आपूर्ति के लिए समस्त कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। किसी भी प्रकार की विद्युत आपूर्ति से सम्बन्धित समस्याओं के लिए उपभोक्ता डिस्कॉम के विद्युत हेल्पलाइन नम्बर 1912 तथा टोल फ्री नम्बर 1800-180-5025 पर संपर्क कर सकते हैं। उन्होंने विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के समस्त घटकों/संगठनों से अपील की है कि संवाद के माध्यम से अपनी समस्याओं का समाधान करायें। किसी प्रकार के कार्य बहिष्कार/हड़ताल में शामिल न हो तथा उपभोक्ताओं को निर्बाध विद्युत आपूर्ति प्रदान करने के दायित्व को पूरे मनोयोग से निभाएं। उन्होंने इस अवधि में सभी उपभोक्ताओं से भी सहयोग की अपील की है।

### विद्युत समस्याएं हों तो घनघनाएं कंट्रोल सेंटर के नंबर

वाराणसी। विद्युत कर्मचारियों के हड़ताल को देखते हुए विद्युत विभाग मुख्यालय के नियंत्रण कक्ष 0542-2300177 के अतिरिक्त काशी इंटीग्रेटेड कमाण्ड एंड कंट्रोल सेंटर पर भी नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया हैं, जिसका दूरभाष नम्बर 0542-2720005, 1533 व 18001805567 है। हड़ताल के दौरान यदि कहीं विद्युत समस्याएं तो संबंधित क्षेत्र की जनता इन नंबरों पर भी सूचना दे सकती है। यहां पर 24 घंटे अधिकारियों की तैनाती की गयी है। जिलाधिकारी एस. राजलिंगम ने बताया कि नियंत्रण कक्ष की प्रभारी अपर जिलाधिकारी (वि/रा) संजय कुमार को बनाया गया है। इस नियंत्रण कक्ष से विद्युत विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर विद्युत कर्मियों की हड़ताल के दौरान आने वाली समस्त समस्याओं का समाधान किया जाएगा।

### डिस्कॉम मुख्यालय पर शत-प्रतिशत रहीं हाजिरी

वाराणसी। बिजली कर्मचारियों के कार्य बहिष्कार और हड़ताल के बावजूद पूर्वांचल-डिस्कॉम के भिखारीपुर मुख्यालय पर अभियंताओं और कर्मचारियों की शत-प्रतिशत उपस्थिति रही। बता दें कि उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन प्रबंधन ने हड़ताल के दौरान डिस्कॉम मुख्यालय के कर्मचारियों की उपस्थित अनिवार्य करते हुए दोपहर 12 बजे और सायं पांच बजे लिखित प्रारुप में शक्ति भवन मुख्यालय को भेजने का निर्देश दिया गया है। इसके तहत डिस्कॉम प्रबंधन ने कार्यालयों का निरीक्षण किया और पाया कि अवकाश पर गए अभियंता व कर्मचारी को छोड़ शत-प्रतिशत उपस्थिति है। डिस्कॉम के मुख्य प्रशासनिक अधिकारी गोपी चंद ने शक्ति भवन को जो रिपोर्ट भेजी है। उसके अनुसार छह मुख्य अभियंता में से पांच, 17 अधीक्षण अभियंता में से 16, 39 अधिशासी अभियंता में 36, 13 सहायक अभियंता में से 11, सभी दो अवर अभियंता, तकनीशियन (विद्युत), तकनीशियन (लाइन) उपस्थिति रहे। इसके अलावा 118 कर्मचारियों में 112 एवं संविदा/वाह्य एजेंसी के सभी कर्मचारियों की उपस्थिति रही। जो अनुपस्थिति मिले, वह वास्तव में अवकाश पर है। हड़ताल के बावजूद प्रबंधन की कड़ाई का असर डिस्कॉम मुख्यालय के अधिकारियों व कर्मचारियों पर दिखाई दे रहा है।



## 1800 करोड़ के प्रोजेक्ट्स का लोकार्पण-शिलान्यास करेंगे पीएम



जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** प्रधानमंत्री एवं काशी के सांसद नरेंद्र मोदी के 24 मार्च को प्रस्तावित दौरे को लेकर भाजपा की गुरुवार को रोहनिया स्थित पार्टी कार्यालय पर हुई बैठक में प्रदेश सह प्रभारी सुनील ओझा ने कहा कि इस बार भी पीएम मोदी लगभग 1800 करोड़ की परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास करेंगे।

उन्होंने कहा कि स्वच्छता प्रधानमंत्री मोदी का ड्रीम प्रोजेक्ट है और हर बार की तरह इस बार भी पीएम के आगमन के पूर्व पार्टी व्यापक स्तर पर स्वच्छता अभियान चलाएगी। पार्टी ने तय किया है कि 21-22-23 मार्च को जनजागरण के लिए महानगर के सभी वार्डों में सुबह सात से पूर्वाह्न नौ बजे तक स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। इसके लिए वार्ड स्तर पर कार्यकर्ताओं की टीम बनायी जा रही है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के यात्रा मार्ग पर पड़ने वाले प्रमुख चौराहों पर साज-सज्जा और स्वागत की जिम्मेदारी जिला पंचायत अध्यक्ष एवं जनप्रतिनिधियों को सौंपी गयी है, जहां ढोल-नगाड़े के बीच पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ पीएम का जोरदार स्वागत किया जाएगा। बैठक को संबोधित करते हुए क्षेत्रीय अध्यक्ष महेश चंद श्रीवास्तव ने कहा कि 24 मार्च को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सम्पूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय में प्रस्तावित जनसभा को लेकर पार्टी ने व्यापक योजना बनाई है। जिसके तहत संगठन के सभी सभी मोर्चे के कार्यकर्ता 21-22-23 मार्च को वाहन जुलूस के माध्यम से जनजागरण अभियान चलाएंगे। संचालन महानगर अध्यक्ष विद्यासागर राय ने किया। धन्यवाद क्षेत्रीय महामंत्री अशोक चौरसिया ने दिया। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम मौर्या, दिलीप सिंह पटेल, पूर्व विधायक सुरेंद्र नारायण सिंह, प्रदीप अग्रहरि, क्षेत्रीय मीडिया प्रभारी नवरतन राठी, उदयप्रताप सिंह उर्फ पप्पू, संतोष सोलापुरकर, जगदीश त्रिपाठी, संजय सोनकर, अशोक पटेल, आत्मा विश्वेश्वर, प्रभात सिंह, अरविंद पटेल, अभिषेक मिश्रा, कुसुम पटेल, विनिता सिंह, सुशील गुप्ता, जेपी सिंह, महेंद्र सिंह गौतम, विजय गुप्ता, पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह आदि उपस्थित रहे।

**तैयारी बैठक**

**सम्पूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय में 24 को पीएम की जनसभा प्रस्तावित**

**पीएम के आगमन के पूर्व भाजपा का तीन दिवसीय स्वच्छता अभियान 21 से**

## राहुल ने किया भारत का अपमान : अजय मिश्र

**वाराणसी।** गुरुवार को वाराणसी पहुंचे केंद्रीय गृह राज्यमंत्री अजय मिश्रा टेनी ने एक संक्षिप्त बातचीत में



आरोप लगाया कि राहुल गांधी ने विदेश में जाकर अपने बयान के जरिये देश का अपमान किया है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने जिस प्रकार से विदेश में जाकर अपने देश का अपमान किया है उससे जनता में नाराजगी है। राहुल को भारत के बारे में सोच-समझकर बात करनी चाहिए। श्री मिश्र काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन-पूजन करने के बाद चंदौली रवाना हो गए।

# बाबतपुर एयरपोर्ट प्रशासन जुटा तैयारियों में

**कवायद**

**पीएम मोदी के हाथों लालबहादुर शास्त्री अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे की परियोजनाओं के लोकार्पण को कसी कमर**

अरविंद मिश्र

**बाबतपुर।** स्थानीय लाल बहादुर शास्त्री अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर निर्माणाधीन कई परियोजनाओं का कार्य लगभग पूर्ण हो चुका है। उम्मीद जतायी जा रही है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने आगामी वाराणसी दौरे में इन प्रोजेक्ट्स का लोकार्पण करेंगे। पूर्वांचल का यह सबसे व्यस्त इंटरनेशनल एयरपोर्ट होने के कारण हवाई अड्डे के विस्तारीकरण और अत्याधुनिकीकरण को लेकर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। हाल ही में इस हवाई अड्डे पर विश्वस्तरीय एटीसी टॉवर और अत्याधुनिक उपकरण से युक्त फायर स्टेशन का निर्माण कराया गया है। इससे पूर्व यात्रियों की सुविधा एवं सहूलियत की जरूरत को देखते हुए हवाई अड्डे पर दो नए एयरोब्रिज का निर्माण कराया गया था। पीएम मोदी ने उसका लोकार्पण बीते साल वर्चुअल माध्यम से किया था। वाराणसी को पर्यटन और कृषि निर्यात हब के तौर पर भी विकसित किया जा रहा है। एक्सपोर्ट एवं टूरिज्म की दृष्टि से हवाई अड्डे की अहम भूमिका रहती है। कृषि उत्पादों के निर्यात के लिए बड़े कार्गो विमानों के संचालन को लेकर भी कवायद चल रही है। इसके लिए रन-वे का विस्तार समेत टर्न पैड, टैक्सी-बे और सेफ्टी एंड प्वॉइंट को भी बढ़ाया जा रहा है। प्रधानमंत्री इससे पूर्व काशी तमिल संगमम में अपने संसदीय क्षेत्र में आये थे। उस वक्त वह मात्र कुछ ही घंटे वाराणसी में रहे। उससे पहले गत वर्ष सात मार्च को विकास कार्यों की सौगात देने के लिए उनका आगमन हुआ था। और अब एकबार फिर से आगामी 24 मार्च को उनके काशी आगमन की संभावना को देखते हुए विभिन्न स्तर पर यहां तैयारियां चल रही हैं।



### विमानों का संचालन 1950 से

बाबतपुर में हवाई पट्टी का निर्माण तो ब्रिटिश हुकूमत के दौरान ही अंग्रेजों ने कराया था। तत्कालीन समय में अंग्री फौज के विमानों की आवाजाही रही। लेकिन भारत की आजादी के बाद उस हवाई पट्टी पर 1950 से मालवाहक विमान उतरने और उड़ान भरने लगे। 1953 में हवाई अड्डे पर टर्मिनल भवन का निर्माण कराया गया और कमर्शियल विमानों का संचालन आरंभ किया गया।

### 2018 में मिला अंतरराष्ट्रीय दर्जा

बाबतपुर हवाईअड्डे पर घरेलू और अंतरराष्ट्रीय विमानों की उड़ानों का संचालन पहले से ही किया जा रहा था। यात्रियों एवं विमानों की संख्या लगातार बढ़ोतरी को देखते हुए 2010 में नए टर्मिनल भवन का निर्माण कराते हुए एयरपोर्ट का नाम लालबहादुर शास्त्री अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा रखा गया। यात्रियों की सुविधा और इंटरनेशनल रेटिंग के आधार पर 2018 में आधिकारिक रूप से इस हवाई अड्डे को इंटरनेशनल एयरपोर्ट का दर्जा प्राप्त हुआ।

### डीजी यात्रा में पहले स्थान पर

प्रधानमंत्री के ड्रीम प्रोजेक्ट डीजी यात्रा में वाराणसी हवाई अड्डा प्रथम स्थान पर है। पेपर लेस यानि डिजिटल यात्रा यानि डीजी यात्रा का सफल एवं सुरक्षित संचालन सरलतापूर्वक करने के साथ ही ज्यादा से ज्यादा यात्रियों को जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। एयरपोर्ट डायरेक्टर आर्यमा सान्याल ने बताया कि हवाई अड्डे पर अत्याधुनिक एटीसी टॉवर और उच्च स्तरीय फायर स्टेशन बनकर तैयार है। दोनों का लोकार्पण प्रधानमंत्री मोदी कर सकते हैं। हालांकि इस बारे में अभी आधिकारिक रूप से सूचना नहीं मिली है। फिर भी हवाई अड्डा प्रशासन लोकार्पण संबंधी तैयारियों में जुटा है।

# बरवां में भंडारा के भोजन से 60 लोग बीमार

**फूड प्वाइजनिंग**

**दर्जन भर जिला अस्पताल के लिए हुए रेफर**



**पिंडरा।** सिंधोरा थाना क्षेत्र के बरवां गांव में भंडारा में बना भोजन ग्रहण करने से 60 से ज्यादा लोगों को हालत गंभीर होने पर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस घटना से गांव में हाहाकार मचा हुआ है। गांव में चिकित्सकों की टीम कैम्प लगाकर इलाज कर रही है। बताया जाता है कि बुधवार को बरवां गांव में हरिनाथ बेन बंशी उर्फ करिया के यहां जय सत गुरुदेव का प्रवचन के बाद वार्षिक भंडारे का आयोजन किया गया गया था। जिसमे बरवां,देवजी , बलोई व जलालपुर समेत आसपास के गांव के सैकड़ों लोग शामिल हुए थे। सत्संग समाप्त होने के बाद प्रसाद के रुप मे खाने की व्यवस्था की गई थी। सैकड़ो सत्संगी लोगों ने प्रसाद में बना पूड़ी सब्जी चावल ,दाल,खीर, पुलाव समेत अन्य व्यंजन को ग्रहण किए । बताया जाता है कि इसमें खाने वाले लोगो को रात में एक दर्जन लोगों को उल्दी दस्त होने लगी। गुरुवार सुबह होते होते प्रसाद ग्रहण करने वालो की हालत गंभीर होने लगी। प्राथमिक स्वस्थ केन्द्रपिंडरा ,सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गजोखर पर मरीज पहुंचने लगे। शाम तक पिंडरा पीएचसी पर 27 लोग पहुचे। जिन्हें जिला अस्पताल के लिए रेफर किया गया। सूचना पर स्वास्थ्य विभाग की टीम ने प्रभावित परिवारों में इलाज किया। तहसील से राजस्व निरीक्षक व हल्का लेखपाल भी पहुँच गए थे। बीमार होने वालों में रिंकी 16 वर्ष, प्रिंस 13 वर्ष, घनश्याम 42 वर्ष, मंगला प्रसाद,55 वर्ष, मंगलम 30 वर्ष,सन्तोष 40 वर्ष, अवधेश 50 वर्ष, संतलाल मास्टर 65 वर्ष, विकास ,विपुल ,रोशन,गुड्डी, राधिका, रमरज्जी देवी समेत 60 से ज्यादा लोगो को सरकारी व निजी अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। पीएचसी प्रभारी डॉ राहुल सिंह ने बताया कि अब स्थिति नियंत्रण में है। कुछ लोगों की हालत खराब होने पर रेफर कर दिया गया है।

जनसंदेश टाइम्स
मेडिकल डायरेक्टरी

सार्थक सर्जिकल सेन्टर
लेप्रोस्कोपिक, मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल एवं ट्रामा सेन्टर
अत्याधुनिक लिथोट्रिप्सी मशीन द्वारा गुर्दे की पथरी का बिना आपरेशन सफल इलाज
डा. विनोद कुमार
मो: 9415273558, टेलीफोन : 0542-2586160

मानसिक रोग, नशा मुक्ति व सेक्स रोगों का संपूर्ण इलाज
डॉ. प्रदीप चौरसिया
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (न्यूरोसाइकाइट्री)
(आई.एम.एस., बी.एच.यू.)
मस्तिष्क व मानसिक रोग विशेषज्ञ
सरदर्द, माइग्रेन, बेहोशी, डिप्रेशन, OCD, मिर्गी, घबराहट, तनाव, याददाश्त व एकाग्रता में कमी, शंका करना, सिजोफ्रेनिया, बाइपोलर, डिमेंशिया, अल्जाइमर इत्यादि
गंगोत्री हॉस्पिटल 7518 5555 44/ 7317 5555 44
लेन नंबर- 4, गुरुधाम कॉलोनी, गुरुधाम क्रासिंग के पास, वाराणसी

रिटेल डायरेक्टरी

शिव रुद्राक्ष
अनुसंधान केन्द्र (प्रा. लि.)

जनसंदेश टाइम्स
एजुकेशन डायरेक्टरी

We ensure Holistic Growth of yOur child...
S.G. Public School
Estd. 2002
Affiliated to C.B.S.E., 10 + 2, Co- Ed., Science & Commerce Stream (Physical Education & Computer Science Available)
ADMISSION OPEN!
SESSION 2023-24
for Montessori to Classes IX & XI
NO ADMISSION FEES Montessori to Class 5th
UP TO 30 APRIL 2023

# शहर के खंभों पर फैला तारों का मकड़जाल

**कागज पर अभियान**

**अभियान का तीसरा दिन, नहीं दिख रहा असर**

**वाराणसी।** शहर में जी-20 को लेकर सड़कों, चौराहों और तिराहों के सुंदरीकरण का कार्य किया जा रहा है। जिसके लिए प्रशासनीक अधिकारियों द्वारा बैठकों के माध्यम से योजना तैयार की जा रही है। इसी क्रम में नगर निगम की ओर से विद्युत पोलों व सड़कों पर फैले केबल व इंटरनेट के तारों को हटाने का अभियान भी शुरू किया गया था। लेकिन अभियान धरातल पर नजर नहीं आ रहा।

शहर में केबल तारों को हटाने का अभियान सोमवार से शुरू होना था तौयारियों के अधुरे होने की वजह से इसे मंगलवार से शुरू किया गया। जिसके तहत वरुणापार जोन में शिवपुर बाईपास तिराहे से मिंट हाउस नदेसर तक चले अभियान में अभी भी पूरी तरह से तार नहीं हटाए जा सके। जबकि शहर के अंदर काशी विश्वनाथ धाम व काल भैरव सहित मुख्य स्थानों पर जाने वाले मार्गों की स्थित जस की तस है। गुरुवार को जगतगंज में केबल तार खंभों से लटकते दिखाई दिए। वहीं मैदागिन चौराहे से काशी विश्वनाथ धाम जाने वाले मार्ग पर दीवार के सहारे तारों का गुच्छा लहराता दिखाई दिया। चलाया जा रहा अभियान धरातल पर नजर नहीं आता दिख रहा । जबकि नगर आयुक्त शिपू गिरी का सख्त निर्देश है कि शहर भर में अव्यवस्थित प्रकार से विद्युत पोलों एवं सड़को पर फैले केबल व इंटरनेट के तारों को हटाने की कार्यवाही की जाए। बावजूद इसके निगम के जिम्मेदार अधिकारियों की ओर से अभियान पर पलीता लगाया जा रहा है।


जगतगंज में विद्युत पोल पर फैला केबल तार

## एयरपोर्ट पर विदेशी मेहमानों का किया गया भव्य स्वागत

**बाबतपुर।** लाल बहादुर शास्त्री अंतराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर गुरुवार को अन्य देशो के प्रतिनिधि अलग अलग विमानों से पहुंचे। विमान से उतरने के बाद टर्मिनल भवन में पहुंचते ही काशी के बटुकों द्वारा मंत्रोचार कर सभी को चंदन और माल्यार्पण के साथ भव्य स्वागत किया गया। एयर इंडिया दिल्ली के विमान से अरविन्द सिंह भारत सरकार पर्यटक मंत्रालय के साथ जनेश कैन सीईओ पूर्वाह्न 11:45 बजे पहुचे। हवाई अड्डे से दोपहर 12:15 बजे शहर के लिये रवाना हुये। कजाकिस्तान मंत्रालय के येर्जान ऐर्कीनबायेव सस्कृति और खेल उपमंत्री विस्तारा एयरलाइन्स के विमान से दोपहर 2.40 बजे पहुचे। एयरपोर्ट से 03:00 बजे शहर के लिये रवाना हुये। गो फर्स्ट दिल्ली के विमान से उप मंत्री समत वेक्तुरोविच शतमानोव सांस्कृतिक और सूचना युवा नीति किर्गीज अपराह्न 3.10 बजे पहुचे। एयरपोर्ट से 3:50 बजे शहर के लिये रवाना हुये। इसी तरह प्रथम उप मंत्री आजमोव उलुगबेक अक्समातोविच पर्यटक और संस्कृति उज्बेकिस्तान एयरपोर्ट पर शाम को पहुंचे।

## श्वांस संबंधी परेशानी की न करें अनदेखी : डा. एसके पाठक



**वाराणसी।** ब्रेथ ईजी के वरिष्ठ टीबी, श्वांस व फेफड़ा रोग विशेषज्ञ डा. एसके पाठक ने बताया कि कोरोना के बाद पिछले कुछ दिनों से इन्फ्लूएंजा एच3एन2 वायरस के केस तेजी से बढ़ रहे हैं। इस वायरस से संक्रमित होने वाले लोगों में सांस की गंभीर समस्या देखने को मिल रही है। इसमें तेज बुखार, खांसी, सांस फूलना और घरघराहट जैसे लक्षण दिख रहे हैं। इसकी अनदेखी न करें और इलाज को वरीयता दें।

डा. पाठक बताते हं कि इसके लक्षण भी कोरोना के लक्षण जैसे मिलते-जुलते हैं। इसीलिए हम लोग इसमें भी कोविड प्रोटोकाल को ही पालन करने के लिए कह रहे हैं। जिसके जरिये इस नये वायरस के संक्ररण से बचा जा सकता है। भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में कुछ भी न खायें न पियें। भीड़ वाले क्षेत्रों में खिलौने, कप, बच्चे की बोतलें जैसी वस्तुएं न लें। भीड़ वाले क्षेत्रों में संपर्क के पहले व बाद में हाथों को साबुन से धोयें। छींक आने पर मुंह पर रूमाल रखें। मास्क का प्रयोग करें।

## पुरातन छात्र संस्था के विकास के लिए महत्वपूर्ण : प्रो. त्यागी

**वाराणसी।** महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के अंग्रेजी एवं अन्य विदेशी भाषा विभाग द्वारा गुरुवार को पुरातन छात्र समागम का आयोजन हुआ। अध्यक्षीय उद्बोधन में कुलपति प्रो. अनंद कुमार त्यागी ने कहा कि किसी भी संस्था के पुरातन छात्र उस संस्था के विकास के लिए महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करते हैं।

## संक्षेप

### डीएवी का अर्थशास्त्र विभाग करेगा बाड़मेर में रिफाइनरी के प्रभावों का अध्ययन

**वाराणसी।** डीएवी पीजी कॉलेज के अर्थशास्त्र विभाग को हिंदुस्तान पेट्रोलियम कारपोरेशन लिमिटेड की तरफ से राजस्थान के बाड़मेर जिले में 43 हजार करोड़ की लागत से निर्मित रिफाइनरी के सामाजिक व आर्थिक प्रभाव का अध्ययन करने के लिए विशेष प्रोजेक्ट प्राप्त हुआ है। विभागाध्यक्ष प्रो. अनूप कुमार मिश्र प्रोजेक्ट डायरेक्टर के रूप में और डॉ. सिद्धार्थ सिंह व डॉ. उदयभान सिंह प्रिंसिपल इन्वेस्टिगेटर के रूप में यह अध्ययन करेंगे। इस शोधकार्य के निमित्त प्राथमिक सर्वे के लिए प्रो. अनूप व डॉ. सिद्धार्थ शुक्रवार को बाड़मेर रवाना होंगे। वहीं मार्च के अंतिम सप्ताह में निर्देशक और मुख्य अन्वेषणकर्ताओं के साथ दस सदस्यीय दल रिफाइनरी के सामाजिक एवं आर्थिक प्रभाव का गहन अध्ययन करने बाड़मेर जायेंगे। इसके लिए विद्यार्थियों का चयन कर लिया गया है, इन्हें अर्न व्हाइल लर्न के तहत इस शोधकार्य में समाहित किया जायेगा।

### काशी विद्यापीठ की श्रुति ने चेन्नई में लहराया परचम



**वाराणसी।** तमिलनाडु फिजिकल एजुकेशन एंड स्पोर्ट्स विश्वविद्यालय की ओर से अखिल भारतीय अंतर्विश्वविद्यालय एथलेटिक्स प्रतियोगिता का अयोजन किया गया था। जिसमें महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ की खिलाड़ी श्रुति सिंह ने हैमर थ्रो में रजत पदक प्राप्त किया। इस उपलब्धि पर कुलपति प्रो. आनंद कुमार त्यागी, कुलसचिव हरीश चुघ, वित्त अधिकारी संतोष कुमार शर्मा, क्रिडा परिषद के उपाध्यक्ष प्रो. ब्रजेश कुमार सिंह, सचिव डॉ. मुकेश कुमार पंथ, डॉ. सैयद दुलारे हुसैन, डॉ. राधेश्याम राय, बीना, डॉ. अमरेंद्र कुमार सिंह, गनेश कुमार, राम लाल, ओंकार नाथ सहित अन्य लोगों ने हर्ष व्यक्त किया और श्रुति व कोच मैनेजर को ढेर सारी बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

### 'डारी डारी महके चंदनवा हो रामा' की प्रस्तुति



**वाराणसी।** काशी विद्यापीठ के मंचकला विभाग में होरी, चैती एवं बारहमासा लोक गायन शैली पर त्रिदिवसीय कार्यशाला के दूसरे दिन विषय विशेषज्ञ के रुप में पधारी विदुषी डॉ. सुचरिता गुप्ता ने चैती के अनेक प्रकारों से विद्यार्थियों को परिचित कराया। साथ ही 'आहो रामा चैत महिनवा में राम जी' यह चैता और 'डारी डारी महके चंदनवा हो रामा' चैती का प्रशिक्षण दिया। अंत में 'बीत जाय उमिरिया हमार बलमू' यह बारहमासा सिखाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. संगीता घोष, विभागाध्यक्ष, मंचकला विभाग ने की। तबले पर संगत सुमंत कुमार ने किया। हारमोनियम पर संगत विभाग के ही विद्यार्थी शिवम सिंह ने किया। कार्यक्रम का समापन मंच कला विभाग की विभागाध्यक्ष द्वारा धन्यवाद ज्ञापन से किया गया। कार्यशाला में मंच कला विभाग के लगभग 100 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया।

### कांशीराम के बताए मार्ग पर चलकर उत्थान संभव

**वाराणसी।** बहुजन समाज पार्टी के संस्थापक कांशीराम की जयंती पर ककरमत्ता क्षेत्र में संगठन के वरिष्ठ नेता मेराज फारुकी 'जुग्गन' एकवोकेट के आवास पर गोष्ठी हुई। इस अवसर पर वक्ताओं ने कांशीराम के व्यक्तित्व एवं कृतित्व को याद किया। उन्होंने कहा कि कांशीराम ने अपने जीवन में जिस तरह का संघर्ष कर समाज के सबसे दबे-कुचले लोगों को एकजुट किया। उन्हीं के अथक प्रयासों का परिणाम रहा कि उत्तर प्रदेश में जहां चार बार मायावती के नेतृत्व में सरकार वहीं, अन्य राज्यों में भी बसपा का विस्तार हुआ और बीएसपी कम समय के भीतर राष्ट्रीय पार्टी बन गई। कांशीराम के बताए मार्गों पर चलकर ही गरीबों का उत्थान संभव है। गोष्ठी में श्री जुग्गन के अलावा फिरोज अहमद, शमीम आजमी, अबू बकर, मुश्ताक खान, राज बाबू एवं अरविंद चौधरी आदि ने विचार व्यक्त किये।

### वीडीए ने अवैध प्लॉटिंग को किया ध्वस्त

**वाराणसी।** विकास प्राधिकरण की प्रवर्तन टीम द्वारा गुरुवार को रामनगर वार्ड में एक बीघा अवैध प्लाटिंग के विरुद्ध ध्वस्तिकरण की कार्यवाही की गई। रामनगर वार्ड अंतर्गत सतीश वकील कालोनाइजर द्वारा मौजा-सुल्तानपुर में बिना ले-आउट स्वीकृत कराये लगभग एक बीघा अवैध प्लाटिंग विकसित की गयी थी। अवैध प्लाटिंग के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए प्रवर्तन टीम एवं स्थानीय पुलिस बल के सहयोग से प्लाटिंग को ध्वस्त किया गया। इस दौरान जोनल अधिकारी सिंह गौरव जय प्रकाश और अवर अभियंता संजय तिवारी मौजूद रहे।

### विश्वकर्मा समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष का स्वागत

**वाराणसी।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव एवं विश्वकर्मा समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामआसरे विश्वकर्मा एवं पूर्व मंत्री रामदुलार राजभर के यहां पहुंचने पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को भव्य स्वागत किया। पूर्व मंत्री रामआसरे विश्वकर्मा लखनऊ से सीधे बैजनाथ विश्वकर्मा के आवास पहुंचे एवं बुद्धिजीवी वर्ग के लोगों से मुलाकात कर लोकसभा चुनाव में समाज के लोगों को अभी से तैयारी मे जुटने का निर्देश दिया। पूर्व मंत्री रामआसरे विश्वकर्मा का सपाइयो ने मैदागिन चौराहे पर स्वागत किया। स्वागत के बाद रामआसरे विश्वकर्मा विश्वनाथ मंदिर में दर्शन-पूजन किया और मुगलसराय स्टेशन से कोलकाता प्रस्थान कर गए। स्वागत करने वालों में विष्णु शर्मा, संजू विश्वकर्मा, प्रभाकर यादव, शमीम अंसारी, भरत यादव, दीपक रस्तोगी आदि शामिल थे।

### महानगर उद्योग व्यापार के होली मिलन में खूब उड़े अबीर गुलाल



**वाराणसी।** महानगर उद्योग व्यापार का होली मिलन समारोह गुरुवार को सायंकाल पिपलानी कटरा स्थित एक पैलेस में मनाया गया। इस अवसर पर खूब अबीर गुलाल उड़ाये गये। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रदेश के आयुष राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार डा. दयाशंकर मिश्र रहे। रंगोत्सव कार्यक्रम में सभी ने एक दूसरे को गले लगा कर उन्हें होली की बधाई दी। इस मौके पर अध्यक्ष प्रेमनाथ मिश्र, मुख्य संरक्षक आरके चौधरी, श्रीनारायण खेमका, पंकज अग्रवाल, अशोक जायसवाल, गोकुल शर्मा, सोमनाथ विश्वकर्मा, अजय जायसवाल, सुजीत गुप्ता, रजनीश कन्नौजिया , राजन जायसवाल समेत भारी संख्या में लोग मौजूद थे।

## ...वर्ना 26 अप्रैल को लखनऊ में जुटेंगे लाखों श्रमिक



पुरानी पेंशन बहाली समेत 14 सूत्रीय मांगों को लेकर गुरुवार को भारतीय मजदूर संघ के सदस्यों ने जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन किया

**दी चेतावनी**

**पुरानी पेंशन बहाली संग 14 सूत्रीय मांगों को लेकर भारतीय मजदूर संघ ने जिला मुख्यालय पर किया प्रदर्शन**

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** पुरानी पेंशन बहाली समेत 14 सूत्रीय मांगों को लेकर भारतीय मजदूर संघ के कर्मचारी जुलूस के रूप में जिला मुख्यालय पहुंचे और प्रदर्शन किया। उन्होंने मुद्दों को लेकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी भी की। साथ ही चेताया कि यदि इनकी मांगें नहीं मानी गयीं तो व्यापक स्तर पर आंदोलन के लिए बाध्य होना पड़ेगा।

इस मौके पर संगठन के जिलाध्यक्ष जमुना पाल ने कहा मांगों को गिनाते हुए कहा कि संविदा और आउटसोर्सिंग के जरिये काम कर रहे मजदूरों को सामान्य वेतन दिया जाना चाहिए। साथ ही सरकार पुरानी पेंशन व्यवस्था बहाल करे। संघ के राकेश पांडेय ने कहा कि यदि मुद्दों को लेकर सरकार सकारात्मक कदम नहीं उठाएगी तो लखनऊ में एक बड़ा आंदोलन होगा। जिसके तहत 26 अप्रैल को वहां लाखों मजदूर जुटेंगे। उसके बावजूद मांगें नहीं मानी गयीं तो विधानसभा का घेराव किया जाएगा।

## भारत की एकमात्र भाषा हो संस्कृत : दिनेश कामत

**संबोधन**

**संपूर्णनंद में 'भारतीय भाषाओं में संस्कृत भाषा के अध्यापक एवं छात्रों में कौशल का विकास' विषय पर त्रिदिवसीय कार्यशाला का उद्धाटन**



**वाराणसी।** विश्व के अनेक ऐसे देश हैं, जहां पर उस देश की अपनी भाषा है, इसी प्रकार भारत की भी एक मात्र भाषा संस्कृत होनी चाहिये। जिसमें समग्र व्यवहार समाहित है। उक्त विचार संपूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय में आईकेएस सेंटर, संस्कृत भारतीय काशी प्रांत एवं भारती भाषा समिति के संयुक्त तत्त्वावधान में 'भारतीय भाषाओं में संस्कृत भाषा के अध्यापक एवं छात्रों में कौशल का विकास' विषय पर आयोजित त्रिदिवसीय कार्यशाला के उद्घाटन सत्र में गुरुवार को मुख्य अतिथि अखिल भारतीय संगठन मंत्री दिनेश कामत ने कही।

कहा कि भारतीय भाषाओं की पोषक भाषा के रूप में तथा भारत को एक सूत्र में बांधने वाली संस्कृत भाषा है। विशिष्ट अतिथि उत्तर प्रदेश के पूर्व पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री विधायक नीलकंठ तिवारी ने संस्कृत संस्कृति एवं संस्कार के प्रवाह पर विचार प्रकट करते हुये कहा कि संस्कृत भाषा देववाणी है इसमें चारों पुरुषार्थ समाहित है। संस्कृत भारत में अनेकों आक्रांताओं के बावजूद भी आज चिर रूप में स्थापित है। दुनिया की सभी भाषाओं का मूल संस्कृत है। सारस्वत अतिथि महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के कुलपति प्रो. आनंद के. त्यागी ने कहा कि संस्कृत भाषा में हमारे संपूर्ण भारतीय ज्ञान परंपरा समाहित हैं। राष्ट्रीय शिक्षा निति-2020 के अंतर्गत यह कार्यशाला आधार बिंदु है। संस्कृत शास्त्रों में प्रद्योगिकी ज्ञान,औषधि ज्ञान आदि समाहित है। बतौर सारस्वत अतिथि संस्कृत भारती के काशी प्रांताध्यक्ष प्रो. कृष्ण कान्त शर्मा ने कहा कि संस्कृत भाषा अध्येता के लिए उत्तम विश्लेषक होता है। क्यो कि संस्कृत भाव सम्प्रेषण को अद्भुत नियमावलियों का उल्लेख करता है। यहां की असमिया, बंग्ला, उडिया भाषा में 80 प्रतिशत संस्कृत के शब्द हैं। अध्यक्षता करते हुये कुलपति प्रो. हरेराम त्रिपाठी ने कहा कि संस्कृत भाषा को जनभाषा बनाने के लिये संस्कृत भारती का प्रयास अत्यंत शोभनीय है, इससे भारतीय संस्कृति को जन जन में प्रसारित किया जा सकता है। वैदिक मंगलाचरण डॉ. विजय कुमार शर्मा, पौराणिक डॉ. मधुसूदन मिश्र ने किया। मंचस्थ अतिथियों का स्वागत प्रो. रामकिशोर त्रिपाठी। विषय प्रवर्तन प्रो. रामपूजन पांडेय व धन्यवाद ज्ञापन डॉ. नीतिन आर्य ने किया। इस दौरान संयोजक एवं संचालक प्रो. हरिप्रसाद अधिकारी ने किया के साथ प्रो. रामपूजन पांडेय, प्रो. हरिशंकर पांडेय, प्रो. सुधाकर मिश्र, प्रो. रमेश प्रसाद, प्रो. महेंद्र पांडेय, प्रो. विधु द्विवेदी, प्रो. राजनाथ, प्रो. अमित शुक्ल, प्रो. हीरक कान्त, प्रो. दिनेश गर्ग, डा॑. विद्या चन्द्रा, डॉ. रविशंकर पांडेय, डा॑. नीतिन आर्य, डॉ. विजेंद्र आर्य आदि उपस्थित थे।

**देश भर से जुड़े 400 प्रतिभागी**

कार्यशाला में उत्तर प्रदेश सहित असम, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, दिल्ली, गुजरात, केरल आदि प्रदेश से ऑनलाईन व ऑफलाइन माध्यम से 400 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। उन्हें दस विशेषज्ञों द्वारा तीन सत्रों में संस्कृत के तकनिकी पहलुओं पर प्रशिक्षित किया गया।

## एकीकृत निक्षय दिवस पर टीबी मरीजों को मिली पोषण पोटली

**वाराणसी।** प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत बुधवार को एकीकृत निक्षय दिवस जनपद के सभी 207 हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर, प्राथमिक व सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों, जिला व मंडलीय चिकित्सालय में मनाया गया। इस दिवस पर क्षय रोग की जांच, परामर्श आदि जन जागरूकता गतिविधियों के साथ ही कुष्ठ, फाइलेरिया व कालाजार उन्मूलन पर भी जोर दिया गया। इसके अलावा स्वास्थ्य केन्द्रों पर विभिन्न अधिकारियों ने गोद लिए टीबी मरीजों को पोषण पोटली प्रदान की और उनके पोषण व स्वास्थ्य उपचार के बारे में जानकारी ली। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ संदीप चौधरी ने बताया कि सामुदायिक स्तर पर जनमानस को टीबी संबंधी जांच, निदान, उपचार व परामर्श के साथ पोषण की मदद मिल सके, इसके लिए विभाग निरंतर प्रयास कर रहा है। इसके साथ ही गोद लिए गए सभी टीबी रोगियों को हर माह पोषण पोटली व नियमित दवा मिल रही है।

## दिव्यांग समाकलन संस्थान का मना स्थापना दिवस



**वाराणसी।** इंटीग्रेटेड इंस्टीट्यूट फार द डिसेबल्ड (आईआईटी) के 31वें स्थापना दिवस समारोह के मुख्य अतिथि भारतीय पुर्नवास परिषद, भारत सरकार के संयोजक डा. उत्तम ओझा ने संस्था की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। कहा कि यह संस्था देश की अग्रणी संस्थाओं में से एक है। उन्होंने सरकार की विभिन्न योजनाओं पर प्रकाश डाला। कहा कि दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग दिव्यांगजनों के शिक्षण, प्रशिक्षण, पुनर्वास के साथ-साथ उनके स्वावलंबन के लिए हर आवश्यक कदम के लिए प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर आईआईडी वाराणसी के 20 श्रवण बाधित बच्चों को श्रवण यंत्र तथा 57 बौद्धिक अक्षम बच्चों को शिक्षण किट प्रदान किया गया। जिसमें दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग वाराणसी के विकास कुमार सिंह व प्रदीप कुमार सिंह ने सक्रिय भूमिका निभायी। संस्थान के संस्थापक डा. आरए जोसेफ ने अतिथियों का स्वागत किया। साथ ही संस्थान के बारे में बताया। कार्यक्रम का संचालन महासचिव एसके राव ने किया। इस मौके पर बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति की। धन्यवाद ज्ञापन संस्थान के प्रधानाचार्य रामकेश ने दिया।

## बरेका में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर कार्यक्रम आज

**वाराणसी।** बनारस रेल इंजन कारखाना में 17 मार्च शुक्रवार को प्रेक्षागृह (सिनेमा हाल) में प्रातः 10 बजे से बरेका में कार्यरत महिला अधिकारियों/कर्मचारियों के लिए महिला सशक्तिकरण से संबंधित प्रेरणादायक, शिक्षाप्रद एवं मनोरंजन पर आधारित कई विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है । कार्यक्रम में प्रमुख कार्यकारी निदेशक, मानव संसाधन, रेलवे बोर्ड की श्रीमती वी. जी. भूमा मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत करेंगी । बीएचयू. विधि संकाय की प्रोफेसर डॉ. विभा त्रिपाठी विशेष वक्ता के रूप में व्याख्यान देंगी । महिलाओं को और अधिक सशक्त होने पर आधारित कार्यक्रम में महिला सशक्तिकरण को समर्पित पुस्तिका का विमोचन किए जाने के साथ ही कविता पाठ, ग्रुप डांस एवं पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित है इस अवसर पर सेवानिवृत्त होने वाली कार्यरत महिला कर्मचारियों को सम्मानित भी किया जाएगा ।

## नवागत डीपीआरओ आदर्श कुमार ने संभाला कार्यभार


जिले के नये डीपीआरओ आदर्श कुमार के कार्यभार ग्रहण करने पर सफाई कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों ने उनका स्वागत किया

**वाराणसी।** जनपद के नवागत जिला पंचायत राज अधिकारी यानि डीपीआरओ आदर्श कुमार ने गुरुवार को कार्यभार संभाला। इससे पूर्व वह इसी पद पर सिद्धार्थ नगर में तैनात थे। वाराणसी में डीपीआरओ का पद बीते साल सितंबर माह से रिक्त चल रहा था। इस बीच जिला पंचायत राज अधिकारी का अतिरिक्त प्रभार एडीपीआरओ उपेंद्र कुमार के पास था। गुरुवार को आदर्श कुमार ने जनपद के डीपीआरओ पद जिम्मेदारी संभालने पर उत्तर प्रदेश पंचायतीराज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों और सदस्यों ने उनका स्वागत किया। इस अवसर पर संगठन के जिलाध्यक्ष कृष्ण कुमार, मंत्री एवं प्रदेश उपाध्यक्ष विजय कुमार भारती, जिला कोषाध्यक्ष हीरा प्रसाद यादव, ब्लॉक एवं मंडल अध्यक्ष ओमकार नाथ शास्त्री, जिला मीडिया प्रभारी रविशेखर सोनकर, जिला संगठन मंत्री मायालाल, ब्लॉक कोषाध्क्ष सिकंदर आजाद, संतोष कुमार, सुभाष राम, विनोद कुमार आदि रहे।

## नारी सशक्तीकरण के लिए सरकार प्रयासरत



**बोलीं पूनम मौर्या**

**बीआरसी पर हुआ 121 महिला शिक्षकों व शिक्षा मित्रों का सम्मान**

**काशी विद्यापीठ।** महिला दिवस के उपलक्ष्य में गुरुवार को उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ की तरफ से बीआरसी सभागार में 121 महिला शिक्षकों को सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम मौर्या ने कहा कि नारी सशक्तीकरण के लिए सरकार की तरफ से महिलाओं के उत्थान की खातिर नई-नई योजनाएं चलाई जा रही हैं। ताकि महिलाए आत्मनिर्भर बन कर राष्ट्र के उत्थान और विकास में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर सके।

संचालन सपना तिवारी व अंजू चौबे ने संयुक्त रूप से किया। धन्यवाद सरिता राय ने दिया। कार्यक्रम में अध्यक्ष सनत कुमार सिंह, खण्ड शिक्षाधिकारी प्रदीप मिश्रा, बीडीओ डॉ. रक्षिता सिंह, सुमन, प्रतिमा, रीना, अंजू, रीता, सीमा, दीपशिखा, अमृता, पुष्पा, संचिता, शैलबाला, अंजना, अन्जूलता, आभा, पूजा, ज्योति, आशा आदि उपस्थित थीं।

## 'खेलो बनारस' ने दी जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा

**संवाद**

**सीडीओ हिमांशु नागपाल ने आयोजन में हिस्सा ले चुके प्रतिभागी बच्चों से की मुलाकात**

**जल्द ही गांवों में खेल मैदान समेत खेलकूद की सुविधाएं उपलब्ध कराने का दिया भरोसा**

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** जनपद में गत दिनों आयोजित 'खेलो बनारस' के चुनिंदा प्रतिभागियों से गुरुवार को सीडीओ हिमांशु नागपाल ने विकास भवन सभागार में मुलाकात की। इस दौरान दोनों के बीच विभिन्न विषयों पर संवाद हुआ। प्रतिभागी बच्चों ने 'खेलो बनारस' जैसे कार्यक्रमों को प्रेरक और उत्साहवर्द्धक बताया।

इस अवसर पर लगभग 70 ऐसे युवाओं ने उपस्थिति दर्ज करायी जो 'खेलो बनारस' का हिस्सा रहे। मुख्य विकास अधिकारी ने प्रत्येक के साथ बातचीत की। उन्होंने पूछा प्रतिभागियों से पूछा कि 'खेलो बनारस' में भाग लेने का क्या लाभ रहा। इससे जीवन में क्या बदलाव महसूस हो रहा है। इस आयोजन के प्रचार-प्रसार से उनके खेल जीवन में किस तरह के अवसर मिला। इस पर प्रतिभागियों ने जवाब दिया कि 'खेलो बनारस' में शामिल होकर उसकी विभिन्न प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेने के बाद अपने खेल जीवन की व्यवस्था में आगे बढ़ने की प्रेरणा मिली है। यह एक बड़ी उपलब्धि है। इस पर सीडीओ ने उन्हें आश्वस्त किया कि जो व्यवस्थाएं आपको अभी संपूर्ण रूप से नहीं मिल रही हैं वह आगामी दो-तीन महीने पूर्ण करा दी जाएंगी। उन मैदानों को खेलकूद के लिए बढ़ावा देने के लिए विभिन्न प्रकार के खेलों की सुविधाएं उपलब्ध करायी जाएंगी। इस मौके पर संयोजक रणंजय सिंह एवं खेल प्रशिक्षक राजेश दोहरी भी रहे।

## पीएम के गोद लिये गये गांवों में इंटरनेट के लिए 10 हजार कनेक्शन लगे

**वाराणसी।** पीएम मोदी के गोद लिये गये गांवों में इंटरनेट के लिए अब तक 10 हजार कनेक्शन लगाये गये हैं। इनमें सेवापुरी ब्लाक के अन्तर्गत जो भी ग्राम पंचायतें हैं उन गांवों में इंटरनेट कनेक्शन की सुविधा दी गई है। ग्रामीण इलाकों में इंटरनेट कनेक्शन का प्लान 399 रुपये का है। बीएसएनएल के पीआरओ अनीश सिंह ने बताया कि इसमें सेवापुरी के अलावा राजातालाब भी है। सेवापुरी ब्लाक व राजातालाब के किसी भी ग्रामीण क्षेत्र से कोई भी जुड़ कर इंटरनेट कनेक्शन के लिए फाइबर पर इसे ले सकता है। गांवों के लिए इंटरनेट कनेक्शन लेने के लिए स्पेशल प्लान आया है। इसके अलावा आराजीलाइन, काशी विद्यापीठ, बड़ागांव, पिंडरा, चोलापुर, हरहुआ सारे ब्लाकों में इंटरनेट की सुविधाएं दी जा रही है।


## कार्यालय जिला पंचायत, वाराणसी

### अति-अल्पकालिक निविदा सूचना

जिला पंचायत वाराणसी के समस्त पंजीकृत ठेकेदार के अतिरिक्त राज्य सरकार के सिंचाई विभाग एवं लोक निर्माण विभाग जो वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए पंजीकृत है, को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2022-23 में पंचम राज्य वित्त आयोग अन्तर्गत उपलब्ध धनराशि से विकास खण्ड चिरईगांव में ग्रामसभा जाल्हूपुर में निर्मित पशु शवदाह गृह में इण्टरलाकिंग कार्य कराये जाने हेतु सील बंद निविदाएं दिनांक 20.03.2023 को अपराह्न 1:00 बजे से 3:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। प्राप्त निविदाएं दिनांक 20.03.2023 को टेण्डर समिति एवं उपस्थित निविदादाता के समक्ष अपराह्न 4:00 बजे जिला पंचायत वाराणसी के सभागार में खोली जाएगी। निविदा फार्म विक्री 18.03.2023 को 11: 00 बजे से 1:00 बजे तक किया जायेगा। निविदा प्रपत्र के साथ निर्धारित धरोहर धनराशि संलग्न होनी चाहिए जो बैंक ड्राफ्ट/एनएससी के रूप में अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत वाराणसी के पद नाम से बंधक होगी। शेष नियम व शर्तें व अन्य जानकारी कार्यालय दिवस में प्राप्त की जा सकती है। विवरण निम्नवत है-

| क्र. सं. | विकास खण्ड | कार्य का नाम | अनुमानित लागत रु.में (जी.एस.टी. सहित) | धरोहर धनराशि 02 प्रतिशत रु. में | निविदा फार्म मूल्य (जी.एस.टी. सहित) रु. में | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | चिरईगांव | विकास खण्ड चिरईगांव में ग्राम सभा जाल्हूपुर में निर्मित पशु शवदाह गृह में इण्टरलाकिंग कार्य | 8,46,500 | 16,930 | 590 | 23.03.2023 |

(अनिल कुमार श्रीवास्तव)
अभियंता
जिला पंचायत, वाराणसी

(अभिषेक कुमार सिंह)
अपर मुख्य अधिकारी
जिला पंचायत, वाराणसी

(पूनम मौर्य)
अध्यक्ष
जिला पंचायत, वाराणसी

पत्रांक 728/जि.पं.वा./2022-23 दिनांक 15.03.2023

# शिक्षकों का कलेक्ट्रेट पर धरना, सौंपा ज्ञापन

**मांग**

**अपनी जायज मांगों के समर्थन में बुलंद की आवाज**



जिलाधिकारी कार्यालय पर धरना देते शिक्षक

**बलिया।** उत्तर प्रदेश सीनियर बेसिक शिक्षक संघ ने अपनी मांगों को लेकर गुरूवार को जिलाधिकारी कार्यालय पर धरना दिया। धरना के बाद मुख्यमंत्री को भेजे ज्ञापन में शिक्षकों ने सहायता प्राप्त विद्यालयों के साथ भेदभाव का आरोप लगाया।

कहा कि उप्र सीनियर बेसिक शिक्षक संघ काफी समय से अपनी लम्बित प्रमुख समस्याओं के निस्तारण के लिए शासन-प्रशासन स्तर पर प्रयासरत रहा है। छह नवम्बर 2019 को सचिव स्तर की वार्ता में कई समस्याओं के निस्तारण पर सहमति बन गयी थी, परन्तु बेसिक शिक्षा अनुभाग तीन शिक्षा निदेशालय वित्त विभाग में पत्रावलियां बना निर्णय के अद्यावधि तक दोलन कर रही है।

बार-बार शासन-प्रशासन के आश्वासन के बाद भी मांगों का निस्तारण न होने से शिक्षक व कर्मचारी पीड़ित हैं। मांग किया कि मध्यान्ह भोजन की जांच के नाम पर मण्डलीय समन्वयक राजेश साह द्वारा विद्यालयों में किये जा रहे उत्पीड़न पर रोक लगाया जाए।

चयन वेतनमान, प्रोन्नत वेतनमान एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों के एसीपी की पत्रावलियों को समय सीमा निर्धारित कर निस्तारित किया जाय। जांच के नाम पर जिन-जिन विद्यालयों एवं कर्मचारियों का वेतन भुगतान बाधित किया गया है, उसे अविलम्ब मुक्त किया जाय।

सहायता प्राप्त विद्यालयों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को निःशुल्क पुस्तक वितरण में भेदभाव न किया जाय। विद्यालय में शैक्षिक कार्य की सामग्री खरीदने हेतु जो पूर्व में टीएलएम का धन दिया जाता था, उसे पुनः दिया जाय। सामान्य भविष्य निधि से ऋण की पत्रावली का निस्तारण हेतु समय सीमा निर्धारित किया जाय। इस अवसर पर सुशील कुमार पाण्डेय कान्हजी, वेदप्रकाश पाण्डेय, सुशील त्रिपाठी, अनिल कुमार सिंह, सुधीर उपाध्याय, पुष्पराज सिंह, अमित सिंह, नारायण दत्त तिवारी, अनिल उपाध्याय, राजेश सिंह, शक्ति सिंह, अरूण सिंह, रजनीश सिंह, विदेशी लाल यादव, विजय प्रताप ओझा, निर्भय शंकर राय, लक्ष्मण यादव, संजय पांडेय, नवीन सिंह, दिनेश तिवारी आदि मौजूद रहे। अध्यक्षता अशोक केशरी तथा संचालन अनूप सिंह ने किया।

## सुपर 5जी एक्वा से मिलेगी दूषित पानी से निजात

**बलिया।** विश्व जल दिवस पर बाम्बे मशीनरी स्टोर के राकेश अग्रवाल द्वारा जनपदवासियों को इन्दौर की स्टार्टअप कम्पनी द्वारा निर्मित मशीन लांच की गयी है, जिसके माध्यम से दूषित पानी से निजात मिलेगी। इससे शरीर हमेशा स्वस्थ रहेगा तथा आरओ सिस्टम खराब नहीं होगा और सुरक्षित रहेगा। यह मशीन 10 वर्ष की वारण्टी के साथ बलिया में उपलब्ध है और विशेष छूट के साथ दी जा रही है। राकेश अग्रवाल ने बताया कि सुपर 5 जी एक्वा जिले में लांच हो चुकी है, जिसके जरिए प्रदूषित जल से लोगों को निजात मिलेगी। इसकी विशेषता यह है कि हार्ड वाटर की समस्या खत्म होगी। प्राकृतिक शुद्ध जल के व्यवस्था की उपचार प्रणाली घरेलू, व्यवसासिक तथा कृषि उपयोग हेतु 10 साल की वारण्टी के साथ, बिजली की कोई आवश्यकता नहीं, बिना कोई अतिरिक्त खर्च पाइये शुद्ध पानी, पीले पानी की समस्या का समाधान होगा। उन्होंने बताया कि जल ही जीवन है। यदि शरीर को शुद्ध जल मिल जाये तो शरीर हमेशा स्वस्थ और मस्त रहेगा। ऐसे में बिना कोई अतिरिक्त खर्च के शुद्ध पानी के लिए सुपर 5 जी एक्वा आपके बलिया जिले में आ चुका है। 3 जी एक्वा वाटर ट्रीटमेन्ट टेक्नोलाजी इन्दौर एवं बाम्बे मशीनरी स्टोर की तरफ से 5 जी एक्वा लांच किया गया है।

# गंगा समग्र समिति ने डीएम को सौंपा ज्ञापन


डीएम से मिलने जाते गंगा समग्र समिति के पदाधिकारी

**बलिया।** गंगा समग्र समिति ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर गुरूवार को जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। जिला संयोजक धनंजय उपाध्याय ने बताया कि गंगा मां होने के साथ साथ इस राष्ट्र की जीवन रेखा है, जो वर्तमान परिस्थितियों में प्रवाहित हो रही है। गंगा की निर्मलता और अविरलता के लिये जरूरी है कि गंगा को प्रदूषित होने से बचाये।

इस दौरान समिति के सदस्यों ने कहा कि कटहल नाले द्वारा नगर का गंदा पानी गंगा से प्रवाहित होने से रोका जाय। वहां एसटीपी लगाकर पानी को संशोधित कर किसानो की सिंचाई हेतु दिया जाय। महावीर घाट में जो कूड़ा इकट्ठा किया जा रहा है, उसका निस्तारण की व्यवस्था कहीं अन्यत्र किया जाय। कोटवा नारायनपुर में पक्का नाली द्वारा गंदा पानी गंगा नदी में गिराया जा रहा है, उसे रोका जाय। चितबड़ागांव में टाउन एरिया का समस्त कूड़ा तमसा नदी में गिराया जा रहा है, उसे अविलम्ब रोका जाय।

जिले के प्रत्येक घाटों पर आरती के लिए पक्की वेदी बनाया जाय। जिले के प्रत्येक स्नान घाट पर महिलाओं की कपडा बदलने एवं शौचालय की व्यवस्था की जाय। श्मशान घाटों पर शवदाह गृह की समुचित व्यवस्था की जाय। गंगा समिति की बैठक में गंगा समग्र के कार्यकाताओं को भी बुलाया जाय। महावीर घाट पर जाने के लिए सती कोठी से कटहल नाला पुल तक पक्की सड़क का निर्माण किया जाय।

**नाराजगी**

**पतित पावनी गंगा को प्रदूषित होने से बचाने की अपील**

## संक्षेप

### करेंट की चपेट में आया कर्मचारी बनारस रेफर

**बलिया।** विद्युत कर्मचारियों की हड़ताल के चलते बलिया शहर के कई इलाकों में बिजली व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गयी। 17 घण्टे से कई मोहल्लों में एवं पूरे चौक मार्केट में बिजली गुल होने के कारण शहर अंधेरे में डूबा रहा। सिविल लाइन क्षेत्र के एक हिस्से में बिजली खराब होने के कारण विद्युत कर्मचारी अजीत कुमार बिन्द उम्र 30 वर्ष पुत्र स्व. जयराम बिन्द निवासी सोनपुरा खुर्द थाना बांसडीह एक अधिकारी के कहने पर बिजली मरम्मत करने गया था इसी बीच उसे करेंट लग गया। जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गया। उसे तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया गया जहां उसकी गम्भीर हालत देखते हुए डाक्टरों ने वाराणसी रेफर कर दिया। घटना को लेकर विद्युत कर्मचारियों में आक्रोश व्याप्त है। विद्युत कर्मचारी को एसडीएम सदर ने बनारस उपचार के लिए रेफर कर दिया है।

### प्रतिनिधि मंडल ने पीड़ित परिवार को दी सहयोग राशि



**बलिया।** राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ब्लाक बेरुआरबारी का प्रतिनिधि मंडल ने ब्लाक संयोजक ओंकार नाथ सिंह के नेतृत्व में कन्या कंपोजिट विद्यालय सुखपुरा की प्रभारी प्रधानाध्यापिका नीलम श्रीवास्तव के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी एवं शोक संवेदना व्यक्त किया। प्रतिनिधि मण्डल ने परिवार को ढाढस बंधाया तथा विभागीय कार्यों के लिए हर संभव सहायता पहुंचाने की बात की। संगठन की तरफ से सहयोग राशि भी उनके पुत्र प्रिंस श्रीवास्तव को समर्पित की गई। मौके पर कर्ण प्रताप सिंह, राघवेन्द्र सिंह, प्रमोद सिंह, विनोद तिवारी, सुशील दुबे, अमरेश चतुर्वेदी, आशुतोष, अमित यादव आदि उपस्थित रहे।

### पॉक्सो एक्ट का अभियुक्त गिरफ्तार

**बलिया।** हल्दी पुलिस ने पाक्सो एक्ट से संबंधित एक अभियुक्त को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त किया है। पुलिस ने उसे न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। एसपी राजकरन नय्यर द्वारा अपराध के समूल उन्मूलन एवं अपराधियों पर अंकुश लगाये जाने हेतु चलाये जा रहे अभियान में एएसपी दुर्गा प्रसाद तिवारी के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी बैरिया के कुशल निर्देशन में हल्दी थाना पर पंजीत मुअसं. 55/2023 धारा 354(ख), 457 भादवि व 7/8 पाक्सो एक्ट से संबंधित अभियुक्त की गिरफ्तारी के क्रम में गुरुवार को उनि राधेश्याम सरोज मय फोर्स क्षेत्र में मामूर थे। इसी बीच मुखबिर की सूचना के आधार पर अभियुक्त सम्राट प्रताप ठाकुर पुत्र कर्पुरी ठाकुर निवासी बाबूबेल, थाना हल्दी को भरसौता पेट्रोलपंप के पास एक होटल से पुलिस ने हिरासत में ले लिया।

### पोखरे में मिली लावारिस बाइक

**बलिया।** मनियर थाना क्षेत्र के रानीपुर स्व. धूपा सिंह के पोखरे में एक लावारिस मोटरसाइकिल को गुरुवार की सुबह लोगों ने देखा। इसकी सूचना धीरे-धीरे जंगल में आग की तरह फैल गई। किसी ने इसकी सूचना 112 डायल को दी। मौके पर पहुंची 112 डायल एवं थाने की पुलिस लावारिस मोटरसाइकिल को थाने लाई। उक्त मोटरसाइकिल पैशन प्रो यूपी 60 यू 4548 है। मोटरसाइकिल मिलने की घटना को लेकर लोग तरह-तरह के कयास लगा रहे हैं। घटनास्थल के थोड़ी दूरी पर एक पर्स पड़ा हुआ था, जिसमें एक फोटो तथा एक सिम कार्ड पुलिस को मिला। समाचार लिखे जाने तक लावारिस मोटरसाइकिल किसकी है? उस पोखरे में कैसे पहुंची? पता नहीं चल पाया।

### पुलिस संरक्षा में बहाल रही विद्युत आपूर्ति

**बैरिया।** विद्युत कर्मियों की हड़ताल के बावजूद सरकार के आदेश पर संगीन के साये में विद्युत आपूर्ति जारी रही। उपभोक्ताओं को पहले की ही तरह बिजली मिल रही है। बता दे कि विद्युत कर्मियों की हड़ताल के बाद संविदा बिजली कर्मियों के सहारे सरकार ने विद्युत आपूर्ति बहाल रखी। हड़ताली विद्युत कर्मी कुछ गड़बड़ न करें। इसलिए सरकार के आदेश पर विद्युत उपकेंद्र बैरिया नगर व देहात, विद्युत उपकेंद्र लोक धाम ठेकहा, विद्युत उपकेंद्र जयप्रकाश नगर व सोनवानी तथा दिघार में पर्याप्त संख्या में पुलिस बल तैनात रहे। पुलिस के संरक्षा में विद्युत आपूर्ति बहाल रही। एसएचओ धर्मवीर सिंह ने बताया कि सभी विद्युत उपकेंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर पर्याप्त संख्या में पुलिस बल तैनात कर दिए गए हैं। किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए सारी तैयारी दुरुस्त की गई है।

### तीन दिवसीय खादी ग्रामोद्योग प्रदर्शनी का समापन

**बलिया।** आजादी के अमृत महोत्सव के क्रम में जिला ग्रामोद्योग एवं खादी ग्रामोद्योग की तीन दिवसीय प्रदर्शनी का आयोजन राजकीय उद्यान कंपनी बाग परिसर में किया गया। इस तीन दिवसीय प्रदर्शनी के समापन के अवसर पर मुख्य अतिथि राजकुमार पाण्डेय अग्रणी जिला प्रबंधक ने कहा कि खादी ग्रामोद्योग द्वारा ग्रामीण जीवन को रोजगार युक्त एवं स्वावलंबी को सशक्त बनाने में हमेशा महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। कहा कि इस तरह के प्रदर्शनी का अलग-अलग स्थानों पर आयोजन कर लोगों में जागरूकता किया जाना आज की आवश्यकता है। इसे गांव-गांव एवं कस्बों तक पहुंचाने की जरूरत है। जिला ग्रामोद्योग अधिकारी अभय कुमार सिंह ने अतिथियों का स्वागत किया। प्रतिभाग करने वाले संस्थानों के संचालकों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इसमें ग्राम स्वराज संस्थान संवरा प्रथम, ब्रह्मास्त्र ग्राम उद्योग सेवा समिति बक्शी तालाब लखनऊद्वितीय और तृतीय स्थान क्षेत्रीय गांधी आश्रम फेफना शामिल रहे। इस प्रदर्शनी में विभिन्न संस्थाओं द्वारा खादी वस्त्र एवं ग्रामोद्योग आचार मुरब्बा मिठाई औषधि आदि के स्टाल लगाए गये थे। सहायक प्रबंधक जिला उद्योग केन्द्र जीतेन्द्र सिंह यादव ने संबोधित किया। इस अवसर पर दीप नारायण सिंह, सोनू यादव, सुधीर कुमार, प्रेम किशोर शर्मा आदि मौजूद रहे। धन्यवाद ज्ञापन शरद यादव तथा संचालन डा.धनंजय राय ने किया।

### आईआरसीएस ने अग्निपीड़ितों में बाटी राहत सामग्री

**बलिया।** बांसडीह तहसील के विकास खण्ड मनियर के रानीपुर गांव में जिलाधिकारी, अध्यक्ष इण्डियन रेड क्रॉस सोसायटी बलिया के निर्देशन के क्रम में अपर मुख्य चिकित्साधिकारी, सचिव इण्डियन रेड क्रॉस सोसायटी बलिया डॉ. आनंद कुमार के नेतृत्व में क्षेत्रीय विधायक केतकी सिंह के प्रतिनिधि विश्राम सिंह एवं नायब तहसीलदार बांसडीह अंजू यादव के द्वारा अग्नि पीड़ितों को रेड क्रॉस सोसायटी के सौजन्य से राहत सामग्री वितरित की गई, जिसमें प्रति परिवार को किचेन सेट, तिरपाल, हाइजिन कीट, काटन कंबल (दो), धोती (दो), टी-शर्ट (दो), बाल्टी सेट इत्यादि दिया गया। इस अवसर पर रेड क्रॉस सोसायटी से जिला समन्वयक शैलेन्द्र कुमार पाण्डेय, डॉ. पंकज ओझा, विनय श्रीवास्तव, अरुण सिंह, राजेश सिंह, सृतांशु गुप्ता, पलटू, पिंटु सिंह, क्षेत्रीय लेखपाल नवनीत खरवार एवं अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### एसडीएम ने किया अग्निशमन केन्द्र का निरीक्षण

**बैरिया।** आगलगी की घटना पर काबू पाने के लिए सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त की पहल पर उप जिलाधिकारी आत्रेय मिश्र ने इब्राहिमाबाद स्थित अग्निशमन केंद्र का बारिकी से निरीक्षण किया। उन्होंने खराब ओवर हेड टैंक के पंप एवं छोटी गाड़ी के पंप को तत्काल ठीक कराने के साथ ही अन्य संसाधनों को दुरुस्त कराने के लिए मुख्य अग्निशमन अधिकारी को निर्देश दिया। साथ ही इस आशय का पत्र सभी वरिष्ठ अधिकारियों एवं सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त को भी प्रेषित किया। उल्लेखनीय है कि सांसद ने उप जिलाधिकारी को इस निर्देश के साथ शिकायत किया था कि गर्मी का मौसम आ रहा है। इस क्षेत्र में आगलगी की घटनाएं अधिक होती हैं, जिससे काफी जान माल का नुकसान हो जाता है। इब्राहिमाबाद स्थित अग्निशमन केंद्र पर ओवर हेड का मोटर पंप एवं छोटी गाड़ी का पंप खराब है। अन्य संसाधन भी माकूल नहीं है। उसका स्थलीय निरीक्षण कर उसे ठीक कराने का प्रयास करें। इसके क्रम में उप जिलाधिकारी ने बुधवार को इब्राहिमाबाद स्थित अग्निशमन केंद्र पर पहुंचकर उसका स्थलीय निरीक्षण किया।

# 9.45 करोड़ से होगा सड़क का चौड़ीकरण

**बलिया।** लोक निर्माण विभाग ने फेफना विधानसभा क्षेत्र के राजेश्वर मोड़ से चितबड़ागांव-गाजीपुर मार्ग पर स्थित पतार भरौली तक पांच किमी. सड़क के चौड़ीकरण व सुदृढ़ीकरण के लिए 9.45 करोड़ का प्रस्ताव शासन को भेजा है। इस प्रस्ताव के स्वीकृति की प्रक्रिया अंतिम दौर में है। इसको देखते हुए विभाग ने टेंडरिंग प्रक्रिया भी शुरू कर दी है। इस मार्ग के बन जाने से बलिया-गाजीपुर के लोगों का आना-जाना काफी आसान हो जाएगा।

जनपद में एनएच-31 का पुनर्निर्माण करीब एक वर्ष पहले हुआ, जिससे इस पर आवागमन काफी सुगम हो गया है। इस मार्ग पर राजेश्वर मोड़ से दौलतपुर होते हुए गाजीपुर जनपद की सीमा में पतार भरौली का मार्ग काफी जर्जर हो चुका है। बताया जाता है कि पिछले पांच सालों से इस सड़क की हालत जर्जर है। यह सड़क सुरापाली, खरगपुरा, कैथवली, बड़ौरा, दौलतपुर, कथरिया, फिरोजपुर, लड्डूपुर, शहाबुद्दीनपुर, कारो होते हुए गाजीपुर जिले के पतार भरौली के पास चितबड़ागांव- मुहम्मदाबाद मार्ग को जोड़ती है। इस सड़क पर रोजाना हजारों की संख्या में लोगों का आवागमन होता है। यह सड़क पूरी तरह ग्रामीण इलाके से होकर गुजरती है।

**आवागमन हो जायेगा आसान**

**बलिया।** एनएच-31 के राजेश्वर मोड़ से गाजीपुर के पतार भरौली तक इस सड़क के चौड़ीकरण होने के बाद गाजीपुर के कई गांवों के लोगों को बक्सर रेलवे स्टेशन तक पहुंचना आसान हो जाएगा। पहले यह लोग चितबड़गांव होकर आते-जाते थे। इस सड़क से 15 किमी की दूरी कम हो जाएगी। इसी तरह नरही व आस-पास के लोगों को मुहम्मदाबाद आदि के क्षेत्रों में आना-जाना हो जाएगा।

इसके निर्माण को लेकर लगातार ग्रामीणों की ओर से आवाज उठाई जाती रही है। अब मार्ग की सूरत बदलने की उम्मीद है। इस मार्ग को लो.नि.वि. ने राज्य योजना के तहत चौड़ीकरण व सुदृढिकरण योजना में शामिल करते हुए 9.45 करोड़ का प्रस्ताव शासन को भेजा है। अब इसके स्वीकृति की प्रक्रिया अंतिम दौर में है। इसको देखते हुए लोक निर्माण विभाग ने टेंडरिंग प्रक्रिया भी शुरु कर दी है। इस संबंध में लोनिवि के अधीक्षण अभियंता सीपी गुप्ता ने बताया कि राजेश्वर मोड़ से पतार भरौली तक की सड़क को चौड़ीकरण व सुदृढिकरण योजना में शामिल किया गया है। स्वीकृति की प्रत्याशा में टेंडरिंग प्रक्रिया शुरु कर दी गई है।

## रेलवे लाइन के किनारे मिला युवक का शव

**बैरिया।** बलिया-छपरा रेलखंड के बकुलहा-सुरेमनपुर रेलवे स्टेशन के बीच गोन्हिया छपरा गांव के निकट रेलवे ट्रैक के किनारे 18 वर्षीय आशुतोष यादव उर्फ बलवंत पुत्र कमलेश यादव निवासी बैजनाथ छपरा का शव पुलिस ने बरामद किया है। परिजनों का कहना है कि ट्रेन की चपेट में आने से कमलेश की मौत हो गई है। पुलिस इस मौत को संदिग्ध मानते हुए इसकी जांच कर रही है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उल्लेखनीय है कि कमलेश यादव का पुत्र आशुतोष उर्फ बलवंत बुधवार की शाम को खाना खाकर दरवाजे पर सो गया था। गुरूवार की सुबह किसी ने सूचना दी कि उसका शव रेलवे ट्रैक के पास पड़ा हुआ है। मौके पर रोते-बिलखते परिजन पहुंचे। सूचना पर बैरिया पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और शव को कब्जे में लेकर थाने चली गई। एसएचओ धर्मवीर सिंह ने बताया कि मृतक के पिता ने तहरीर दिया है कि किसी ट्रेन की चपेट में आने से उसके बेटे की मौत हो गई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद इस संबंध में जांचोपरांत उचित कार्रवाई की जाएगी।

# पशुधन उत्पादन में वृद्धि को दिया टिप्स


गौ पूजन करते चिकित्सक एवं अन्य

**मझौवां।** विकास खण्ड बेलहरी के ग्राम पंचायत नंदपुर में पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु आरोग्य मेला/शिविर का आयोजन गुरुवार को किया गया। मेला सह शिविर का उद्घाटन मुख्य अतिथि ग्राम प्रधान ओमप्रकाश पाण्डेय एवं विशिष्ट अतिथि अनिल कुमार पाण्डेय ने किया। उन्होंने कहा कि प्रति पशु दुग्ध उत्पादन में हम लोग बहुत पीछे हैं। आधुनिक तकनीकी ज्ञान का इस्तेमाल कर हम अपने पशुओं की उत्पादकता को कई गुणा बढ़ा सकते हैं। पशु चिकित्साधिकारी रेवती डा. ओमप्रकाश प्रजापति ने पशुपालकों को पशुधन उत्पादन में वृद्धि के लिए पशु रोगों के प्रभावी नियंत्रण के लक्ष्य को प्राप्त करने को कहा। मेला में आये हुए पशुओं की चिकित्सा डा. ओम प्रकाश प्रजापति, डा. अग्रेश सिंह यादव ने किया और निःशुल्क दवा वितरित की गई। इस अवसर पर विनय श्रीवास्तव, अरविंद श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे। पशु चिकित्साधिकारी सोनवानी, रामपुर दिघार डा. अग्रेश सिंह यादव ने सभी का आभार व्यक्त किया।

### पशु आरोग्य मेला सह शिविर संपन्न



**बांसडीह।** स्थानीय ब्लाक के ग्राम बघाव में पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु आरोग्य मेला शिविर का आयोजन गुरुवार को किया गया। मेला सह शिविर का उद्घाटन मुख्य अतिथि ग्राम प्रधान शैलेश पासवान ने किया। पशुओं की चिकित्सा जांच डा. मनोज कुमार राव एवं डा. संजय कुमार ने करके निःशुल्क दवा वितरित किया। इस अवसर पर राजेश कुमार, अरविंद कुमार गिरी, अरुण प्रकाश मिश्रा आदि मौजूद रहे। सभी का आभार उप मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डा. मनोज कुमार राव ने प्रकट किया।

### आशीष के असिस्टेंट प्रोफेसर बनने पर हर्ष

**बैरिया।** क्षेत्र के गोन्हिया छपरा निवासी आशीष सिंह पुत्र उदय प्रताप सिंह का असिस्टेंट प्रोफेसर (अर्थशास्त्र) के पद पर शहीद भगत सिंह कालेज (दिल्ली विश्वविद्यालय) में चयनित होने से उनके गांव सहित क्षेत्र में खुशी का माहौल है। आशीष की प्रारंभिक शिक्षा से लेकर उच्च शिक्षा दिल्ली से ही हुई। आशीष के बाबा एयरफोर्स में थे। रिटायर होने के उपरांत उनका सपना था कि अपने बच्चों को उच्च शिक्षा दिलाकर उसे शिक्षित कर घर परिवार व समाज को शिक्षित बनाया जा सके। आशीष इस उपलब्धि का श्रेय अपने माता-पिता को देते हुए कहा कि मंजिल को पाने के लिये संघर्ष एकमात्र रास्ता है।

## गुमटी में लगी आग हजारों का नुकसान

**बलिया।** नरहीं क्षेत्र के सरयां गंगा तट पर जाने वाली सड़क के बगल में पान की गुमटी में आग लगने से दुकानदार का हजारों का सामना जल कर राख हो गया। ग्रामीणों ने किसी तरह आग पर काबू पाया। बताया जाता है कि सरयां गांव निवासी राधेश्याम गुप्ता उर्फ पप्पू ग्राम सरयां उजियार घाट जाने वाली सड़क के बगल में गुमटी में पान एवं जनरल स्टोर का सामान बेचता था। वह बुधवार की रात में आठ बजे दुकान बंद कर घर चला गया कि रात में 11 बजे बिजली की शार्ट सर्किट से आग लग गई। सामने चाय की दुकान चलाने वाले विजय गुप्ता ने शोर मचाया। मौके पर जुटे ग्रामीणों ने किसी तरह आग पर काबू पाया, लेकिन दुकान के अंदर का सभी सामान जल कर राख हो गया था। इस अग्निकांड में दुकानदार का हजारों का नुकसान हो गया है।

# भारतीय मजदूर संघ का कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन


कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन करते भारतीय मजदूर संघ के कार्यकर्ता

**बलिया।** भारतीय मजदूर संघ उत्तर प्रदेश के आह्वान पर गुरूवार को भारतीय मजदूर संघ के कार्यकर्ता जापलिगंज स्थित कैम्प कार्यालय से जुलूस निकालकर जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे, जहां सदस्यों ने प्रदर्शन करने के बाद अपनी 16 सूत्रीय मांगों के समर्थन में जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। संघ के जिलाध्यक्ष सहदेव चौबे ने कहा कि जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन देकर श्रमिक श्रमिक हितों के संदर्भ में अपनी भावना से अवगत कराया गया। इस अवसर पर अनिल शुक्ला, दिवाकर तिवारी, सुनील कुमार सिंह, अंजना तिवारी, रंजन तिवारी, मंजू सिंह, जेपी सिंह, अशोक कुमार श्रीवास्तव, रंभा श्रीवास्तव, सनोज सिंह, चंदन पांडे, दुर्गा सिंह, अरविंद कुमार पांडेय आदि मौजूद रहे।

### प्रतिनिधि मंडल ने किया विद्युत उपकेन्द्रों का दौरा

**बलिया।** विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के प्रतिनिधि मंडल ने गुरुवार को सभी खण्डों, उपखण्डों एवं उपकेन्द्रों का तूफानी दौरा किया। मोबाइल से संपर्क में पाया कि जनपद के संपूर्ण कर्मचारी पूरी निष्ठा के साथ कार्य बहिष्कार जारी रखे हुए है। सभी विद्युत कर्मचारियों ने आमजन, शासन-प्रशासन, राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि, सांसद एवं विधायक से अपील किया कि तीन दिसम्बर 2022 को ऊर्जा मंत्री के साथ हुए समझौते का अनुपालन कराया जाय। अन्यथा की स्थिति में रात्रि 10 बजे से 72 घंटा काम बंद आंदोलन पर चले जायेंगे। विद्युत कर्मचारियों न कहा कि हमारी मंशा विद्युत बाधित करना या कोई उत्पात करना नहीं है। विद्युत आपूर्ति सुचारू रूप से हो, यह शासन-प्रशासन की जिम्मेदारी है। विरोध सभा विद्युत वितरण खण्ड द्वितीय में बीबी सिंह के नेतृत्व में चला। इस अवसर पर दुष्यंत कुमार, सहदेव चौबे आदि मौजूद रहे। संचालन नगीना राम ने किया।

# चार दिन बाद भी घर नहीं पहुंची रोजगार सेवक

**दुबहड़।** क्षेत्र के ग्राम पंचायत नगवा की रोजगार सेवक श्रीमती सीमा देवी बीते सोमवार से लापता है। हालांकि इस मामले में दुबहड़ पुलिस ने गुमशुदगी का मुकदमा दर्ज कर उनकी खोजबीन शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार नगवां ग्राम पंचायत की रोजगार सेवक सीमा देवी पुत्री सरल पासवान सोमवार को दुबहर ब्लाक मुख्यालय पर मीटिंग में गई थी, लेकिन उसके बाद घर वापस नहीं लौटी। इस संदर्भ में सीमा देवी के पिता सरल पासवान ने बताया कि मुझे तो अपनी बेटी के अपहरण की आशंका जाहिर हो रही है। क्योंकि मैंने अपनी पुत्री की शादी लगभग 15 साल पहले बांसडीह रोड थाना क्षेत्र के सराक गांव निवासी पिंटू पासवान के साथ किया था, जहां पर मेरे पुत्री के जेठ एवं उनके पट्टीदार बराबर जमीन के विवाद को लेकर उसे तंग किया करते थे। इसके कारण वह किसी तरह जान बचाकर मेरे यहां आ गयी, जो कुछ समय से मायके में ही रहकर रोजगार सेवक का काम करती थी। जमीनी विवाद होने के कारण ससुराल वाले उससे खुन्नस रखते थे। वह उसका ब्लाक और जिला मुख्यालय पर पीछा करते भी देखे गए थे। सरल पासवान ने आरोप लगाया कि उन्हीं लोगों ने मेरे पुत्री को कहीं गायब कर दिया है। उन्होंने आला अधिकारियों से गुहार लगाया है कि उनकी पुत्री की सही सलामत वापसी कराई जाए। ज्ञात हो कि सीमा देवी के दो छोटे-छोटे बच्चे भी हैं। उनके पति बाहर कहीं प्राइवेट नौकरी करते हैं, लेकिन घटना की सूचना मिलते ही वह भी अपने गांव आ गए हैं। वही, रोजगार सेवक के गायब होने की चर्चा क्षेत्र में जोर-शोर से है।

# धर्म के बगैर मानव जीवन अधूरा : आनंद स्वरूप


रेवती पहुंची दिग्विजय रथयात्रा को संबोधित करते आनंद स्वरूप जी महाराज

**रेवती।** किष्किन्धा से निकली दिग्विजय रथयात्रा का बुधवार की रात लोगों द्वारा रेवती बस स्टैण्ड पर भव्य स्वागत किया गया। दिग्विजय रथयात्रा पर आसीन विभिन्न देवी-देवताओं का लोगों ने पूजन अर्चन किया।

शंकराचार्य परिषद के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष आनंद स्वरुप ने कहा कि रथयात्रा का मुख्य उद्देश्य भारत में धर्म की स्थापना करना है। इसी को लेकर किष्किंधा से भारत भ्रमण के लिये रथयात्रा निकली है। रथ पर स्वर्ण जड़ित मंदिर बनाया गया है। इसमें राम दरबार, शिव दरबार व महावीर हनुमान जी अपनी मां अंजना के साथ विराजमान हैं। कहा कि आज धर्म के प्रति समाज में विद्वेष फैला कर एक-दूसरे को बांटने की कोशिश की जा रही है। रथयात्रा से समाज को एक सूत्र में पिरो कर धर्म स्थापना के लिये जागरुक किया जायेगा।

कहा कि धर्म के बगैर मानव जीवन अधूरा है। इससे पूर्व शंकराचार्य परिषद के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष आनंद स्वरूप ने रेवती बस स्टैण्ड स्थित हनुमान गढ़ी मन्दिर में विधि-विधान से पूजन-अर्चन तथा आरती किया। इस मौके पर ओंकार नाथ ओझा, एडवोकेट अनिल पाण्डेय, अनिल सिंह, भोला ओझा, मुकेश तिवारी, पप्पू केशरी, अशोक पाण्डेय रामायणी, सचिन पाल, लूटन जी, पिंकू पाण्डेय आदि मौजूद रहे।

### रथयात्रा पर पुष्प वर्षा कर किया स्वागत



**बांसडीह।** क्रिष्किंधा से चलकर हनुमान दिग्विजय रथ यात्रा जैसे ही बांसडीह चौराहे पहुंचा, क्षेत्रवासियों ने उसका जय श्रीराम, जय हनुमान, हर-हर महादेव इत्यादि के जयघोष के साथ स्वागत किया। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने रथ यात्रा का नेतृत्व कर रहे शांभवी स्वामी आनन्द स्वरूप महाराज का माल्यार्पण और पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया। रथ पर सजे सभी आराध्य देवों का लोगों ने पूजन किया। इस अवसर अरुण कुमार सिंह, निखलेश पांडेय, पिंटू, चन्द्रबली वर्मा, मुनजी गोंड, नवीन सिंह, सुधीर पांडेय, राजेश तिवारी, अनिल वर्मा, अमित यादव, विश्वनाथ पटेल, पंकज, उदय प्रताप आदि मौजूद रहे।

## आरक्षण को लेकर होने लगी चर्चाएं

**बलिया।** जिले के 10 नपं और दो नगर पालिकाओं में पुराने आरक्षण के बाद अब नये आरक्षण का लोगों को इंतजार है। चुनाव लड़ने वाले दावेदार अब नये आरक्षण को लेकर काफी चिंतित है। वैसे, चर्चा यह भी हो रही है कि बलिया नपा व जिले के कई नगर पंचायतों में अभी तक अध्यक्ष पद का आरक्षण ओबीसी नहीं रहा है। लेकिन इस बार संभावना यह है कि यहां आरक्षण बदल सकते है। यह तभी संभव होगा, जब 11 अप्रैल के बाद शासन की तरफ से आरक्षणों की जानकारी प्राप्त होगी। वैसे, प्रशासन की तरफ से निकाय चुनाव की तैयारी जोर-शोर से चल रही है।

**तेज गति से चल रही तैयारी : बलिया।** यूपी निकाय चुनाव की तैयारी प्रशासनिक अमलों में तेज गति से चल रही है। राज्य सरकार के अनुरोध पर सुप्रीम कोर्ट ने निकाय चुनाव में ओबीसी की हिस्सेदारी तय करने के मामले में सुनवाई के लिये 24 मार्च को तारीख दे दी है।

# लोकसभा चुनाव की तैयारी कर रहे आनंद स्वरूप!

**चर्चा**

**उनकी टीम के अंदरखाने में जोर-शोर से चल रही चर्चा**

**रोशन जायसवाल**



**बलिया।** विधानसभा चुनाव में सफलता नहीं मिलने क बाद पूर्व मंत्री आनंद स्वरूप शुक्ल इन दिनों भले ही राजनीतिक सुर्खियों में कम हो, लेकिन उनकी टीम के अंदरखानों से चर्चा यह आ रही है कि अब वह लोकसभा चुनाव-2024 की तैयारी में है। इसलिये वह बलिया लोकसभा क्षेत्र के विधानसभाओं में अपने लोगों से मिलना शुरू कर दिये है।

आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा से कौन चुनाव लड़ेगा? यह तो भविष्य के गर्भ में है, लेकिन लोकसभा चुनाव लड़ने वाले दावेदार अभी दिल्ली के बड़े नेताओं के संपर्क में है। एक सूत्र ने बताया कि पूर्व मंत्री आनंद स्वरूप शुक्ल भी लोकसभा चुनाव लड़ने का मन बना रहे है। हालांकि इसका कोई दावा नहीं कर रहा है, लेकिन चर्चा यह जरूर है कि पूर्व मंत्री आनंद स्वरूप शुक्ल भी लोकसभा चुनाव के टिकट के लाइन में होंगे।

गौरतलब हो कि 2017 में आनंद स्वरूप शुक्ल को नगर विधानसभा क्षेत्र से पहली बार भाजपा से टिकट मिला और पहले ही बार में वह लगभग 92 हजार वोट पाकर विधायक बने। उसके बाद वह मंत्रीमंडल में भी शामिल हो गये। लेकिन 2022 के विधानसभा चुनाव में आनंद स्वरूप शुक्ल का टिकट नगर विधानसभा से कट जाने के कारण उन्हें बैरिया विधानसभा से चुनाव लड़ना पड़ा। ऐसे में उनके लिये नया विधानसभा होने के कारण वह चुनाव नहीं जीत पाये। नगर विधानसभा क्षेत्र से विधायक बने एवं बैरिया विधानसभा से चुनाव हारे और गाजीपुर जनपद के प्रभारी मंत्री भी रहे। ऐसे में बलिया और गाजीपुर के विधानसभा उनके लिये बेहतर साबित हो रहा है।

# विद्युत कर्मचारियों की हड़ताल उपभोक्ताओं की मुसीबत बढ़ी

जनसदेश न्यूज



**बिल्थरारोड।** विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति की हड़ताल शुरू होने के साथ ही विद्युत आपूर्ति को लेकर उपभोक्ताओं की मुसीबत बढ़ गई है। विद्युत आपूर्ति ठप होने से जहां बीएसएनएल का मोबाइल तथा इंटरनेट काम करना बंद कर दिया, वहीं पेय जल के लिए लोगों की परेशानियां बढ़ गई है। इधर विभाग के अधिकारी भी इस मामले में कोई टिप्पणी करने से इंकार करते नजर आए।

विद्युत कर्मचारियों ने अपनी 15 सूत्री मांगों को लेकर 16 मार्च की रात 10 बजे से 72 घंटे की काम बन्द, हड़ताल की घोषणा की है, परंतु बिल्थरा रोड में 12 घंटे पहले से 16 मार्च की सुबह से ही नगर की विद्युत आपूर्ति अनियमित हो गई है। गुरुवार की सुबह नगर की जो आपूर्ति ठप हुई तो वहां अपराह्न 2:30 बजे तक गायब रही। सुबह से ही विद्युत आपूर्ति गायब होने से अधिकांश लोगों को घरों की पानी टंकी खाली हो गई, इससे लोगों में हाहाकार मच गया। दूसरी तरफ प्रशासनिक अधिकारी तथा उभांव थाने के प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार मिश्र सदल बल पशुहारी, अवाया में सीटी तथा ग्रामीण उप केन्द्र की विद्युत आपूर्ति में अवरोध पैदा करने वालों की निगरानी में निरन्तर सक्रिय नजर आए। इन विद्युत उप केंदों पर लगातार पुलिस बल तैनात कर दिया गया है।

## मड़हे में लगी आग से वृद्धा झुलसी

**बैरिया।** दोकटी थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत चांदपुर अन्तर्गत सावन छपरा गांव में गुरुवार को खाना बनाते समय चूल्हे से निकली चिंगारी से मड़हे में आग लग गयी। इससे उसमें रखा हजारों रुपये का सामान जलकर राख हो गया। इस दौरान खाना बना रही वृद्धा झुलस गई। मौके पर पहुंचे चांदपुर के प्रधान प्रतिनिधि अखिलेश सिंह ने घायल वृद्धा को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सोनबरसा पहुंचाया। वहीं, तिरपाल एवं खाद्यान्न देकर अग्नि पीड़ित परिवार की मदद की। बता दें कि सावन छपरा गांव निवासी रामेश्वर गोड़ (68) एवं उनकी पत्नी कौली देवी (60) मड़हा बनाकर काफी दिनों से रहते हैं। गुरुवार की सुबह दोनों लोग खेत में लगे फसल काटने चले गए। दोपहर को लौटी रामेश्वर गोड़ की पत्नी कौली देवी ने खाना बनाने के लिए चूल्हा जलाया। चूल्हे से उड़ी चिंगारी से मड़हे में आग लग गई और देखते ही देखते मड़हा धूं-धूंकर करके जल उठा। जब तक महिला मड़हे से बाहर निकलती, वह झुलस चुकी थी। काफी मशक्कत के बाद ग्रामीणों ने आग पर काबू पाया।

## एक तो बिजली गायब, दूसरी तरफ मच्छरों का आतंक

परेशानी

आधा शहर रहा अंधेरे में



**बलिया।** विद्युत कर्मियों के हड़ताल के चलते आधा शहर अंधेरे में डूबा रहा। जहां एक तरफ सिविल लाइन क्षेत्र में देर शाम तक बिजली मिली, वहीं चैक क्षेत्र लगायत विशुनीपुर आदि इलाकों में 16 मार्च को भोर में 2 बजे से लेकर देर रात तक बिजली गायब रही, जिससे आम जीवन अस्त-व्यस्त रहा। सभी दुकानदारों के इनर्वटर ने भी जवाब दे दिया। वहीं दूसरी तरफ मच्छरों के आंतक के चलते लोग पूरी तरह नींद नहीं ले पाये और रात भर जागते रहे। विद्युत कर्मचारियों के हड़ताल पर जाने के कारण विशुनीपुर सब स्टेशन व चन्द्रशेखर नगर एरिया की बिजली फाल्ट बन नहीं पायी, जिसके चलते लोग परेशान रहे। व्यापारी पावर हाउस का चक्कर लगाते रहे, लेकिन यहां कोई समस्या का समाधान नहीं हो सका, जिसके कारण मायूस होकर व्यापारी अपनी दुकान की तरफ निकल पड़े। सवाल यह है कि विद्युत कर्मचारियों की हड़ताल के कारण यदि कोई फाल्ट हो जाती है तो उसका भी वैकल्पित व्यवस्था प्रशासन को करनी चाहिए। पावर हाउस पर पुलिस का पहरा तो रहा लेकिन विद्युत कटौती की समस्या कैसे दूर होगी यह बताना मुश्किल था। मारकेट में अंधेरा छाया रहा और लोग एमरजेंसी लाइट के सहारे दुकानों और घरों में रोशनी फैलाये रहे। वहीं अखबार के कार्यालयों में भी लोग जानकारी लेते रहे कि बिजली कब तक आयेगी।

## संक्षेप

### वाहन से शराब ले जा रहे तीन युवक गिरफ्तार



**दुबहड़।** स्थानीय पुलिस ने गुरुवार को धनीपुर मोड़ से अवैध शराब लेकर बिहार जा रहे तीन लोगों को वाहन समेत पकड़ लिया। पुलिस ने उनको संबंधित धाराओं में पाबंद कर चालान न्यायालय कर दिया। जानकारी के अनुसार दुबहड़ पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि एक बोलेरो से तीन लोग बलिया से पटना अवैध रूप से शराब लेकर जा रहे हैं। तत्परता दिखाते हुए दुबहड थाना प्रभारी राजेश कुमार मिश्रा मय फोर्स के साथ धनीपुर मोड़ पर पहुंचे तथा उक्त वाहन को रोककर तलाशी लिए। इस दौरान लगभग 8पीएम 454 पाउच, अफिसर चाइस 650 पाउच एवं एक देशी तमंचा बरामद हुआ। पकड़े गये लोगों ने अपना नाम आलोक कुमार पुत्र संतोष पासवान निवासी थाना मालसलामी, जिला पटना, बिहार, राहुल कुमार पुत्र पप्पू पासवान निवासी नंद्गोपाल, थाना मालसलामी, बिहार एवं ओम प्रकाश पुत्र शशि भूषण पासवान निवासी ग्राम दौलतपुर, थाना भदौर, बिहार बताया। वही, थाना प्रभारी दुबहड ने बताया कि पकड़ी गई सूमो के इंजन व चेचिस तथा वाहन के नंबर से पड़ताल की गई तो उक्त वाहन के कागजात भी फर्जी मिले हैं। उन्होंने बताया कि आगे की पूछताछ जारी है।

### एमआरसीओजी में डॉ. अर्चिता की सफलता पर हर्ष



**बांसडीह।** कस्बे के बड़ी बाजार निवासी विनोद अग्रवाल की पुत्री डा. अर्चिता शालीन ने एमआरसीओजी (मेंबरशिप आफ रायल कालेज आफ ओबस्ट्रिशयन एंड गायनेकोलाजिस्ट) में सफलता प्राप्त कर बांसडीह का मान बढ़ाया है। डा. अर्चिता शालीन के चाचा शंकर जी अग्रवाल ने बताया कि डॉ. अर्चिता पढ़ने में प्रारंभ से ही मेधावी है। उनकी प्रारंभिक शिक्षा होली क्रास स्कूल बलिया से हुई। सीपीएमटी वर्तमान में नीट की परीक्षा में नौवां स्थान मिला था। एमबीबीएस की पढ़ाई किंग जार्ज मेडिकल कालेज लखनऊ एवं एमडी सफदरजंग दिल्ली से किया है। वर्तमान में डा. अर्चिता शालीन लखनऊ में सेवा दे रही है। एमआरसीओजी करने के बाद डा. अर्चिता अब लंदन सहित अन्य यूरोपीय देशों में भी अपनी सेवा दे सकती है। क्षेत्रवासी डा. अर्चिता शालीन की इस उपलब्धि पर परिवारजनों को बधाई दे रहे है।

### जच्चा-बच्चा मौत मामले में मुख्य आरोपी चिकित्सक गिरफ्तार



**नगरा।** अस्पताल में जच्चा-बच्चा मौत मामले में मुख्य आरोपी कथित चिकित्सक को स्थानीय पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय दाखिल कर दिया, जहाँ से उसे जेल भेज दिया गया। आरोप के अनुसार नगरा नहर पर स्थित अवैध रुप से संचालित वैष्णों हास्पिटल में 2022 के अगस्त माह में प्रसव पीड़ा से कराह रही महिला को झांसे में लेकर भर्ती के पश्चात जच्चा-बच्चा दोनों की मौत हो गयी थी, जिसके सम्बन्ध में परिजनों के आरोप पर पुलिस ने मुकदमा दाखिल कर कई लोगों पर कार्रवाई करते हुए अन्य आरोपियों की तलाश शुरू कर दी थी। इस प्रकरण में पुलिस ने सितम्बर माह में दो महिलाओं को गिरफ्तार कर लिया था। थानाध्यक्ष ब्रजेश सिंह ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर उप निरीक्षक झून्ना सिंह ने आरोपी कथित चिकित्सक ओमप्रकाश यादव को गिरफ्तार कर न्यायालय चालान कर दिया।

### राष्ट्रीय अध्यक्ष से मिले व्यापारी नेता



**बलिया।** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल उप्र के प्रदेश उपाध्यक्ष अरविंद गांधी ने संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री संदीप बंसल से प्रदेश कार्यालय पर मिल कर गन व्यवसायी नंदलाल गुप्ता आत्महत्या प्रकरण में स्थानीय प्रशासन द्वारा किए गए कार्रवाई से अवगत कराया। साथ ही व्यापार मंडल द्वारा उत्तर प्रदेश सरकार के समक्ष जो मांग रखा गया, पर सार्थक पहल नहीं होने पर दुख प्रकट किया। श्री गांधी ने शिकायत किया कि व्यापारी समाज वोट देकर सरकार बनाता है। जीएसटी के रूप में नोट देकर सरकार को चलाने का काम करता है, लेकिन नजरअंदाज किये जाने से व्यापारी समाज आक्रोशित है।। संदीप बंसल ने आश्वासन दिया कि मुख्यमंत्री से मिलकर मांगों को पूरा कराने का प्रयास किया जाएगा।

### मौसम की बेरुखी से अस्पताल में बढ़ रहे मरीज

**बैरिया।** मौसम में बदलाव एवं मौसम की बेरुखी आम आदमी की सेहत पर भारी पड़ रहा है। इन दिनों अस्पतालों में सांस फूलने, सर्दी-जुकाम, बुखार, खांसी व निमोनिया के मरीज आ रहे हैं। मरीजों का इलाज करने के साथ ही डाक्टर बचाव का तरीका भी बता रहे हैं। चिकित्सकों का कहना है कि अस्पतालों में आने वाला हर तीसरा रोगी सर्दी-खांस एवं बुखार से पीड़ित है। जुकाम-सर्दी, बुखार, खांसी, निमोनिया के मरीजों की संख्या बढ़ने के पीछे डाक्टरों का कहना है कि तापमान में उतार-चढ़ाव, दिन में सामान्य से अधिक गर्मी, सुबह और शाम न्यूनतम तापमान या कम होना इसका कारण हो सकता है। वही, धूल के कण हवा के साथ तेजी से इस रोग के बैक्टीरिया को फैलाने में सहायक है। मौसम के दुष्प्रभाव से बचने की सलाह देते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सोनबरसा के अधीक्षक डा. आशीष श्रीवास्तव ने कहा है कि मरीज धूम्रपान न करें। कोई धूम्रपान कर रहा है तो उससे दूर रहें। ठंडा पेयजल व अन्य ठंडे पेय से बचें। उनका कहना है कि सांस लेने में परेशानी होना, दम घुटना, सांस लेते समय आवाज होना, सांस फूलना, छाती में कफ जमा या छाती भरा हुआ महसूस होना, बहुत खांसने पर चिकना कफ आना, श्रम करने पर सांस फूलना इनफ्लुएंजा के लक्षण है। ऐसा हो तो तुरंत सरकारी अस्पताल में जाकर अपनी जांच कराएं और चिकित्सक के बताए परामर्श का अनुपालन करें।

### 21 से होगा अखंड हरिकीर्तन का शुभारंभ

**बलिया।** चैत्र नवरात्र के अवसर पर कपूरी स्थित मां कपिलेश्वरी भवानी मंदिर परिसर में 11 दिवसीय अखंड हरिकीर्तन का शुभारंभ 21 मार्च, मंगलवार को किया जायेगा। यह 31 मार्च तक चलेगा। हरिकीर्तन की पूर्णाहूति के बाद 31 मार्च को अपराह्न 12 बजे से विशाल भंडारा एवं शाम सात बजे से चैता मुकाबला का आयोजन किया गया है। यह जानकारी मुन्ना बहादुर ने दी है।

### स्वस्थ्य शरीर व समाज के लिए खेल आवश्यक : सिंह

छपरा स्टार व दोकटी की टीम ने जीता रोमांचक मुकाबला

**बैरिया।** क्षेत्र के शंकर बाबा स्पोर्टिंग क्लब धतूरी टोला के तत्वावधान में आयोजित रात्रिकालीन अंतर प्रांतीय वालीबाल प्रतियोगिता के उद्घाटन मैच में बुधवार की रात छपरा स्टार टीम ने श्यामचक की टीम को एक के मुकाबले दो अंकों से पराजित कर दिया। वही, बसडिला की टीम को दोकटी की टीम ने शून्य के मुकाबले दो अंकों से पराजित कर दिया। रोमांचक मैच में छपरा की टीम ने टास जीतकर पहले सर्विस करने का निर्णय लिया। वही, कड़े मुकाबले में श्यामचक की टीम को एक के बदले दो अंको से पराजित कर दिया। इसी तरह बसडिला और दोकटी की टीमों के बीच भी रोमांचक मुकाबला हुआ। अंततः दो शुन्य से दोकटी के हाथ विजयश्री लगी। बता दे कि उद्घाटन मैच का शुभारंभ पूर्व विधायक सुरेंद्र सिंह ने पहला बाल उछालकर किया। इससे पूर्व उन्होंने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और उनका उत्साहवर्धन किया। पूर्व विधायक सुरेन्द्र सिंह ने जीवन में खेल के महत्व पर प्रकाश डाला। कहा कि स्वस्थ शरीर व स्वस्थ समाज के लिए खेल आवश्यक है। रेफरी विजय पाल सिंह व सनी सिंह रहे। इस अवसर पर पवन मिश्र, अशोक सिंह, धनंजय सिंह, राजेश सिंह टकलू आदि खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते रहे।



# पूर्व पीएम के गांव में बने हॉस्पिटल का डीएम ने लिया जायजा



जनसदेश न्यूज

**बलिया।** तहसील बेल्थरारोड के अंतर्गत इब्राहिमपट्टी में स्थित जननायक चंद्रशेखर हॉस्पिटल एंड कैंसर इंस्टिट्यूट में आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना एवं मुख्यमंत्री जन आरोग्य अभियान का जिलाधिकारी रवीन्द्र कुमार ने गुरुवार को फीता काटकर शुभारंभ किया, जिसमें डायलिसिस, आईसीयू वार्ड, कार्डियोलॉजी, आहार बिहार, मेडिसिन, नेत्र रोग, दंत रोग, न्यूरोलॉजी, स्त्री एवं प्रसूति, बाल रोग, हड्डी रोग, फामेर्सी, जनरल वार्ड, पूछताछ केन्द्र, इमरजेंसी वार्ड का जायजा लिया। इमरजेंसी वार्ड में भर्ती मरीजों एवं उसमें लगें जांच मशीनों की विधिवत जानकारी ली, और हॉस्पिटल के आस-पास में बने हालों का जायजा लिया। साथ ही डॉ0 संजय सिंह से हॉस्पिटल के मरीजों एवं अन्य सुविधाओं के बारे में भी जानकारी ली। निरीक्षण में एसडीएम अनवर रासित फारुखी एवं सभी डॉक्टर उपस्थित रहे।

## अल्पसंख्यक मोर्चा ने डीएम को सौंपा पत्रक

**बलिया।** भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष जावेद कमर खां ने जिलाधिकारी को पत्रक देकर रमजान के महीने में ईदगाह एवं मस्जिदों के आस-पास पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है। कहा कि 23 मार्च से रमजान का पवित्र महीना शुरू हो रहा है। जनपद के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र के मस्जिद परिसर के आस-पास साफ-सफाई, शहरी एवं इफ्तार के समय नियमित रूप से बिजली एवं पानी की आपूर्ति तथा लाइट की व्यवस्था कराया जाना नितांत आवश्यक है। कई तहसीलों से शिकायतें आ रही है कि न्यायालय द्वारा निर्धारित आवाज की सीमा में रहने के बाद भी कई मस्जिदों से लाउडस्पीकर को पुलिस ने उतार दिया है। निर्धारित आवाज की सीमा में लगे लाउडस्पीकर को मस्जिदों से न उतारा जाय। इस अवसर पर सरदार विश्वजीत, मेराज अहमद, आरिफ खान, अफताब, शमशेर खां, रेयाज अहमद, मु. मोमिन अहमद आदि मौजूद रहे।

# नंदलाल प्रकरण में सात आरोपितों को सशर्त मिली जमानत

जनसदेश न्यूज

राहत

अदालत ने सातों आरोपितों को जिला कारागार से किया था तलब

अभियोजन पक्ष ने आरोपितों की क्रिमिनल हिस्ट्री भी रखी पटल पर

**बलिया।** विधि संवाददाता बलिया द्वारा आर्म्स कारोबारी नंदलाल प्रकरण में अधिवक्ताओं के हड़ताल होने की वजह से सात आरोपितों का जेल अधीक्षक कारागार के माध्यम से आया आरोपितों द्वारा स्वयं द्वारा लिखा गया जमानत प्रार्थना पत्र की सुनवाई जिला एवं सत्र न्यायाधीश जितेंद्र कुमार पाण्डेय की अदालत में 16 मार्च को हुई, जिसमें आरोपितों द्वारा हड़ताल होने के कारण स्वयं अपनी-अपनी बात अदालत के समक्ष प्रस्तुत किए तथा अभियोजन पक्ष ने भी अपनी बात प्रस्तुत किए। अंततोगत्वा अदालत ने उभय पक्षों की दलीलें सुनने के उपरांत आरोपियों की जमानत एक-एक लाख के बंध पत्र पर रिहा करने हेतु आदेश पारित की है। अभियोजन के अनुसार यह घटना कोतवाली थाना अंतर्गत स्टेशन माल गोदाम के पास 1 फरवरी 2023 को घटित हुआ था। आर्म्स कारोबारी नंदलाल गुप्ता सूदखोरों द्वारा ब्याज के पैसों के लिए परेशान किया जाता था यहां तक कि करोड़ों की जमीन बहुत ही कम पैसे में आरोपितों द्वारा रजिस्ट्री करा ली गई और इसके बावजूद वसूली चलती रही, जिससे आजीज होकर नंदलाल ने खुद से गोली मार कर आत्महत्या कर लिया। जिसमें अभी तक बारह आरोपित सलाखों के अंदर है। जिसमें अधिवक्ताओं के हड़ताल होने की वजह से सात आरोपितों द्वारा जिन लोगों का नाम निम्नवत है। देवनारायण सिंह उर्फ पुना, अजय सिंह सिंघाल, शैलेंद्र सिंह पप्पू, हनुमान सिंह, राजू उर्फ राजीव, सुनील मिश्रा और आलोक सिंह उर्फ पिंटू द्वारा अपनी अपनी जमानत प्रार्थना पत्र जेल के माध्यम से जिला जज के कोर्ट में भेजा गया है, जिसकी सुनवाई बुधवार को न होकर 16 मार्च को नियत की गई थी। उक्त तिथि को आरोपितों को जिला जेल से अदालत द्वारा पुनः तलब किया गया था और उपस्थित आए।

### अधिकारियों ने लिया निर्माण कार्यो का जायजा

**नगरा।** स्थानीय नगर पंचायत के विभिन्न निर्माण कार्यों में हो रही घोर लापरवाही की शिकायत पर अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को निरीक्षण किया। ग्रामीणों की शिकायत पर अवर अभियन्ता आलोक कुमार के साथ अधिशासी अधिकारी व्रजेश कुमार गुप्ता ने पूरब मुहल्ला प्राचीन दुर्गा मन्दिर के पास हो रहे कंकरीट और पीच निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने कार्य की गुणवत्ता पर किसी प्रकार की गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं करने की हिदायत दी। लोगों ने हो रहे जल निकासी के अवरुद्ध होने वाले आवयश्क स्थानों पर नाली बनाने के साथ ही ह्यूम पाइप लगने की मांग की। इस पर अधिशासी अधिकारी ने मातहतों को आवयश्क निर्देश दिए।'

## संक्षेप

### प्याज और लहसुन की अधिक उपज हेतु किसानों को दी गई जानकारी




**मऊ।** जनपद में प्याज एवं अन्य मसालों की खेती को बढ़ावा देने के उद्देश्य राष्ट्रीय कृषि विकास योजना में प्याज की खेती का कार्यक्रम किसानों के बीच संचालित किया गया है जिसमें उद्यान विभाग द्वारा ऑनलाइन पोर्टल पर पंजीकृत किसानों को प्याज का बीज निःशुल्क उपलब्ध कराया गया है। प्याज के किसानों को खेती में दक्षता और गुणवत्तापूर्ण उत्पादन के लिए जिलाधिकारी मऊ के निर्देश पर किसानों को व्यापक जानकारी देने के उद्देश्य से आज विकासखंड कोपागंज के ग्राम मोलनापुर में प्याज के लाभार्थी कृषक राम अवतार के प्रक्षेत्र पर फील्ड डे का आयोजन किया गया। फील्ड डे आयोजन में किसानों को खेत में प्याज की उन्नत फसल दिखाते हुए उनकी खेती में आने वाली समस्याओं एवं रोग व्याधि रोकथाम के उपायों के बारे में जानकारी दी गई। फील्ड डे (प्रक्षेत्र दिवस) आयोजन कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केंद्र पिलखी, मऊ के वैज्ञानिक डॉ जितेंद्र कुशवाहा एवं डॉक्टर अंगद प्रसाद द्वारा प्याज की खेती में रोपाई से लेकर खुदाई तक के क्रियाकलापों पर विस्तार से जानकारी दी गई तथा प्याज की फसल के भंडारण विधियों को स्थानीय स्तर पर अपनाने हेतु तकनीकी बताई गई। कार्यक्रम में संदीप कुमार गुप्ता, जिला उद्यान अधिकारी द्वारा बताया गया कि जनपद में प्याज की खेती की संभावना ज्यादा है तथा राष्ट्रीय कृषि विकास योजना में प्याज और लहसुन की खेती के कार्यक्रम भी कराए जा रहे हैं। कार्यक्रम में ग्राम प्रधान मोलनापुर सुखराम यादव, वरिष्ठ उद्यान निरीक्षक सतिराज, सुनील, बालजीत सहित कोपागंज विकास खण्ड के 25 से अधिक उपस्थित थे।

### तीन सौ से ज्यादा वकीलों ने करायी निःशुल्क खून की जांच



**मऊ।** सिविल कोर्ट सेन्ट्रल बार एसोसिएशन के तत्वावधान में डॉ. पीएल गुप्ता (सर्जन) की संस्था जी फोनिक्स डायग्नोस्टिक सेंटर द्वारा शिविर गुरुवार को वकीलों के खून की निःशुल्क जांच के लिए बार एसोसिएशन के सभागार में आयोजित किया गया। इस फ्री मेगा हेल्थ चेकअप में तीन सौ पचास अधिवक्ताओं का ब्लड शुगर, कोलस्ट्रॉल, थाइराइड आदि की जांच कर संस्था द्वारा रिपोर्ट की हार्ड कापी जांच कराने वालों को उपलब्ध कराई गई। ब्लड जांच में संस्था के प्रबन्धक राजीव सिंह, इरशाद खान, लैब इन्चार्ज आशीष दूबे तथा लैब टेक्नीशियन पंकज उमर व अमृता विश्वकर्मा की सहभागिता रही। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष शमसुल हसन व महामंत्री हरिद्वार राय ने शिविर में उपस्थित प्रसिद्ध सर्जन डॉ. पी.एल. गुप्ता व उनकी टीम के प्रति आभार व्यक्त किया।

### प्रदेश स्तरीय जी20 उप्र योगा लीग हेतु मंडल टीम हुई रवाना



**मऊ।** खेल निदेशालय उत्तर प्रदेश लखनऊ के तत्वावधान में 17 से 19 मार्च को केडी सिंह बाबू स्टेडियम लखनऊ में आयोजित होने वाली प्रदेश स्तरीय जी20 उत्तर प्रदेश योगा लीग 2023 बालक-बालिका वर्ग प्रतियोगिता के लिए उत्तर प्रदेश योगासन स्पोर्ट एसोसिएशन द्वारा राजन विश्वकर्मा को मंडल प्रभारी बनाया गया। राजन विश्वकर्मा के नेतृत्व में मंडल स्तर पर प्रतिभागियों का चयन जी20 योगा लीग के लिए किया है। जिसमें बालिका वर्ग में आजमगढ़ से स्पर्श मद्धेशिया व श्वेता, मऊ से अंजली राजभर व रंजू प्रजापति, बलिया से कु. खुशी, बालक वर्ग में आजमगढ़ से यश सोनी, मऊ से मुन्ना चैहान व अभिनव कुमार, बलिया से अंकित कुमार व सोनम प्रजापति जी20 योगा लीग 2023 के लिए चयनित हुए। बालिका टीम के लिए मऊ से पद्मा राय को कोच व बालक टीम के लिए बलिया से शंकर रावत का कोच बनाया गया। इस प्रतियोगिता में मऊ से राजन विश्वकर्मा व कन्हैया लाल बरनवाल, आजमगढ़ से अंशिका स्थाना व नूपुर श्रीवास्तव को निर्णायक मंडल में शामिल किया गया है। मृत्युंजय कुमार द्विवेदी, शैलेंद्र मिश्रा, राजन विश्वकर्मा,प्रशांत राय, राजेश गोस्वामी, अरविंद आर्य, बृज मोहन, कृष्णकांत उपाध्याय, रामनिवास मौर्य, मंजू चौरसिया, शालिनी पांडेय व हरिओम त्रिपाठी, अंजनी सिंह, प्रवीण श्रीवास्तव व कमलेश कुमार व रामसिंह ने सभी को शुभकामनाएं दीं।

# मुक्तिधाम श्मशान स्थल के सुंदरीकरण व निर्माण के लिए 28 लाख रुपये स्वीकृत

पहल

कैबिनेट मंत्री एके शर्मा ने स्वीकृत किया धन

जनसदेश न्यूज



**दोहरीघाट, मऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री एके शर्मा ने नगर विकास विभाग द्वारा दोहरीघाट मुक्तिधाम पर अन्त्येष्टि स्थल के निर्माण व सुंदरीकरण के लिए 28 लाख रुपये स्वीकृत किये हैं। जिसका स्थलीय निरीक्षण करने के लिए गुरूवार को नगर विकास विभाग की टीम अधिशासी अधिकारी संजय जैसवार के नेतृत्व में जाकर स्थान का निरीक्षण कर जेई अशरफ द्वारा मैपिंग किया गया।

सर्वे टीम ने बताया कि वर्षा और धूप में खुले में शवो को जलाने में हो रही परेशानी को देखते हुए वहा बड़ा टिन शेड व शव जलाने के लिये प्लेटफार्म तथा पेयजल व शौचालय का निर्माण किया जाएगा।

मालूम हो कि दिसम्बर महीने में अपने बड़े भाई के अन्त्येष्टि में कैबिनेट मंत्री एके शर्मा मुक्तिधाम पर आये थे और लोगो को खुले में शवों को जलाते हुए और भारी भीड़ देख कर लोगो के परेशानी से अवगत हुए थे और अपने विभाग द्वारा धन देकर निर्माण कराने का आश्वासन दिया था। कैबिनेट मंत्री द्वारा जनहित में सहयोग पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष संतोष राय, पूर्व चेयरमैन गुलाब गुप्ता, विकास वर्मा, प्रशांत जायसवाल, उज्जवल जायसवाल, विनय जायसवाल, राहुल, सुशांत तिवारी, ओमप्रकाश सोनकर, रामप्रसाद, बबलू सोनकर आदि लोगो ने प्रसन्नता व्यक्त की।

### नगर निकाय के निर्वाचक नामावली का कार्यक्रम जारी

**मऊ।** अपर जिलाधिकारी निर्वाचक/रजिस्ट्रीकरण अधिकारी भानु प्रताप सिंह ने बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग उप्र द्वारा नगरीय निकाय के निर्वाचक नामावली का कार्यक्रम जारी कर दिया गया है, जिसमें ड्राफ्ट निर्वाचक नामावली का प्रकाशन 10 मार्च 2023 को हो चुका है। ड्राफ्ट के रूप में प्रकाशित निर्वाचक नामावली का निरीक्षण तथा दावे एवं आपत्तियां प्राप्त करने की तिथि 11 मार्च 2023 से 17 मार्च तक निर्धारित है। दावे एवं आपत्तियों का निस्तारण 18 मार्च 2023 से 22 मार्च 2023 तक, दावे एवं आपत्तियों के निस्तारण के उपरांत पूरक सूचियों के पांडुलिपियों की तैयारी तथा उन्हें पूरक सूची में समाहित करने की तिथि 23 मार्च से 31 मार्च तक एवं अंतिम रूप से तैयार निर्वाचक नामावलियों का जनसामान्य के लिए प्रकाशन 1 अप्रैल तक किया जायेगा। बताया कि नगर पालिका परिषद/नगर पंचायतों के युवा जो 1 जनवरी को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर लिए हों वे निर्वाचक नामावली में नाम दर्ज कराना चाहते हैं या निर्वाचक नामावली से अनर्ह व्यक्तियों का नाम विलोपित कराना चाहता है या जिन मतदाता का नाम निर्वाचक नामावली में गलत दर्ज है वे 17 मार्च के साय 05 बजे तक निर्धारित फॉर्म भरकर अपने तहसील कार्यालय, नगर निकाय कार्यालय व बीएलओ को प्राप्त करा सकते हैं।

# महिला सम्मेलन का हुआ आयोजन

जनसदेश न्यूज



**घोसी, मऊ।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पखवारा के तहत गुरुवार को नगर के विकास रोड पर भगवान मानव कल्याण समिति अरियासो के तत्वाधान में महिला सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें महिलाओं से संबंधित विभिन्न जानकारी देते हुए उन्हें अपने अधिकारों के प्रति जागरूक करने की अपील की गई।

कार्यक्रम का शुभारंभ बाल कल्याण समिति मऊ के अध्यक्ष रुद्र प्रताप सिंह व सदस्य कंचन तिवारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए विभिन्न क्षेत्रों से आये हुए विशेषज्ञों ने महिला सुरक्षा, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, महिलाओं की लीगल लिटरेसी, श्रम पंजीकरण, जननी सुरक्षा योजना, आईसीडीएस, बाल कल्याण, यौन उत्पीड़न से संरक्षण का अधिकार, पुरुषों के समान पारिश्रमिक का अधिकार, पति अथवा रिश्तेदारों के खिलाफ घरेलू हिसा से सुरक्षा का अधिकार, कामकाजी महिलाओं को मातृत्व संबंधी लाभ का अधिकार, कन्या भ्रूण हत्या के खिलाफ अधिकार, रात में गिरफ्तार न होने का अधिकार, संपत्ति में बराबरी का अधिकार आदि बिंदुओं पर जानकारी दी।इस अवसर पर संस्था से जुड़ी महिलाओं ने नारी वेदना व नारी चेतना से जुड़े कई गीत व सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये, जिनकी मौजूद लोगों ने भूरि भूरि प्रशंसा की। बाल कल्याण समिति की सदस्य कंचन तिवारी की अध्यक्षता व डा० अनीता मिश्रा के संचालन में चले इस महिला सम्मेलन में मुख्य रूप से कंवल गिरी, पूनम सिंह, ज्ञानती यादव, महिला आरक्षी खुशबू, सीएचसी घोसी अधीक्षक डा० एसएन आर्य, डा० अतुल कुमार शर्मा, अरविंद पांडेय, खुर्शीद खान, रमेशचंद्र सिंह, शशिकला, रीमा, रिंकू आदि ने अपने विचार व्यक्त किये। अंत में भगवान मानव कल्याण समिति की परियोजना निदेशक पूनम सिंह ने सभी आगन्तुकों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।

# 72 घंटे हड़ताल पर गए विद्युत कर्मचारी

## लालदरवाजा कार्यालय पर प्रदर्शन कर दिखाई एकता

**जनसंदेश न्यूज**


लालदरवाजा में धरना को संबोधित करते रोहित कुमार।

**गाजीपुर।** विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति उत्तर प्रदेश के आह्वान पर विद्युत कर्मचारियों ने लालदरवाजा में कार्य बहिष्कार कर दूसरे दिन गुरूवार को धरना प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शनकारियों ने प्रबंधक को चेतावनी दिया कि अगर समय रहते मांगों पर विचार कर सुलझाया नहीं गया तब पूरे जनपद की विद्युत आपूर्ति ठप कर दी जायेगी।

जिला संयोजक निर्भय नारायण सिंह ने बताया कि कर्मचारी बीते दिसंबर माह के समझौते को लागू कराने पर अड़े हुए हैं। गुरूवार रात्रि दस बजे के बाद जनपद के समस्त अधिकारी और कर्मचारी 72 घंटे के हड़ताल पर चले गए। सहसंयोजक अभिषेक राय बताया कि पूर्व में हुए समझौते को लागू करने की मांग कर रहे हैं। लेकिन फिर भी प्रबंधन जानबूझकर अपनी जिद पर अड़ा हुआ है। अधिशासी अभियंता सुजीत कुमार ने बताया कि प्रबंधन और हमारे नेताओं के बीच पहले चरण की वार्ता का दौर विफल हो चुका है और हम सभी जनपद के कर्मचारी अधिकारी अपनी पूरी तैयारी के साथ है। आज रात्रि 10:00 बजे से जनपद के समस्त उप केंद्रों के उपकेंद्र परिचालक अपना कार्यभार प्रशासनिक अमले को हैंडओवर करके पूर्ण रूप से हड़ताल में शामिल हो जाएंगे। इस दौरान पूरे जनपद में कोई भी विद्युत कर्मी कार्य नहीं करेगा और विद्युत सप्लाई बाधित होने पर फाल्ट भी अटेंड नहीं किया जाएगा। अधिशासी अभियंता हेमंत सिंह ने बताया कि हमारी मांग है पुरानी पेंशन बहाल किया जाए, विभाग में वर्षों से कार्यरत निविदा कर्मियों को नियमित किया जाए इनके ईपीएफ घोटाले की जांच हो, जान बूझ कर अधिकारियों का शोषण बंद हो और जनता को सस्ती दर पर बिजली उपलब्ध कराई जाए। अगर प्रबंधन अपनी हठधर्मिता पर अड़ा रहा तो लगभग 20 वर्षों के बाद बहुत बड़ा हड़ताल होने जा रहा है और किसी भी कीमत पर हम विद्युत कर्मी पीछे नहीं हटेंगे जरूरत पड़ी तो जेल भरो आंदोलन भी किया जाएगा। धरना में उपखंड अधिकारी शेखर सिंह,राहुल सिंह, प्रमोद कुमार, रोहित कुमार, चित्रसेन प्रसाद, मिठाई लाल, कैलाश यादव आदि रहें।

# प्रीति को मिला साउथ एशिया आइडल वूमेन अचीवर्स अवार्ड

**गाजीपुर।** जनपद की एसआरजी. एवं कम्पोजिट विद्यालय परतापीपुर-सैदपुर पर कार्यरत शिक्षिका प्रीति सिंह को हाल ही में उत्तराखंड की राजधानी देहरादून में गोपाल किरण समाज सेवी संस्था द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस सप्ताह पर आयोजित समारोह में साउथ एशिया आइडल वूमेन अचीवर्स अवार्ड 2023 से सम्मानित किया गया। उन्हें यह सम्मान नवाचारी शैक्षिक सेमिनार में दिया गया, जिसमें देश के 21 राज्यों से 150 महिलाओं का चयन उनके सशक्त एवं विशिष्ट कार्यों के द्वारा समाज में जागरूकता तथा महिला सशक्तीकरण के उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। समारोह में सम्मानित होने वाली कंपोजिट विद्यालय परतापीपुर-सैदपुर की शिक्षिका प्रीति सिंह ने बताया कि यह कार्यक्रम रेसकोर्स स्थित ट्रांजिट हॉस्टल में आयोजित किया गया था। इसका शुभारंभ महिला एवं बाल विकास मंत्रालय भारत सरकार में अपर सचिव लक्ष्मीचंद गौतम व आईपीएस डॉ. बीपी अशोक ने किया। एसआरजी प्रीति सिंह को यह अवार्ड मिलने पर जनपद के शिक्षक/शिक्षिकाओं ने प्रसन्नता जताते हुए हार्दिक बधाई दी है।


प्रिती सिंह

# व्यापारी सहित सभासद से 90 हजार की ठगी

**सैदपुर।** साइबर अपराधियों ने लोगों का खाता खाली करने का नया तरीका शुरू कर दिया है। जिसके तहत उन्होंने सैदपुर के वार्ड दस के सभासद सहित एक व्यापारी को अपने जाल में फंसाकर 90 हजार रुपये गायब कर दिये। अब पीड़ित ने थाने में जाकर तहरीर दी है। नगर के बाजार निवासी रवि जायसवाल व उनकी बहन सारिका जायसवाल बर्तन व फर्नीचर की बड़ी दुकान संभालते हैं। सारिका ने बताया कि कल उनके मोबाइल पर फोन आया और दूसरी तरफ से ठग ने व्हाट्सएप पर एक बेड का फोटो भेजकर कहा कि उसे डिजाइन का बेड 10 दिन में चाहिए। इसके लिए वो 10 हजार रुपया एडवांस भेज रहा है। इसके बाद उसने मोबाइल में पड़े बैंक के पुराने 40-40 हजार रुपये की कटौती के 3 मैसेज एडिट करके भेज दिए। फिर सारिका को फोन कर कहा कि उसने रवि से बात कर ली है। उसने 10 हजार की जगह गलती से 1 लाख 20 हजार भेज दिए हैं। इसलिए उसे बाकी के रुपये वापिस कर दीजिए। सारिका ने भाई का नाम सुनकर व मैसेज देखकर भरोसा करके 4 बार मे 80 हजार रुपये भेज दिए। जब भाई को पता चला तो ठगे जाने का एहसास हुआ। वहीं दूसरी घटना सभासद हिमांशु सोनी गनपत संग हुई। उन्हें भी एक व्यक्ति ने फोन कर-के कहा कि उनकी पत्नी आपके यहाँ ग्राहक हैं। आपका 4510 रुपया उनके यहां बकाया है। कहा कि मैं आ नहीं सकता इसलिए आपके गूगल पे पर रुपया भेज दे रहा हूँ। इसके बाद उसने भी 45 हजार रुपये का मैसेज भेजा और कहा कि गलती से 4500 की जगह 45000 भेज दिए हैं। आप अपना 4500 काटकर बाकी के 40500 रुपये वापिस कर दीजिए। कहा कि पहले 10 हजार भेजिए। गनपत ने 10 हजार भेज दिया। इसके बाद दोबारा ठग ने रुपये मांगे तो गनपत ने दुकान पर ग्राहक होने के कारण कुछ देर में भेजने का भरोसा दिया। कुछ देर बाद गनपत को शंका हुई तो उसने ठग से कहा कि दुकान पर आकर रुपये ले जाइए। जिसके बाद उसने नम्बर स्विच ऑफ कर दिया। इस तरह की ठगी की घटनाओं के बाद लोगों में डर है।

# अंतरप्रांतीय कांट्रैक्ट किलर का सदस्य गिरफ्तार

**कामयाबी**

### कॉन्ट्रैक्ट किलर दिग्विजय यादव का खासमखास शूटर था रवि यादव

**जनसंदेश न्यूज**


करंडा पुलिस के गिरफ्त में आरोपी।

**करंडा।** पुलिस ने कॉन्ट्रैक्ट किलर दिग्विजय उर्फ रवि यादव के शूटर को गिरफ्तार कर लिया है। अंतरप्रांतीय कॉन्ट्रैक्ट किलर का सदस्य जिले में एक बड़ी वारदात के फिराक में था। वह कुछ दिनों से एक गवाह की दिनचर्या की जानकारी ले रहा था।

थानाध्यक्ष सम्पूर्णानंद राय ने क्षेत्र के काली माता मंदिर से मलहपुरवा गांव की ओर जाने वाले मार्ग पर अभियुक्त रवि यादव 24 पुत्र शिवनाथ यादव को दबोच लिया है। इसके कब्जे से तमंचा और कारतूस बरामद किया। इसके खिलाफ लखनऊ सहित गाजीपुर के कासिमाबाद और जमानियां में आधा दर्जन मुकदमें है। बतादें, कॉन्ट्रैक्ट किलर द्विग्विजय उर्फ रवि यादव दबंगई और दहशत के बल पर देवकली ब्लाक के लोनेपुर गांव का ग्राम प्रधान बन गया। करीब पांच वर्ष पूर्व ब्राम्हणपुरा निवासी पत्रकार और संघ कार्यकर्ता रहे राजेश मिश्रा की दिनदहाड़े गोलियां बरसाकर मौत के घाट उतार दिया। वह घटना के मुख्य गवाह अमितेश मिश्रा की हत्या कराने के फिराक में था। जिसके लिए उसके सदस्य जमानत पर बाहर होकर गवाह के इर्द गिर्द घूम रहे थे।

### जेल में बैठै आका को जानकारी दे रहा था शूटर

दरअसल, पिछले दिनों लखनऊ एसटीएफ टीम ने कांट्रैक्ट किलर द्विग्विजय उर्फ रवि यादव उर्फ रवि प्रधान सहित उसके चार सहयोगियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। हालांकि,रवि प्रधान तो जेल में है लेकिन उसका एक साथी करंडा थना क्षेत्र के कटरियां गांव निवासी रवि यादव जमानत पर जेल से बाहर है। रवि अमितेश मिश्रा की दिनचर्या के बारे में विस्तार से जानकारी कर पूरी सूचना जेल में बैठे अपने आका को देता है।

### प्रयागराज जैसी घटना को गाजीपुर में दोहराने की कोशिश

रवि यादव की गिरफ्तारी के बाद हड़कंप मच गया है। पत्रकार हत्याकांड में गवाही होने वाली है। सजा होने के डर और अपनी बादशाहत कायम करने के लिए रवि प्रधान प्रयागराज जैसी घटना को अंजाम दिलाने के फिराक में है।

# पुरानी पेंशन बहाली को लेकर बनी रणनीति

## उप्र सीनियर बेसिक शिक्षक संघ की आरटीआई प्रांगण में आयोजित हुई बैठक

**जनसंदेश न्यूज**

**गाजीपुर।** उत्तर प्रदेश सीनियर बेसिक शिक्षक संघ की आवश्यक बैठक आरटीआई प्रांगण में आयोजित हुई। इस दौरान शिक्षकों एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों के विभिन्न समस्याओं को लेकर गहन विचार विमर्श किया गया। शिक्षकों की प्रमुख मांग पुरानी पेंशन का मुद्दा उठाया गया।

जिस पर सभी शिक्षकों ने एक स्वर से समर्थन किया। पेंशन बहाली को लेकर रणनीति बनाई गई। वहीं चयन वेतनमान, प्रोन्नति वेतनमान पर भी चर्चा की गई। शिक्षको एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों के विभिन्न मांगों को मुख्यमंत्री को जिलाधिकारी के माध्यम से पत्रक भेजा गया।

कार्यक्रम में शिक्षक रामचन्द्र, कैलाश दूबे, अखिलेश प्रजापति, शशिकान्त राय, विवके सौरभ, महेन्द्र कुमार, विजय बहादुर यादव, श्याम नारायण राय, ललिता यादव, मिथिलेश देवी, रामजन्म कुशवाहा, पारस नाथ सिंह, सत्येन्द्र गुप्ता, बृजेश सिंह आदि लोग शामिल रहें। अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष अरूण कुमार पाण्डेय एवं महामंत्री ज्ञानेन्द्र सिंह और संचालन उपाध्यक्ष सत्येन्द्र ने किया।

### एडेड विद्यालयों के छात्रों के साथ भेदभाव

उत्तर प्रदेश सीनियर बेसिक शिक्षक संघ ने सीएम को लिखे पत्र में मांग किया कि एडेड जूनियर हाई स्कूलों के छात्रों को बेसिक शिक्षा परिषद के विद्यालयों के छात्रों के समान निःशुल्क यूनीफार्म, जूता-मोजा आदि सुविधायें मिले। बताया कि परिषदीय छात्रों को उक्त सुविधा के लिए 1200/- मिलते है, जबकि सहायता प्राप्त विद्यालयों के छात्रों को 600 दिये जाते है। इस असमानता को समाप्त किया जाए। विद्यालयों के विकास, साफ-सफाई, मरम्मत आदि के लिए परिषदीय विद्यालयों की भाँति कम्पोजिट ग्रांट की व्यवस्था हो।

### सामूहिक बीमा कटौती राशि वापस करे सरकार

सामूहिक बीमा योजना अप्रैल, 2014 के बाद नियुक्त अध्यापकों एवं कर्मचारियों पर समाप्त कर दी गई है। परन्तु कटौती अद्यावधि तक हो रहीं है, जबकि परिषदीय विद्यालयों में अक्टूबर, 2022 से कटौती बन्द कर दी गई है। चेतावनी देते हुए कहा गया है कि तत्काल कटौती बन्द कर वर्ष 2014 के बाद की गयी कटौती को ब्याज सहित शिक्षकों और कर्मचारियों को वापस किया जाय।

# सड़क पर बिछीं गिट्टियों से बढ़ा हादसे का खतरा

**गाजीपुर।** फुल्लनपुर रेलवे क्रासिंग से बाईपास मार्ग और सिटी रेलवे स्टेशन होकर जाने वाली करीब पांच सौ मीटर सड़क काफी दिनों से निमार्णाधीन है। इस पर गिट्टियां डालकर छोड़ दी गई हैं। इससे राहगीरों को आवागमन में परेशानी होने के साथ ही हर दिन छिटपुट दुर्घटनाएं हो रही हैं। क्षेत्र के लोगों ने सड़क का निर्माण कार्य पूरा कराने की मांग की है। यह सड़क सिवरेज निर्माण कार्य के कारण तीन सप्ताह पूर्व खोद कर छोड़ दिया गया था। क्षेत्र के लोगों ने बताया कि सड़क पर गिट्टियां बिछाकर छोड़ दी गई हैं। निर्माण पूरा नहीं होने से सड़क पर बिछाई गई गिट्टियां उखड़ने लगी हैं। क्षेत्र के सरोज, वीरेंद्र कुशवाहा, पूर्व प्रधान मनोज, शिबू बाबू, सुनील श्रीवास्तव, रामसकल तिवारी, ब्रजेश सिंह, अलाउद्दीन अंसारी, शिवशंकर तिवारी, हरेंद्र कुशवाहा, रूपेश तिवारी, बलिराम तिवारी, बबलू आदि लोगों ने कहा कि सड़क पर बिखरी गिट्टियों से बाइक और साइकिल से अनियंत्रित होकर गिर जाते हैं। लोगों को पैदल चलना भी मुश्किल होता है। इन लोगों ने सड़क को जल्द दुरुस्त कराने की मांग की है।

# राष्ट्रीय सेवा से विद्यार्थियों का मानसिक विकास संभव

**जनसंदेश न्यूज**

**मरदह।** हरिवंशी द्वारिका कालेज आफ एजुकेशन दुखुर्शी राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के समापन हुआ। मुख्य अतिथि शिक्षाविद डा.एस.एन.पाण्डेय ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से विद्यार्थियों का मानसिक एवं बौद्धिक विकास संभव है। राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक अपने जीवन में आने वाली सभी कठिनाइयों का दृढ़ होकर मुकाबला कर सकतें है। उन्होंने राष्ट्रीय सेवा योजना व्यापक अर्थ को विस्तार से कार्यक्रम में मौजूद लोगों को बताया। उन्होंने कहा कि एनएसएस में प्रयुक्त लाल एवं नीला रंग स्वयं सेवकों को राष्ट्र निर्माण, सामाजिक गतिविधियों के लिए सक्रिय और ऊजार्वान होने के लिए प्रेरित करता है। महाविद्यालय के प्राचार्य एन.के.शर्मा ने कहा कि चिन्ह में बना पहिया निर्माण, संरक्षण के चक्र का प्रतिनिधित्व करता है। इसके साथ ही यह राष्ट्रीय सेवा योजना स्वयं सेवकों को समाज से जोड़ता है।उन्होंने कहा कि स्वयं सेवकों ने अनुशासित एवं संयमित रहते हुए इस शिविर में हिस्सा लिया यह हर्ष का विषय है।


हरिवंशी द्वारिका कालेज आफ एजुकेशन पर राष्ट्रीय सेवा योजना में शिक्षक।

इस मौके पर वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी सुनील सिंह, प्रबंध निदेशक जगन्नाथ सिंह, वेदप्रकाश सिंह,राजीव सिंह, सुदर्शन चौबे,तारा देवी,गिरधर गोपाल चौबे, राकेश यादव, रूपेश, रोहित, सुनील, गजेन्द्र, नंद जी, राधेश्याम यादव आदि मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय सेवा योजना व्यक्तित्व विकास का पूर्ण मंच

## आत्मप्रकाश आदर्श पीजी कॉलेज अरसदपुर में सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का समापन

**जनसंदेश न्यूज**

**गाजीपुर।** आत्मप्रकाश आदर्श पीजी कॉलेज अरसदपुर जंगीपुर में गुरूवार को आयोजित सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का समापन हुआ। इस अवसर पर व्यक्तित्व विकास पर जोर दिया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि कालेज प्रबंधक हरि नारायण सिंह यादव ने किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना व्यक्तित्व विकास का पूर्ण मंच है। इससे छात्रों का चौमुखी विकास होता है। छात्र छात्राओं में भी सामाजिक सहभागिता की भावना पैदा होती है।

प्रबंध निदेशक सत्य प्रकाश यादव ने स्वच्छता, जल संरक्षण, साफ सफाई, महिला सुरक्षा आदि विषयों पर जागरूकता की बात की। उन्होंने स्वयंसेवकों के योगदान को सराहा। कहा कि सेवा का यह भाव उन्हें समाज व देश में विकास में योगदान के लिए प्रेरित करता है। इसलिए विद्यार्थी जीवन में एनएसएस आदि से जुड़ना उपयोगी रहता है। स्वयं सेवकों ने सांस्कृतिक कार्यकमों के माध्यम से सामाजिक कुरीतियों मिटाने का संदेश दिया।

कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के महत्व और सामुदायिक विकास पर प्रकाश डाला गया। वहीं स्वयंसेवकों द्वारा संगीत और नृत्य कला का प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ महेंद्र सिंह, कार्यक्रम अधिकारी डा.पूनम यादव, डा. सरिता, डा.संतोष सिंह, डा. मोती यादव, धर्मेंद्र यादव रहें। संचालन उपेंद्र यादव ने किया।

# तहसीलदार ने लेखपालों को एप की दी जानकारी

**जखनिया।** तहसील सभागार में तहसीलदार रामजी उप जिलाधिकारी आशुतोष कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना और समर्थन मूल्य पर फसल के दौरान किसी भी फजीर्वाड़े के रोकथाम सीसीई एग्री एप के तहत कार्रवाई को लेकर लेखपाल और तहसील के कर्मचारियों की बैठक में क्षेत्र के राजस्व कर्मियों को एप के प्रयोग का प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान कर्मचारियों का एप का प्रयोग गांव फसल खरीदने की प्रक्रिया मानिटरिंग संबंधित जानकारी दी गई। तहसीलदार रामजी ने बताया कि इस एप के माध्यम से प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना और समर्थन मूल्य के किए जाएंगे तथा फसल कटाई के प्रयोग के लिए कर्मचारी जाएंगे वहां पर कर्मचारियों के द्वारा मौके पर फोटो खींचकर अपलोड किया जाएगा। इस मौके पर नायब तहसीलदार सत्येंद्र मौर्य ,पंकज उपाध्याय,तहसील प्रबंधक जगदीश चतुर्वेदी ,प्रदीप कुमार, बलवंत कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# विवेचना सेल संसाधन के अभाव में तोड़ रहा दम

**यह है हाल**

### सीएम योगी आदित्यनाथ ने भवन का वर्चुअली उदघाटन किया था

**जनसंदेश न्यूज**


सुहवल थाने में नवनिर्मित विवेचना सेल का प्रमुख भवन।

**सुहवल।** स्थानीय सुहवल थाना परिसर में लाखों की लागत से पांच माह पहले विवेचना सेल का भवन बनकर तैयार हो गया था, जिसका वर्चुअली उद्घाटन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उस दौरान किया था।मगर अभी तक विवेचना के लिर जरूरी संसाधन कंम्पयूटर आदि इस सेल में उपलब्ध न कराए जाने के अलावा यहां अपराध निरीक्षक व अन्य कर्मियों की भी तैनाती न किए जाने से यह भवन महज शोपीश बनकर रह गया है। जबकि विभिन्न मामलों की विवेचना में लगे अधिकारी व कर्मी नये भवन में पूरी व्यवस्था न होने से थाने के अंदर बरामदे में बैठकर मुकदमें के निस्तारण की उनकी कोशिश निस्तारण की मुहिम परवान नहीं चढ़ पा रही है। वहीं महकमें की माने तो कार्यदायी संस्था के द्वारा हैंडओवर की प्रक्रिया पूरी होते ही इसके तुरंत बाद इसमें संबंधित की तैनाती कर सेल के भवन को सक्रिय कर दिया जायेगा। मालूम हो कि शासन की मुख्य मंशा है कि विभिन्न मामलों की विवेचना समय से और गुणवत्तापूर्ण तरीके गुड दोष के आधार व साक्ष्यों से हो,विवेचना लंबित न हो ,व मुकदमे का निस्तारण समय से हो। ताकि एक तरफ जहाँ आरोपितों को सजा दिलाई जा सके वहीं पीड़ितों को समयबद्ध तरीके से न्याय मिल सके। महकमें के अनुसार इसके सुचारु तरीके से चालू होने के बाद थाने में तैनात प्रभारी निरीक्षक या थानाध्यक्ष को अब इस बात की चिता नहीं होगी कि इस मामले की विवेचना अभी लंबित है। विवेचना करने के चक्कर में वे कानून व्यवस्था को कमजोर नहीं होने देंगे।

महकमें के अनुसार विवेचना सेल के प्रभारी के रूप में अपराध निरीक्षक की तैनाती होगी ,जबकि उनके अधीन एक या दो एसआई, कुछ सिपाही होंगे।जिन्हें वीआईपी ड्यूटी से भी उन्हें मुक्त रखे जाने की योजना है। इस संबंध में ग्रामीण पुलिस अधीक्षक बलवंत चौधरी ने बताया कि बहुत जल्द ही इस नये विवेचना सेल के भवन को सुविधाओं से लैस कर सक्रिय कर दिया जायेगा।

## संक्षेप

### एसडीएम के पहल पर आयुष्मान आरोग्य भवन कब्जा मुक्त



**सेवराई।** स्वास्थ्य केंद्र के भवन को अतिक्रमण कर तीन वर्षों से कब्जा जमाए ग्रामीण महिला से स्वास्थ्य विभाग नें एसडीएम के निर्देश के बाद पुलिस बल के साथ सीएचसी अधीक्षक चिकित्सा अधिकारी ने कब्जा मुक्त करा दिया। जानकारी के अनुसार स्थानीय तहसील क्षेत्र के भदौरा ब्लाक अंतर्गत पथरा ग्राम पंचायत में निर्मित आयुष्मान आरोग्य भवन को गांव की एक महिला द्वारा कब्जा कर अपना घर बसा ली थी । जिसके लिए कई बार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भदौरा के अधीक्षक द्वारा उक्त महिला को स्वास्थ्य केंद्र के भवन को खाली करने का नोटिस देने के बावजूद भी खाली नहीं किया जा रहा था । जिसकी शिकायत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भदौरा के अधीक्षक चिकित्साधिकारी डॉ धनंजय आनंद द्वारा एसडीएम सेवराई से किए जाने के बाद गुरुवार को पुलिस बल के साथ स्वास्थ्य केंद्र के भवन को स्वास्थ्य कर्मियों की मौजूदगी में कब्जा मुक्त करा लिया गया । इस संदर्भ में अधीक्षक चिकित्साधिकारी डॉ धनंजय आनंद ने बताया कि लगभग तीन-चार वर्षों से स्वास्थ्य विभाग के भवन को गांव की एक महिला द्वारा अवैध रूप से कब्जा कर अपना घर बसा लिया गया था । बार-बार नोटिस के बावजूद भी भवन को खाली नहीं किया जा रहा था । एसडीएम के निर्देश के बाद पुलिस बल के साथ स्वास्थ्य केंद्र के भवन को कब्जा मुक्त करा दिया गया।

### चार शातिर अपराधी गिरफ्तार



**गाजीपुर।** कोतवाली पुलिस चार शातिर अपराधी को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से कान का झाला, अंगूठी, मंगल सुत्र का लाकेट, देशी तंमचा व मोटर साइकिल बरामद किया है। गुरूवार को चोरी के सामान सहित चोरों को एसपी ओमवीर सिंह ने मीडिया के समक्ष पेश किया। एसपी ने बताया कि प्रभारी निरीक्षक तेज बहादुर सिंह के नेतृत्व में गुरूवार को अतिरिक्त निरीक्षक अपराध सुरेन्द्र नाथ सिंह तथा स्वाट टीम ने महराजगंज शिव मंदिर के पास बगीचा में चोरी करने को एकत्र होकर योजना बना रहे अवैध असलहा के साथ चार शातिर चोर को दबोच लिया। अपराधी भानू बिन्द पुत्र रामबचन बिन्द और चन्दन बिन्द पुत्र रामप्रसाद बिन्द निवासी मिश्रवलिया कोतवाली तथा बबलू कुमार पुत्र रोधन राम निवासी बिश्रामपुर थाना भुड़कुड़ा, बृजेश कसौधन पुत्र अमरनाथ कसौधन निवासी शादियाबाद बाजार के निवासी है।

### शिक्षिका मीरा तिवारी को मिला प्रशस्ति पत्र



**सादात।** शिक्षा क्षेत्र सादात के कम्पोजिट विद्यालय बरहपार नसरतपुर में कार्यरत शिक्षिका मीरा तिवारी को अपने प्रयासों व नवाचारों के बेहतरीन प्रस्तुतिकरण के लिए मण्डलीय सहायक शिक्षा निदेशक व प्राचार्य उमेश शुक्ला ने मोमेंटो संग प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया है। यह सम्मान बेसिक शिक्षा विभाग वाराणसी एवं टीम उन्नयन द्वारा कचहरी वाराणसी में आयोजित मंडलीय शैक्षिक संगोष्ठी में किया गया। इस संगोष्ठी का शीर्षक "बेहतर शिक्षा उन्नत भविष्य" था। यह कार्यक्रम जी-20 एजुकेशनल समिट 2023 के अन्तर्गत आयोजित हुआ। इसमें वाराणसी मंडल के 200 शिक्षकों ने हिस्सा लिया था। गाजीपुर जनपद से 22 उत्कृष्ट शिक्षकों ने समारोह में प्रतिभाग किया था, जिसमें कम्पोजिट विद्यालय बरहपार नसरतपुर की शिक्षिका मीरा तिवारी भी रहीं।

### छात्राओं ने किया पौधरोपण



**गाजीपुर।** राष्ट्रीय सेवा योजना के सातवें दिन कृष्ण सुदामा पीजी कॉलेज मरदापुर सादात में छात्राओं द्वारा वृक्षारोपण का कार्यक्रम में भाग लिया गया। महाविद्यालय के प्रांगण में गुरूवार को छात्राओं ने साफ सफाई और पौध रोपण का कार्य किया। जिसमें मुख्य रूप से छात्रा चांदनी, डिंपल, शीतल, साधना ,मनीषा, अमृता, सिंपल, कामिनी, श्रुति, मीनाक्षी, श्वेता, अर्चना, कुमकुम, अपर्णा, जानवी, रुचि, मीनाक्षी आदि शामिल रही। इस अवसर पर प्राचार्य डा.जयराम यादव, कार्यक्रम अधिकारी डा. अनिल कुमार राय, मोहम्मद अकरम, हरिशंकर मिश्रा, संतोष भारती, छोटेलाल, सुशीला यादव, श्वेता पांडेय रहें।

### साधन सहकारी समिति चुनाव में निर्विरोध चुने गये

**भांवरकोल।** विकास खंड परिसर में साधन सहकारी समितियों के लिए सदस्य के लिए भरे नामांकन पत्र की जांच उपरांत साधन सहकारी समिति सुनाडी में 6 ,शेरपुर 6 ,अमरपुर में 7, मुड़ेरा में 9 ,चक अहमद में 8, सुख डेहरा मे6,रानीपुर मे7,मनिया मे8,बदौली 8 मुर्तजीपुर में 8 संचालक के रुप में निर्विरोध चुने गये। वहीं 18 मार्च को होने वाले संचालक पद चुनाव में सुख देहरा समिति पर 3 वार्डों में तथा शेरपुर समिति में 3 वार्डों एवं रानीपुर समिति में 2 वार्ड पर संचालकों के लिए को डाले जाएंगे। वही समितियों में रिक्त संचालक पद समिति सोनाडी में 3 एवं अमरपुर में दो मुंडेरा एक चक अहमद में एक मनिया में एक बदौली में एक मुर्तजीपुर में एक पद रिक्त बताए गए हैं। इसकी जानकारी एडीसीओ राधेश्याम सिंह द्वारा दी गई है।

### कोतवाली पुलिस ने चार चोरों को पकड़ा

**गाजीपुर।** कोतवाली पुलिस ने गुरूवार को मुखबिर की सूचना पर चार अभियुक्त को चोरी के दो मोबाइल,एक मोटर साइकिल, एक पेन ड्राइव के साथ गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक तेज बहादुर सिंह मय हमराह द्वारा थाना कोतवाली को मुखबिर से सूचना मिली कि चोरी के सामान के साथ चार आरोपी भागने के फिराक में है। सूचना पर पुलिस ने दीपक बिन्द उर्फ गोपी पुत्र विजय बिन्द उम्र करीब 19 वर्ष, सूरज बिन्द पुत्र मोती बिन्द उम्र करीब 20 वर्ष, सूरज उर्फ नीरज बिन्द पुत्र देवनाथ बिन्द उम्र करीब 18 वर्ष,चन्दन बिन्द पुत्र राम बिलास बिन्द उम्र करीब 21 वर्ष निवासीगण ग्राम मिरनपुर सक्का थाना कोतवाली जनपद को मीरनपुर हाईवे मोड़ तिराहा से गिरफ्तार किया।

### अधिशासी अधिकारी को सौंपा पत्रक

**दिलदारनगर।** बिजली विभाग कर्मचारियों द्वारा हड़ताल में पानी आपूर्ति सुनिश्चित कराने के लिए सीताराम गुप्ता के नेतृत्व में अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत दिलदारनगर को मांग पत्र सौंपा है। विद्युत विभाग कर्मचारियों द्वारा 72 घंटे के हड़ताल के एलान को ध्यान में रखते हुए जनरेटर सेट की उपलब्धता सुनिश्चित करके नगर पंचायत दिलदारनगर की सम्मानित जनता को पानी आपूर्ति सुनिश्चित करने के संबंध में पत्रक देकर पानी आपूर्ति सुनिश्चित करने पर कारवाई सुनिश्चित करने की मांग किया है जिससे नगर की जनता को पानी आपूर्ति सुनिश्चित हो सके।

### दो शातिर चोर धराए

**गाजीपुर।** जंगीपुर थाना पुलिस ने दो शातिर चोर को दबोच लिया है। आरोपियों के पास से तमंचा कारतूस और 12 धान भरी बोरी, एक इन्वर्टर तथा स्टेबलाइजर बरामद किया है। जंगीपुर थानाध्यक्ष अशोक मिश्र ने मुखबिर की सुचना पर झून्नू बिन्द पुत्र बुद्धू बिन्द व लालकिशोर उर्फ सालू बिन्द पुत्र लोकू बिन्द जयन्तीदासपुर नवापुरा को लावा मोड जंगीपुर से गिरफ्तार किया। जिनके कब्जे से दो देशी तमंचा व दो जिन्दा कारतूस बरामद किया। अभियुक्त की निशानदेही पर चोरी गये 12 धान से भरी बोरी को भी बरामद किया।

### साप्ताहिक बंदी का नहीं हो रहा पालन

**मुहम्मदाबाद।** नगर में साप्ताहिक बंदी का असर नहीं दिखाई दे रहा है। नगर में गुरुवार का दिन साप्ताहिक बंदी के लिए निर्धारित है। पूर्व में अधिकारियों के आकस्मिक भ्रमण के चलते नगर में स्थित सभी दुकानें साप्ताहिक बंदी के दिन बंद ही रहने लगी थीं। कभी कभार अधिकारियों का भ्रमण होता है तो दुकानें बंद हो जाती हैं लेकिन नियमित भ्रमण न होने से दुकानदार अपनी अपनी दुकानें खोलने लगते हैं।

### बिजली चोरी पर अंकुश लगाना होगी चुनौती

**गाजीपुर।** बिजली विभाग के मुताबिक शहर में 28 प्रतिशत व देहात में 60 प्रतिशत बिजली चोरी हो रही है। बंच लाइने डालने के दौरान अफसरों को अधिक बिजली चोरी पर अंकुश लगाना चुनौती होगा। अफसरों का दावा है कि खुले तार हटने से बिजली चोरी का आंकड़ा घटकर नौ प्रतिशत से कम रह जाएगा।


### रामनरायण राय का निधन

**भांवरकोल।** गोड़उर गांव निवासी रामनरायण राय का 70 वर्ष की आयु में बुधवार की रात्रि में आकस्मिक निधन हो गया। वे स्व. विधायक कृष्णानंद राय के तीन भाईयों में दूसरे नंबर पर थे। इलाज के दौरान वाराणसी रेफर कर दिया। जहां वाराणसी जाते समय रास्ते में ही उनकी मौत हो गई।

## जनसंपादकीय

# सर्जनात्मक जिद के महारथी कांशीराम

**अरविंद जयतिलक**



सैकड़ों साल बाद भारतीय समाज का स्वरुप, चरित्र एवं चिंतन की व्याख्या का दायरा और उसके मूल्यों को मापने व परखने का मापदण्ड क्या होगा उसकी भविष्यवाणी आज संभव नहीं है। इसलिए कि राजाराम मोहनराय, ईश्वरचंद विद्यासागर, स्वामी दयानंद सरस्वती, विवेकानंद, गांधी, लोहिया और अंबेडकर जैसे समाज सुधारकों-मनीषियों के सामाजिक अवदानों एवं नैतिक आदर्शों का मूल्यांकन भी उनके जाने के बाद ही हुआ। समाज की इस विचित्र अवधारणा का रहस्य और मनोविज्ञान क्या है यह समझना तो कठिन है, पर जब भी असमानता और अन्याय पर आधारित समाज के खिलाफ तनकर खड़े होने वाले शिल्पकारों का इतिहासपरक मूल्यांकन होगा उस परिधि में कांशीराम सहज रुप से दिखेंगे। उनका संघर्ष सदैव समतामूलक समाज के निर्माण, राष्ट्रीय एकता, अखण्डता और समानता की दिशा में काम करने के रुप में याद किया जाएगा। दबे-कुचले वंचितों, शोषितों एवं पीड़ितों के लिए उनका सामाजिक-राजनीतिक योगदान एवं सर्वजन की चेतना को मुखरित करने की उनकी कमाल की क्षमता नई पीढ़ी के लिए मिसाल होगी। कांशीराम को समझने के लिए वर्तमान समाज की बुनावट, उसकी स्वीकृतियां, विसंगतियां एवं धारणाओं को भी समझना होगा। इसलिए और भी कि उन्होंने समय की मुख्य धारा के विरुद्ध खड़ा होने और उसे बदलने के बदले में अपमानित और उत्पीड़ित करने वाली हर प्रवृत्तियों के ताप को सहा। उनके पास न तो विजेता की सैन्य शक्ति थी और न ही सत्ता का सिंहासन। एकमात्र विचारों का बल था जिसके बूते वह हाशिए पर खड़े लोगों को मुख्य धारा में लाने के लिए सतत प्रयास किया। हर समाज की भेदभावपरक व्यवस्था ही व्यक्ति के विचारों को तार्किक आयाम और जोखिम उठाने की ताकत देती है, और मुठभेड़ का माद्दा भी। जातिभेद और वर्णभेद से उत्पन जिस हलाहल को अंबेडकर ने पीया उसकी पीड़ा को कई दशकों बाद कांषीराम ने भी जीया। लिहाजा उन्होंने समाज के गुणसूत्र को बदलने की ठान ली। उन्होंने सामाजिक गैर-बराबरी को समाप्त करने लिए परंपरागत मूल्यों और मान्यताओं को हथियार बनाने के बजाए उसे ही निशाने पर रख लिया। पुरातनपंथी धारणाओं पर तीव्रता से हमला बोला और व्यवस्था की सामंती ढांचे को उखाड़ फेकने के लिए राजनीति को हथियार बनाया। पुणे में एक्सप्लोसिव रिसर्च एंड डवलपमेंट लेबोरेटरी में नौकरी के दौरान बिना कारण बताए जब विभाग ने अंबेडकर और बुद्ध जयंती की दो छुट्टियों को निरस्त कर दिया और उसके बदले में तिलक जयंती और दीपावली की छुट्टियां बढ़ायी तो वे बेचैन हो उठे। इसका सीधा प्रतिकार करना अपना नैसर्गिक कर्तव्य समझा। न्यायालय का शरण लिया और निरस्त छुट्टियों को बहाल कराया। लेकिन वे इससे संतुष्ट नहीं हुए। उनका मकसद इस क्षणिक कामयाबी को स्थायी बनाना था। इसके लिए उन्होंने सर्जनात्मक जिद् का सहारा लिया और इस निष्कर्ष पर पहुंचे कि जब तक भारतीय समाज में जाति व्यवस्था, आर्थिक असमानता और वर्ग विभेद बना रहेगा तब तक समाज के अंतिम पांत के अंतिम व्यक्ति को न्याय और अधिकार नहीं मिल सकता। समतामूलक समाज के निर्माण का हथियार क्या हो इसे लेकर जरुर उनके मन में द्वंद्व था। लेकिन वह उसमें उलझे नहीं। डा. अंबेडकर के सामाजिक-राजनीतिक दर्शन को ही अपना हथियार बनाया। 1965 में उन्होंने नौकरी से त्यागपत्र दे दी और उपेक्षित लोगों को न्याय और अधिकार दिलाने के लिए महाराष्ट्र की रिपब्लिकन पार्टी और अंबेडकर द्वारा स्थापित पीपुल्स एजूकेशन सोसायटी से जुड़ गए। लेकिन उन संस्थाओं में वर्चस्व के आंतरिक संघर्ष से उनका मन शीघ्र उचट गया। एकला चलने का निर्णय लिया। 1978 में वामसेफ का गठन कर लाखों लोगों को अपने साथ जोड़ा। वंचितों को एकजुट होने का संदेश दिया। हक हासिल करने के लिए उठ खड़े होने की हिम्मत बंधायी। उनकी मुखर आवाज को मंच देने के लिए 1981 में डीएसफोर का गठन किया। इस संगठन के बैनर तले उन्होंने कन्याकुमारी से लेकर दिल्ली तक यात्रा की। देश को समझने व समझाने की कोशिश की। जन-जन तक अपने विचार पहुंचाए और लोगों के विचार जाने भी। 100 दिन की इस यात्रा ने उन्हें वंचितों के करीब ला दिया। शीघ्र ही मसीहा और मिथक बन गए। लोगों के अपार समर्थन से उत्साहित होकर 14 अप्रैल, 1984 को बहुजन समाज पार्टी (बीएसपी) की नींव डाली। इस राजनीतिक विकल्प ने देश के जमे-जमाए राजनीतिक दलों को चुनौती देना शुरू कर दिया और समाज की खदबदाहट बढ़ गयी। उनके नेतृत्व में 1984 के लोकसभा चुनाव में बीएसपी ने 10 लाख से अधिक मत हासिल किया। लेकिन कांशीराम का मकसद सिर्फ सत्ता तक पहुंचना नहीं था। बल्कि उसे माध्यम बनाकर वंचितों को हक दिलाना उनकी प्राथमिकता में शुमार था। वंचितों को सत्ता तक पहुंचाने और उनके स्वाभिमान को समाज में स्थापित करने के लिए राजनीति की प्रयोगशाला में तरह-तरह के प्रयोग भी किए। कभी समाजवादी पार्टी के साथ गठजोड़ कर सत्ता का संधान किया तो कभी धुर दक्षिणपंथी भारतीय जनता पार्टी के साथ सत्ता का बंटवारा भी। 1996 के विधानसभा चुनाव में जब बसपा 67 सीटें हासिल की और त्रिशंकु विधानसभा की स्थिति बनी तब उन्होंने भाजपा के साथ छह-छह महीने की सरकार चलाने का निर्णय लिया। इस अभिनव प्रयोग की खूब आलोचना हुई। लेकिन वे इससे विचलित नहीं हुए। वे अच्छी तरह समझते थे कि सत्ता के बगैर वंचितों को हक दिलाना संभव नहीं है। इसलिए उन्होंने अपने निर्गुण राजनीतिक विचार को सगुण रुप देने के लिए साधन की पवित्रता को खूंटी पर टांग दिया। उनका राजनीतिक चिंतन व सामाजिक दर्शन स्पष्ट था। इसीलिए उन्होंने सत्ता के लिए वर्णवादी पार्टियों से गठजोड़ करने में भी हिचक नहीं दिखायी। दरसअल वे अच्छी तरह जानते थे कि राजनैतिक सत्ता अधिकार हासिल करने के लिए वर्णवादी दलों की अनदेखी नहीं की जा सकती। उनका मकसद दलित आंदोलन को व्यापक आधार देना था न कि दलित समाज को शेष समाज से अलग-थलग करना। इस मिशन में वे काफी हद तक सफल रहे। आज कोई भी राजनीतिक दल वंचितों की उपेक्षा का साहस नहीं दिखा सकता। लेकिन उनके प्रति सच्ची श्रद्धा तब होगी जब उनके राजनीतिक विरासतदान उनके बताए रास्ते और मूल्यों पर ईमानदारी से आगे बढ़ेंगे। जब यह महसूस करेंगे कि उनका उद्देश्य सत्ता का भोग लगाना नहीं बल्कि समाज को बदलना और वंचितों को हक दिलाना है।

**( लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं)**

# 'इसेंसिएल्स ऑफ हिन्दुत्व' की प्रकाशन-शती

## समय- संदर्भ

**रविभूषण**



यह वर्ष (2023) विनायक दामोदर सावरकर (28.5.1883-26.02.1966) की पुस्तिका 'इसेंसिएल्स ऑफ हिन्दुत्व' के प्रकाशन का शताब्दी वर्ष है। 1893 में जब सावरकर की उम्र मात्र दस वर्ष थी, आजमगढ़ और बम्बई में हुए हिन्दू-मुस्लिम दंगे की कई बातें नासिक के एक छोटे गाँव तक फैल चुकी थीं। उस समय उन्हें लगा था कि हिन्दुओं के साथ ज्यादती हो रही है। अपने कुछ सहपाठियों के साथ गाँव की मस्जिद तक उन्होंने एक जुलूस निकाला था और उस छात्र समूह ने कई पत्थर फेंके थे, कुछ मकानों की खिड़कियों के शीशे तोड़ डाले थे। इसके जवाब में तब मुस्लिम लड़कों के समूह ने भी प्रदर्शन किये थे। उन्नीसवीं शताब्दी के अंतिम दशक में बाल गंगाधर तिलक (23.7.1856-1.8.1920) के नेतृत्व में हिन्दू पुनरुत्थानवाद की फैली लहर से वे जुड़े हुए थे। इतालवी राजनेता, पत्रकार और इतालवी एकीकरण के प्रमुख कार्यकर्ता जोसेफ मैजिनी (22.6.1805-10.3.1872) ने 1831 में जिस 'यंग इटली' की स्थापना की थी, उससे प्रेरित होकर सावरकर और उनके बड़े भाई गणेश दामोदर सावरकर और नारायण दामोदर सावरकर ने 1904 में 'अभिनव भारत समिति' (यंग इंडिया सोसाइटी) की स्थापना की थी। 1899 में उन्होंने नासिक में एक गुप्त क्रांतिकारी समाज के 'मित्र मेला' का आरंभ किया था, जिसका नाम बदल कर पाँच वर्ष बाद उन्होंने झ 'अभिनव भारत' रखा। यह एक भूमिगत सोसाइटी थी, जो 1952 में भंग कर दी गयी।

सावरकर के जीवनी - लेखक धनंजय कीर (23.4.1913-12.5.1984 ) ने लिखा है कि सावरकर कार्ल मार्क्स (5.5.1818-14.3.1883) की मृत्यु के 75 दिन बाद और मुसोलिनी (29.7.1883-28.4.1945) के जन्म के 62 दिन पहले जन्मे थे, पर इन दोनों से किसी भी अर्थ में वे कम नहीं थे। सावरकर की पहली कृति झ 'इंडियन वार ऑफ इंडिपेंडेंस' 1857 की 50वीं वर्षगांठ पर लिखी गयी थी। जो 1909 में अंग्रेजी में हॉलैंड से प्रकाशित हुई थी। पुस्तक में लेखक का नाम : 'एन इंडियन नैशनिस्ट' था। भारत में इसका जन संस्करण 1947 में आया। सावरकर की तुलना या उनके नाम के साथ किसी भी अर्थ में मार्क्स का नामोल्लेख अनुचित है। मार्क्स का महत्व विश्वव्यापी है। जबकि सावरकर भारत के हिन्दुओं के एक विशेष समूह के लिए ही महत्वपूर्ण हैं। उनकी सबसे बड़ी देन हिन्दू राष्ट्रवाद का संहिताकरण (कोडीफिकेशन) है। हिंसा में उनका सदैव विश्वास रहा है। मदन लाल धींगरा (18.9.1883 - 17.8.1909), उनसे प्रेरित थे, जिन्होंने कर्जन वायली (5.10.1848 - 1.7.1909) की हत्या 1 जुलाई 1909 को की थी। इस हत्या के बचाव का ड्राफ्ट सावरकर ने तैयार किया था। 'इंडियन वार ऑफ इंडिपेंडेंस' में कइयों ने उनके भविष्य - मार्ग के संकेत देखे हैं क्योंकि वहाँ हिन्दू और मराठा पर अधिक ध्यान दिया गया है और एकीकृत, सम्मिश्रित भारत राष्ट्र के अतीत, वर्तमान और भविष्य पर कम विचार है।

सावरकर के जीवन के मुख्यतः तीन चरण हैं। आरंभिक चरण में उनमें क्रान्तिकारी राष्ट्रवाद और हिन्दू राष्ट्रवाद के बीच जो संतुलन दिखाई देता है, वह दूसरे चरण में समाप्त हो गया है। आजीवन कारावास के समय उनमें वैचारिक परिवर्तन आया। उनके लिए अब राष्ट्रीय स्वाधीनता आन्दोलन अधिक महत्वपूर्ण नहीं रहा। उनकी इच्छा गांधी, नेहरू और तिलक के नायकत्व के संग न रहकर इन सबसे सर्वथा भिन्न इतिहास में हिन्दुओं के संगठनकर्ता के रूप में याद किये जाने की थी। उनकी विश्व-दृष्टि हिन्दुत्व दृष्टि है। पहले चरण में हिन्दू राष्ट्रवाद का उनका विचार निर्माण-प्रक्रिया में था। दूसरे चरण का आरंभ 1911 से माना जाता है, जब वे सेल्युलर जेल में थे। यह चरण 26 वर्ष का है झ 1911 से 1937 तक। पहले चरण में उन्होंने 'इंडियन वार ऑफ इंडिपेंडेंस' लिखा था। दूसरे चरण में 'इसेंसिएल्स ऑफ हिन्दुत्व' की रचना की गयी। दूसरे चरण के पहले एक दशक में सावरकर अंडमान द्वीप में थे, उसके बाद यरवदा जेल, पुणे और रत्नगिरी में। रत्नगिरी जेल में उन्होंने 'इसेंसिएल्स ऑफ हिन्दुत्व' की रचना की। उस समय कैदियों को कुछ भी प्रकाशित करने की अनुमति नहीं थी, इसलिए इस पुस्तिका का प्रकाशन एक छद्म नाम 'मराठा' ('महरत्ता') से हुआ। अपने प्रकाशन के तुरंत बाद यह हिन्दुत्व और हिन्दू राष्ट्रवाद की एक नियमावली (मैनुअल) बन गया। तिलक सहित, 'हिन्दू' शब्द की लगभ?ग पचास परिभाषाओं ने इस शब्द- विशेष (हिन्दू) के प्रति जो एक 'उलझन' पैदा कर रखी थी, उसे सावरकर ने पूर्व परिभाषाओं से सर्वथा भिन्न एक नयी परिभाषा प्रस्तुत कर इसे समाप्त कर दिया। उन्होंने सभी भारतीय धर्मों को 'हिन्दुत्व' में शामिल कर 'हिन्दू राष्ट्र' का अपना दृष्टिकोण 'अखण्ड भारत' के रूप में प्रस्तुत किया।

'हिन्दुत्व' का पहला प्रयोग एक कट्टर हिन्दू, बंगाल में आर्थिक एवं भारतीय राष्ट्रवाद के अगुआ चन्द्रनाथ बसु (31.8.1844 - 20.6.1910) ने 1892 में किया था। उनके 'हिन्दुत्व' और सावरकर के 'हिन्दुत्व' में कोई साम्य नहीं है। सावरकर का 'इसेंसिएल्स ऑफ हिन्दुत्व' एक वैचारिक पुरालेख है। उन्होंने 'हिन्दुत्व' को नये सिरे से परिभाषित किया। उसकी एक वैचारिकी और सैद्धांतिकी प्रस्तुत की। इस विचारधारा को जन्म देने और उसे स्थापित करने में उनकी सर्वप्रमुख भूमिका रही है। वे भारतीय जनसंघ और राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सदस्य नहीं थे, पर इन दोनों के लिए वे सदैव पथ-प्रदर्शक रहे। हेडगेवार (1.4.1889-21.6.1940) और गोलवलकर (गुरुजी, 19.2.1906-5.6.1973) से भी अधिक सावरकर से जुड़े कई लोग उनके 'हिन्दुत्व' से प्रभावित हैं। सावरकर के लिए केवल 'नागरिक' होने का महत्व नहीं है। उनके लिए राष्ट्रीयता और नागरिकता धार्मिक पहचान पर आधारित है। नीलांजन मुखोपाध्याय ने अपनी पुस्तक ₹द आरएसएस आइकंस ऑफ द इंडियन राइट' में हेडगेवार के बाद उन्हें दूसरे नम्बर पर रखा है।

सावरकर ब्रिटिश साम्राज्य के इतिहास में अकेले ऐसे व्यक्ति हैं, जिन्हें दो बार (24.1.1910 और 31.1.2011) जीवन भर के लिए कालापानी की सजा दी गयी। 2 मई 1921 को वे रत्नगिरी जेल लाये गये। वहीं उन्होंने 'इसेंसिएल्स ऑफ हिन्दुत्व' (1923) लिखा, जिसका 1928 में पुनर्मुद्रण 'हिन्दुत्व : हू इज हिन्दू' शीर्षक से हुआ। कुछ के अनुसार अंडमान में रहते हुए ही उन्होने इसे लिखना आरंभ किया था। 1921-22 के बीच किसी समय यह ऐतिहासिक पुस्तिका लिखी गयी। यह पुस्तिका 31 छोटे-छोटे अध्यायों (या शीर्षकों) में लिखी गयी है, जो इस प्रकार है - व्हाट इज ए नेम, हिन्दुत्व इज डिफरेंट फ्राम हिन्दुइज्म, व्हाट इज हिन्दू, नेम ओल्डर स्टिल्स हिन्दूज, ए नेशन, अदर नेम्स, हाऊ नेम्स आर गिवेन, इंटरनेशन लाइफ, फॉल ऑफ बुद्धिज्म, बुद्धिज्म ए यूनिवर्सल रिलीजन, देन केम रिएक्शन, इंस्टीट्यूशंस इन फेवर ऑफ नेशनलिटी, कोमिंगली ऑफ रेसेज, बैक टू द वेदाज, सिन्धुस्थान, व्हाट इज आर्य, हिन्दू एण्ड हिन्दुस्थान, रेवेरेन्स टू बुद्धा, हिन्दुज : आल वन एण्ड ए नैशन, हिन्दुस्थानी लैंग्वेज, फॉरेन इनवैडर्स, हिन्दुत्व एट वर्क, स्टुपिड नोशंस मस्ट गो, इसेंसिएल्स इम्पलीकेशंस ऑफ हिन्दुत्व, बौंड ऑफ कॉमन ब्लड, कॉमन कल्चर, व्हाट इज सिविलाइजेशन, कॉमन लॉज एण्ड राइट्स, हू इज ए हिन्दू, हिन्दुज इन सिंध, यूनिक नेचुरल ब्लेसिंग्स टू हिन्दुस्थान। यह संभव नहीं है कि एक संक्षिप्त आलेख में विस्तारपूर्वक सावरकर के इन सभी विचारों की समीक्षा की जाय या उन पर विचार किया जाय। सावरकर पर दो भागों में लिखित पुस्तक (सावरकर : इकोज, फ्रॉम ए फॉरगॉटेन पास्ट', 1883-1924, 2019 और 'सावरकर : ए कंटेस्टेड लीगेसी' 1924- 1966, 2021 के लेखक विक्रम सम्पत के अनुसार सावरकर ने 'इसेंसिएल्स ऑफ हिन्दुत्व' की रचना खिलाफत के अखिल इस्लामवादी आन्दोलन के जवाब में की। सावरकर ने इस पुस्तिका में हिन्दुत्व को 'एक सांस्कृतिक और आवश्यक पहचान-चिन्ह' के रूप में वर्णित किया है। सावरकर ने 'हिन्दुत्व' का वैचारिक दर्शन, दिया और आरएसएस ने उसे व्यापकता प्रदान की, उसे लोकप्रिय बनाया। इस पुस्तिका की शताब्दी के मात्र दो वर्ष बाद 2025 में आरएसएस अपनी जन्मशती मनाएगा।

सावरकर ने गाँधीवाद और खिलाफत को 'आफत' कहा है। सच्चाई यह है कि हिन्दुत्व की अवधारणा और उसका प्रचार-प्रसार भारत के लिए 'आफत' है। गांधी और सावरकर के विचार एक दूसरे के विपरीत हैं। दोनों दो ध्रुवों पर स्थित हैं। गाँधी का अहिंसा में विश्वास था और सावरकर का हिंसा में। गांधी ने 8 अगस्त 1942 को अपने ऐतिहासिक भाषण में यह कहा था - ''कांग्रेस ऐसी लड़ाई में शामिल नहीं हो सकती, जिसमें भाई भाई को मारे। हो सकता है डॉ. मुंजे और श्री सावरकर की तरह तलवार के सिद्धान्त को मानने वाले हिन्दू मुसलमानों को अपने अधीन रखना चाहे। मैं उस वर्ग का प्रतिनिधित्व नहीं करता। मैं कांग्रेस का प्रतिनिधित्व करता हूँ।'' सावरकर के 'इसेंसिएल्स ऑफ हिन्दुत्व' को केसरिया के अंतर्गत 'हिन्दू ब्रदरहुड' और 'घृणा की नियमावली' कहा गया है। कइयों ने इसमें नाजिज्म देखा है और इसे नाजिज्म का 'अशुभ, अहितकर तजुर्मा' कहा है। सावरकर का विश्वास 'हिन्दू राष्ट्रवाद' में है। आज जो हिन्दू राष्ट्र के विरोधी हैं, उन्हें 'इसेंसिएलस ऑफ हिन्दुत्व' पर विचार करना चाहिए। यह पुस्तिका हिन्दुत्व की सैद्धांतिकी और वैचारिकी की आधारशिला है। यह 'हिन्दुत्व' का राजनीतिक एकीकरण है। पहली बार सावरकर ने इस पुस्तिका में 'पितृभूमि' एवं 'पवित्र भूमि' का विचार सामने रखा। सावरकर के लिए 'हिन्दुत्व' 'एक सजातीय, सांस्कृतिक तथा राजनीतिक पहचान' है। पुस्तिका के दूसरे अध्याय में उन्होंने 'हिन्दुत्व' को 'हिन्दुइज्म' से अलग माना है। उनके अनुसार जैन, बौद्ध, सिख, सब का रक्त हिन्दू रक्त है। सावरकर की परिभाषा में 'हिन्दुत्व' की तीन अनिवार्यताएँ हैं -राष्ट्र, जाति और संस्कृति। सावरकर के 'हिन्दुत्व' की अवधारणा भारत के खिलाफ है। यह अवधारणा भारत की आत्मा पर प्रहार करती है। उनके अनुसार हिन्दू भारत के देशभक्त वासी हैं, जो भारत को अपनी पितृभूमि एवं मातृभूमि मानते हैं झ ₹आ सिन्धु सिंधु पर्यन्ता यस्य भारत भूमिकाः/पितृभू पुण्यभू श्चैव स वै हिन्दु रिति स्मृतः₹ अर्थात प्रत्येक व्यक्ति जो सिन्धु से समुद्र तक फैली भारत भूमि को साधिकार अपनी पितृभूमि एवं पुण्यभूमि मानता है, वह हिन्दू है।'' सुप्रीम कोर्ट ने 'हिन्दुत्व' को एक जीवन-पद्धति कहा है। 'हिन्दुत्व' का 'कंसेप्ट' 'हिन्दू' के विरुद्ध है। इस अवधारणा ने एक भूचाल की स्थिति ला दी है। इस अवधारणा से ही 'हिन्दू राष्ट्र' जुड़ा है। इस अवधारणा में मुसलमानों और ईसाइयों के प्रति द्वेष के बीज हैं, जो गोलवलकर के यहाँ वृक्ष बनते हैं। हिन्दुत्व का संबंध हिंसा से है। पिछले वर्ष 2022 में विनायक चतुर्वेदी की पुस्तक प्रकाशित हुई है- ₹हिन्दुत्व एण्ड वायलेंस : वी. डी. सावरकर एण्ड द इसेंसिएल्स ऑफ हिस्ट्री₹ आज सावरकर की पुस्तिका के प्रकाशन- शती-वर्ष में कहीं अधिक विस्तारपूर्वक 'हिन्दुत्व' की अनिवार्यता पर विचार किया जाना चाहिए।

**(लेखक वरिष्ठ आलोचक एवं सामाजिक, राजनीतिक चिंतक हैं, संपर्क 94311 03960)**

# हिंदुत्व का एजेंडा आखिर कितना सहिष्णु

## चिंतन

**कँवल भारती**



इसी 27 फरवरी को सुप्रीम कोर्ट ने एक जनहित याचिका पर विचार करते हुए दो टिप्पणियां कीं : एक यह कि हिंदुत्व या हिंदूधर्म एक जीवन पद्धति है, और इस कारण हिंदुओं ने सभी धर्मों को आत्मसात किया है। और, दूसरी यह कि भारत को अतीत का बंदी नहीं बनाया जा सकता। यह टिप्पणी जस्टिस के. एम. जोसफ और जस्टिस बी. वी. नागरत्ना की खंडपीठ ने अश्विनी उपाध्याय की एक जनहित याचिका को खारिज करते हुए की है, जिसमें विदेशी आक्रांताओं की ओर से बदले गए प्राचीन, ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और धार्मिक स्थानों के मूल नामों का पता लगाने और दुबारा वही नाम रखने के लिए ह्यनामकरण आयोगह्ल बनाने की मांग की गई थी। लेकिन न्यायमूर्तियों द्वारा इसमें हिंदुत्व को भी परिभाषित कर दिया गया, जो याचिका का हिस्सा नहीं था। न्यायमूर्ति नागरत्ना ने यहाँ तक कहा कि हिंदुत्व में किसी तरह की कट्टरता नहीं है। इस टिप्पणी पर कुछ सवाल जहन में उभरते हैं, जो हिंदू विमर्श में भले ही मायने नहीं रखते, पर दलित विमर्श में न सिर्फ बहुत अहम हैं, बल्कि गौरतलब भी हैं। हिंदुत्व पर सुप्रीम कोर्ट द्वारा की गई यह पहली टिप्पणी नहीं है, बल्कि पूर्व में भी वह ऐसी टिप्पणी कर चुका है। संभवतः पहली बार 1966 में शास्त्री यज्ञपुरुष दासजी बनाम मूलदास भूरदास वैश्य मामले में तत्कालीन चीफ जस्टिस राजेन्द्र गड़कर द्वारा यह निर्णय दिया गया था कि ह्यहिंदुत्व एक जीवन पद्धति हैह्ल दूसरी बार 1995 में डा. आर. वाई. प्रभु बनाम पी. के. कुंडे मामले में निर्णय देते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि ह्यहिंदुत्व एक जीवन पद्धति है, जिसमें सभी को ग्रहण करने की क्षमता और सहिष्णुता हैह्ल यह निर्णय न्यायमूर्तियों द्वारा डा. राधाकृष्णन की 'हिंदू फिलोसोफी' और तिलक की 'गीता-रहस्य' किताबों के आधार पर दिया गया था। हिंदुत्व पर सुप्रीम कोर्ट की मुहर लगने के बाद अब यही परिभाषा आरएसएस और भाजपा द्वारा प्रचारित की जाती है। इसी आधार पर आरएसएस बकायदा 'हिंदुत्व : एक दृष्टि और जीवन पद्धति' नाम से पुस्तिका जारी कर चुका है।

सवाल यह है कि यह किस आधार पर निष्कर्ष निकाला गया कि हिंदूधर्म में सबको ग्रहण करने की क्षमता और सहिष्णुता है? जो ब्राह्मण हिंदुत्व का निमार्ता और नियामक है, उसकी लिखी किताबों के आधार पर हिंदुत्व का निष्पक्ष विश्लेषण कैसे किया जा सकता है? जिस वर्णव्यवस्था को डा. राधाकृष्णन और तिलक दोनों ने माना हो, उनकी किताबों के आधार पर इस नतीजे पर कैसे पहुंचा जा सकता है कि हिन्दू धर्म एक सहिष्णु धर्म है? क्या न्यायमूर्तियों ने वर्णव्यवस्था से पीड़ित लोगों के दृष्टिकोण से हिंदुत्व को समझने की कोशिश की? क्या डा. आंबेडकर को पढ़ा? क्या जोतिबा फुले की गुलामगिरी पढ़ी? अगर अगर हिंदुत्व पर कोई बहस केवल ब्राह्मणों को पढ़कर ही पूरी हो सकती है, तो ऐसा सोचना ही गलत होगा, क्योंकि प्रतिपक्ष को सुने या पढ़े बगैर न्याय नहीं किया जा सकता।

हिंदुत्व की जीवन पद्धति को समझने के लिए एक सवाल लेते हैं। यह कथन किसका है कि भारत की आत्मा गांवों में बसती है? संभवतः यह गाँधी ने कहा था, परन्तु इसकी वकालत भारत के सारे ब्राह्मण और द्विज करते हैं, यहाँ तक कि वामपंथी भी इस कथन में विश्वास करते हैं। पर सवाल यह है कि ब्राह्मण और द्विज ऐसा क्यों मानते हैं कि भारत की आत्मा गांवों में बसती है? अगर भारत की आत्मा गांवों में बसती है, तो शहरों में किसकी आत्मा बसती है? क्या शहरों में भारत नहीं बसता है? इसका उत्तर यही है कि जिसे वे भारत की आत्मा कहते हैं, वह हिंदुत्व की वर्णव्यवस्था है, जो गांवों में बसती है। गांवों की बनावट और बसावट दोनों वर्णव्यवस्था के हिसाब से हुई है। इस वर्णव्यवस्था को हिंदू गांवों में 'हिंदू समाज व्यवस्था' कहा जाता है, जिसके तहत दलितों को दक्षिण दिशा में गांव-बाहर बसाया गया था। इसीलिए उन्हें अन्त्यज और उनकी बसती को दक्खिन टोला भी कहा जाता है। इस दक्खिन टोले में उनके लिए एक कोड बनाया गया था, जिसमें यह तय किया गया था कि दलितों को क्या पहनना है, क्या नहीं पहनना है; क्या खाना है, और क्या नहीं खाना है; किस तरह के नाम रखने हैं, और किस तरह के नाम नहीं रखने हैं; कौन से काम करने हैं और कौन से काम नहीं करने हैं; घर पर छत नहीं डालनी है, दरवाजे नीचे रखने हैं, बच्चों को नहीं पढ़ाना है, बारात में घुड़चढ़ी नहीं करना है; और कभी भी बेगार करने से मना नहीं करना है। इस कोड के उल्लंघन पर उनके लिए कठोर दंड की व्यवस्था थी। कुछ ग्रामीण अंचलों में यह आज भी मौजूद हो सकता है। क्या इससे यह नहीं समझ में आता कि सवर्ण हिंदू अपने गांवों को आदर्श क्यों कहते हैं? और डा. आंबेडकर हिंदू गांवों को वर्णव्यवस्था का वर्किंग प्लांट और दलितों के लिए नर्क क्यों कहते थे? इस नजरिए से हिंदुत्व पर विचार क्यों नहीं किया गया? हिंदुत्व में सहिष्णुता देखने वालों ने हिंदुत्व से पीड़ित दलितों को क्यों नहीं देखा? संभव है ब्राह्मणों की जिन किताबों को उन्होंने पढ़ा हो, उनमें दलितों को हिंदू न माना गया हो, पर अतीत में हिंदुत्व द्वारा चावार्कों, आजीवकों, और बौद्धों का किया गया नरसंहार तो उन्हें इतिहास में मिलना चाहिए था। वह क्यों नहीं मिला? चलो, अतीत को कुरेदना ठीक न लगा हो, पर वर्तमान में ईसाईयों और मुसलमानों का किया गया कत्लेआम तो उन्हें नजरंदाज नहीं करना चाहिए था। कैसे कह दिया गया कि हिंदुत्व में किसी तरह की कट्टरता नहीं है, और उसमें सहिष्णुता है।

केवल हिंदुत्व ही जीवन पद्धति नहीं है, बल्कि ईसाई और इस्लाम धर्म भी उसी तरह की जीवन पद्धति हैं, जिस तरह हिंदुत्व है। हर धर्म की अपनी एक जीवन-शैली है। इस्लाम में यह जीवन शैली उसकी 'शरीयत' है, तो वर्णव्यवस्था हिंदुओं की जीवन शैली है। हिंदू समाज में जाति और वर्ण ही जीवन शैली निर्धारित करते हैं। जब तक किसी ब्राह्मण या द्विज को यह न पता चल जाए कि उसके पड़ोस में रहने वाले व्यक्ति की जाति क्या है, तब तक वह लगातार बेचैन रहता है, और जिस दिन उसे पड़ोसी की जाति का पता चल जाता है, उसी दिन से उसकी जीवन-शैली उसकी जाति के अनुरूप शुरू हो जाती है। वह उसकी जाति के अनुसार ही पड़ोसी के साथ अपना व्यवहार जारी रखता है। यही हिंदुत्व की जीवन शैली या पद्धति है। यह हिंदुत्व अगर किसी के हित में सोचता है, तो केवल द्विजों के हित में सोचता है, अन्य किसी जाति या समुदाय का हित उसके दिमाग में आता ही नहीं, और शूद्र तो खैर उसके विकास के एजेंडे से ही बाहर हैं। इस जीवन शैली का मुख्य आधार जाति है। इसका डा. आंबेडकर ने अपनी पुस्तक 'हिंदुत्व का दर्शन' में विस्तार से वर्णन किया है। उनके शब्दों में हिंदुत्व समानता में विश्वास नहीं करता, स्वतंत्रता में विश्वास नहीं करता और भ्रातृत्व में विश्वास नहीं करता, क्योंकि वह वर्णव्यवस्था में विश्वास करता है। यही है हिंदुत्व की जीवन पद्धति या शैली।


आइए, थोड़ा विचार सुप्रीम कोर्ट की दूसरी टिप्पणी पर भी कर लिया जाए। इसमें जरा भी संदेह नहीं कि उसने अश्विनी उपाध्याय की देश में नफरत को आमन्त्रण देने वाली याचिका को खारिज करके लोकतंत्र और धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र की रक्षा करने का महत्वपूर्ण कार्य किया है। जजों की यह टिप्पणी स्वागत योग्य है कि 'भारत कानून के शासन, धर्मनिरपेक्षता और संविधान से बंधा हुआ है, जिसका अनुच्छेद 14 राष्ट्र के व्यवहार में समानता और निष्पक्षता की गारंटी देता है। हमारे संस्थापकों ने भारत को ऐसा गणराज्य माना है, जो केवल निर्वाचित राष्ट्रपति तक ही सीमित नहीं है, बल्कि इसमें सभी वर्गों के लोग शामिल हैं। यह एक लोकतंत्र है। और महत्वपूर्ण बात यह है कि देश को आगे बढ़ना चाहिए।'

लेकिन, सवाल यह है कि वर्तमान में जिस राजनीतिक पार्टी की सत्ता केन्द्र और अनेक राज्यों में है, क्या वह धर्मनिरपेक्षता और संविधान के अनुच्छेद 14 के अनुसार चलती है? वह अभी तक नहीं चली, तो आगे क्या चलेगी? जिस सरकार के राजनीतिक एजेंडे में हिंदुत्व और रामराज्य है, क्या वह उस एजेंडे का परित्याग करेगी? क्या उससे यह अपेक्षा और आशा की जा सकती है कि वह समाजवाद और धर्मनिरपेक्षता की ओर लौटेगी, जो भारतीय संविधान की प्रस्तावना में लोकतंत्र का मुख्य अंग है? इसी एक मार्च को उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार के मुख्यमंत्री ने विधानसभा में खुलेआम घोषणा की है कि वह प्रदेश को समाजवाद और धर्मनिरपेक्षता से नहीं, बल्कि रामराज्य से चलाएंगे। क्या इसका संज्ञान लिया गया? जिस पार्टी की राजनीति ही हिंदू-मुस्लिम-भेदभाव और साम्प्रदायिकता पर फलती-फूलती और परवान चढ़ती है, उससे यह उम्मीद नहीं की जा सकती कि वह प्राचीन मुस्लिम स्थलों और शहरों के नामों को बदलने की अपनी हिंदू-ध्रुवीकरण की नीति पर अमल करना छोड़ देगी, और भारत को अतीत का कैदी नहीं बनाएगी। हालाँकि भाजपा और आरएसएस के हिंदू यह अच्छी तरह जानते हैं कि इलाहाबाद को प्रयागराज और फैजाबाद को अयोध्या बनाने से एक बहुत ही अल्पसंख्यक वर्ग का ब्राह्मण-अहंकार ही संतुष्ट हुआ है, बहुसंख्यक जनता के बीच वे इलाहाबाद और फैजाबाद ही बने हुए हैं और बने रहेंगे। वे यह भी अच्छी तरह जानते हैं कि वे केवल मुट्ठीभर हिंदू द्विजों को खुश करने के लिए कुछ मुस्लिम या ईसाई नाम वाले शहरों के नाम भर बदल सकते हैं, उन शहरों के इतिहास बदलना उनके बस की बात नहीं है। मैं जिस जनपद में रहता हूँ, वहां मुस्लिम नवाबों के शासन का एक लंबा दौर रहा है। पर उन्होंने 'रामपुर' का नाम नहीं बदला, जबकि वे अधिकार-संपन्न थे, उसका नाम बदल सकते थे।

इजरायल में एक शहर का नाम 'रामल्ला' है। यह पहले फिलिस्तीन में था, पर 1967 में युद्ध के बाद से इस पर इजरायल का नियंत्रण है। इस शहर के नाम के शिलापट में अंग्रेजी में अल्लाह से पहले कैपिटल अक्षरों में आरएएम 'राम' लिखा हुआ है, और उर्दू में साफ-साफ 'रे अलिफ मीम' राम लिखा हुआ है। अगर यह शहर भारत में किसी भाजपा-शासित राज्य में होता, तो उसमें से कभी का 'अल्लाह' शब्द हटा दिया गया होता। किन्तु फिलिस्तीन और इजरायल किसी ने भी उसमें से 'राम' शब्द को हटाने की जुर्रत नहीं की, जबकि वे ऐसा कर सकते थे, और इसलिए कर सकते थे, क्योंकि वहाँ की आधी आबादी ईसाईयों और मुसलमानों की है।

**(लेखक दलित चिंतक और स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं, संपर्क 94128 71013)**

## विष्णु नागर की कविताएं



1.
लोग अक्सर पूछते हैं/ भेड़ियों का विकल्प क्या है
मैं उन्हें निराश नहीं करना चाहता
कहता हूँ,भेड़ियों का विकल्प भेड़िये ही हैं
देखो बिल्कुल सामने उपस्थित है- विकल्प।

2.
भेड़िये समूहों में आते हैं/ और आदमियों के समूहों में छिप
जाते हैं/ भेड़िये आगे बढ़ते हैं
भेड़िये दरवाजे खटखटाते हैं
जिन्हें नहीं मालूम कि भेड़िये ऐसा कर सकते हैं
दरवाजा खोलते हैं, बाहर आते हैं
लोग इस गलती को सांकल निकलवा कर ठीक करते हैं
भेड़िये दरवाजे तोड़कर आ जाते हैं
भेड़ियों को मजा शिकार करने में आता है
आत्मसमर्पण करनेवाले बच जाते हैं
लोग मंदिर बाद में जाते हैं/ पहले भेड़ियों की आरती उतारते हैं।

## व्यंग्य

# जूते का स्वाद



**डॉ. नीरज दइया**

एक दिन अकबर ने बीरबल से पूछा- 'बीरबल, दुनिया में सब से बेहतर स्वाद किसका होता है?' बीरबल सोच में पड़ गया। वह जब भी सोच में पड़ता, अकबर से अदब से कहता- ह्यजहांपनाह ! थोड़ा वक्त दीजिए।ह्ल इस बार भी उसने यही कहा, और उसे वक्त दे दिया गया। अब दिन-रात बीरबल को चिंता सताने लगी कि अगर किसी खाने-पीने या फल आदि का नाम लिया और बादशाह अकबर को वह पसंद नहीं आया तो क्या होगा? यहां तो उसकी हाजिर-जवाबी पर दाग लगने की नौबत आ पहुंची। वह यही सोच सोच कर परेशान रहने लगा- अगर उसकी और जहांपनाह की पसंद जुदा निकली तो क्या होगा! हो सकता है कि बूढ़े जहांपनाह बूढ़े होते बीरबल की अंतिम परीक्षा ले रहे हो और इसके बाद उसे सदा-सदा के लिए विदा कर दिया जाए। विदा क्या धक्के मार कर दरबार से बाहर कर दिया जाए... बीरबल की आंखों में आंसु आ गए। हाय अल्लाह! इतने सालों की वफादारी का यह ईनाम बख्सा जाएगा!

आंसु तो मेरे भी आने वाले हैं, कारण यह कि मेरे पाठक आप श्रीमान तो शीर्षक देखकर यह विचार कर चुके हैं कि स्वादों में सबसे निराला स्वाद जूतों का ही बताया जाएगा। क्या आप इस बात से सहमत हैं? अब मैं बीरबल बन कर आपसे थोड़ा समय लेकर बात को आगे बढ़ा रहा हूं कि कहीं कोई स्वाद जूतों से बेहतर आपको समझा सकूं। यह तो बेहद सरल था कि मैं बीरबल के श्रीमुख से अकबर को तपाक से उत्तर दिला देता- 'जहांपनाह स्वादों में सबसे बेहतरीन स्वाद तो जूते का स्वाद होता है।' यों बात वहीं खत्म हो जाती। हो जाती तो ठीक ही थी, पर नहीं हुई और बिना कुछ किए कराए मुंह में जूते का स्वाद भर गया है। दुनिया में हजारों चीजे हैं जनाब, और जूता भी भला कोई स्वाद में आता है क्या? पर क्या करें सबकी अपनी-अपनी पसंद होती है और ना मालूम बदशाह सलामत की पसंद क्या हो। और खुदा का खौफ नहीं, उनकी पसंद तो बदलती रहती है!

श्रीमान सुनिए, बात यूं है कि यह कोई झूठा किस्सा या बनी बनाई झूठी कहानी नहीं है। बिल्कुल सच्ची घटना है कि एक लेखक अपने आस-पास अनेक लेखकों के चित्रों को अपने आस-पास बिखेर कर उन्हें जूते का स्वाद चखा रहा था- 'दुष्टों, साहित्य का तुम सब ने मिलकर बेड़ा गर्क कर दिया है। मैं जब तक इस संसार में पैदा हुआ तुम सब ने मिलकर वह सब कुछ लिख डाला जो-जो मैं लिखने की सोच कर यहां आया था।' आजादी ने हमें बहुत सारी हिम्मत दे दी है। माना कि इस जूता प्रकरण में उसका स्वाद हमारे लेखक मित्रों तक नहीं पहुंच सका। वैसे तो यह मेरी कल्पना ही थी कि जूते का स्वाद बेहतरीन होता है, किंतु अब यकीन हो चला है कि दुनिया में सबसे बेहतरीन स्वाद जूते का ही है। उम्र के साथ उसका स्वाद बदलता जाता है। जूते की ऐड़ी और ऊंची ऐड़ी का स्वाद समान नहीं हो सकता। मित्र और हसीना के जूते का स्वाद तो भैया भिन्न-भिन्न होता ही है। आजकल जमाना बदल गया है किसी को मदार्ना जूते का स्वाद पसंद है, तो किसी को फैशनेबल जनाना जूतियां। अपना ख्याल यहां तो हाई-हील के जूते खाने के लिए दुनिया में ऐसे स्टोर भी खुल रहे हैं जहां ग्राहक बड़ी संख्या में आते हैं और उनकी लाइन लगती है। एक रेस्टोरेंट सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बना कि वहां खाने में जूते परोसे जाते हैं। खाने वाले जूता, चॉकलेट से बना है।

जूते का स्वाद ऐसा है कि सब जानते हैं। हो सकता है इसे स्वीकार करने की हिम्मत नहीं हो। कोई जीवन ऐसा नहीं जिसने इसका स्वाद ना जाना हो। किंतु सत्य यह भी है कि इस विषय में पूछे जाने पर हर कोई किन्नी काटता हैं। यह संकोच कैसा? हमारे भरत जी जूते का स्वाद बखूबी जानते थे इसलिए तो रामजी के खड़ाऊ लेकर अयोध्या वापस लौट आए और खड़ाऊ पूजते रहे। पूरा भक्तिकाल भगवान के श्रीचरणों में बैठ कर कौन से स्वाद को लेकर साहित्य का स्वर्णयुग बन बैठा है। साहब को कभी मेम साहब के जूतों का स्वाद पूछ कर देखिए। ऐसे गोपनीय प्रकरण रसरंजन के बाद श्रीमुख की शोभा होते हैं। यकीन कीजिए जूतमपाक से बेहतरीन स्वाद इस संसार में दूसरा नहीं है और बीरबल को सारे स्वाद जान लेने के बाद यही उत्तर देना पड़ा। अकबर भी यह उत्तर जाकर ना जाने क्यों चुप रहे!

**( लेखक कवि एवं व्यंग्यकार हैं)**

रचनाएं हमें ई-मेल से भी भेज सकते हैं-
<raisubhash953@gmail.com>

# विद्युत कर्मचारियों की सांकेतिक हड़ताल से व्यवस्था चरमराई

जनसंदेश न्यूज

**आजमगढ़।** विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के आह्वान पर चल रहे कार्य बहिष्कार के दूसरे दिन राजधानी लखनऊ सहित प्रदेश के सभी जनपदों एवं परियोजनाओं पर विशाल विरोध प्रदर्शन किये गये। कर्मचारियों की हड़ताल से जनपद की विद्युत व्यवस्था कई स्थानों पर चरमरा गयी।

संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने एक बार पुनः दोहराया है कि ऊर्जा निगमों के शीर्ष प्रबन्धन की हठवादिता के चलते बिजली कर्मियों को हड़ताल पर जाने हेतु बाध्य होना पड़ रहा है। बिजली कर्मियों की मांग है कि प्रदेश के सबसे सस्ती बिजली उपलब्ध कराने वाले विद्युत उत्पादन निगम को ओबरा एवं अनपरा में 800-800 मेगा वाट की 2-2 इकाईयां प्रदान किया जाय। संघर्ष समिति के मुख्य पदाधिकारियों राज नारायण सिंह मुन्नवर अली निखिल सिंह संदीप प्रजापति नीरज त्रिपाठी अशेष सिंह संतोष पाल ने सभा को सम्बोधित किया। संयोजक प्रभु नारायण प्रेमी ने बताया कि ये सारे कर्मचारी शांति से कार्य बहिष्कार में शामिल होंगे और ये भी बताया कि ये हड़ताल हम पर थोपी गई हम हड़ताल नहीं करना चाहते हैं। **पटवध प्रतिनिधि के अनुसार** विद्युत विभाग के कर्मचारियों की सांकेतिक हड़ताल का पटवध कौतुक, बिलरियागंज एवं मऊ कुतुबपुर, रौनापार आदि सभी विद्युत सब स्टेशनों में भी असर दिखा। सभी फिडरों पर पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं। गर्मी से सभी लोग परेशान दिखे, घर के इनवर्टर फेल हो गये तथा घर की छतों पर लगी टंकी खाली हो गई। पटवध क्षेत्र में रात 11.30 बजे अचानक बिजली चली गई और पता लगाने पर पता चला कि विद्युत विभाग का सांकेतिक हड़ताल चल रहा है जिसके तहत व्यवस्था डिस्टर्ब है। देखभाल के लिए सारे सभी स्टेशनों पर पुलिस कर्मी को तैनात किया गया है और विद्युत विभाग के प्राइवेट कर्मचारी अपने कामकाज में लगे हुए हैं।

**अंजान शहीद प्रतिनिधि** के अनुसार सगड़ी तहसील क्षेत्र के जीयनपुर, अजमतगढ़, लाटघाट, बेरमा, अमुआरी विद्युत उप केंद्र पर भी विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति उप्र की हड़ताल का असर दिखा। इलेक्ट्रॉनिक की दुकानों पर कार्य पूरी तरह से ठप दिखा।


जनपद मुख्यालय पर धरने पर बैठे विद्युत विभाग के कर्मचारी।

# एसपी ने किया डी 122 और 123 गैंग को सूचीबद्ध

जनसंदेश न्यूज

**आजमगढ़।** पुलिस अधीक्षक ने अभियुक्त नागेन्द्र यादव व इसके 3 सदस्यों को आपराधिक गैंग के रूप में सूचीबद्ध किया है।

पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य ने बताया कि अभियुक्त नागेन्द्र यादव पुत्र हरेन्द्र यादव निवासी केशवपुर, थाना जीयनपुर वर्तमान समय में जनपद में एक संगठित गैंग बनाकर व स्वयं गैंग का लीडर बनकर आर्थिक, भौतिक व दुनियाबी लाभ के लिए हत्या करना व रंगदारी की मांग कराने जैसे अपराध कारित कर रहा है। इनकी गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने हेतु गैंग को जनपद स्तर पर ह्लसूचीबद्धह्व किया गया है। इसका कोड ह्लडी- 122ह्व होगा। इस गैंग में रजनीश यादव पुत्र बंशराज यादव निवासी मैगापुर थाना मुबारकपुर, राकेश यादव पुत्र सुरेन्द्र यादव निवासी केशवरपुर, थाना मुबारकपुर, राहुल यादव पुत्र हीरालाल यादव निवासी केशवरपुर शामिल हैं।

इसी क्रम में अभियुक्त सुशील यादव उर्फ गोल्डी व इसके 3 सदस्यों को आपराधिक गैंग के रूप में सूचीबद्ध किया गया है। अभियुक्त सुशील यादव उर्फ गोल्डी पुत्र रामनयन यादव निवासी हरिहरपुर थाना कंधरापुर पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने हेतु गैंग को जनपद स्तर पर ह्लसूचीबद्धह्व किया गया है। इसका कोड ह्लडी- 123ह्व होगा। इस गैंग में संजीव उर्फ मोनू यादव पुत्र रामनयन यादव निवासी हरिहरपुर, थाना कंधरापुर, काजू शर्मा उर्फ मनीष शर्मा पुत्र सुभाष शर्मा, निवासी हरिहरपुर, चन्दन यादव उर्फ बंगू पुत्र रामसागर यादव, निवासी हरिहरपुर, थाना कंधरापुर शामिल हैं।

# दिव्या के नीट में चयन पर खुशी की लहर

जनसंदेश न्यूज

**आजमगढ़।** नीट पीजी की परीक्षा में दिव्या पाण्डेय को ऑल इंडिया में 3000वीं रैंक प्राप्त होने पर ब्राह्मण समाज कल्याण परिषद में खुशी की लहर दौड़ गयी। उन्हें बधाई देने वालों का तांता लग गया।

ब्राह्मण समाज कल्याण परिषद के अध्यक्ष ब्रजेश नंदन पाण्डेय ने सगड़ी तहसील के सहसपुरा गांव की बेटी दिव्या पाण्डेय को नीट पीजी की परीक्षा में 3000वीं रैंक प्राप्त होने पर खुशी व्यक्त किया एवं बधाई दिया। श्री पाण्डेय ने बताया कि दिव्या पाण्डेय बचपन से ही मेधावी छात्रा थी। उसने प्रथम प्रयास में ही नीट की परीक्षा उत्तीर्ण किया और दीन दयाल उपाध्याय गोरखपुर मेडिकल कालेज से एमबीबीएस की पढ़ाई किया। 2020 में एमबीबीएस की परीक्षा में सर्वोच्च अंक प्राप्त होने पर दिव्या पाण्डेय को गोल्ड मेडल प्राप्त हुआ था जिसके कारण उसे गोरखपुर विश्व विद्यालय द्वारा आयोजित 39वें दीक्षांत समारोह में सम्मानित भी किया जा चुका है। सफलता के इसी क्रम में पुनः दिव्या को नीट पीजी की परीक्षा में भी आल इण्डिया में 3000वीं रैंक प्राप्त हुई है। दिव्या पाण्डेय की इस सफलता पर मनोज कुमार त्रिपाठी, तारकेश्वर मिश्रा, विश्व देव उपाध्याय, सतीश कुमार मिश्र, बाल गोविन्द शास्त्री, रामाश्रय उपाध्याय, उमा कांत तिवारी, उपेंद्र दत्त शुक्ला, हरिराम उपाध्याय, सतीश चंद्र पाण्डेय, डीएस त्रिपाठी, ओम विजय तिवारी, अवधेश उपाध्याय आदि ने बधाई दिया।


दिव्या पांडेय।

## बकायेदारों पर चला अभियान, मचा हड़कंप

**अंजान शहीद (आजमगढ़)।** सगड़ी तहसील क्षेत्र में सगड़ी तहसीलदार शक्ति प्रताप सिंह व नायब तहसीलदार माधवेंद्र सिंह ने क्षेत्र के बड़े बकायेदारों के विरुद्ध अभियान चलाया। चेकिंग से क्षेत्र में हड़कंप मचा रहा। इस दौरान चार बकायेदारों से 2.85 लाख रुपए की वसूली की गयी। गुरुवार को सगड़ी तहसीलदार शक्ति प्रताप सिंह व नायब तहसीलदार माधवेंद्र सिंह ने संग्रह टीम के साथ बड़े बकायेदारों के विरुद्ध अभियान चलाया जिनमें मुख्य रूप से बेरमा निवासी बिरेंद्र यादव से स्टैम्प बकाया पर एक लाख रुपए का चेक लिया वहीं अखईपुर निवासी योगेंद्र यादव विद्युत बकाया नगद 30 हजार रुपए व चांदपार निवासी अबुलैश से विद्युत बकाया नगद 20 हजार रुपए की वसूली हुई। कुल चार बकायेदारों से 2.85 लाख रुपए की अभियान चलाकर वसूली की गई। सगड़ी तहसीलदार शक्ति प्रताप सिंह ने बताया कि सगड़ी क्षेत्र के रौनापार बिलरियागंज महाराजगंज में भी संग्रह टीम बकाया वसूली के लिए रवाना की गई है। संग्रह टीम में मुख्य रूप से जनार्दन सिंह कमलेश प्रजापति श्रीराम यादव आदि अमीन शामिल हैं।

# कृषक भ्रमण, प्रशिक्षण दल कुमारगंज के लिए रवाना

**रवानगी**

### जीरो बजट खेती पर लेगा प्रशिक्षण

जनसंदेश न्यूज

**आजमगढ़।** सबमिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन (आत्मा) योजनान्तर्गत 100 कृषकों के 5 दिवसीय राज्य के अन्तर्गत भ्रमण, प्रशिक्षण दल को श्रीप्रकाश गुप्ता मुख्य विकास अधिकारी द्वारा हरी झण्डी दिखाकर आचार्य नरेन्द्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कुमारगंज, अयोध्या के लिये रवाना किया गया।

उन्होंने बताया कि भ्रमण दल के कृषकों को विश्वविद्यालय में आयोजित 2 दिवसीय किसान मेले में प्रतिभाग कराया जायेगा तथा विश्वविद्यालय के विभिन्न संस्थानों पर कृषि वैज्ञानिकों, प्राध्यापकों के माध्यम से कृषि की नवीन विधाओं, शोध के बारे में परिचित कराया जायेगा। कृषक दल गन्ना अनुसंधान संस्थान तथा सीमैप लखनऊ, बाराबंकी एवं एक्सीलेन्स सेन्टर अयोध्या भी जायेगा, जहां कृषि, पशुपालन, बागवानी, मशरूम उत्पादन, जैविक खेती, मधुमक्खी व रेशम पालन तथा जीरो बजट खेती पर प्रशिक्षण प्राप्त करेगा।

उप कृषि निदेशक, आजमगढ़ मुकेश कुमार ने बताया कि शासन की मंशा के अनुरूप कृषकों की आय दोगुनी किये जाने के क्रम में यह कार्यक्रम महती भूमिका निभाएगा। कार्यक्रम से प्रशिक्षित कृषक स्वयं तथा अपने सम्पर्क में आने वाले अन्य कृषकों को तकनीकी से अवगत कराते हुए लाभान्वित करायेंगे, जिससे उनके उत्पादन एवं उनकी आय में गुणोत्तर वृद्धि हो सके। इस कार्यक्रम का संयोजन जन सेवाश्रम चक्रनगरम चकिया, आजमगढ़ एवं अंकित अनुसूचित संस्थान बरहज, देवरिया तथा गरीब उत्थान संस्थान पवई, आजमगढ़ द्वारा किया जा रहा है।


किसानों के दल को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते सीडीओ श्रीप्रकाश गुप्ता।

# घर-घर जाकर बतायें सरकार की उपलब्धियां

जनसंदेश न्यूज

**अतरौलिया (आजमगढ़)।** स्थानीय निरीक्षण भवन में लोकसभा प्रवास योजना के अंतर्गत 68 लोकसभा लालगंज की लोक सभा संचालन समित एवं विधानसभा के संचालन समिति के कार्यकताओं के साथ बैठक हुइ। मुख्य अतिथि के रूप में अमरपाल मौर्या प्रदेश महामंत्री भाजपा एवं प्रभारी उत्तर प्रदेश लोकसभा प्रवास योजना क्लस्टर प्रभारी मुकुट बिहारी वर्मा पूर्व मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार का आगामी कार्यक्रमों के संदर्भ में श्रेष्ठ मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। संचालन विनोद राय एवं धन्यवाद ज्ञापन ऋषि कांत राय द्वारा किया गया।

अमरपाल मौर्या ने कहा कि लोकसभा प्रवास के अंतर्गत हमें महीने में चार प्रवास करना है और विधानसभा में 2 बार बैठक करनी है। राजनीतिक समीक्षा, संगठनात्मक समीक्षा, चुनाव समीक्षा, समाजिक समीक्षा व जो अपने कमजोर मंडल हैं उन्हें मजबूत करना है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, शौचालय, उज्ज्वला योजना, सिंचाई के लिए मुफ्त बिजली अप्रैल माह से सबको जाकर घर-घर एक-एक कार्यकर्ता को बताना है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिलाध्यक्ष लालगंज ऋषि कांत राय, लोकसभा प्रभारी घनश्याम पटेल, लोकसभा संयोजक विनोद राय, जिला मीडिया प्रभारी पंकज राय, आईटी संयोजक सत्यम राय, विधानसभा प्रभारी संचिता चैहान, बजरंग बहादुर सिंह, डॉ.शैलेंद्र यादव, अंजना सिंह, हनुमंत सिंह, शेर बहादुर सिंह, राजकुमार वर्मा, मयंक श्रीवास्तव, संदीप अस्थाना, सुनील पांडे, राजेश पांडे, जितेंद्र सिंह आदि उपस्थित रहे।


मुख्य अतिथि का स्वागत करते भाजपाई।

## भाजपाइयों ने गिनाई एक वर्ष की उपलब्धियां

**अंजान शहीद (आजमगढ़)।** सगड़ी तहसील क्षेत्र के अजमतगढ़ सभागार में भारतीय जनता पार्टी का आजीवन सहयोग निधि कार्यक्रम संपन्न हुआ। जिलाध्यक्ष ध्रुव सिंह ने सरकार के एक वर्ष कार्यकाल पूरा होने पर उपलब्धियां गिनाते हुए कहा कि कहा अमृत सरोवर व ग्राम सचिवालय से सरकार चली गांव की ओर गांवों को सरकारी बस देकर जनपद मुख्यालय से भविष्य में जोड़ने का काम होगा। उन्होंने कहा कि एक वर्ष के कार्यकाल में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गांव को अमृत सरोवर व ग्राम सचिवालय दिया जो एक बड़ी उपलब्धि है। एक छत के नीचे शासन द्वारा संचालित सभी लाभकारी योजनाओं से ग्रामीणों को आच्छादित किया जा रहा है जिससे उन्हें अब खंड विकास तहसील व जनपद मुख्यालय का चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा। भाजपा सरकार भविष्य में गांव को बस से जनपद मुख्यालय से जोड़ने का कार्य करेगी। युवा भाजपा नेता संतोष सिंह टिप्पु व मनीष मिश्रा उर्फ पिंटू ने लोगों से आजीवन सहयोग निधि में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने की अपील की। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष विजय पटेल, चंद्र शेखर सिंह, तारकेश्वर ओझा, सोनू सिंह, अरुण श्रीवास्तव, अनिल सिंह, ज्ञानेंद्र मिश्रा, शंभू यादव, विजय चैहान आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रमुख प्रतिनिधि मनीष मिश्रा ने की।

# अहीर रेजीमेंट बनाने की मांग

जनसंदेश न्यूज

**लालगंज (आजमगढ़)।** गुरुवार को अहीर रेजिमेंट बनाने की मांग को लेकर एक रैली निकाली गई, जिसमें शामिल लोगों ने अहीर रेजिमेंट बनाए जाने की मांग करते हुए विभिन्न प्रकार के नारे बुलंद किए। यह रैली हनुमानगढ़ी से निकल कर लालगंज तहसील तक पहुंच कर समाप्त हुई। तत्पश्चात राष्ट्रपति को संबोधित एक ज्ञापन उप जिलाधिकारी लालगंज सुरेंद्र नारायण त्रिपाठी को सौंपा गया।

प्रदर्शनकारियों ने कहा कि सेना और अर्धसैनिक बल में देश के अहीरों का काफी योगदान रहा है। यहां तक कि 1962 के रेजांगला युद्ध में 114 अहीरों ने अपनी कुबार्नी दी थी। संसद में भी अहीर रेजिमेंट बनाए जाने की मांग की जा चुकी है। इसलिए अहीर रेजिमेंट बनवाई जाए। इस अवसर पर सपा के निवर्तमान विधानसभा अध्यक्ष राज नारायण यादव ने कहा कि यह मांग बहुत पुरानी है कि जिस प्रकार विभिन्न प्रकार के रेजिमेंट का गठन किया गया है उसी प्रकार अहीर रेजिमेंट का भी गठन किया जाना चाहिए। उन्होंने बताया कि संसद में इस संबंध में विभिन्न पार्टी के सांसद यह मांग उठा चुके हैं जिसके लिए वह उन सांसदों का धन्यवाद ज्ञापित करते हैं। इस अवसर पर शिवराज यादव, अमन यादव, विशाल यादव, विनय यादव, रामाश्रय यादव, शिव प्रकाश यादव, अरविंद यादव, अशोक यादव, महेंद्र यादव, सूर्यकांत यादव, सूरज यादव, समर यादव, रोहित यादव, विनय यादव, सूर्य प्रताप यादव आदि उपस्थित रहे।


एसडीएम को ज्ञापन सौंपते लोग।

## डीएम ने की निर्माण कार्यों की समीक्षा

**आजमगढ़।** जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद में 50 लाख से अधिक के निर्माण कार्यों एवं 50 लाख से ऊपर की निमार्णाधीन सड़कों की समीक्षा बैठक हुयी। जिलाधिकारी ने निमार्णाधीन परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए कहा कि सभी कार्यदायी संस्थाएं जारी की गई धनराशि के सापेक्ष शत प्रतिशत कार्य को पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। उन्होने कहा कि 90 प्रतिशत से ऊपर पूर्ण हो चुके निर्माण कार्यों को 31 मार्च तक पूर्ण कर हैण्डओवर करना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्था यूपीपीसीएल को राजकीय बालिका छात्रावास अजमतगढ़ तथा राजकीय बालिका छात्रावास बनकट को त्वरित गति से पूर्ण कराने के निर्देश दिये। उन्होने कहा कि मल्टीपरपज सीड स्टोर, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय मार्टीनगंज के हास्टल निर्माण आदि कार्यों को समय से पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कार्यदायी संस्था यूपी आरएनएन को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र देवगांव, राजकीय पालीटेक्निक फूलपुर पवई के कार्यों को 31 मार्च तक पूर्ण कराने के निर्देश दिये।

# जिलाधिकारी ने किया अमृत सरोवर का निरीक्षण

जनसंदेश न्यूज

**आजमगढ़।** जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज ने गुरूवार को ब्लाक रानी की सराय अन्तर्गत ईश्वरपुर और दिलौरी में अमृत सरोवर अभियान के तहत बनाये जा रहे तालाबों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान खण्ड विकास अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि तालाब पर पानी व छाया आदि की व्यवस्था रहे। तालाबों पर मनरेगा के तहत कार्य कराकर पौधारोपण व सुंदरीकरण कराया जाए।

उन्होंने कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत अमृत सरोवर योजना केंद्र व प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है।

इन सरोवरों को बहुउद्देशीय स्वरूप में बनाया जाना अति आवश्यक है। मानव जीवन का आधार जल है, लेकिन धीरे-धीरे जल स्तर कम होता जा रहा हैं। जल स्तर को सामान्य बनाए रखने के लिए तालाबों का जीर्णोद्धार अमृत सरोवर योजना के अंतर्गत कार्य कराया जा रहा हैं, जिससे जनपद के भूगर्भ जल का संरक्षण व संवर्धन हो सके।

जिलाधिकारी ने प्राथमिक विद्यालय ईश्वरपुर का निरीक्षण किया। इस दौरान बच्चों से सवाल-जवाब किया। उन्होने एक बच्चे से उसकी कापी लेकर उसमें लिखे कमल के बारे में पूछा, बच्चे द्वारा सही उत्तर दिया गया।

स्कूल में कुछ बच्चे बिना ड्रेस के ही आए थे, जिस पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त की। इसके पश्चात सेठवल में निमार्णाधीन आरआरसी का निरीक्षण किया। उन्होने खण्ड विकास अधिकारी रानी की सराय को निर्देश दिया कि निर्माण कार्य को निर्धारित समय में गुणवत्तायुक्त पूर्ण किया जाना सुनिश्चित करें।


अमृत सरोवर का निरीक्षण करते जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज।


अभिलेखों की जांच करते जिलाधिकारी।

# विकास कार्यों का जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण

**रानीकीसराय (आजमगढ़)।** जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज गुरुवार को रानीकीसराय ब्लाक के तीन गावो मे विकास कार्यो का औचक निरीक्षण किया गया। दो गावों में जहा अमृत सरोवर को देखा वही एक गाव में आरसीसी सेंटर का निर्माण कार्य देखा। जिलाधिकारी ने प्राथमिक विद्यालय मे छात्रो की भी क्लास ली। और आवश्यक दिशा निर्देश दिये। जिलाधिकारी रानीकीसराय व्लाक के दिलौरी गाव मे पहुचे यहा पर गाव मे चल रहे अमृत सरोवर का निर्माण कार्य देखा। पंचायत भवन का निरीक्षण किया और कम्प्यूटर आदि अभिलेख के बारे मे जानकारी ली। यहा से ईश्वरपुर गाव भी पहुचे वहा भी अमृत सरोवर का कार्य देखा। इसी गांव में प्राथमिक विद्यालय ईश्वरपुर में पहुचे यहा कमरे में पढ रहे छात्रो से उनके कापी को चेक किया ही सवाल भी पूछे। जिलाधिकारी के अचानक पहुचने से यहा शिक्षक हाफते नजर आये। यहा से जिलाधिकारी सेठवल गाव पहुचे यहा पर तकरीबन दस लाख की लागत से बन रहे आरसीसी भवन के निर्माण कार्य को देखा। अभिलेख भी जाच की। जिलाधिकारी ने आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिलाधिकारी के निरीक्षण के बाद संबंधित अधिकारियों ने राहत की सांस ली। जिलाधिकारी के आगमन की खबर पर पूरे बाजार में सफाई कर्मी अलर्ट हालत में दिखे और साफ सफाई किया। इस दौरान विकास खंड अधिकारी अराधना, एडीओ राजनाथ तिवारी, प्रधान प्रतिनिधि संतोष साहू, मनरेगा कर्मी आदि मौजूद थे।

## संक्षेप

### शैक्षणिक भ्रमण से मिलती है ऐतिहासिक व भौगोलिक जानकारी



**बिलरियागंज (आजमगढ़)।** शैक्षिक परिभ्रमण से छात्र-छात्राओं में ऐतिहासिक व भौगोलिक स्थितियों की जानकारी होती है, इसलिए उन्हें समय-समय पर शैक्षिक भ्रमण के लिए शिक्षकों को ले जाना चाहिए। उक्त बातें बृहस्पतिवार को एआरपी महेंद्र पुरी ने बिलरियागंज विकास खण्ड के अंग्रेजी माध्यम प्राथमिक विद्यालय पांती खुर्द के शैक्षिक भ्रमण टीम को संबोधित करते हुए कहा। शैक्षिक भ्रमण के लिये बस को हरी झंडी दिखाकर प्रधान प्रतिनिधि विजयी यादव व प्रधानाध्यापक धर्मेन्द्र यादव ने भैरव धाम रवाना किया। धर्मेंद्र यादव ने कहा कि शैक्षिक भ्रमण करने से बच्चों में सामान्य ज्ञान की वृद्धि भी होती है। वही बच्चों की टीम के साथ प्रधान प्रतिनिधि विजयी यादव, एआरपी महेंद्र पुरी, विद्यालय की रसोइया, आंगनबाड़ी कार्यकत्री, सूर्य कुमार राय, आशुतोष मिश्र, संजू देवी आदि लोग शामिल रहे।

### अभियुक्तों के घर धारा 82 की नोटिस चस्पा



**पवई (आजमगढ़)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के खैरुद्दीनपुर निवासी गोलू गुप्ता उर्फ राज कुमार पुत्र दिनेश गुप्ता एवं बागबाहर निवासी प्रद्युम्न यादव पुत्र राम प्रताप यादव व चिलवनिया थाना जलालपुर जनपद अंबेडकरनगर निवासी अभि उर्फ शिवम पुत्र गंगा यादव काफी दिनों से हाजिर न होने व फरार चल रहे अभियुक्तो के घर पहुंच कर धारा 82 की नोटिस चस्पा की। साथ ही गांव में डुग्गी मुनादी भी कराई गई। उपनिरीक्षक पवन सिंह ने बताया कि अभियुक्त गोलू गुप्ता, प्रद्युम्न यादव व अभि उर्फ शिवम यादव के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज है। न्यायालय के आदेश पर गिरफ्तारी के लिए कई बार दबिश दी गई। लेकिन वह हाथ नहीं लग सका। वारंट के बाद फरार चल रहे मुकदमे के इन आरोपियों के घर व उनके संभावित ठिकानों पर कई बार पुलिस ने दबिश दिया। धारा 82 की नोटिस चस्पा होने के बाद भी अभियुक्त ने सरेंडर नहीं किया तो धारा 83 के तहत संपत्ति कुर्क करने की कार्रवाई की जाएगी।

### पात्र गरीबों को नहीं मिल रहा आवास



**अतरौलिया (आजमगढ़)।** स्थानीय विकासखंड के हैदरपुर खास हरिजन बस्ती में कई लोगों ने पात्र होते हुए भी आवास न मिलने की शिकायत की है। लोगों का मानना है कि कई वर्षों से टूटी फूटी झोपड़ी में रह रहे हैं लेकिन अभी तक आवास नहीं मिला। गांव निवासी मंजू पत्नी राममिलन, इशरावती पत्नी महिंद्र, राकेश पुत्र बद्री आदि लोगों ने आरोप लगाया कि कई वर्षों से इसी तरह झोपड़ी में रह रहे है अभी तक आवास नहीं नसीब हुआ और न ही जांच अधिकारी तथा सर्वे टीम कभी गांव में आई। पात्र होने के बावजूद भी हम लोगों को आवास योजना से वंचित रखा गया है। वहीं पीड़ित पात्र महिला मंजू पत्नी राममिलन ने ग्राम प्रधान पर आरोप लगाते हुए बताया कि ग्राम प्रधान द्वारा आवास के नाम पर पैसे की मांग की जाती है इसलिए हम लोगों को आवास नहीं नसीब हुआ। इस संदर्भ में ग्राम प्रधान रमाकांत यादव ने बताया कि महिला द्वारा लगाया गया आरोप पूरी तरह से निराधार है। महिलाओं द्वारा अभी तक फार्म ऑनलाइन नहीं कराया गया। गांव में मात्र 5 लोगों का आवास आया हुआ है जिन लोगों का आवास नहीं आया है उनका फार्म भरकर उन्हें आवास दिया जाएगा।

### गोवध अधिनियम में एक गिरफ्तार



**आजमगढ़।** पुलिस अधीक्षक द्वारा अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए चलाये जा रहे अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए थाना कोतवाली जीयनपुर पुलिस ने गोवध अधिनियम में एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में चालान कर दिया। बीते 29 सितम्बर 2022 को उपनिरीक्षक शंकर कुमार यादव मय हमराह द्वारा चेकिंग के दौरान 4 राशि गोवंश व एक अदद पिकप के सम्बन्ध में पिकअप चालक नाम पता अज्ञात व 2 व्यक्ति नाम पता अज्ञात के विरूद्ध मुकदमा पंजीकृत कराया गया था। विवेचना से अभियुक्त तुफेल अहमद पुत्र अकील अहमद निवासी खलिसपुर भटौली थाना मालीपुर जनपद अम्बेडकर नगर का नाम प्रकाश में आया। पुलिस ने मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त तुफेल अहमद पुत्र अकील अहमद ग्राम खलिसपुर भटौली थाना मालीपुर जनपद अम्बेडकर नगर को कस्बा मालीपुर अम्बेडकर नगर से गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में चालान कर दिया।

### नाट्य उत्सव 23 मार्च से



**आजमगढ़।** सूत्रधार संस्थान द्वारा आयोजित आठ दिवसीय फिल्म सहित नाट्य उत्सव की तैयारियों को लेकर गुरूवार को एक प्रेस वार्ता स्थानीय होटल में समिति के संरक्षक डॉ.डीके त्यागी, डॉ.अमित सिंह द्वारा संयुक्त रुप से की गई। सूत्रधार संस्थान आजमगढ़ पिछले दो दशक से जिले में पेशेवर और प्रशिक्षित रंगकर्म को स्थापित करने के लिए प्रयासरत है। 17वां संस्करण 23 से 25 मार्च को आयोजित होने जा रहा है इसी क्रम में पिछले 3 वर्षों से आजमगढ़ अंतरराष्ट्रीय फिल्म उत्सव 18 से 20 मार्च का भी स्थानीय दर्शकों में गुणवत्ता युक्त व अर्थपूर्ण सिनेमा के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से किया जा रहा है। इस वर्ष चैथे आजमगढ़ अंतरराष्ट्रीय फिल्मोत्सव में फ्रेंच अभिनेत्री मारिया ना बोर्गो जर्मन एक्ट्रेस सुजैन जो कि एक्सीडेंटल प्राइम मिनिस्टर में सोनिया गांधी की भूमिका निभा चुकी हैं के साथ कार्लिटा मोहिनी जो एक ब्राजीलियन कलाकार है खासतौर से इस समारोह में शामिल हो रही हैं। आगामी 18 से 25 मार्च तक शारदा टॉकीज में आयोजित हो रहे चैथे आजमगढ़ फिल्म फेस्टिवल में फिल्मों में रुचि रखने वाले युवाओं के लिए मास्टर क्लासेस भी होंगी जिसमें युवाओं को फिल्म बनाने की बारीकियां भी सिखाई जाएंगी। फिल्म अभिनेता यशपाल शर्मा पंचायत वेब सीरीज से घर-घर लोकप्रिय हुए अशोक पाठक उर्फ. विनोद और शबाना आजमी प्रमुख आकर्षण होंगे। इसके अतिरिक्त दूसरे साहित्य उत्सव 2001 23 मार्च 2023 में प्रसिद्ध कथाकार और नाटककार ऋषिकेश सुलभ ख्याति लब कथाकार संजीव सुप्रसिद्ध कवि भी उनके शुक्ला के साथ संवाद के लिए प्रसिद्ध पत्रकार प्रकाश के रे अजीत राय शोभा अक्षरा आदि भी शामिल होंगे। यह आठ दिवसीय आयोजन दर्शकों के लिए पूर्णतः निःशुल्क है।

### बेलइसा मंण्डी में मजदूर का मिला शव

**रानीकीसराय (आजमगढ़)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के बेलइसा सब्जी मंडी मे गुरुवार को सुबह संदिग्ध परिस्थितियो में मृत मजदूर का शव मिलने से सनसनी फैल गयी। पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। पुलिस का मानना है कि अत्यधिक नशे की हालत मे गिरने से चोट के चलते मौत हो गयी। मेंहनगर थाना क्षेत्र के गंजोर गांव निवासी गोबिंद कुमार 45वर्ष बेलइसा मंडी में फल व्यापारी रामशरण सोनकर के यहा रहता था और मंडी मे मेहनत मजदूरी करता था। गुरुवार को सुबह मंडी खुलते ही शव देख नागरिकों ने सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुची पुलिस ने शव को कब्जे में लिया।जहा पर शव पडा था वही पर मृतक का भोजन बिखरा पडा था। माना जा रहा है कि बाहर से भोजन लेकर अंदर मंडी मे भोजन करने के लिए आ रहा था कि गिर पडा और मौत हो गयी। उपनिरीक्षक चंद्रशेखर सिह ने बताया कि शव मोर्चरी भेज दिया गया है। प्रथम द्दष्टया कारण गिरने से मौत प्रतीत हो रहा है वैसे पोस्टमार्टम के बाद कारण स्पष्ट हो जायेगा। जांच की जा रही है।

### जेई लोक निर्माण विभाग ने संभाला चार्ज

**रानीकीसराय (आजमगढ़)।** विद्युत विभाग की प्रस्तावित हडताल पर गुरुवार को आपूर्ति नार्मल होते ही विभाग के कर्मचारियों ने आपात स्थित मे तैनात लोकनिर्माण विभाग जेई को चार्ज दे दिया। बुधवार को कस्बे के एक हिस्से में बिजली गुल रही। गुरुवार को सुबह ही नागरिक पहुंच गये और कर्मचारियों ने फाल्ट ठीक किया। दोपहर में कर्मचारियों ने आपात में तैनात किये गये लोक निर्माण विभाग जेई जयप्रकाश को जहां चार्ज दिया वहीं केन्द्र पर एक वायरमैन और तीन अन्य पालिटेक्निक के तैनात किये गये। सुबह ही केन्द्र पर पुलिस कर्मी भी तैनात हो गये।

# लिखित समझौते से क्यों मुकर गई प्रदेश सरकार

**बोले राजेश कुमार प्रजापति**

### शुरू हुई अधिकारियों कर्मचारियों की हड़ताल

जनसंदेश न्यूज


प्रदर्शन करते अधिकारी व कर्मचारी

**मीरजापुर।** विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के साथ 03 दिसम्बर को हुई ऊर्जा मंत्री के लिखित समझौता लागू न होने तथा ओबरा-अनपरा की नई विद्युत उत्पादन इकाईयों को एनटीपीसी लि० को देने तथा पारेषण स्कन्ध के निजीकरण के विरोध में गुरूवार को विरोध के दूसरे दिन विरोध सभा मुख्य अभियन्ता कार्यालय फतहां पर की गई।

जिसकी अध्यक्षता अधिशासी अभियन्ता, इ० राजेश कुमार प्रजापति व सभा का संचालन संयोजक अभय सिंह द्वारा की गई। सभा को सम्बोधित करते हुए सहसंयोजक श्री राम सिंह द्वारा बताया गया कि ऊर्जा मंत्री एवं मुख्यमंत्री के मुख्य सलाहकार अवनीश अवस्थी के लिखित समझौते को लागू न करके प्रबन्धन द्वारा समस्त विद्युत कर्मचारियों को आंदोलन के लिए विवश किया जा रहा है तथा आम जनमानस को अंधकार में रखकर जिले के उच्च प्रबन्धन द्वारा सरकार के समक्ष सही आकड़ा नहीं रखा जा रहा है। 16 मार्च को रात्रि 10 बजे होने वाले हड़ताल के दृष्टिगत प्रबन्धन अपनी तैयारी कर ले क्योंकि अब इस आन्दोलन को हड़ताल में जाने में मात्र कुछ घण्टों का ही समय है। सभा की अध्यक्षता कर रहे ई० राजेश कुमार प्रजापति द्वारा अवगत कराया गया कि पूर्व में ऊर्जा मंत्री द्वारा किये गये लिखित समझौते का पालन न कराने के कारण पूरे प्रदेश में सभी विद्युतकर्मी संयुक्त संघर्ष समिति के बैनर तले एकजुट होकर कार्य बहिष्कार करने के लिए बाध्य हो रहे है। जो कि उच्च प्रबन्धन के हटधर्ममिता के कारण धरनारत है।

आज की सभा में इ० सुमित कुमार यादव, प्रदीप कुमार मौर्या, पंचचारी सिंह, शिव शंकर सिंह, विनय गुप्ता, उमेश चन्द्र, विनय सिंह, सुनील कुमार यादव, चन्द्रमोहन कुमार, दीपक पटेल. इ० विपिन कुमार आदि उपस्थित रहे। इस दौरान राजेश गौतम श्री राम सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

# चिकित्सक नियुक्त किए जाने को प्रधान ने सीएम से लगाई गुहार

**हलिया।** विकास खंड के देवहट ड्रमंडगंज ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान कौशलेंद्र गुप्ता ने नया प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र ड्रमंडगंज में आठ महीने से भी अधिक समय से चिकित्सक की नियुक्ति नही किए जाने पर क्षेत्रीय मरीजों को इलाज में हो रही दिक्कतों को देखते हुए गुरुवार को सीएम पोर्टल पर प्रार्थना पत्र देकर अविलंब चिकित्सक नियुक्त किए जाने की मांग किया है।

दिए गए प्रार्थना पत्र में ग्राम प्रधान ने बताया कि अति पिछड़े हलिया ब्लाक के न्यू पीएचसी ड्रमंडगंज में तैनात चिकित्सक का अन्यत्र तबादला हो जाने के बाद आठ माह से भी अधिक समय बीत जाने के बाद भी चिकित्सक की नियुक्ति नही होने से उपचार के लिए लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। न्यू पीएचसी ड्रमंडगंज में दो दर्जन से अधिक गांवों के हजारों लोग उपचार के लिए निर्भर हैं। खासकर ड्रमंडगंज में ही करीब सात हजार की आबादी इलाज के लिए स्वास्थ्य केन्द्र पर निर्भर है। चिकित्सक की नियुक्ति नही होने से मरीजों को इलाज के लिए दर दर भटकना पड़ रहा है। राष्ट्रीय राजमार्ग के समीप स्थित न्यू पीएचसी पर सड़क हादसे में घायल लोगों का प्राथमिक उपचार किया जाता है। चिकित्सक के अभाव में घायल लोगों को दवा इलाज के लिए लालगंज सीएचसी व जिला अस्पताल के लिए जाना पड़ता है। समय रहते इलाज नही होने पर घायलों की जान जोखिम में पड़ जाती है। इस संबंध में उच्चाधिकारियों को कई बार अवगत कराया गया लेकिन आठ महीने बाद भी चिकित्सक की तैनाती नही हो सकी है। ग्राम प्रधान ने जनहित में क्षेत्रीय मरीजों के उपचार हेतु अविलंब चिकित्सक नियुक्त किए जाने की मांग किया है।

# हीट वेव-2023 के प्रभावों को न्यून करने के संबन्ध में दिया गया निर्देश

जनसंदेश न्यूज

**बैठक**

### सीडीओ की अध्यक्षता में हीट वेव-2023 की बैठक सम्पन्न

**मीरजापुर।** मुख्य विकास अधिकारी श्रीलक्ष्मी वीएस की अध्यक्षता में आल कलेक्ट्रेट सभागार में हीट वेव-2023 के प्रभावों को न्यून करने करने के उद्देश्य से समस्त संबंधित विभागों कि बैठक की गयी। बैठक में अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 शिव प्रताप शुक्ल द्वारा 12 विभागों को हिट वेव प्रबंधन हेतु विभागवार जिम्मेदारियों को चिंहित करते हुए निर्धारित किया गया। बैठक में समस्त संबंधित विभाग जैसे स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया गया कि वो कोविड-19 के ही भाँति समस्त प्राथमिक/समुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र इत्यादि पर हीट वेव आईसोलेशन वार्ड बना लें एवं चिकित्सकों द्वारा हीट स्ट्रोक इत्यादि बीमारियों से ग्रसित व्यक्ति का तत्काल इलाज किया जाये एवं पूर्व प्लानिंग के आधार पर उचित मात्रा में ओ0आर0एस0 पैकेट एवं साफ्ट आइस पैक इत्यादि का स्टाक रख लें। पर्यटन विभाग द्वारा बस स्टैंडों, मंदिर, धार्मिक स्थल एवं रेलवे स्टेशन इत्यादि परिसरों में छाँव घर एवं प्याऊ कि व्यवस्था कि जाये, शिक्षा विभाग द्वारा स्कूल के समय में बदलाव किया जाये एवं स्कूलों में बाहरी फील्ड कि गतिविधियों को रोकने एवं स्कूलों में पर्याप्त मात्रा में शुद्ध पेय जल इत्यादि कि व्यवस्था कि जाये। विद्युत विभाग द्वारा हीट वेव के दौरान निर्बाध विद्युत आपूर्ति हेतु उचित प्रबंध किया जाये, जल निगम को ग्रामीण क्षेत्रों में पर्याप्त मात्रा में पेयजल उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया। नगर विकास, नगर पालिका, नगर पंचायत, श्रम विभाग द्वारा हीट वेव के परिप्रेक्ष्य में चिंहित संवेदनशील क्षेत्रों में पर्याप्त मात्रा में पेयजल एवं छाँव क्षेत्र को बनाने हेतु निर्देशित किया गया। बैठक में जिला पंचायत राज अधिकारी अरविन्द कुमार, सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी एवं आपदा विशेषज्ञ उपस्थित रहे।

# भव्य कलशयात्रा के साथ गायत्री महायज्ञ का शुभारंभ

## वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूरा नगर हुआ भक्तिमय


यज्ञ में शामिल महिलायें

जनसंदेश न्यूज

**अहरौरा।** नगर में पांच दिनों तक चलने वाले गायत्री महायज्ञ का शुभारंभ भव्य कलशयात्रा के साथ ही गुरुवार को हुआ, सर्वप्रथम महायज्ञ के लिए चयनित यज्ञस्थल श्री राधा कृष्ण मंदिर सत्यानगंज के प्रांगण में सैकड़ों श्रद्धालुओं की मौजूदगी में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधि विधान के साथ कलश पूजन किया गया।

तत्पश्चात सैकड़ों की संख्या में महिलाएं एवम बालिकाओं का समूह पीत वस्त्र धारण कर सिर पर कलश रख भव्य शोभायात्रा पूरे नगर में निकाला गया जो सत्यानगंज स्थित राधाकृष्ण मंदिर प्रांगण से प्रारंभ होकर नयीबाजार, बाजार गंज कसरहट्टी, चौक, तकिया, खरंजा त्रिमोहानी, सम्मय देवी फाटक, गोला पांडेय जी त्रिमोहानी पट्टी खुर्द पोखरा सहुवाईन होते हुए पुनः प्रारंभ स्थल आकर समाप्त हुआ। कार्यक्रम में शुभेन्द्र गुप्त, महेंद्र अग्रहरि, रामजयश्री अग्रहरि, श्रीप्रकाश केसरी, बंशीधर, पारसनाथ केसरी, शारदा सिंह, राजेश कुमार उर्फ राजू सिंह, संजय केशरी शारदा सिंह सहित सैंकड़ों श्रद्धालु मौजूद रहे।

# शीतलाष्टमी पर मां शीतला का किया गया शृंगार

**मीरजापुर।** अदलपुरा स्थित शीतला धाम में शीतला अष्टमी के अवसर पर सुबह 8 बजे से विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जो देर रात तक चलता रहा। वही बुधवार रात्रि 8 बजे मां का भव्य श्रृंगार किया गया। इसके पश्चात 56 भोग लगाकर पूजन अर्चन किया गया। गंगा घाट पर मां श्री शीतला महोत्सव के तत्वावधान में आयोजित भक्ति जागरण में दूर दराज से पहुंचे दर्जन भर गायक कलाकारों ने भक्ति रस में सराबोर किया। उक्त कार्यक्रम में कलाकारों ने एक से बढ़कर एक पचरा गीत भजन प्रस्तुत कर उपस्थित श्रद्धालुओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। गंगा घाट पर आयोजित भक्ति जागरण में उपस्थित सैकड़ों श्रोताओं ने देवी पचरा गीत भजन सुनकर मंत्रमुग्ध हुए। वाराणसी से आई अभिनेत्री नताशा तिवारी ने देवी गीत, पचरा सुनाईं। वही चंदौली से आए कलाकार जुड़वा भाई नंदन व चंदन ने शीतला घाट के काशी में हम जाके शीश झुकाइब हो, सुना कर भक्ति रस से सराबोर कर दिया। वही चुनार से बिरहा गायक राजेश यादव ने पठवत बानी नेवता माई घरे आ जइह,। कलाकार विजय लाल यादव, अभय लाल यादव, श्रेया यादव, गुंजा वर्मा, हरिओम भारद्वाज, सुधीर लाल यादव, कौशल सिंह, खुशी राज आदि ने भजन गीत प्रस्तुत किया। इस दौरान प्रेम शंकर पुजारी, अशोक पुजारी, बचाऊ लाल सेठ, गुरु प्रकाश साहनी, उमा शंकर साहनी, चंदन साहनी, अनिल पुजारी, सोनू श्रृंगारिया आदि उपस्थित रहे।

# ग्राम सभा की बैठक में सुअर बाड़े को लेकर आक्रोश

**गुस्सा**

### थानाध्यक्ष की मौजूदगी में ग्रामीणों ने जताई आपत्ति

### आगामी त्यौहार को लेकर की गई बैठक

जनसंदेश न्यूज


बैठक में शामिल ग्रामीण

**राजगढ़।** विकास खंड राजगढ़ के भीटी गांव में ग्राम प्रधान एवं थानाध्यक्ष के नेतृत्व में एक आवश्यक बैठक बुलाई गई। बैठक में आगामी त्यौहार को लेकर चर्चा की गई। थानाध्यक्ष राणा प्रताप यादव ने कहा कि रामनवमी एवं रमजान पर्व को शांति व्यवस्था के साथ मनाने में पुलिस प्रशासन की ओर से पूरा सहयोग किया जाएगा। इस दौरान किसी भी प्रकार की समस्या होने पर तत्काल सूचित करने की बात कही गई। वहीं साईबर अपराध से बचाव के तरीके बताए गए, साथ ही नशाखोरी से गांव को मुक्त बनाने की दिशा में ग्रामीणों के सहयोग की अपील करते हुए हर संभव मदद देने की बात कही गई। इस दौरान ग्राम प्रधान अजय कुमार के नेतृत्व में सैकड़ों ग्रामीणों ने गांव के पास संचालित सुवर बाड़े का विरोध जताया गया।

जिसपर थानाध्यक्ष राणा प्रताप यादव ने जांच कमेटी की रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई करने की बात कही तथा मामले से संबंधित ग्रामीणों से हस्ताक्षर कराए गए। हालांकि जांच कमेटी ने सूवर बाड़े के संचालन को पूरी तरह से अवैध होने की रिपोर्ट उपजिलाधिकारी अश्विनी सिंह को सौंपी है जिसके बाद जल्द ही कार्रवाई की प्रक्रिया आगे बढ़ाई जाएगी।

इस मौके पर श्याम नारायण प्रजापति, दीपनारायण खरवार, शालिक राम दूबे, राहुल दूबे, बृजेश, अवधेश कुमार, मंजेश कुमार, रूपक दूबे आदि उपस्थित रहे।

### 6 समितियों पर आवंटित किया गया चुनाव चिह्न

**लालगंज।** शासन के निर्देश पर साधन सहकारी समिति के चुनाव के मद्देनजर गुरुवार को नामांकन की जांच एवं नामांकन की वापसी की गई। नामांकन वापसी से कुछ सीटें पूर्व में निर्विरोध हुई थी और कुछ सीटें आज गुरुवार को निर्विरोध हुई। 6 समितियों पर चुनाव चिन्ह आवंटित किया गया। 18 मार्च को मतदान संपन्न होगा। साधन सहकारी समिति लालगंज पर 5 ग्राम सभाओं में अमहा ग्राम पंचायत से श्रीनाथ, जगदीशपुर से बेला कली, बरडीहा से लाल मणि पांडे, लालगंज से अभिषेक, सेमरी कला से चंदा देवी, निर्विरोध घोषित की गई। वही 4 सीटों पर बनवारी से पूजा देवी व जीरावती देवी व रानीबारी से आफताब आलम व दिनेश कुमार, व नूपुर उद्दीन, विजय शंकर दुबे के बीच लड़ाई होगी। लहंगपुर से दिलीप शर्मा व शिव शंकर यादव के बीच लड़ाई होगी। इसी तरह 6 समितियों लालगंज, पगार, चरकी कला, तेंदू हनी, उसरी पांडेय, रामपुर खोमर समित पर नामांकन पत्रों की जांच करते हुए प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह आवंटित किया गया। सभी समितियों पर शांति तरीके से नामांकन प्रक्रिया की जांच करते हुए चुनाव चिन्ह की कार्यवाही संपन्न हुई।

# तेज हवा के साथ गिरी आकाशीय बिजली, दो भैंसों की मौत

**लालगंज।** तहसील क्षेत्र के धसड़ा राजा गांव में गुरुवार को अपरान्ह तीन बजे अचानक मौसम का मिजाज बदलने से तेज हवा के साथ हल्की बारिश हुई। इस दौरान तेज गर्जना के साथ आकाशीय बिजली गिरने से मकान के पास बंधी दो भैंस की की मौत हो गई। लालगंज थाना अंतर्गत धसड़ा राजा गांव में गिरजाशंकर त्रिपाठी के मकान के पास बने गौशाला में उनके पशु बंधे हुए थे। तेज हवा के साथ शुरू हुई बूंदाबादी के दौरान चमक के बाद तेज गर्जना के साथ पशुओं के बाड़े में आकाशीय बिजली गिरने से गिरजाशंकर त्रिपाठी की दो भैंस की मौके पर ही मौत हो गई। जिसमें एक भैंस लगेन और दूसरी गर्भवती थी। दोनों मुर्रा नस्ल की भैंस की मौत से एक लाख से अधिक का नुकसान हुआ है। घटना की जानकारी मिलते ही उप मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ आईडीएन चतुर्वेदी चिकित्सकों की टीम के साथ मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल किया। जिसमें दोनों भैंस मृत पाई गई। डॉ आईडीएन चतुर्वेदी ने बताया कि आकाशीय बिजली की चपेट में आने से से दोनों भैंस की मौत हुई है। जिनका पोस्टमार्टम किया जाएगा। गांव के पूर्व प्रधान डॉक्टर दयाशंकर तिवारी ने बताया कि मकान से थोड़ी दूर पर अकाशीय बिजली की घटना हुई है जिसमें मकान में रहने वाले परिजन बाल-बाल बच गये है।

### नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**मीरजापुर।** मड़िहान थाना पर एक व्यक्ति द्वारा नामजद आरोपी के विरूद्ध बीते छः मार्च को अपनी नाबालिग पुत्री का अपहरण व दुष्कर्म करने के सम्बन्ध में लिखित तहरीर दी गई। जिसके आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर विवेचना प्रारंभ की गई। नाबालिग बालिका के साथ हुई उक्त घटना को गंभीरता पूर्वक लेते हुए आरोपी की यथाशीघ्र गिरफ्तारी करने हेतु प्रभारी निरीक्षक मड़िहान को निर्देश दिए गए थे। जिसके क्रम में गुरुवार को उपनिरीक्षक उमाशंकर यादव मय पुलिस बल द्वारा मुकदमें से सम्बन्धित आरोपी संगम पुत्र तौलन निवासी हरिहरा थाना मड़िहान को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

# वित्त व परिवहन मंत्री ने दी जलशक्ति मंत्री की मां को श्रद्धांजलि

जनसंदेश न्यूज


विद्यालय का निरीक्षण करते वित्त मंत्री

**जमालपुर।** यूपी सरकार के कैबिनेट मंत्री सुरेश खन्ना एवं राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार दयाशंकर सिंह एवं नितिन अग्रवाल ने गुरुवार को एक साथ ओड़ी गांव पहुंच कर जलशक्ति मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह की दिवंगत मां रामा देवी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दिया। मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह एवं उनके बड़े बड़े श्रीपति सिंह से मिलकर शोक जताया। करीब बीस मिनट रूकने के पश्चात जमालपुर स्थित देवकली इंटर कालेज में बने हेलीपैड स्थल के लिए निकल गए। इससे पूर्व राज्य मंत्री श्रम कल्याण परिषद उ.प्र.सुनील भराला, पूर्व मंत्री ओमप्रकाश राजभर एवं पद्मश्री जनपद की कजरी गायिका अजीता श्रीवास्तव ने भी ओड़ी गांव पहुंच कर शोक जताया। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने ब्लाक मुख्यालय पहुंचते ही परिसर का सुन्दरता देख प्रशंसा किया और कहा कि ऐसा सुंदर ब्लाक ग्रामीण क्षेत्र में देखने को मिला। जिसके बाद सभागार कक्ष में विभागीय समीक्षा किया। जिसमें पेंशन को लेकर उच्चाधिकारियों को फटकार लगाई। भाजपा कार्यकर्ता रामजन्म कुशवाहा ने वित्त मंत्री सुरेश खन्ना से प्रार्थना पत्र देकर सामूहिक विवाह में पात्र व्यक्ति को विवाह स्थल पर बुलाने के बाद शादी से वंचित कर दिया गया था। जिसपर जांच कर कार्रवाई करने को कहा। इस दौरान अंकित सिंह, नवीन पांडेय, अभिषेक सिंह राजा, नरसिंह चौहान, संजय सिंह, गौरव सिंह, राजेंद्र सिंह, आलोक श्रीवास्तव सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

### दर्शन कराने को लेकर तू तू मैं मैं का वीडियो हुआ वायरल

**मीरजापुर।** जिले में दर्शन पूजन करने के लिए पहुंचे वित्त व संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना को दर्शन कराने को लेकर आपस में भिड़ गए। ऐसे में दोनों के बीच में तू तू मैं मैं का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। दरअसल संसदीय कार्य मंत्री के तीर्थ पुरोहित हनुमान दत्त पाठक है। ऐसे में हनुमान दत्त पाठक का परिवार ही सुरेश खन्ना को दर्शन पूजन कराता आ रहा है लेकिन आज विंध्याचल पहुंचे सुरेश खन्ना को दर्शन पूजन का कार्य नगर विधायक रत्नाकर मिश्रा ने कराया तो बाहर निकलने पर पुरोहित ने इसको लेकर शिकायत दर्ज कराई। तीर्थ पुरोहित ने शिकायत दर्ज कराते हुए कहा कि आप आए और हमें फोन भी नहीं किये। ऐसे में नगर विधायक ने कहा कि मंत्री आपको जानते भी नहीं है। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। वीडियो वायरल होने के बाद तीर्थ पुरोहित ने इसको लेकर नगर मजिस्ट्रेट व सीओ से शिकायत दर्ज कराई है जहां इसे नगर विधायक की जबरदस्ती बताया है।

# सरकार अपना काम कर रही है और कानून अपना : परिवहन मंत्री

**मीरजापुर।** कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह की मां को श्रद्धांजलि अर्पित करने ओड़ी गांव आए प्रदेश के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना, परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह आबकारी एवं मद्य निषेध मंत्री स्वतंत्र प्रभार नितिन अग्रवाल ने मां विंध्यवासिनी का दर्शन पूजन किया। पत्रकारों द्वारा पूछे गए प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि अपराध कैसा भी हो मुख्यमंत्री द्वारा जीरो टॉलरेंस का जो संदेश दिया गया है। उसी के अनुपालन में कार्य किये जा रहे हैं। सरकार अपना काम कर रही है। कानून अपना और पुलिस प्रशासन भी अपना कार्य कर रहा है। जो दोषी हैं उन्हें सजा दिलाने का कार्य हो रहा है। उमेश पाल का प्रकरण हो अथवा और भी अपराधिक मामले कानून अपराधियों के साथ अपराधियों वाला व्यवहार कर रहा है। रामचरितमानस पर पूछे गए प्रश्न के सवाल में उन्होंने कहा गया कि यह हमारे आस्था का सवाल है और इसमें किसी भी प्रकार का हस्तक्षेप बर्दाश्त नहीं किया जा सकता है। हम लोग बरसों से रामचरितमानस के माहौल में पले-बड़े हैं और उसके प्रति श्रद्धा भक्ति रखते हैं। भगवान राम की आराधना करते हैं। रामराज की कल्पना करते हैं, इसलिए जो लोग इस पर प्रश्न उठाते वे सिर्फ अपने को चर्चा में बने रखने के लिए करते हैं।

### नवरात्र मेले में रहेगी मोहन बरम धाम में पेयजल की समस्या

**मीरजापुर।** मड़िहान विधानसभा क्षेत्र के पटेहरा विकासखण्ड अंतर्गत बेलहरा धनावल गांव में स्थित मोहन बरम धाम में पेयजल की अत्यधिक समस्या हैं। विगत लगभग 400 वर्षो से प्रत्येक नवरात्रि में नौ दिन का विशाल मेला लगता हैं। आगामी चैत्र नवरात्र मेला 22 मार्च से शुरू होने वाला है। मेलें में प्रत्येक दिनों हजारों श्रद्धालुओं का आवागमन होता है। वर्तमान समय में ग्राम सभा बेलहरा व धनावल क्षेत्र अत्यधिक पेयजल संकट से जूझ रहा है। मोहन बरम धाम के पुजारी आशीष दुबे ने बताया कि गांव में पेयजल संकट चरम सीमा पर है। गांव के ज्यादातर हैंडपंपों ने पानी छोड़ दिया है, समरसेबुल पम्प का प्रयोग करने पर पानी कुछ ही क्षण आता है, पीने के पानी की समस्या की वजह से ग्रामीणों को अत्यधिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। गांव के लोगों को पीने तक का पानी नही मिल पा रहा है। साथ ही गांव के नजदीक तालाब, बांध के सूखने से मवेशियों को पीने का पानी नही मिल पा रहा है, ऐसे में नवरात्रि के समय अत्यधिक पेयजल संकट रहेगा। ग्रामीणों ने पेयजल समस्या को लेकर अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों का ध्यान आकर्षित कराते हुए पेयजल समस्या से निजात दिलाने का निवेदन किया हैं। जिसमें मोहन बरम धाम पुजारी गनपति द्विवेदी, महेंद्र दूबे, अवनीश दूबे, अम्बुज द्विवेदी, उमाचरण दूबे, बब्बू पाण्डेय, अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे।

## संक्षेप

### चाय बनाने को जलाई गैस, विस्फोट होने से वृद्ध की मौत



**जिगना।** विंध्याचल थाना अंतर्गत ग्राम सभा बैसपुर में गैस के रिसाव से आग लगजाने से एक 70 वर्षीय वृद्ध रामपति पुत्र राम करन की मौत हो गई। मृतक की पत्नी सुखराजी चाय बना रही थी। मृतक के 2 बेटे राजेश और राकेश की शादी हो गई है। एक बेटा अलग रहता है। जबकि एक लड़का साथ ही में रहता है। भोर के लगभग 3 बजे चाय बनाने के लिए गैस जलाई लेकिन गैस रिसाव होने के कारण मड़हे में आग लग गई। गैस सिलेंडर फटने की आवाज इतना भयानक थी कि 70 वर्षीय वृद्ध की तत्काल मौत हो गई। हालांकि ग्रामीणों ने तत्काल चारपाई सहित बाहर निकल लिया तब तक उनकी मौत हो गई थी। सूचना के आधार पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने किसी तरह आग पर काबू पाया। सूचना के आधार पर पहुंची विंध्याचल पुलिस विधिक कार्यवाही करते हुए पीएम के लिए भेज दिया। वृद्ध की मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। वृद्ध के परिजनों ने आर्थिक मदद के भी गुहार लगाई।

### अपना दल एस अहरौरा जोन की समीक्षा बैठक संपन्न



**अहरौरा।** मड़िहान विधानसभा अहरौरा जोन की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक के मुख्य अतिथि दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री राम लखन पटेल, विशिष्ट अतिथि युवा मंच जिला अध्यक्ष उदय पटेल रहे। बैठक की अध्यक्षता अहरौरा जोन के अध्यक्ष भगवान दास प्रजापति तथा संचालन सांसद प्रतिनिधि सभासद सिद्धार्थ सिंह उर्फ मिक्की सिंह ने किया। उक्त बैठक में रामाश्रय मौर्य, श्रवन कुमार बिंद, रमाशंकर पटेल, संजय कुमार प्रजापति, लक्ष्मण बिंद, चंद्रभान पहेलियां, भानु प्रसाद शर्मा, पूरण प्रसाद गौड़, प्रेम राय, महेश प्रजापति, रामानंद साहनी, जय प्रकाश प्रजापति, महेंद्र बिंद, बाबूलाल, सुनील मौर्या व अन्य कार्यकर्ता पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में विभिन्न विषयों पर चर्चा परिचर्चा किया गया।

### न्यायिक व्यवस्था में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ उठाया जाए सख्त कदम

**लालगंज।** उत्तर प्रदेश अधिवक्ता संघर्ष समिति तहसील लालगंज के अध्यक्ष चंद्र दत्त त्रिपाठी ने अधिवक्ता संघर्ष समित की मांग को लेकर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार शशांक शेखर राय को सौंपा। मांग पत्र लेते हुए तहसीलदार ने पत्र के माध्यम से जिलाधिकारी को प्रेषित करने का आश्वासन दिया। अधिवक्ता संघर्ष समिति के अध्यक्ष चंद्र दत्त त्रिपाठी ने मांग किया कि उत्तर प्रदेश एडवोकेट वेलफेयर एक्ट 1974 में संशोधन किया जाए। अधिवक्ता कल्याण में 15 लाख किया जाए और 60 वर्ष की उम्र के बाद उसे प्रदान किया जाए। 60 वर्ष की आयु पूरा करने के बाद सभी अधिवक्ताओं को 10000 पेंशन दिया जाए। अधिवक्ता की मृत्यु होने पर उनकी पत्नी को आश्रित पेंशन दिया जाए। घर बनाने के लिए ब्याज मुक्त कर्ज की व्यवस्था की जाए। तहसील परिसर में पीने का साफ पानी की व्यवस्था की जाए। न्यायिक व्यवस्था में भ्रष्टाचार के खिलाफ सख्त कदम उठाया जाए। राज्य सरकार अधिवक्ताओं की सुरक्षा के लिए प्रदेश में एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट तुरंत लागू करें। इस अवसर पर उपरौध अधिवक्ता समिति के अध्यक्ष अनिल कुमार शुक्ला, विजय नारायण मिश्र, राकेश दुबे, त्रिलोक नाथ दुबे, प्रदुम्न कुमार दुबे, गुलामे रसूल, उमाशंकर मिश्र, जीत नारायण दुबे, राजकुमार पांडे, विपिन तिवारी, शिवम पांडे, आलोक त्रिपाठी, आदि लोग उपस्थित रहे।

### अबूझ हाल में किशोर ने निगला विषाक्त पदार्थ, इलाज के दौरान मौत

**राजगढ़।** स्थानीय थाना क्षेत्र के करौंदा गांव में बीती रात एक किशोर ने संदिग्ध परिस्थितियों में विषाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया। जिसकी इलाज के दौरान निजी अस्पताल में मौत हो गई। किशोर की मौत से परिजनों का रो रो कर बुरा हाल हो गया है। वहीं पुलिस को सूचना दिए बगैर ही शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया। राजगढ़ थाना क्षेत्र के करौंदा गांव निवासी वीरेंद्र पासवान अपने परिवार के साथ नाशिक में रहकर प्राइवेट काम करते हैं। होली पर वीरेंद्र पासवान का छोटा पुत्र मोनू घर आया हुआ था। घर पर रह रही मोनू की भाभी अपने मायके गई हुई थी। जिससे मोनू घर पर अकेला था। बुधवार की रात संदिग्ध परिस्थितियों में विषाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया।हालत विगड़ने पर देर रात आसपास के लोगों द्वारा एम्बुलेंस द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजगढ़ में भर्ती कराया गया। जहां किशोर की हालत गंभीर देख प्राथमिक उपचार के बाद अन्यत्र रेफर कर दिया गया। परिजन किशोर को निजी अस्पताल में भर्ती कराये। जहां इलाज दौरान मोनू की मौत हो गयी। किशोर के मौत की सूचना मिलते ही परिजन रो रो कर बेहाल हो गए। मृतक दो भाई था। बड़े भाई की शादी हो गई है, मृतक की अभी शादी नही हुई थी।

### सड़क पर खड़े युवक को बाइक ने मारी टक्कर घायल

**लालगंज।** स्थानीय थाना क्षेत्र के लहंगपुर चौकी अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग 135 पर स्थित पटेल नगर के सामने सड़क के किनारे खड़े व्यक्ति को अनियंत्रित बाइक सवार ने टक्कर मार दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पीआरबी पुलिस ने घायल व्यक्ति को उपचार कराने के लिए एंबुलेंस से 22 वर्षीय पुत्र आशीष तिवारी किसी के इंतजार में बुधवार की देर रात सड़क के किनारे खड़ा था कि तेज रफ्तार आ रही बाइक सवार ने टक्कर मार दिया। जिससे आशीष तिवारी सड़क पर गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गया। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पीआरबी पुलिस ने घायल युवक को उपचार कराने के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लालगंज भेजवाया। जानकारी मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचे परिजनों ने बताया कि आशीष तिवारी का एक पैर टूट गया है।

### ट्रैक्टर से गिरकर 6 वर्षीय बालक की मौत

**चील्ह।** स्थानीय थाना क्षेत्र के महंगीपुर गांव निवासी अर्पित 6 पुत्र कमलेश यादव अपने दादा के साथ ट्रैक्टर पर बैठकर घर के पास सरसों दबाने के लिए बैठा था कि अचानक अर्पित ट्रैक्टर के नीचे गिर गया जिससे वह बुरी तरह से घायल हो गया। घायलावस्था में परिजनों ने बालक को इलाज हेतु भदोही जनपद के खम्हरिया स्थित एक निजी अस्पताल में ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने बालक को मृत घोषित कर दिया। बालक के मृत्यु के पश्चात घर में कोहराम मच गया। बताया जाता है कि कमलेश यादव के दो पुत्रों में यह छोटा पुत्र था। घटना से दुखी होकर बालक की माता निर्मला देवी व परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया है।

### दहेज हत्या के आरोप में गिरफ्तार

**मीरजापुर।** बीते नौ जनवरी को लक्षनधारी पुत्र स्व माताबन्धन निवासी पकरी सेवार, मेजा जनपद प्रयागराज द्वारा नामजद के विरुद्ध पुत्री को दहेज के लिए प्रताड़ित करने व जान से मार देने के सम्बन्ध में लिखित तहरीर दी थी। जिसके आधार पर जिगना थाना में डीपी एक्ट पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गई। जिसके क्रम में पुलिस अधीक्षक द्वारा घटना को गंभीरता से लेते हुए घटना से सम्बन्धित आरोपियों की यथाशीघ्र गिरफ्तारी करने हेतु प्रभारी निरीक्षक जिगना को निर्देश दिये गए। जहां गुरुवार को उपनिरीक्षक कृष्ण भूषण पाण्डेय मय पुलिस टीम द्वारा प्राप्त मुखबिर की सूचना के आधार पर जिगना क्षेत्र से नामजद आरोपी इसरावती देवी पत्नी हरिशंकर निवासी ग्राम भौरूपुर साट्न पट्टी थाना जिगना को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

### तीन दिन तक मौसम रहेगा खराब, रहें सावधान

**मीरजापुर।** जनपद के किसानों को निर्देशित किया जाता है कि मौसम विज्ञान केन्द्र लखनऊ के द्वारा अवगत कराया गया है कि 16 मार्च से 20 मार्च 2023 तक मौसम की स्थिति खराब रहेगी। 16 मार्च 2023 को राज्य के अलग-अलग स्थानों पर गरज और बिजली के साथ हल्की बारिश की संभावना है। 17 मार्च को कुछ स्थानों पर गरज और बिजली के साथ हल्की से मध्यम बारिश और कुछ जगहों पर ओलावृष्टि की संभावना व बिजली गिरने की संभावना है। 18 मार्च को कई स्थानों पर गरज व बिजली के साथ हल्की बारिश की संभावना है। उप कृषि निदेशक, मीरजापुर द्वारा बताया गया कि जिन किसानों द्वारा मटर, मसूर, सरसों की कटाई कर चुके है तो उसकी थ्रेसिंग शीघ्र से शीघ्र करते हुए अनाज को उचित स्थान पर भण्डारण कर लें, अथवा खलिहान में पड़े हुए कटी फसल को तिरपाल से ढकने की व्यवस्था कर लें।

### चुनाव चिह्न आवंटन के बाद शुरू हुई गहमागहमी

**हलिया।** क्षेत्र के साधन सहकारी समितियों अहुँगी कला, सिकटा में संचालक निर्विरोध घोषित किए गए। तथा उमरिया बडौहां, मटिहरा मतवार, गलरा खुटहा, बबुराकला, बरौधा, महोगढ़ी भटवारी दिघिया में संचालक पद के उम्मीदवारों को चुनाव चिंह का आवंटन किया गया है। इस दौरान चुनाव चिंह लेने के लिए समितियों पर उम्मीदवारों की भीड़ जुटी रही। कुछ संचालक पद के लिए एक एक नामांकन पत्र दाखिल होने से निर्विरोध निर्वाचित होना तय है जबकि कई पदों पर चुनाव होगा। इस संबंध में सहायक विकास अधिकारी पंचायत धर्मेंद्र निषाद ने बताया कि विकास खंड के नौ साधन सहकारी समितियों पर संचालक पद के उम्मीदवारों को चुनाव चिंह आवंटन किया गया है।

# बिजलीकर्मियों ने किया प्रदर्शन रात्रि से 72 घण्टे की हड़ताल शुरू

**मांग**

### प्रबंधन पर लगाया समझौते का पालन नहीं करने का आरोप

जनसंदेश न्यूज

**सोनभद्र।** नगर स्थित अधिशासी अभियंता कार्यालय पर गुरुवार को विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के तत्वाधान में विरोध प्रदर्शन कर धरने पर बैठे बिजलीकर्मियों ने बताया कि ऊर्जा मंत्री के साथ हुए समझौते को लागू कराने हेतु बिजली कर्मियों ने प्रांतव्यापी कार्य बहिष्कार शुरू किया। रात्रि 10 बजे से 72 घण्टे की सांकेतिक हड़ताल शुरू कर देश भर में उप्र के बिजली कर्मियों के समर्थन में विरोध प्रदर्शन किये जायेंगे।

बता दें कि विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के आह्वान पर प्रदेश के सभी ऊर्जा निगमों के बिजली कर्मचारियों, जूनियर इंजीनियरों, अभियन्ताओं और निविदा/संविदा कर्मियों ने कार्य बहिष्कार प्रारम्भ कर दिया। बिजली कर्मचारियों एवं अभियन्ताओं की राष्ट्रीय समन्वय समिति नेशनल कोऑर्डिनेशन कमेटी ऑफ इलेक्ट्रीसिटी इम्प्लॉईज एण्ड इंजीनियर्स ने उप्र के बिजली कर्मियों के आन्दोलन के समर्थन में राष्ट्रव्यापी विरोध प्रदर्शन करने का आहवान किया है। एनसीसीओईईई के आह्वान पर देश के सभी प्रान्तों के सभी जनपदों एवं परियोजनाओं पर लगभग 27 लाख बिजली कर्मी सड़कों पर उतर कर विरोध प्रदर्शन किया।


एक्सईएन कार्यालय पर प्रदर्शन करते बिजलीकर्मी

संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि ऊर्जा निगमों के शीर्ष प्रबन्धन की हठवादिता के चलते बिजली कर्मियों पर हड़ताल थोपी जा रही है। उन्होंने कहा कि तीन दिसम्बर 2022 को हुए समझौते में ऊर्जा मंत्री की ओर से 15 दिन का समय मांगा गया था, अब 112 दिन व्यतीत हो गये हैं और समझौते के प्रमुख बिन्दुओं के क्रियान्वयन की दिशा में कुछ भी कदम नहीं उठाया जा रहा है एवं ओबरा, अनपरा की 800-800 मेगा वाट की नई इकाईयां को उत्पादन निगम से छीन कर एन.टी.पी.सी. को दिये जाने, पारेषण के निजीकरण को रोकने की मांग किया। पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रति पूरा सम्मान व निष्ठा व्यक्त करते हुए समझौते को लागू कराने हेतु प्रभावी हस्तक्षेप करने की पुनः अपील की है। सभा में एके कौशल, इं रामेन्द्र पाण्डेय, डीके सिंह, इं श्रवण कुमार सिंह, एसके यादव, इं विवेक कुमार, इं सुनील कुमार, इं संजय सिंह, इं कमलेश कुमार, इं शैलेश कुमार, रामलाल, सत्यप्रकाश, पुष्पराज, विनोद आदि मौजूद रहे।

# मांगों को लेकर शिक्षक संघ वित्तविहीन गुट का प्रदर्शन

**विरोध**

### डीएम व जिला विद्यालय निरीक्षक को नामित छह सूत्री मांग पत्र लिपिक को सौंपा

**सोनभद्र।** उरमौरा स्थित डीआईओएस कार्यालय गेट पर गुरुवार को अपनी 6 सूत्री मांगों को लेकर शिक्षक संघ वित्तविहीन गुट ने विरोध प्रदर्शन करते हुए जिलाधिकारी जिला विद्यालय निरीक्षक नामित पत्र संबंधित बाबू को सौंप कर अपनी आवाज को बुलंद किया। प्रदेश अध्यक्ष लाल बिहारी यादव, जिला अध्यक्ष प्रबोध कुमार सिंह ने बताया कि माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की कॉपियों का मूल्यांकन व परीक्षा में कक्ष निरीक्षक का काम वित्तविहीन शिक्षक करते चले आ रहे थे। लेकिन 2019 से अब तक उनके पारिश्रमिक का सरकार द्वारा भुगतान नहीं किया गया।

प्रदेश में 80 प्रतिशत माध्यमिक शिक्षा में भागीदारी देने वाले वित्तविहीन शिक्षक जो 21000 विद्यालयों में 3:50 लाख लोग भुखमरी के शिकार हैं। तथा मदरसे के आधुनिक शिक्षकों के वेतन का केन्द्रांश का पैसा सरकार भुगतान नहीं कर रही है और पुरानी पेंशन की बहाली के सवाल पर सरकार पुरानी पेंशन देने से इंकार कर रही है। वहीं तदर्थ शिक्षकों एवं अवैतनिक तदर्थ शिक्षकों का भुगतान सरकार नहीं कर रही है। तमाम समस्याओं से शिक्षक जूझ रहा है, जिसके लिए विधान परिषद में भी शिक्षक नेता लाल बिहारी यादव ने सदन में सरकार के सामने रखा, जिस पर कोई प्रभावी कार्यवाही नहीं हो सकी। मांग किया कि शिक्षकों एवं कर्मचारियों की पुरानी पेंशन बहाल की जाए, शिक्षकों के मूल्यांकन की बकाया पारिश्रमिक भुगतान किया जाए, तदर्थ शिक्षकों व अवैतनिक तदर्थ शिक्षकों को विनियमित किया जाए, मदरसों के आधुनिक शिक्षकों के केंद्रांश का भुगतान तत्काल कराया जाए। जिलाध्यक्ष ने बताया कि जब तक उक्त समस्याओं का समाधान नहीं होता तब तक मूल्यांकन बहिष्कार जारी रहेगा। इस मौके पर वीरेंद्र यादव, संजय सिंह, सुनील कुमार, सुरेंद्र कुमार सिंह, पवन कुमार, सुजीत कुमार, राजेश कुमार, धनंजय तिवारी, हरिदास, शंकर कनौजिया, बलिराम, अमरेश चंद्र सिंह, त्रिकालदर्शी समेत तमाम मौजूद रहे।


प्रदर्शन करते शिक्षक

### राज्य सीमेंट निगम कर्मचारियों ने बुलंद की आवाज

**सोनभद्र।** राज्य सीमेंट निगम के कर्मचारियों ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट परिसर में अपनी 6 सूत्री मांगों को लेकर प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री को नामित पत्र जिला प्रशासन को सौंपा। भूतपूर्व संयुक्त मंत्री राजबली सिंह ने बताया कि राज्य सीमेन्ट निगम के तीनों इकाइयां चुर्क, चुनार, डाला सीमेन्ट कारपोरेशन के कर्मचारियों की दुर्दशा छिपी नही है, आर्थिक कठिनाइयों से जूझते हुए कितने कालकवलित हो गए, कितनों ने आत्म हत्या कर ली। प्रशासन से उचित निर्णय लेने के कारण कर्मचारियों में आशा की किरण दिखाई दी है कि आपके माध्यम से उनकी जिंदगी बदल सकती है। इस मौके पर तेजु प्रसाद, छोटेलाल, रामजी, मोहम्मद मुस्लिम, निर्मला शर्मा, फुलवासी देवी, शिव शंकर चौधरी, हनुमान तिवारी, राम केश्वर, कालिका, सरस्वती देवी, राधे, गौरी देवी, गिरजा, गुलाब शर्मा, राजकुमार, नन्हकू, वैजनाथ आदी मौजूद रहे।

## संक्षेप

### छः माह पूर्व बनी सीसी सड़क में आयी दरार जांच की उठी मांग


बुटबेड़वा में सीसी रोड में पड़ी दरार

दुद्धी। विकासखण्ड अंतर्गत सीसी रोड निर्माण में भ्रष्टाचार का मामला प्रकाश में आया है। यहां बुटबेड़वा सीमा स्थित धरतीडोलवा कंपोजिट स्कूल से बस्ती तक छः माह पूर्व ग्राम पंचायत निधि के पंद्रहवां वित्त से बनी लाखों की सीसी रोड ने ग्राम पंचायतों में होने वाले विकास कार्यों की पोल खोल कर रख दी है। आलम यह है कि यहां स्कूली बच्चे इन फटी दरारों में धोखा खाकर गिर जा रहे हैं। ग्रामीण बताशी देवी, नीतीश, संत कुमार सहित अन्य लोगों ने बताया कि सड़क निर्माण में गुणवत्ता का ख्याल नहीं रखा गया है। सोलिंग बिछाने में भी खानापूर्ति की गई है, न तो इसपर रोलर चलाया गया और न ही पानी डालकर कुटाई की गई और सीसी ढलाई के बाद तराई न करने के कारण रोड फटने लगी। इससे आक्रोशित ग्रामीणों ने प्रदर्शन कर सड़क निर्माण में हुए घोटाले की जांच की मांग डीएम से उठाई है। एडीओ पंचायत समर बहादुर ने कहा कि शिकायत मिली है, जांच कर सम्बंधित सचिव के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### मांगों को लेकर संविदाकर्मियों का प्रदर्शन


प्रदर्शन करते संविदाकर्मी

**सोनभद्र।** जनपद में कोविड-19 के तहत कार्यरत कर्मचारियों का आउटसोर्स कम्पनी एवं जिम्मेदार स्वास्थ्य अधिकरियों द्वारा किये जा रहे उत्पीड़न के विरोध में कोविड कर्मचारियों ने भारतीय मजदूर संघ बैनर तले गुरुवार को कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन कर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में लगातार किये जा रहे संघर्षों के लिए शासन स्तर से कोविड कर्मचारियों के कार्यों को स्थायी किये जाने एवं आउटसोर्स से हटाकर एनएचएम उप्र में समायोजित करने की मांग किया। इस मौके पर सदानन्द उपाध्याय, विकास गोस्वामी, रोहित, यज्ञेश पाण्डेय, तारा, रिम्पा, अनुराधा, क्षमा, शीला पाल, चरनजीत, शिवेन्द्र सिंह रघुंवशी, अजय शरण, विवेकानन्द शुक्ला, संदीप, प्रदीप, मंदीप कुमार आदि मौजूद रहे।

### जिला जेल में बंद दुष्कर्म आरोपी की बिगड़ी तबीयत

**सोनभद्र।** किशोरी से दुष्कर्म के आरोप में सोनभद्र जिला जेल में बंद एक बंदी की तबीयत अचानक बिगड़ गई। उसे आनन-फानन जिला अस्पताल लाया गया, जहां हालत गंभीर होने पर वाराणसी रेफर कर दिया गया। एक्स-रे रिपोर्ट में बंदी के पेट में शीशे के अंश पाए गए हैं। आरोप है कि उसे शराब में शीशा मिलाकर पिलाया गया था। वाराणसी स्थित बीएचयू अस्पताल में पुलिस हिरासत में उसका उपचार चल रहा है। पन्नूगंज थाना क्षेत्र के भगवानपुर गांव निवासी श्यामू बियार को 10 मार्च को पुलिस ने गिरफ्तार किया था। उस पर अनुसूचित जाति की किशोरी से दुष्कर्म का आरोप था। गिरफ्तारी के बाद उसे कोर्ट में पेश किया गया, जहां से जेल भेज दिया गया। 11 मार्च को पुलिस ने श्यामू को जेल में दाखिल कराया था। जिला जेल गुरमा के अधीक्षक सौरभ श्रीवास्तव के मुताबिक बुधवार रात श्यामू ने पेट में तेज दर्द की शिकायत की। इस पर उसे जेल अस्पताल ले जाया गया। वहां तबीयत में सुधार न होने पर कड़ी सुरक्षा में जिला अस्पताल भेजा गया। जिला अस्पताल में एक्स-रे कराया गया। रिपोर्ट में उसके पेट में शीशे के अंश पाए गए हैं। श्यामू ने बताया कि उसे शराब में शीशा मिलाकर पिलाया गया था। यह घटना जेल में दाखिल होने से पहले की है। जिला अस्पताल के डॉक्टरों ने प्रारंभिक उपचार के बाद बेहतर उपचार के लिए बंदी को वाराणसी रेफर कर दिया। पुलिस अभिरक्षा में उसका उपचार बीएचयू में चल रहा है। मामले में संबंधित अधिकारियों को अवगत करा दिया गया है।

### पेड़ से टकराकर बाइक सवार की मौत

**बभनी।** थाना क्षेत्र के बभनी-अम्बिकापुर मार्ग पर मधु घूटरा के पास बुधवार की देर शाम अनियंत्रित बाइक पेंड़ से टकरा गई। इस हादसे में बाइक सवार दुकानदार की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजवा दिया। बताया गया कि 48 वर्षीय विजय कुमार पुत्र बोधन निवासी चकसानी बुधवार की शाम को बभनी से दुकान बंद करके बाइक से अपने घर जा रहा था कि बाइक मधु घूटरा के पास अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई और उसे गंभीर चोटें आईं। टक्कर की आवाज सुनकर कुछ दूर पर बैठे लोग दौड़ कर घटनास्थल पर आए। ग्रामीणों ने तत्काल घटना की सूचना पुलिस तथा 108 एम्बुलेंस को दिया। सूचना मिलते ही पीआरबी 112 तथा 108 एम्बुलेंस पहुंच ग्रामीणों की मदद से पुलिस ने घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उपचार के लिए भर्ती कराया, जहां चिकित्सकों ने विजय की हालत गंभीर होने की वजह से प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल ले जाते समय डूभा के पास विजय ने दम तोड़ दिया। मौत की खबर लगते ही घर में रोने की चीख पुकार शुरू हो गई। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### बसपा प्रदेश अध्यक्ष का आगमन आज

**सोनभद्र।** बहुजन समाज पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल का आगमन शुक्रवार को जनपद में हो रहा है। वे घोरावल विधानसभा के पेढ़ में मृतक अनुराग पाल के पीड़ित परिवार से मिलकर शोक संवेदना व्यक्त करेंगे। यह जानकारी देते हुए जिलाध्यक्ष बी सागर ने सभी पदाधिकारियों व कर्मचारियों को बढ़ौली चौक पर उपस्थित होने की बात कही है।

### सचिव से त्रस्त प्रधान पहुंचा एडीओ पंचायत के पास

**सोनभद्र।** विकास खंड नगवां के ग्राम पंचायत नगवां के ग्राम प्रधान बुंदे ने आरोप लगाया है कि मैं कम पढ़ा लिखा होने के नाते ग्राम पंचायत सचिव जंक्शन कुजूर व सप्लायर उमेश मिलकर ग्राम पंचायत का कंप्यूटर डोंगल सिस्टम ठीक कराने के नाम पर कई महीनों से लेकर के गायब हैं प्रधान को शक है कि कहीं उनके डोंगल का गलत इस्तेमाल तो नहीं किया जा रहा है जिसकी शिकायत लिखित रूप से 3 मार्च को रामचरण प्रसाद सहायक विकास अधिकारी पंचायत को दिया गया है बावजूद सचिव वह सप्लायर के ऊपर कोई कार्यवाही नहीं किया गया ग्राम प्रधान ने कहा कि इस सरकार में आदिवासी व जनजाति के प्रधानों का केवल शोषण किया जा रहा है सरकार केवल हम लोगों के प्रति दिखावा कर रही है सचिव व सप्लायर इतने दबंग किस्म के लोग हैं कि हमारी एक नहीं सुनी जाती जिसके वजह से हमारा गांव विकास से काफी दूर है जब इस संबंध में प्रसाद सहायक विकास अधिकारी से पूछा गया तो बताया कि हमारे पास भी ग्राम प्रधान के द्वारा लिखित शिकायत दिया गया है मैं जांच करा कर कार्रवाई करूंगा। ग्राम प्रधान ने कहा कि अगर समय रहते हमारे

# मिलीभगत से पार कराया जा रहा परियोजना का स्क्रेप

**हंगामा**

### ऊर्जांचल में कबाड़ चोरों का पुलिस व परियोजना के सुरक्षाकर्मियों की शह पर चल रहा सिंडीकेट

जनसंदेश न्यूज

**शक्तिनगर।** एनसीएल खड़िया परियोजना के सुरक्षा कर्मियों एवं कबाड़ियों की मिलीभगत से परियोजना का स्क्रेप परियोजना के ही गाड़ी से पहुंचाया जा रहा है। स्क्रेप उतरते ही आसपास के लोगों ने हंगामा कर दिया। मौके पर सुरक्षा अधिकारी एवं पुलिस पहुंच कर मामले की लीपापोती में जुट गई। बताया गया कि बुधवार की सुबह एनसीएल खड़िया परियोजना की गाड़ी स्क्रेप लेकर खड़िया बाजार के मिस्त्री के यहां खाली किया, जिसको देखते ही पड़ोस के कबाड़ी के लेबर उठाने लगे।

जिसका आस पास के लोगों ने विरोध करना शुरू कर दिया। सूचना पर पुलिस एवं परियोजना के सुरक्षा इंचार्ज एस पी सिंह अपने साथ सुरक्षा कर्मी को लेकर पहुंच मामले को शान्त करने लगे, लेकिन हंगामा बढ़ता देख कुछ देर बाद स्क्रेप उठवा लिया। जब मामला बढ़ने लगा तो एक गेट पास जारी किया गया, जिसमें उपरोक्त गाड़ी को रिपेयरिंग के लिए खड़िया बाजार में दिखाया गया।

प्रश्न यह उठता है कि जब स्क्रेप रिपेयरिंग के लिए गया था तो उसको वापस क्यों लाया गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार यह आए दिन की बात है। हंगामा होने पर दिखावा किया जा रहा है। इस सम्बंध में परियोजना के कार्मिक विभाग के आलोक टोप्पो से बात की गई तो उन्होंने कहा कि मामला मेरे जानकारी में नही है। सुरक्षा अधिकारी एस पी सिंह से बात कर लीजिए। जब उनसे सेल फोन पर बात करने का प्रयास किया गया तो बार बार रिंग जाने के बावजूद उन्होंने फोन रिसीव नही किया। पुलिस का कहना है कि अभी तक ऐसी कोई तहरीर नही मिली है, तहरीर मिलने पर उचित कार्यवाही की जाएगी।


दुकान के बाहर रखा स्क्रेप

### कबाड़ की दुकान पर सुरक्षा अधिकारी व दुकान स्वामी से मारपीट

**शक्तिनगर।** थाना क्षेत्र के बस स्टैंड मार्केट की कबाड़ दुकान पर एनसीएल के सुरक्षा अधिकारी, सुरक्षा प्रभारी एवं कबाड़ दुकानदार के बीच मारपीट हो गयी। मामले में दोनों पक्षों ने पुलिस को तहरीर देकर न्याय की गुहार लगायी है। कबाड़ दुकानदार हरिश्चंद्र यादव ने दिये तहरीर में आरोप लगाया कि गुरुवार की दोपहर अपने दुकान पर मौजूद था कि इसी बीच एनसीएल खड़िया परियोजना के सुरक्षा अधिकारी एसपी सिंह, सुरक्षा प्रभारी शिवेंद्र सिंह एवं चार पांच की संख्या में सुरक्षाकर्मी पहुंचे एवं चोरी का आरोप लगाते हुए पैसे की मांग करने लगे, न देने पर झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देते हुए मारपीट करने लगे। सुरक्षा प्रभारी ने दिए तहरीर में आरोप लगाया है कि सुरक्षा अधिकारी के साथ अन्य सुरक्षाकर्मी पुलिस अधीक्षक के स्कार्ट में जा रहे थे कि उक्त कबाड़ दुकान के पास पहुंचे तो जयन्त के सुरक्षा प्रभारी बीस-पच्चीस लोगों के घिरे रहे। जब गाड़ी रोककर वहां पहुंचे तो कबाड़ दुकान मालिक हरिश्चंद्र यादव सहित उनके लड़के लाठी डंडे से मारने लगे। किसी तरह हम लोग जान बचा कर भागे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार सुरक्षा अधिकारी, सुरक्षा प्रभारी कई सुरक्षा कर्मियों के साथ कबाड़ दुकान पर पहुंच कर दुकान मालिक को गाली देते हुए धक्का देने लगे। जिससे वहां मौजूद लोग बीच बचाव करने लगे। मामला बढ़ता देख सुरक्षा अधिकारी भाग खड़े हुए और थाने पहुंच कर तहरीर दिया। बताया जाता है कि क्षेत्र में करीब दर्जन भर से अधिक कबाड़ दुकान संचालित हैं, लेकिन सुरक्षा अधिकारी एवं सुरक्षा प्रभारी इस दुकान को अपना टारगेट बना लिये थे। आए दिन किसी न किसी बहाने से आरोप लगाकर पूरे परिवार को जेल भेज चुके है। वहीं पुलिस दोनों पक्षों की तहरीर लेकर जांच शुरू कर दी।

# शौचालय निर्माण में शिथिलता पर डीएम ने लगाई फटकार

**समीक्षा बैठक**

### समीक्षा बैठक में खामियां पाए जाने पर संबंधितों को दी सुधार की चेतावनी

**सोनभद्र।** जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह ने बुधवार की रात्रि में कैम्प कार्यालय में स्वच्छ भारत मिशन के तहत जिला स्वच्छता समिति व गोबरधन सेल की बैठक की गयी, इस दौरान जिलाधिकारी ने पिछली बैठक की कार्यवाही की पुष्टि करते हुए व्यक्तिगत शौचालय निर्माण, सामुदायिक शौचालय, ओडीएफ प्लस की स्थिति, चयनित 15 माडल ग्राम की स्थितियों के प्रगति की समीक्षा खण्ड विकास अधिकारी, सहायक खण्ड विकास अधिकारियों से बारी-बारी से गहनता पूर्वक की। लापरवाही पाएए जाने पर संबंधितों को फटकार लगाते हुए कार्रवाई की चेतावनी दिया।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने बनाये जा रहे व्यक्तिगत शौचालय के निर्माण कार्य की स्थिति की जानकारी बीडीओ व एडीओ पंचायतों से ली, तो यह तथ्य सामने आया कि शौचालय के निर्माण कार्य में काफी शिथिलता व लापरवाही बरती जा रही है, जिससे निर्माण कार्य की स्थिति ठीक नहीं है, जिस पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए बीडीओ व एडीओ पंचायत को निर्देशित किया कि तत्काल इस कार्य में तेजी लाया जाये, शौचालय के कार्य में जिस भी स्तर पर शिथिलता व लापरवाही बरती गयी है, उनकी जिम्मेदारी तय करते हुए कड़ी कार्यवाही की जाये, जिलाधिकारी ने इस कार्य के लिए जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा व्यक्तिगत शौचालय के निर्माण कार्य का निरीक्षण समय-समय पर किया जाये, जिस स्तर पर शिथिलता व लापरवाही बरती जाती है, उनके खिलाफ तत्काल कार्यवाही कर स्पष्टीकरण प्राप्त किया जाये, अन्यथा की स्थिति में स्वयं जिम्मेदारी तय करते हुए आवश्यक कार्यवाही कर दी जायेगी।

डीएम ने सामुदायिक शौचालयों के संचालन की स्थिति का जायजा लिया तो पता चला कि कुछ ब्लाकों में संचालन की स्थिति ठीक नहीं है, इस कार्य में लगे डीपीसी रूचि लेकर काम नहीं करते हैं जो लापरवाही का द्योतक है, जिस पर डीएम ने डीपीआरओ को निर्देशित करते हुए कहा कि इन लोगों पर नियंत्रण रखने की जरूरत है, इन लोगों का कार्य ठीक नहीं है, अपने कार्य में सुधार नहीं लाते हैं तो स्पष्टीकरण देने के साथ ही आवश्यक कार्यवाही की जाये, इस मौके पर डीएम ने पेयजल समस्या सम्बन्धी बैठक करते हुए कहा कि गर्मी के दिनों में जनपद सोनभद्र का जलस्तर नीचे चले जाने के कारण हैंडपंप समरसेबल एवं कुएं सूख जाते हैं, जिसके लिए पूर्व में ही भूगर्भ जल के रिचार्ज की कार्य योजना बनाई गयी है, किन्तु जिला पंचायत राज अधिकारी व डीपीसी के शिथिलता बरतने के कारण इस कार्य में तेजी नहीं लाया गया है, जिस पर निर्देशित किया गया कि इस कार्य में तेजी लायी जाये, जिससे आने वाले समय में पानी की पर्याप्त उपलब्धता बनी रहें और लोगों को पीने के पानी से निजात मिल सके।

डीएम ने बताया कि ग्राम पंचायतों में जो बोर फेल हो गए हैं या खराब हो गए हैं उसको डिप बोरवेल रिचार्ज पीट बनाया जाये, जिससे कि बरसात का पानी बोरवेल के माध्यम से भूगर्भ जल में भेजा जा सके एवं भूगर्भ जल को रिचार्ज किया जा सके। इस दौरान गोबरधन सेल की बैठक करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि गोबरधन योजना के क्रियान्वयन के सम्बन्ध में गाइडलाईन के तहत जिले में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में ग्राम पंचायत का चयन कर क्रियान्वयन किया जाये। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी सौरभ गंगवार, जिला पंचायत राज अधिकारी विशाल सिंह, परियोजना निदेशक आरएस मौर्या, अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह, खण्ड विकास अधिकारीगण, एडीओ पंचायतगण सहित अन्य सम्बन्धितगण उपस्थित रहें।


कैंप कार्यालय पर समीक्षा बैठक करते डीएम

### अग्रहरि समाज के राष्ट्रीय संरक्षक की पत्नी के निधन पर शोक

**ओबरा।** नगर के खनन व्यवसायी विजय वैश्य की माता का गुरुवार की भोर में प्रयागराज स्थित आवास पर निधन हो गया। निधन की खबर लगते ही भारी संख्या में शुभचिंतकों का जमावड़ा लग गया। अखिल भारतीय अग्रहरि समाज के राष्ट्रीय संरक्षक रामजी अग्रहरि की पत्नी 68 वर्षीय मुन्नी देवी के निधन होने की सूचना पर शोक की लहर दौड़ गई। रामजी अग्रहरि के छोटे भाई वरिष्ठ समाजसेवी व राष्ट्रीय अध्यक्ष सुभाष अग्रहरि ने जानकारी देते हुए बताया कि पूज्यनीय भाभी का अंतिम संस्कार शुक्रवार को बैरहना प्रयागराज आवास से दारागंज स्थित गंगा तट पर सम्पन्न होगा। शोक संवेदना प्रकट करने में लक्ष्मीनारायण अग्रहरि,अश्वनी त्रिपाठी, प्रदीप अग्रहरि, कुशय अग्रहरि,अरविंद अग्रहरि, ताड़केश्वर केशरी, जेपी केशरी, संजय दूबे, रमेश वर्मा, नीरज भाटिया, राकेश अग्रहरि, राहुल पांडेय, पन्नालाल भारती, संजय कन्नौजिया, रामजतन भारती सहित दर्जनों लोगों ने शोक प्रकट करते हुए ईश्वर से उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना किया।

# क्रशर प्लांट संचालक प्रदूषण नियंत्रण मानकों को पुरा करें : डीएम

**निर्देश**

### प्रदूषण नियंत्रण को लेकर हुई बैठक

जनसंदेश न्यूज

**ओबरा।** स्थानीय वीआईपी गेस्ट हाउस में गुरुवार को जिलाधिकारी सोनभद्र चंद्र विजय सिंह की अध्यक्षता एवं राज्य मंत्री संजीव गोंड की उपस्थिति में बिल्ली मारकुंडी के खनन व्यवसाइयों और प्रदूषण नियंत्रण विभाग के साथ बैठक आयोजित की गई।इस दौरान प्रदूषण फैलाने वाले क्रशर प्लांटों पर कार्यवाई किये जाने की बात कही गई।जिलाधिकारी ने क्षेत्र में संचालित क्रशर प्लांट संचालकों को प्रदूषण मानक पूरा कर के ही संचालन किये जाने की सख्त हिदायत दी। प्रदूषण नियंत्रण विभाग के सहायक अभियंता यूके गुप्ता ने कहा कि सभी क्रशर मालिक अपने क्रशर की सभी कमियों को जल्द से जल्द पूरा करके ही क्रशर संचालित करें।

अन्यथा पकड़े जाने पर क्रशर संचालकों के खिलाफ सीलिंग की कार्रवाई भी की जाएगी। क्रशर पर बाउंड्रीवाल, नियमित रूप से पानी का छिड़काव करने, क्रशरों को शाम पांच बजे से रात दस बजे तक न चलाने की बात कही गई।इस दौरान क्रशर संचालकों ने अपनी समस्याओं से भी मौजूद अधिकारियों को अवगत कराने के साथ ही प्रदूषण को रोकने के लिए कुछ सुझाव भी दिए।बैठक के दौरान एसडीएम राजेश कुमार सिंह, तहसीलदार सुशील कुमार, प्रभारी निरीक्षक मिथिलेश मिश्रा, केके मौर्या, एसएच खान, वीके शुक्ला, प्रदीप अग्रवाल, संजीव तिवारी, नरेंद्र शर्मा, संतोष सिंह, मिंटू शर्मा आदि रहे।


बैठक में शामिल राज्य मंत्री संजीव गोंड एवं जिलाधिकारी चंद्र विजय सिंह

# पाक्सो एक्ट के चार दोषियों को 5- 5 वर्ष की कैद, 12- 12 हजार अर्थदंड

**सजा**

### छह माह पूर्व नाबालिग लड़की के साथ छेड़खानी किए जाने व तेजाब छिड़क कर चेहरा खराब करने की धमकी का मामला

जनसंदेश न्यूज

**सोनभद्र।** छह माह पूर्व नाबालिक लड़की के साथ छेड़छाड़ एवं तेजाब छिड़ककर चेहरा खराब करने की धमकी देने के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश /विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट सोनभद्र निहारिका चौहान की अदालत वृहस्पतिवार को सुनवाई करते हुए दोषसिद्ध पाकर चारों दोषियों अजमेरुद्दीन, रुस्तम, सोहराब एवं वसीम को 5- 5 वर्ष की कैद व 12- 12 हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर 4- 4 माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। अर्थदंड की समूची धनराशि पीड़िता को मिलेगी। जेल में वितायी अवधि सजा में समाहित की जाएगी।

अभियोजन पक्ष के मुताबिक दुद्धी कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़िता के पिता ने 22 सितंबर 2022 को दुद्धी कोतवाली में दी तहरीर में अवगत कराया था कि 21 सितंबर 2022 को दोपहर 2 बजे दुद्धी कोतवाली क्षेत्र के दिघुल गांव निवासी अजीमुद्दीन, रुस्तम, सोहराब व वसीम मोटरसायकिल से उसके घर के सामने आ गए और पहले हॉर्न बजाने लगे। जब उसकी कोई प्रतिक्रिया नहीं हुई तो उसकी नाबालिग बेटी जो कक्षा 9 की छात्रा है का नाम लेकर बुलाने लगे। जब हमलोग घर से बाहर निकले तो अनलोगों ने कहा कि आज बेटी को बाहर नहीं आने दिए, लेकिन शीघ्र ही उसकी बेटी को उठा ले जाएंगे। यह धमकी देते हुए सभी वहां से चले गए। जब बेटी से पूछा गया तो वह रोने लगी और बताई कि जब वह स्कूल जाती है तो सभी मिलकर उसे परेशान करते हैं, उसके साथ छेड़छाड़ भी करते हैं, कई बार उनके भय से स्कूल भी नहीं जा रही थी। शर्म की वजह से यह बात नहीं बता रही थी। इतना ही नहीं ये लोग यह भी धमकी दे रहे थे कि अगर किसी से बताओगी तो तेजाब छिड़क कर चेहरा खराब कर देंगे।

इस तहरीर पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर मामले की विवेचना किया। विवेचक ने पर्याप्त सबूत मिलने पर न्यायालय में चार्जशीट दाखिल किया था। मामले की सुनवाई के दौरान अदालत ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं के तर्कों को सुनने, गवाहों के बयान एवं पत्रावली का अवलोकन करने पर दोषसिद्ध पाकर चारो दोषियों अजमेरुद्दीन, रुस्तम, सोहराब व वसीम को सजा सुनाई। अभियोजन पक्ष की तरफ से सरकारी वकील दिनेश कुमार अग्रहरी, सत्य प्रकाश त्रिपाठी एवं नीरज कुमार सिंह ने बहस की।

# देश की सुरक्षा में सीआरपीएफ का महत्वपूर्ण योगदान: अजय मिश्र

जनसंदेश न्यूज

समारोह

## सोनहुल सीआरपीएफ ग्रुप सेंटर में नवनिर्मित भवनों का हुआ उद्घाटन

**चकिया।** क्षेत्र के सोनहुल गांव स्थित सीआरपीएफ ग्रुप सेंटर में गुरुवार की दोपहर केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्र और आयुष मंत्री उत्तर प्रदेश स्वतंत्र प्रभार डॉ दयाशंकर मिश्र दयालु ने नवनिर्मित तीन भवनों का संयुक्त रूप से फीता काटकर उद्घाटन किया।

इस अवसर पर केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय कुमार मिश्र ने कहा कि सीआरपीएफ देश की सुरक्षा के रीड की हड्डी है और जब भी जरूरत पड़ी है सीआरपीएफ के जवान अपने देश के लिए अपनी जान न्योछावर करने में तनिक भी देर नहीं करते। सीआरपीएफ ने देश के साथ ही दुनिया मे भी अपनी ताकत का अहसास कराया है। यह राष्ट्र और सीआरपीएफ दोनों के लिये गौरव का विषय है। सोनहुल गांव में स्थित सीआरपीएफ ग्रुप सेंटर का संचालन वर्ष 2021 से किया जा रहा है। गृह मंत्रालय द्वारा स्थापित सीआरपीएफ ग्रुप सेंटर में स्थाई तौर पर भवनों का निर्माण किया जा रहा है। इसी कड़ी में गुरुवार को पूर्ण हो चुके प्रशासनिक रेंज कार्यालय, अधीनस्थ अधिकारी मेस और फैमिली क्वार्टर का समारोह पूर्वक उद्घाटन किया गया। समारोह के दौरान सीआरपीएफ आईजी जसवीर सिंह संधू ने मुख्य अतिथि केंद्रीय गृह राज्य मंत्री और विशिष्ट अतिथि आयुष मंत्री स्वतंत्र प्रभार को अंगवस्त्रम और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

इसके अलावा समारोह में ग्रुप सेंटर से संबंधित डॉक्यूमेंट्री जिसमें भवनों के निर्माण सहित चकिया और आसपास के पर्यटन स्थलों को दिखाया गया जो आकर्षण का केंद्र रहा। इस अवसर पर डीआईजी राकेश कुमार, उपजिलाधिकारी ज्वाला प्रसाद, कमांडेंट राम लखन, तहसीलदार बंदना मिश्रा, पुलिस क्षेत्राधिकारी रघुराज, नायब तहसीलदार राजेंद्र चकिया थाना प्रभारी मिथिलेश तिवारी इलिया थाना प्रभारी सत्येंद्र विक्रम , कमांडेंट अनिल कुमार शुक्ला, धर्मेंद्र सिंह यादव, सहायक कमांडेंट संजीत पांडेय, अविनाश भूषण, विक्रम सिंह पालीवाल सहित तमाम सीआरपीएफ वह पुलिस के अधिकारी और जवान मौजूद रहे।



सोनहुल सीआरपीएफ कैम्प में भवनों का उद्घाटन करते केंद्रीय मंत्री अजय मिश्र।

# स्वामी प्रसाद मौर्य मतलब परस्त नेता: ओमप्रकाश

अवसर

## सुभासपा सुप्रीमो ने सपा राष्ट्रीय महासचिव पर साधा निशाना

**चकिया।** सुभासपा सुप्रीमो ओमप्रकाश राजभर गुरुवार को जनपद दौरे पर रहे। इस दौरान चकिया में आयोजित सम्मान समारोह में कार्यकताओं में जोश भरा। साथ ही सपा के राष्ट्रीय महासचिव स्वामी प्रसाद मौर्य को मतलब परस्त नेता करार दिया। कहा कि रामचरित्र मानस को लेकर स्वामी प्रसाद मौर्य व्यक्तिगत फायदे की राजनीति कर रहे थे। जब ये सत्ता में थे तो उन्होंने रामचरित्र मानस का पूजन अर्चन कर खुद बने मंत्री और अपनी बेटी को सांसद बनाया। लेकिन आज सत्ता से दूर होते ही रामचरित्र मानस की चौपाई पर सवाल उठा रहे हैं।

इस दौरान उन्होंने नवरात्रि में रामायण वाले मुद्दे पर सत्तासीन भाजपा सरकार को भी निशाने पर लिया। कहा कि जो कहा जो पार्टी सत्ता में रहती है वह अपने हिसाब से राजनीतिक फैसले लेती है। यह कोई नयी परम्परा नहीं है। कहा कि दलितों व पिछड़ों को लेकर यदि किसी को विरोध है तो वह सत्ता में आने का प्रयास करें। कहा कि कांग्रेस, सपा और बसपा दल सूबे की सत्ता में रहे और उस दरम्यान इन दलों ने क्या किया सभी ने देखा। ओमप्रकाश राजभर ने राहुल गांधी का बयान औचित्यहीन बताया। वहीं महबूबा मुफ्ती के भगवान शंकर के जलाभिषेक करने के सवाल पर कहा कि मलतब परस्त नेता कभी जल चढ़ाते हैं तो कभी चादर। इनका विरोध करने वाले गैरराजनीतिज्ञ है। 2024 के लोकसभा चुनाव के बाबत तीसरे मोर्चे के गठन पर कहा कि ईडी व सीबीआई से भाग रहे लोगो का गिरोह तीसरा मोर्चा है। साथ ही यह भी कहा कि ईडी व सीबीआई ही भाजपा को ले डूबेगी। अंत में उन्होंने आमजन को बड़ा भरोसा दिया कि वे सत्ता में आए तो चिकित्सा व शिक्षा पर विशेष फोकस होगा। गरीबों का 10 लाख तक का उपचार निःशुल्क होगा, वहीं एलकेजी से पीजी तक की पढ़ाई पूरी तरह से शुल्क रहित होगी, ताकि देश पढ़े, आगे बढ़े और तरक्की करे। इसके अलावा उन्होंने महिलाओं को 50 फीसदी आरक्षण देने के साथ ही 10 साल में जाति आधारित जनगणना कराने की दावा किया। कार्यक्रम में सालिक यादव, बेबी राम, संतोष राजभर, राधिका बिंद, बबलू राजभर, लक्ष्मी राजभर, वकील राजभर, मुन्ना चौहान, आनन्द राजभर, अशोक राजभर आदि उपस्थित रहे।



चकिया में सुभासपा सुप्रीमो ओमप्रकाश राजभर का स्वागत करते पार्टी कार्यकर्ता।

## संक्षेप

### खेल प्रतियोगिता में अव्वल आयी बालिका को मिला सम्मान



पूरा बलुआ इंटर कालेज में छात्रा को सम्मानित करते प्रधानाचार्य राजेश यादव।

**चहनियां।** बाबा फलाहारी इंटर कालेज पूरा बलुआ के हाईस्कूल की छात्रा सुष्मिता यादव ने विगत दो दिन पूर्व चन्दौली में खेलकूद प्रतियोगिता तीन हजार मीटर व पंद्रह सौ मीटर दौड़ में प्रथम स्थान लाकर बिद्यालय व गांव का नाम रौशन किया है। बिद्यालय के प्रधानाचार्य राजेश कुशवाहा ने छात्रा को मेडल व प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया। बलुआ के रहने वाले किसान प्रकाश यादव की पुत्री सुष्मिता पूरा बलुआ में फलाहारी इंटर कालेज की छात्रा है। चन्दौली स्थित महेंद्र टेक्निकल कालेज में 14 मार्च को पंडित दीनदयाल उपाध्याय जन्म शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में तीन हजार व पंद्रह सौ मीटर की दौड़ में प्रथम स्थान प्राप्त किया। बिद्यालय के प्रधानाचार्य राजेश यादव ने बच्ची को बिद्यालय में मेडल व प्रमाण पत्र देकर सैकड़ो बच्चो के सामने सम्मानित किया। इस दौरान प्रधानाचार्य ने बताया बच्ची पढ़ाई के साथ साथ खेलकूद में भी अव्वल है। बिद्यालय, गांव व क्षेत्र का नाम रौशन किया है। इसे विद्यालय से हर तरह की सुविधा प्रदान किया जायेगा। इस दौरान उदय शंकर पाण्डेय, अनिल यादव, बिरेन्द्र प्रताप यादव, जय प्रकाश विश्वकर्मा, उषा मौर्या आदि लोग उपस्थित थे।

### वित्तीय अनियमितता में बेन के प्रधान व सचिव दोषी

**चंदौली।** जनपद के शहाबगंज ब्लाक के बेन गांव में शौचालय निर्माण में वित्तीय अनियमितता कर धनराशि गबन किए जाने के दोषी तत्कालीन प्रधान और सचिव पाए गए हैं। डीएम के आदेश पर दोनों से गबन की गई 19 लाख 32 हजार रुपये की धनराशि 15 दिन के अंदर ग्राम पंचायत निधि खाते में जमा करायी जाएगी। धनराशि जमा न करने पर दोनों से राजस्व बकाए की भांति वसूली की जायेगी। विदित हो कि शहाबगंज ब्लाक के बेन गांव निवासी रघुनाथ ने बीते पांच नवंबर 2020 को शपथ-पत्र देकर शिकायत दर्ज कराई कि तत्कालीन प्रधान दिलीप और विकास कुमार सिंह पर कराए गए कार्यों में अनियमितता बरतने की शिकायत दर्ज कराई। इसपर डीएम ने जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी व लोकनिर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता से प्रकरण की जांच करायी थी। इसमें पायी गई वित्तीय एवं अन्य अनियमितताओं के आधार पर प्रधान व सचिव को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए 15 दिनों के अंदर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। लेकिन सिर्फ सचिव ने अपना स्पष्टीकरण प्रस्तुत किया था। कुल 11 आरोपों में दिए गए स्पष्टीकरण संतोषजनक नहीं था। अधिकारियों की जांच में 451 शौचालयों के सापेक्ष 290 का कार्य पूर्ण कराया गया था वहीं शेष 161 शौचालयों का निर्माण कार्य नहीं कराया गया था। इसमें 19 लाख 32 हजार रुपये की वित्तीय अनियमितता पायी गई। इसपर डीएम निखिल टीकाराम फुंडे ने प्रधान और सचिव को गबन की गई धनराशि 15 दिन के अंदर ग्राम पंचायत निधि के खाते में जमा करने का निर्देश दिया है।

### कथित एजेंट महिलाओं का लाखों लेकर फरार

**चहनियां।** बलुआ थाना क्षेत्र के महुअर कला गांव में सुड लाइफ बीमा के नाम पर रुपया जमा करने वाले कथित एजेंट के घर पहाड़पुर में महिलाओं ने रुपये वापस लेने के लिए धरना दिया। इस दौरान परिजनों से तू-तू, मैं-मैं भी हुआ। विगत पांच माह पूर्व महिलाए पहाड़पुर से चार किलोमीटर तक घसीटकर थाने ले आयी थी। थाना क्षेत्र के ही पहाड़पुर के रहने वाले गोबिंद यादव पुत्र मोछू यादव महुअरकला गांव में सुड लाइफ बीमा का एजेंट बनकर गांव के उर्मिला देवी पत्नी पांचू यादव से बीमा के नाम पर खाता खोलकर ढाई लाख रुपये सात साल पहले लिया था। जब उर्मिला देवी रसीद या फिर पैसा मांगने गयी तो गाली गलौज देते हुए भगा दिया। ऐसे ही गांव के विजय यादव से एक लाख, साधना देवी से एक लाख, रोशन देवी से पचीस हजार, पुष्प देवी से बावन हजार,बिंदु देवी से डेढ़ लाख, चंद्रकला देवी से पचास हजार, साधना यादव से एक लाख बारह हजार, संजू यादव से पचास हजार, फूलमती से पचास हजार, गीता देवी से डेढ़ लाख, पूनम यादव से डेढ़ लाख, सुमन यादव से दो लाख, श्याम कुमारी से एक लाख व उर्मिला से 75 हजार रुपये ऐंठ कर फरार हो गया। करीब पांच माह बाद महिलाओं ने कथित एजेंट के घर पहुंचकर रुपये वापस लेने के लिए धरना पर बैठ गयी। इस दौरान धरना पर बैठी महिलाओं का परिजनों से तू-तू, मैं-मैं भी हुआ। महिलाओं ने कहा कि जब तक हमलोगों का पैसा नहीं मिलेगा, तब तक ऐसे ही रोज आकर गेट के सामने धरना पर बैठेंगे।

### बच्ची के साथ रेप करने वाला किशोर गिरफ्तार

**चंदौली।** सदर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में बुधवार की देर रात सोते समय एक किशोर ने सात साल की बच्ची से साथ रेप की शर्मनाक घटना को अंजाम दिया। गुरुवार को पीड़ित बालिका को लेकर परिजन कोतवाली पहुंचे और युवक के खिलाफ तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई। हरकत में आई पुलिस ने किशोर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया और विभिन्न धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर जेल भेज दिया। पीड़ित बच्ची के मां ने बताया कि दवा कराने के लिए गांव में नाबालिग किशोर रिश्तेदारी में आया था। देर शाम होने के चलते लोगों ने किशोर को रोक लिया। रात को परिवार के सदस्य खाना खाने के बाद सोने चले गए। इसी बीच मौका पाकर आरोपी किशोर घर घुस आया और सो रही सात साल की बच्ची के साथ रेप किया। बच्ची रात के समय रोते हुए अपनी मां के पास पहुंची और पूरा घटनाक्रम बताया। शर्मनाक घटना के बाद बालिका के परिजन गुस्से में आ गए। गुरुवार को कोतवाली पहुंचे और पीड़ित की मां की तहरीर पर आरोपी किशोर पर मुकदमा दर्ज कराया। कोतवाल राजीव सिंह ने बताया कि आरोपी किशोर के खिलाफ मुकदमा दर्ज करके उसको गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी किशोर रिश्तेदारी में आया था। इसके बाद मौका देखकर घटना को अंजाम दे दिया।

### महाविद्यालय के 105 विद्यार्थियों ने कराया रक्त जांच

**सकलडीहा ।** कस्बा के पोस्ट ग्रेजुएट कालेज में गुरुवार को राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत एक दिवसीय रक्त जांच शिविर का आयोजन किया गया। वही महाविद्यालय के 105 छात्र-छात्राओं ने रक्त जांच शिविर में पहुंचकर अपना रक्त जांच कराया ।इस दौरान महाविद्यालय में लगे शिविर का उद्घाटन कालेज के प्राचार्य प्रोफेसर डा.प्रदीप कुमार पांडेय ने किया। इस मौके पर जांच करने वाले स्वास्थ्य कर्मी डा. देवेंद्र यादव, लैब टेक्नीशियन मनीष यादव, शिवेंद्र यादव व कालेज के प्रोफेसर डा.दयानिधि सिंह यादव, वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डा.जितेंद्र यादव शिविर संयोजक कार्यक्रम अधिकारी डा.अभय कुमार वर्मा धन्यवाद ज्ञापन अधिकारी डा.अनिल कुमार तिवारी ने किया।

# जान लेवा हो सकता है लू-आघात बचाव ही उपचार: जिलाधिकारी

बैठक

## डीएम ने बैठक कर अधिकारियों को दिया निर्देश

**चंदौली।** आपदा जोखिम न्यूटीकरण जागरूकता अभियान संबंधित बैठक बुधवार की रात कलेक्टर सभागार में संपन्न हुई। इसमें लू-तापघात के बाबत जिलाधिकारी में संबंधित अधिकारियों से चर्चा की। साथ ही आईएमडी की ओर से अलर्ट जारी किया। इस वर्ष तापमान सामान्य से अधिक बना रहेगा। आपात स्थिति में स्वास्थ्य विभाग, पुलिस विभाग, श्रम विभाग, जिला पंचायत राज एवं वन विभाग को दिशा निर्देश दिए।

इस दौरान जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे ने कहा कि आपदा संबंधित कार्यों के प्रति सभी अधिकारियों को ईमानदारी से कार्य करने की जरूरत है। जो भी जिस अधिकारी को कार्य की जिम्मेदारी मिले उसे ईमानदारी के साथ करने की जरूरत है। इस बार मौसम मैं काफी बदलाव का संकेत वैज्ञानिकों को मिला है इसलिए हम सभी को अलर्ट रहने की जरूरत है। हीट वेव यानी लू की स्थिति शरीर की कार्य प्रणाली पर प्रभाव डालती है, जिससे मृत्यु भी हो सकती है। कहा कि यात्रा करते समय पीने का पानी अपने साथ ले जाएं। ओआरएस, घर में बने हुये पेय पदार्थ जैसे लस्सी, चावल का पानी (माड़), नीबू पानी, छाछ आदि का उपयोग करें, जिससे कि शरीर में पानी की कमी की भरपाई हो सके। हीट स्ट्रोक, हीट रैश, हीट लैम्प के लक्षणों जैसे कमजोरी, चक्कर आना, सरदर्द, उबकाई, पसीना आना, मूर्छा आदि को पहचानें। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी उमेश मिश्रा, मुख्य चिकित्साधिकारी डा.वाईके राय, आपदा लिपिक चंद्रकांत एवं विजय कुमार मौर्य उपस्थित रहे।



कलेक्ट्रेट में अफसरों संग बैठक करते डीएम निखिल टीकाराम।

# पेयजल आपूर्ति के लिए सड़क पर उतरे ग्रामीण

मांग

## एसडीएम व अफसरों ने दो दिन में आपूर्ति बहाल किए जाने का दिया भरोसा

**कमालपुर।** स्थानीय कस्बा में पेयजल हेतु जल निगम की टंकी बनी है। पेयजल आपूर्ति हेतु दो मोटरो से जल निगम टंकी की भराई कर 18 गांवों को पानी सप्लाई की जाती है जबकि जमुर्खा गांव के पास लगायी गयी ट्यूबवेल की मोटर विगत एक साल से गंदा पानी देने के कारण बन्द कर दिया गया है। दूसरी मोटर पानी टंकी के नीचे लगी है। वह भी 6 दिन से जल गई है जिससे कस्बे में हाहाकार मच गया है। पानी सप्लाई के लिए तालाब के पास 4 माह पूर्व जल कल विभाग द्वारा बोरिंग करके छोड़ दिया गया है। पानी की समस्याओं से व्यापार मंडल अध्यक्ष शंकर प्रसाद गुप्ता द्वारा जिले के अधिकारियों एवं चंदौली सांसद और क्षेत्रीय विधायक को स्थिति से अवगत कराया गया पर कोई रिस्पांस न मिलने पर बुधवार को व्यापारियों का सब्र का बांध टूट गया और शंकर प्रसाद गुप्ता के नेतृत्व में बुधवार को आक्रोशित व्यापारियों ने पूरे कस्बा मे नारा लगाते हुए प्रदर्शन करते हुए पंचायत भवन के सामने रोड पर बैठ गये। सरकार, जिला प्रशासन एवं जलनिगम अधिकारियों के खिलाफ जमकर नारे लगाए। स्थानीय पुलिस को सूचना मिली कि व्यापारी पानी की मांग को लेकर सड़क पर बैठे है तो व्यापारियों द्वारा सड़क जाम करने भनक स्थानीय चौकी प्रभारी सुग्रीव गुप्ता को मालूम हुआ। चौकी प्रभारी भारी फोर्स के साथ उपजिलाधिकारी सकलडीहा मनोज कुमार पाठक एवं अधिशासी अधियंता अमन यादव, एसडीओ शिवपुजन सिंह व जेई विनय कुमार सिंह से वार्ताकर दो दिन मे पेयजल आपूर्ति बहाल करने का ठोस आश्वासन दिया। तब जाकर व्यापारी रोड से हटे। अधिशासी अभियन्ता अमन यादव तथा जेई विनय कुमार सिंह के स्थानान्तण पर रोड छोड़ा। मौके पर मनोज अग्रहरी महामंत्री, संजय त्रिशुलिया, नीरज अग्रहरी, परायन माली, रवि अग्रहरी, रंगीले जायसवाल, निकेश जायसवाल, घनश्याम जायसवाल, मुकुन्द बिन्द, आद्या बिन्द, लालबहादुर, मनीष, अशोक अग्रहरी, त्रिलोकी जायसवाल, श्रीकान्त गुप्ता, लालता अग्रहरी, टाटा जायसवाल पुतुल मौर्या, राजू बिन्द, इमरान, प्रभु अग्रहरी, रवि कुमार उपस्थित रहे।



पेयजल की मांग को लेकर व्यापारियों ने किया प्रदर्शन, नारेबाजी करते ग्रामीण।

# घायल युवक की देर रात मौत, गांव में छाया मातम

जनसंदेश न्यूज

**सकलडीहा।** कस्बा निवासी श्यामनारायन चौहान का छोटा पुत्र सूरज चौहान 22 विगत कुछ वर्षो से मध्यप्रदेश के छत्तरपुर में डंफर हाइबा ड्राइबर का कार्य करता था वही सूरज चौहान अपने किसी निजी कार्य से 8 फरवरी को अपने मालिक के मोटरसाइकिल से मध्यप्रदेश के छत्तरपुरा नया चन्द्रपुरा गया हुआ था।वापस लौटते समय एक चार पहिया वाहन के धक्के से सूरज बुरी तरह गिर कर जख्मी हो कर लहूलुहान हो गया।

घटना के बाद सूरज के मालिक ने सूरज को लेकर तुरन्त लेकर झांसी के पीताम्बरी हॉस्पिटल पहुंचकर इलाज कराना शुरू कर दिया व इस की जानकारी तत्काल परिजनों की दिया। इलाज के बाद भी सूरज के हालात में कोई सुधार नहीं हो रहा था वहीं चिकित्सक से वार्ता के दौरान 6 मार्च को लेकर वाराणसी के एक निजी हास्पिटल में भर्ती कराया, जहां 9 फरवरी को सूरज के दिमाग का ऑपरेशन किया गया कुछ सुधार होते होते सूरज की 15 मार्च को देर रात मौत हो गई। इस घटना की जानकारी परिजनों को मिलते ही माता नर्मदा व बड़ा पुत्र संतोष बहन रेखा, गुड़िया व अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया था। पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई।



सूरज चौहान। फाइल फोटो।

# मालिकाना हक के लिए वनवासियों ने लगाई गुहार

**नौगढ़।** वनाधिकार कानून-2006 के तहत दावों पर मालिकाना हक दिलाने को लेकर ग्रामीण दावेदारों ने तहसीलदार सुरेश चन्द्र को ज्ञापन सौंपकर न्याय की गुहार लगाया। वन अधिकार समिति ग्राम पंचायत रिठिया के सचिव श्रीराम ने आरोप लगाते हुए बताया कि उपखंड स्तरीय समिति नौगढ़ द्वारा मनमाने तरीके से दावेदारों को सूचना दिए बगैर ही फाइलों को खारिज कर दिया जा रहा है। जबकि प्रस्तुत दावों में पर्याप्त सबूत दावेदारों ने लगाया है। इस दौरान दावेदारों ने मांग किया कि हमारे फाइलों की निष्पक्ष जांच कराकर के जमीन का मालिकाना हक नहीं मिला तो आगामी दिनों में दावेदार तहसील का घेराव करेंगे। जिसपर तहसीलदार सुरेश चंद्र ने भरोसा दिया कि समस्या का समुचित समाधान कराया जाएगा। ज्ञापन देने वालो में रामबचन, त्रिभुवन, नंदू राम, ओम प्रकाश, रामविलास, शिवधारी, रामजन्म, शंकर, संगीता, लीलावती आदि शामिल रहे।

# सेवानिवृत्त हो रहे शिक्षक को दी भावभीनी विदाई



सेवानिवृत्त हो रहे अनिल सिंह को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित करते अधिकारीगण।

**चंदौली।** उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ जनपद चंदौली के तत्वावधान में संगठन की आधारशिला के रूप में विद्यमान शिक्षक अनिल कुमार सिंह के विदाई से पूर्व सम्मान समारोह का आयोजन ब्लॉक संसाधन केंद्र सदर चंदौली में आयोजित किया गया। विदाई पूर्व सम्मान समारोह में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी जनपद चंदौली, खंड शिक्षा अधिकारी विकासखंड बरहनी, खंड शिक्षा अधिकारी विकासखंड सदर चंदौली, जिला वित्त एवं लेखाधिकारी जनपद चंदौली की गरिमामयी उपस्थिति रही। मार्च माह में सेवानिवृत्त हो रहे शिक्षक अनिल सिंह के सम्मान समारोह में सभी ने उन्हें शुभकामनाएं दी और एक स्वस्थ दीघार्यु जीवन जीने की मंगल कामनाएं की। सम्मान समारोह के आयोजक मंडल अध्यक्ष वाराणसी सुरेंद्र नाथ त्रिपाठी, निर्देशन जिलाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह एवं मार्गदर्शन जिला महामंत्री संजय कुमार सिंह के द्वारा किया गया। संगठन के सभी समर्पित जिला इकाई एवं ब्लॉक इकाई के कार्यकारिणी के सम्मानित पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### आयुर्वेदिक चिकित्सालय का तहसीलदार ने किया निरीक्षण

**शहाबगंज।** तहसीलदार वंदना मिश्रा ने गुरुवार को आयुर्वेदिक चिकित्सालय का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने ओपीडी रजिस्टर, स्टाक रजिस्टर, पंचकर्म करने की विधि परिसर की साफ-सफाई के बाबत जानकारी लिया। पंचकर्म के लिए दूरदराज से ग्रामीणों के आने की जानकारी पर चिकित्सक की प्रशंसा किया। उन्होंने कहा कि आज के परिवेश में आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति से इलाज का प्रचलन बढ़ता जा रहा है। आयुर्वेदिक चिकित्सालय इस दिशा में अच्छा कार्य कर रहा है। उन्होंने चिकित्सक की कार्यप्रणाली की प्रशंसा करते हुए चिकित्सालय में और भी व्यवस्थाएं बढ़ाने का आश्वासन दिया, जिससे दूरदराज से आने वाले मरीजों को उचित लाभ मिल सके। चिकित्सक द्वारा मरीजों के लिए बेड, टीन शेड व सामुदायिक शौचालय की मांग पर शासन स्तर पर मांग को पूर्ण कराने का आश्वासन दिया। इस दौरान चिकित्साधिकारी डा.ज्योतिर्जय कुमार, कृष्णा रावत, हैदर, हसनू उपस्थित रहे। शाम पांच बजे डीएम के निर्देश पर पहुंचे धानापुर खण्ड विकास अधिकारी विजय कुमार संग एडीओ पंचायत राजेश सिंह, जैनेन्द्र यादव, रमेश सिंह, त्रिलोकी सिंह उपस्थित रहे। इस दौरान शंकर जायसवाल, जनार्दन, नीरज, प्रियांशु पाण्डेय, मुन्ना राम आदि मौजूद रहे।

# तंबाकू के सेवन से जान गंवा रहे लोग: डॉ. नितेश सिंह

**चंदौली।** चंदौली हॉस्पिटल एवं एमडी नर्सिंग एंड पैरामेडिकल कॉलेज में तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसकी शुरूआत अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा.हेमंत कुमार एवं उनकी टीम ने मां शारदा की चरणों में दीप प्रज्वलित कर किया। मनोचिकित्सक डा.नितेश सिंह ने कहा कि नशे की लत से व्यक्ति डिप्रेशन में चला जाता है और जफरिया जैसा घातक रोग हो जाता है जिसका उपचार दवा और सावधानी के माध्यम से किया जा सकता है। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा.हेमंत कुमार ने कहा कि विश्व में लगभग 50 लाख लोग हर साल तंबाकू के सेवन से अपनी जान गवा देते हैं। डा.अभिषेक सिंह ने कहा कि जो नशा करने वाला व्यक्ति को अगर वह नशा नहीं मिलता है तो आप बेचैन हो जाता है उसको पाने के लिए वह कुछ भी कर सकता है उसके नशा को छुड़ाने के लिए दवा व आत्मबल की जरूरत होती है तंबाकू जानलेवा नशा है इससे किसी भी कीमत पर बचना चाहिए चंदौली हॉस्पिटल एवं एमडी नरसिंह पैरामेडिकल कॉलेज के प्रबंधक बृजेश कुमार वर्मा ने कहा कि तंबाकू एक बहुत ही भयंकर जानलेवा नशा है लगभग हर साल 9 लाभार्थी तंबाकू सेवन से मरते हैं जो कि टीवी एड्स और मलेरिया से होने वाली मौतों से अधिक है। कहा कि तंबाकू के सेवन से मानसिक स्वास्थ्य पर कुप्रभाव पड़ता है और तंबाकू सेवन करने वाला व्यक्ति मानसिक रोगों से पीड़ित हो जाता है तंबाकू के सेवन से न केवल कैंसर होता है बल्कि हृदय रोग, मधुमेह, टीवी, लकवा, फेफड़े के रोग एवं स्वास्थ संबंधी रोग होता है। जिला तंबाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ जनपद चंदौली की टीम में डा.अवधेश कुमार, अजय कुमार, कुसुम मिश्रा, शिल्पी सिंह आदि लोग छात्र-छात्राओं को संबोधित किए। उक्त कार्यक्रम में प्रधानाचार्य सुनील, विवेक कुमार, काजल मौर्य, शिखा सिंह, नम्रता कुमारी, वीरेंद्र बिंद, भारती सिंह, अनीता, अंकिता, शुभम, दिलीप , संतोष यादव, अभिषेक, लक्ष्मण, आकांक्षा सिंह, राघवेंद्र प्रताप उपस्थित रहे।



एमडी नर्सिंग एंड पैरामेडिकल कालेज में आयोजित कार्यक्रम में शामिल अतिथिगण।

# बिजली कर्मियों की हड़ताल से नहीं होगी परेशानी: एसडीएम

**चंदौली।** मुख्यालय पर गुरुवार को 15 सूत्रीय मांगों को लेकर बिजली कर्मियों ने 72 घंटे के कार्य बहिष्कार कर दिया। इसे गंभीरता से लेते हुए सदर एसडीएम दिग्विजय प्रताप सिंह ने 132 विद्युत उपकेंद्र कलेक्ट्रेट व बरौली उपकेंद्र का स्थलीय निरीक्षण किया। साथ ही उन्होंने वैकल्पिक व्यवस्था बनाने के किए कर्मचारियों की निर्देशित किया। कहा कि बिजली कर्मियों की हड़ताल से जनता को परेशानी नहीं होने दी जाएगी। विदित हो कि प्रदेश सरकार द्वारा लंबित मांगों को लेकर विद्युत कर्मचारियों का 72 घंटे का कार्य बहिष्कार कर विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। इस कारण न तो बिजली बिल जमा होंगे और न ही आपूर्ति बाधित होने पर फॉल्ट की मरम्मत होगी।

यही नहीं जिले में कोई कर्मचारी कार्य नहीं करेगा। कर्मचारियों का कहना है कि इसके विरोध में प्रदेशव्यापी हड़ताल का निर्णय हुआ है। सरकार द्वारा वादा खिलाफी से बिजली कर्मियों में आक्रोश है। जिसको लेकर आकस्मिक सेवाएं भी 10 बजे रात से बंद रहेंगी। सरकार को बिजली कर्मियों के हित को समझना होगा। बिजली कर्मचारी उपभोक्ताओं की परेशानी समझते हैं, लेकिन सरकार बिजली कर्मियों के हितों को नही समझ रही है। जिसको लेकर बिजली कर्मचारी हड़ताल पर रहेंगे। इस व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त रखने के लिए सदर एसडीएम दिग्विजय प्रताप सिंह चंदौली बरौली का निरीक्षण कर विद्युत व्यवस्था बहाल करने का आह्वान किया।



चंदौली विद्युत उपकेंद्र का जायजा लेते एसडीएम सदर।

## विश्व कप मेजबानी के लिए संयुक्त बोली में यूक्रेन की भागीदारी की अब भी संभावना : आरएफईएफ

**मैड्रिड।** रॉयल स्पेनिश फुटबाल महासंघ (आरएफईएफ) ने कहा कि स्पेन और पुर्तगाल के फुटबाल महासंघों को भरोसा है कि 2030 फीफा विश्व कप की संयुक्त बोली में यूक्रेन की भागीदारी की संभावना बरकरार है लेकिन इस पर बाद में निर्णय लिया जाएगा। आरएफईएफ ने एक बयान में कहा, स्पेनिश और पुर्तगाली संघों को भरोसा है कि यूक्रेनी संघ और उसके अध्यक्ष चार देशों की संयुक्त उम्मीदवारी पेश करने के लिए वर्तमान में जिन परेशानियों से जूझ रहे है उनसे बहुत ही जल्द पार पा लेंगे। स्पैनिश फेडरेशन ने यह भी घोषणा की कि मोरक्को आधिकारिक तौर पर 2030 विश्व कप की मेजबानी के लिए बोली में शामिल हो गया था। स्पेन के फेडरेशन ने बोली को ऐतिहासिक बताते हुए कहा, पहली बार पुरुषों का विश्व कप दो अलग-अलग महाद्वीपों पर संयुक्त रूप से आयोजित किया जाएगा।



# ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे सीरीज के शुरूआती मैच से विश्व कप की तैयारी का होगा शंखनाद

## नियमित कप्तान रोहित शर्मा पारिवारिक प्रतिबद्धता के कारण इस मैच के लिए उपलब्ध नहीं

**मुंबई।** भारतीय टीम तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला में शुक्रवार को यहां ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मैदान में उतरेगी तो इस साल के आखिरी में होने वाले विश्व कप की तैयारियों के साथ उसकी नजरें हरफनमौला हार्दिक पांड्या के नेतृत्व कौशल को परखने पर होगी। नियमित कप्तान रोहित शर्मा पारिवारिक प्रतिबद्धता के कारण इस मैच के लिए उपलब्ध नहीं है और उनकी गैरमौजूदगी में पांड्या टीम का नेतृत्व करेंगे। पांड्या की कप्तानी में गुजरात जायंट्स ने इंडियन प्रीमियर लीग के अपने पहले सत्र में खिताब जीता था। वह पिछले कुछ समय से टी20 अंतरराष्ट्रीय में भारतीय टीम का



नेतृत्व कर रहे है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चार मैचों की बॉर्डर-गावस्कर श्रृंखला को 2-1 से जीतने के साथ ही जून में आयोजित होने वाले विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल का टिकट पक्का करने के बाद भारतीय टीम अब 50 ओवर के प्रारूप के विश्व कप के लिए अपनी तैयारी को दुरुस्त करना चाहेगी। एकदिवसीय विश्व कप का आयोजन इस साल अक्टूबर नवंबर में भारत में होगा। भारत ने अपना पिछला विश्वकप घरेलू सरजमीं पर महेंद्र सिंह धोनी के नेतृत्व में 2011 में जीता था। इसे ध्यान में रखते हुए रोहित शर्मा की अगुवाई वाली टीम से भी ऐसी ही सफलता की उम्मीद होगी। भारतीय टीम ने इस साल श्रीलंका और न्यूजीलैंड के खिलाफ दो अलग-अलग श्रृंखलाओं में एकदिवसीय प्रारूप में सभी छह मैच जीतकर शानदार शुरूआत की है। इन छह एकदिवसीय मैचों में शुभमन गिल ने तीन शतक और 113.40 की औसत के साथ 567 रन बनाये है। पहले मैच में रोहित की गैरमौजूदगी में उन पर टीम को अच्छी शुरूआत दिलाने का दबाव होगा। अहमदाबाद में चौथे और अंतिम मैच में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट शतक के बाद उनसे ऐसे ही प्रदर्शन की उम्मीद होगी। अहमदाबाद में टेस्ट में 186 रन की पारी खेलने वाले कोहली ने सीमित ओवरों की खराब फॉर्म को पहले ही पीछे छोड़ दिया है। उन्होंने इस साल 67.60 के शानदार औसत से 338 रन बनाये है और अपने पसंदीदा प्रतिद्वंद्वी ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वह 75 अंतरराष्ट्रीय शतकों के आंकड़े को आगे बढ़ाना चाहेंगे। कोहली इस दौरान ऑस्ट्रेलिया के लेग स्पिनर एडम जम्पा का सामना कैसे करते है यह देखना दिलचस्प होगा। भारतीय रन मशीन के खिलाफ जम्पा का रिकॉर्ड शानदार रहा है। कुलदीप यादव और युजवेंद्र चहल ने बुधवार को यहां एक वैकल्पिक अभ्यास सत्र के दौरान एक साथ गेंदबाजी की। यह दोनों लेग स्पिनर विकेट लेने की अपनी क्षमता और सीमित ओवरों के क्रिकेट में भारतीय आक्रमण में अहम हथियार बन सकते हैं। कुलदीप इस साल पांच मैचों में 11 विकेट लेकर भारत के सर्वश्रेष्ठ स्पिनर रहे हैं, जबकि तेज गेंदबाजों में मोहम्मद सिराज इतने ही मैचों में 14 विकेट चटकाये हैं। ऑस्ट्रेलिया की टीम नियमित कप्तान पैट कमिंस की अनुपस्थिति के बावजूद किसी भी परिस्थिति में मैच जीतने का माद्दा रखती है। पांच बार के विश्व कप विजेता ऑस्ट्रेलिया भी इस साल अक्टूबर-नवंबर में होने वाले विश्व कप के लिए अपनी तैयारियों को भी अंतिम रूप देना चाहता है। कमिंस की गैरमौजूदगी में स्टीव स्मिथ ऑस्ट्रेलिया का नेतृत्व करेंगे। टीम ने आखिरी दो टेस्ट मैच में उनकी कप्तानी में अच्छा प्रदर्शन किया था। कमिंस और जोश हेजलवुड इस एकदिवसीय श्रृंखला के लिए उपलब्ध नहीं हैं लेकिन अनुभवी बल्लेबाज डेविड वार्नर और हरफनमौला एश्टन एगर राष्ट्रीय टीम से जुड़ गये है। यह दोनों खिलाड़ी टेस्ट श्रृंखला के दौरान स्वदेश लौट गये थे। ऑस्ट्रेलिया की टीम के लिए यह इस साल का पहला एकदिवसीय मैच होगा।

***टीमें :***

भारतः **हार्दिक पंड्या (कप्तान)**, शुभमन गिल, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, सूर्यकुमार यादव, लोकेश राहुल, ईशान किशन (विकेटकीपर), रविंद्र जडेजा, कुलदीप यादव, वाशिंगटन सुंदर, युजवेंद्र चहल, मोहम्मद शमी, मोहम्मद सिराज, उमरान मलिक, शारदुल ठाकुर , अक्षर पटेल, जयदेव उनादकट।

**ऑस्ट्रेलियाः** स्टीव स्मिथ (कप्तान), डेविड वार्नर, ट्रेविस हेड, मार्नुस लाबुशेन, मिशेल मार्श, मार्कस स्टोइनिस, एलेक्स कैरी, ग्लेन मैक्सवेल, कैमरून ग्रीन, जोश इंग्लिश, सीन एबॉट, एश्टन एगर, मिशेल स्टार्क, नाथन एलिस, एडम जम्पा।

## बॉलीवुड न्यूज

### रुसो ब्रदर्स सिटाडेल के साथ बनाने चाहते थे एक ग्लोबल सीरीज फ्रैंचाइजी



मुंबई। जो और एंथोनी रूसो ने अब तक दुनिया के कुछ सबसे बड़ी और बेहतरीन फिल्में दी हैं, जिन्हें शानदार सिनेमैटोग्राफी, आकर्षक कहानी और निश्चित रूप से जबरदस्त एक्शन के लिए सराहा गया है। अब ये जोड़ी एक शानदार सीरीज सिटाडेल के साथ सामने आई हैं जोकि ग्लोबल रिलीज है और इसमें रिचर्ड मैडेन और प्रियंका चोपड़ा जोनस की मुख्य भूमिका में हैं। इस बहुप्रतीक्षित सीरीज ने अपना धमाकेदार ट्रेलर के साथ काफी सुर्खियां हासिल की है। हाल में इस सीरीज पर बात करते हुए रूसो ब्रदर्स ने बताया कि कैसे वो इस सीरीज के साथ एक ग्लोबल सीरीज बनाने का अपना सपना पूरा करना चहाते हैं। इस ग्लोबल फ्रैंचाइजी की मेकिंग में गहराई से उतरते हुए, जो रूसो ने कहा कि हमने सोचा कि यह एक नरेटिव के लिए एक नया विचार था और वास्तव में स्टोरीटेलर्स की विविध ग्लोबल कम्यूनिटी बनाने का एक कमाल का तरीका। एक विशाल मोजेक नरेटिव को एक साथ बताने के लिए। दूसरी फिल्मों पर हमारे काम करने और दुनिया भर में यात्रा करने में इतना समय बिताने के बाद, यह एक ऐसा सोच थी जो मुझे लगता है कि एंथोनी और मेरे लिए वास्तव में रोमांचक था और हमारे लिए ज्वलनशील था जो एक चुनौती की तरह लग रहा था। इसे पर आगे बात करते हुए एंथनी रूसो ने कहा कि जो और मैंने पहले कभी इस तरह का आइडिया नहीं सुना था। प्रियंका चोपड़ा जोनस और रिचर्ड मैडेन के साथ इस 6-एपिसोड सीरीज में स्टेनली टुकी और लेस्ली मैनविल भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। रूसो ब्रदर्स के एजीबीओ और शो रनर डेविड वील द्वारा एक्जीक्यूटिव निर्मित, सिटाडेल का प्रीमियर 28 अप्रैल से विशेष रूप से प्राइम वीडियो पर होगा और एक एपिसोड 26 मई तक वीकली प्रसारित होगा। ये ग्लोबल सीरीज 240 देशों और क्षेत्रों में अंग्रेजी, हिंदी, तमिल, तेलुगु, कन्नड़ और मलयालम सहित कई भाषाओं में स्ट्रीम होगी।

### 'बालवीर'ने ज्यादा ऐक्शन और रोमांच के साथ की वापसी



**इंदौर।** सोनी सब एक बार फिर प्रशंसकों की पसंदीदा फ्रैंचाइजी बालवीर को लेकर आ रहा है। अब ढेर सारे रोमांच से भरपूर रोमांचक यात्रा के लिए तैयार हो जाइए। एक खोई हुई पहचान, अटूट दृढ़ संकल्पब और अपने प्रियजनोंकी रक्षा करने की वचनबद्धता के साथ दर्शकों को देखने को मिलेगा कि कैसे भारत का सबसे चहेता सुपरहीरो घोर पतन से विजयी बनकर उभरता है! देव जोशी एकदम नए सीजन में फिर यह आइकॉनिक किरदार निभाने के लिए वापसी कर रहे हैं। इस बार शो में पहले से कहीं ज्या दा ऐक्श न एवं ड्रामा होगा। इस शो में देव जोशी के अपोजिटअदिति सनवाल भी मुख्य भूमिका में नजर आयेंगी। पारिवारिक मनोरंजन को ध्यान में रखते हुए जोसभी आयु के लोगोंको पसंद आए, सोनी सब प्रशंसकों की पसंदीदा सीरीज को दोबारा लानेके लिए उत्सा हित है। शानदार विजुअल इफेक्ट्स और धमाकेदार स्टंट्स के साथ,बालवीर का यह नया संस्करण अपनी दिलचस्प कहानी, मनमोहक सेट्सऔर उम्दा अभिनय से अपने दर्शकों को रोमांचित करेगा। शो का नया सीजन बालवीर पर केंद्रित है जो एक 24 वर्षीय सुपरहीरो है और यह सीजन अपने पुराने सीजन से बिल्कुल अलग होगा क्योंकि इस बार बालवीर की निजी यात्रा और उसकी जिंदगी में आने वाले उतार-चढ़ाव को दिखाया जाएगा। इस सीजन में, बालवीर अपनी शक्तियों और यादों से वंचित है और एक आम लड़के वीर की जिंदगी जीने के लिए मजबूर है और यह सीजन बालवीर द्वाराअपनी पहचान को दोबारा प्राप्त करने के इर्दगिर्द है।

# आईपीएल 2023 : डेविड वॉर्नर बने दिल्ली कैपिटल्स के नए कप्तान

**नई दिल्ली।** दिल्ली कैपिटल्स ने आईपीएल 2023 के लिए अपने कप्तान का ऐलान कर दिया है। ऑस्ट्रेलियाई स्टार बल्लेबाज डेविड वॉर्नर इस सीजन में दिल्ली कैपिटल्स की कप्तानी करेंगे। इसके साथ अक्षर पटेल को उप-कप्तानी का जिम्मा सौंपा गया है। दिल्ली कैपिटल्स ने ट्वीट करके इस बात की जानकारी दी है। आपको बता दें कि विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत इंजरी के चलते इंडियन प्रीमियर लीग के आगामी सीजन में नहीं खेल पाएंगे। आईपीएल 2023 की शुरूआत 31 मार्च से हो रही है। दिल्ली कैपिटल्स ने भारत के पूर्व कप्तान और पूर्व बीसीसीआई (भारतीय क्रिकेट बोर्ड) प्रमुख सौरव गांगुली को फ्रेंचाइजी का क्रिकेट निदेशक बनाने की घोषणा की। गांगुली इससे पहले भी 2019 सत्र के दौरान मेंटॅर की भूमिका में दिल्ली कैपिटल्स के साथ जुड़े रहे हैं। यहां जारी विज्ञप्ति में वार्नर ने कहा, ऋषभ दिल्ली कैपिटल्स के लिए एक शानदार कप्तान रहे हैं और हम सभी को उनकी





कमी खलेगी। टीम प्रबंधन ने इस जिम्मेदारी के साथ मुझ पर जो विश्वास जताया है उस भरोसे के लिए मैं उन्हें शुक्रिया कहना चाहता हूं। उन्होंने कहा, इस फ्रेंचाइजी के साथ मुझे हमेशा घर जैसा महसूस हुआ है। मैं खिलाड़ियों के प्रतिभाशाली समूह के नेतृत्व को लेकर काफी उत्साहित हूं। पंत के चोटिल होने के बाद वार्नर का कप्तान बनना पहले से ही लगभग तय था। पंत 2021 से इस टीम का नेतृत्व कर रहे थे। वह दिसंबर में दिल्ली से रुड़की जाते समय कार दुर्घटना में गंभीर रूप से चोटिल हो गये थे। इसके बाद मुंबई में उनके घुटने की सफल सर्जरी हुई। वार्नर भारत के खिलाफ मुंबई में शुक्रवार से शुरू होने वाली तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला के लिए टीम में शामिल हैं। वह आईपीएल के सबसे सफल बल्लेबाजों में से एक हैं। उन्होंने 2009 के बाद से 13 सत्र के 162 मैचों में 5881 रन बनाए हैं। इस दौरान उनका औसत 42.01 और स्ट्राइक रेट 140.69 का रहा है। उन्होंने चार शतक और 55 अर्धशतक भी लगाए हैं। वार्नर ने 2009 में दिल्ली की फ्रेंचाइजी (तब दिल्ली डेयरडेविल्स) से ही अपने आईपीएल सफर की शुरूआत की थी। वह 2013 में सनराइजर्स हैदराबाद से जुड़े और उनके नेतृत्व में टीम 2016 में चैम्पियन बनी। यह 36 साल का बल्लेबाज 2022 में फिर से दिल्ली की टीम से जुड़ा। पिछले सत्र में वह दिल्ली कैपिटल्स के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी थे। उन्होंने पांच अर्धशतक और 48 के औसत से 432 रन बनाये थे। इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 150.52 का रहा था।

**आईपीएल 2023 के लिए सभी टीमों के कप्तान**

मुंबई इंडियंस- रोहित शर्मा
गुजरात टाइटन्स हार्दिक पंड्या
दिल्ली कैपिटल्स- डेविड वॉर्नर
कोलकाता नाइट राइडर्स- श्रेयस अय्यर (चोटिल)
चेन्नई सुपर किंग्स- एमएस धोनी
पंजाब किंग्स- शिखर धवन
रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु- फाफ डु प्लेसिस,
लखनऊ सुपर जायंट्स- केएल राहुल,
राजस्थान रॉयल्स- संजू सैमसन,
सनराइजर्स हैदराबाद- एडेन मार्करम।

# विराट कोहली ने किन वजहों से छोड़ी आरसीबी की कप्तानी? खुद किया खुलासा



**नई दिल्ली।** भारतीय टीम के दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2021 सत्र के बाद रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) के कप्तान का पद छोड़ने के अपने फैसले पर कहा कि उन्हें खुद से 'भरोसा' उठ गया था और इस काम के लिए उनका 'जज्बा' भी कम हो गया था। कोहली की कप्तानी में आरसीबी की टीम 2017 और फिर 2019 में आईपीएल तालिका में सबसे नीचे रही थी कोहली ने भारतीय टी20 टीम की कमान छोड़ने के बाद 2021 सत्र में आरसीबी की कप्तानी भी छोड़ दी थी। उनकी जगह दक्षिण अफ्रीका के फाफ डु प्लेसिस टीम के कप्तान बने थे। कोहली ने महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) में यूपी वॉरियर्स के खिलाफ आरसीबी के मैच से पहले महिला टीम की खिलाड़ियों से कहा, जिस समय मेरी कप्तानी का कार्यकाल समाप्त हो रहा था, ईमानदारी से कहूं तो मुझे खुद पर ज्यादा भरोसा नहीं था। इसे लेकर मेरे अंदर कोई जज्बा नहीं बचा था। उन्होंने बुधवार को कहा, वह हालांकि मेरा अपना नजरिया था, एक व्यक्ति के तौर पर मैं खुद से कह रहा था कि मैंने काफी उतार-चढ़ाव झेले हैं अब इसे और नहीं संभाल सकता हूं। आरसीबी की टीम 2016 के बाद पहली बार 2020 में प्लेऑफ में पहुंची थी। टीम इसके अलगे दो सत्र में भी इसे दोहरने में सफल रही लेकिन खिताब नहीं जीत सकीं। उन्होंने कहा, अगले सत्र (2020) में टीम में नये खिलाड़ी जुड़े, उनके पास नये विचार थे और यह एक और मौके की तरह था। वे काफी रोमांचित थे, व्यक्तिगत तौर पर हो सकता है कि मैं उतना उत्साहित नहीं था लेकिन उनकी सकारात्मक ऊर्जा से हम लगातार तीन साल प्लेऑफ में पहुंचे। भारतीय टीम के इस पूर्व कप्तान ने कहा, हम हर सत्र की शुरूआत उसी उत्साह के साथ करते हैं जो पहले था। मैं अब भी उत्साहित महसूस कर रहा हूं। टीम को सफलता दिलाना एक सामूहिक जिम्मेदारी है, अगर किसी के आत्मविश्वास में कमी होती है तो दूसरे खिलाड़ी उसका हौसला बढ़ाते हैं। कोहली ने 2021 टी20 विश्व कप के बाद भारत के टी20 कप्तान के रूप में पद छोड़ने का मन बना लिया था। बाद में उन्हें एकदिवसीय की कप्तानी से हटा दिया गया। उन्होंने इसके बाद टेस्ट टीम की कप्तानी भी छोड़ दी। भारतीय टीम से कप्तानी की भार से मुक्त होने के बाद उन्होंने आरसीबी के कप्तान पद को छोड़ने का फैसला किया। दिल्ली के इस 34 वर्षीय खिलाड़ी ने कहा कि उनके करियर में ऐसे दौर आए जब उन्होंने असुरक्षा की भावना महसूस की और उन्होंने अपनी प्रतिष्ठा बचाने की कोशिश की। उन्होंने कहा, मैंने लंबे समय से खेल रहा हूं ऐसे में मुझे अच्छे प्रदर्शन को लेकर खुद को लगातार याद दिलाने की जरूरत होती हैं। यहां तक की टीम के युवाओं के पास भी नया नजरिया होता है। कई बार मैं दबाव में रहा हूं, मेरे अंदर भी असुरक्षा की भावना रही है। मैंने अपने प्रदर्शन को अपनी प्रतिष्ठा से जोड़ने की कोशिश की है। मैं खुद से कहता था कि 'ओह, मैं विराट कोहली हूं, मुझे हर मैच में प्रदर्शन करना है। मैं आउट होने का जोखिम नहीं उठा सकता'। उन्होंने कहा, लेकिन युवा खिलाड़ी मेरे पास आकर पूछते थे कि 'अपने गेंद को हिट क्यों नहीं किया?' तब मुझे भी लगता था कि 'वे सही है'।

# साफ-सफाई व पेयजल को लेकर नाराज दिखे अधिवक्ता

**नाराजगी**

**चेताया समुचित बंदोबस्त नहीं होने पर जल्द करेंगे आंदोलन**

**चंदौली।** सदर तहसील के अधिवक्ताओं ने कचहरी परिसर की समुचित साफ-सफाई, पेयजल की सुविधा नहीं होने पर गुरुवार को आक्रोशित नजर आए। नाराज अधिवक्ताओं ने कचहरी में सफाई व पेयजल जैसी बुनियादी सेवाओं को लेकर पैदल मार्च किया। प्रशासन को चेताया कि जल्द ही तहसील परिसर में साफ-सफाई व पेयजल की सुविधा उपलब्ध नहीं कराई गई तो अधिवक्ता आंदोलन को बाध्य होंगे।

इस दौरान अधिवक्ताओं ने कहा कि कचहरी परिसर में बढ़ती अधिवक्ताओं समय के साथ निरंतर बढ़ रही है। इसके सापेक्ष कचहरी में अधिवक्ताओं के बैठने के लिए जगह कम है। कचहरी परिसर में जगह-जगह गंदगी का अंबार लगा रहता है। सिविल बार व डेमोक्रेटिक बार सभागार में जाने वाली सीढ़ियों के पास ही गंदा पानी बहता है व कूड़ा जमा होता है। कचहरी परिसर की दीवारें गुटखा की पीक से लाल हो चुकी हैं। लेकिन जिला प्रशासन की तरफ से साफ-सफाई का कोई बंदोबस्त नहीं किया गया है।

इसे लेकर कई बार नगर पंचायत के ईओ व प्रशासन को अवगत कराया गया। लेकिन इस ओर कोई ध्यान नही दिया गया। चेताया कि जल्द ही जिला प्रशासन द्वारा तहसील परिसर की साफ-सफाई व पेयजल उपलब्ध नही कराई गई तो अधिवक्ता समाज आंदोलन को बाध्य होगा। इस दौरान डिस्ट्रिक्ट डेमोक्रेटिक बार के पूर्व अध्यक्ष संतोष सिंह, राकेश रत्न तिवारी, विद्याचरण सिंह, जय प्रकाश सिंह, आशीष प्रताप, अरबिंद मिश्रा मौजूद रहे।



सदर कचहरी परिसर में सफाई व पेयजल व्यवस्था को लेकर लामबंद अधिवक्ता।

# नाराज विद्युत कर्मियों ने सरकार के खिलाफ जताई नाराजगी



मंडल कार्यालय पर आंदोलित विद्युत कर्मचारी।

**डीडीयू नगर।** विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के आह्वान पर गुरुवार को मंडल कार्यालय पर चल रहा कार्य बहिष्कार आन्दोलन दूसरे दिन भी जारी रहा। आंदोलन स्थल पर सभा को सम्बोधित करते हुए घटक संगठन के अरविन्द कुमार अवर अभियंता ने कहा कि अनुरक्षण के नाम पर शून्य की अवस्था में परिवर्तकों का अनुरक्षण अभियंताओं के समक्ष एक चुनौती है। कर्मियों द्वारा व्यक्तिगत संसाधन जुटा कर येनकेन प्रकारेण अनुरक्षण सभी संवर्ग के कार्मिको की विवशता है। ऐसे में यह फरमान कि क्षेत्रीय परिवर्तको के जलने पर उसके मरम्मत तथा अनुरक्षण में आने वाले खर्च अभियंताओ के वेतन से समायोजित किया जाय, सर्वथा अनुचित है। कहा कि निगम प्रबंधन के तुगलकी फरमान के कारण ही बिजली कर्मियों को आंदोलन व कार्य बहिष्कार के लिए विवश होना पड़ रहा है। उच्चाधिकारियों द्वारा वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए बिजली कर्मचारियों को मानसिक रूप से इतना प्रताड़ित किया जाता है कि अभियंता आत्महत्या के लिए विवश हो जाता है। सभा को अनिल कुमार सिह, राजन कुमार, मनोज सिह, मेंहदी, राहुल कुमार, मुकेश कुमार, घनश्याम, मनीष कन्नौजिया, शाहिद, रितेश निषाद, हंसराज, दीपक पटेल, चन्दन प्रसाद आदि नेताओ ने सम्बोधित किया। संचालन दिनेश सिह ने की।

# कवियों ने सम्मेलन में प्रस्तुतियों से श्रोताओं को हंसाया

**चंदौली।** मुख्यालय स्थित मां शारदा मंगल वाटिका परिसर में बुधवार की रात होली मिलन व हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। इसका शुभारंभ एमसीएच विंग के सीएमएस डा. केसी सिंह, सदर सीओ रामवीर सिंह और सदर कोतवाल राजीव कुमार सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया। इसके पूर्व सभी ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण किया। वहीं आयोजक राजीव पांडेय सभी का माल्यार्पण के साथ स्मृति चिन्ह व अंगवस्त्रम देकर मुख्य अतिथियों को सम्मानित किया।

वहीं गैर जनपद के साथ ही अपने जनपद के कवियों ने अपनी रचनाओं से लोगों को देर रात तक गुदगुदाया। इस दौरान जनपद के प्रसिद्ध युवा कवि सुरेश अकेला ह्यधान का हूं मैं कटोरा देखो प्रीत के रीत की बौली हूं, मेरी कोख में वीर है पलते जनपद मैं चन्दौली हूंह्ण सुनकर पूरे जनपद का जैसे दृश्य सामने ला दिया। बिहार से आए अनगढ़ ने ससुराल का किस्सा भोजपुरी में सुनाया तो लोग हंसते हंसते लोटपोट हो गए। अहिरौरा मीरजापुर से आए कवि नरसिंह साहसी ने देश की राजनीति और उसके माध्यम से हो रहे भ्रष्टाचार पर व्यंग कविता सुनकर सबको सोचने पर मजबूर कर दिया। मऊ से आए कवि पंकज प्रखर ने अब्दुल हमीद कमाल था कमाल था सुनाकर देश भक्तिंका भाव भर दिया। वाराणसी से आई श्रृंगार की कवयित्री रंजना राय ने अपनी सुरीली आवाज में गीतों को सुनकर सबका मन मोह लिया। इस कार्यक्रम में रोहित पाण्डेय, प्रीतेश उपाध्याय, शशिकांत मिश्र, सावित्री, मनोज मधुर देर रात तक लोगों को अपनी रचनाओं से बांधे रखा। इस दौरान संतोष तिवारी, कैलाश तिवारी, आशुतोष यादव प्रधान, अशोक सिंह, पारस यादव, राकेश सिंह, राम नगीना सिंह, बृजेश कुमार मौर्य, महेंद्र पांडे आदि उपस्थित रहे। पीड़ित कल्याण संस्थान की ओर से होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया, जहां पर लोगों ने एक दूसरे को अभी गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी।



कवि सम्मेलन में अपनी प्रस्तुतियों को श्रोताओं के बीच रखते कवि।

# होली मिलन में भाईचारे का संदेश दे गए एमएलसी



चंदौली में एमएलसी आशुतोष सिन्हा का स्वागत करते व्यापारी।

**चंदौली।** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष बबलू सोनी के नेतृत्व में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान एमएलसी आशुतोष सिन्हा बतौर मुख्य अतिथि शरीक हुए। व्यापारियों ने मुख्य अतिथि का माल्यार्पण कर स्वागत एवं सम्मान किया। साथ ही अबीर गुलाल लगाकर होली की खुशियां साझा की। इस दौरान मुख्य अतिथि ने कहा कि होली का त्यौहार हमें आपस में मिलकर रहने की सीख देता। आज जब देश को तोड़ने की साजिश हो रही है। ऐसे में हम सभी को मिलकर भाईचारे की डोर को मजबूत करना होगा। मोहब्बत के पैगाम को लेकर जनता के बीच जाना होगा। देश के कथित राजनेताओं के षड्यंत्र के प्रति जनता को आगाह करना होगा, ताकि आगे आने वाले दिनों में देश में अमन-चैन कायम हो सके। इस अवसर पर राकेश शर्मा, सोनू सेठ, विकास जायसवाल, प्रभात, जेपी यादव, भोनू अग्रहरि, मनोज गुप्ता, राहुल राज, गोपाल, आशुतोष प्रधान, मदन केशरी, लखन सेठ आदि उपस्थित रहे।

# असहायों की मदद करना हम सब का कर्तव्य : कुलपति



प्रो. मौर्य को मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित करते प्राचार्य डा. अब्दुल कादर



बापू बाजार का अवलोकन करतीं कुलपति प्रो. निर्मला एस. मौर्य



गरीबों में साड़ी का वितरण करती कुलपति

जनसंदेश न्यूज


**जौनपुर।** मल्हनी बाजार स्थित नूरुद्दीन गर्ल्स पीजी कॉलेज में सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना के शिविर के अंतिम दिन बापू बाजार का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता संरक्षक डॉ. अब्दुल कादिर खान ने की एवं मुख्य अतिथि पूर्वांचल विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर निर्मला एस. मौर्य रहीं एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्वांचल विश्वविद्यालय की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. जाह्नवी श्रीवास्तव एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक डॉ. राज बहादुर यादव रहे।

**आयोजन**

### नूरुद्दीन गर्ल्स पीजी कॉलेज में लगा बापू बाजार

सर्वप्रथम प्राचार्य डॉ. जुल्फिकार खान ने आए हुए अतिथियों का पुष्प एवं बुके देकर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना हमें देश की सेवा का भाव जागृत करता है। आज का युवा समाज के लिए एक अभिन्न अंग है। असहाय की मदद करने का जज्बा राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्रों में दिखाई देता है। बापू महात्मा गांधी की सोच के साथ हमेशा हम सब मिलकर गरीबों की मदद एवं देश की सेवा करते हैं। विशिष्ट अतिथि ने अपने संबोधन में कहाकि राष्ट्रीय सेवा योजना संकल्प लेता है कि हमें हमेशा किसी भी आपदा में निडरता के साथ लोगों की मदद करना है। एनएसएस समन्वयक डॉ. राज बहादुर यादव ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना हमें अनुशासन के साथ साथ संघर्षशील रास्तों पर निडरता के साथ चलने की प्रेरणा देता है। बापू बाजार का फीता काटकर कुलपति ने शुभारंभ किया। कार्यक्रम अध्यक्ष डॉ. अब्दुल कादिर ने कहा कि ग्रामीण परिवेश में शिक्षा का होना आवश्यक है। शिक्षा ही हमें सही मार्ग और दिशा तय कराती है। देश के प्रति समर्पित रहने की प्रेरणा जागृत करती है। अंत में आए हुए सभी अतिथियों को अंगवस्त्रम एवं स्मृति चिन्ह भी भेंट कर सम्मानित किया गया। इस मौके पर एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अजय विक्रम सिंह, डॉ. राकेश कुमार बिंद, डॉ. विवेक विक्रम सिंह, डॉ. सुनील कुमार, डॉ. सैफी अनवर, डॉ. निधि कौल, डॉ. चंद्रभान यादव, साबिर खान, डॉ. अखिलेश, डॉ. फरीन, डॉ. श्रेता, डॉ. हिमांशी महाविद्यालय परिवार के समस्त प्रवक्तागण मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. सिकंदर यादव ने किया।

## गलत सोहबत में मारा गया आनंद सागर



**केराकत।** पुलिस एनकाउंटर में मारे गए आनंद सागर यादव की जान केवल गलत सोहबत के कारण चली गई। पुलिस रिकार्ड में आनन्द के खिलाफ हत्या के प्रयास और डकैती सहित दो मुकदमें दर्ज हैं।

पहला मुकदमा थाना क्षेत्र में जबकि दूसरा मुकदमा एक हफ्ते पहले मध्यप्रदेश के सतना में दर्ज हुआ है। हालांकि परिजनों का कहना है कि वह निरपराध था।

आनंद सागर पांच भाइयों में चौथे नंबर का था और अविवाहित था। पिता सूबेदार यादव बाल्टा से दूध बिक्री का काम करते हैं। बड़े भाई बीरेंद्र बस ड्राइवर जबकि धर्मेंद्र बस पर कंडक्टर हैं। अन्य भाई श्यामसागर पिता के काम में हाथ बटाते हैं जबकि शिवसागर अभी पढ़ाई कर रहा है। आनंद के खिलाफ पहली बार पिछले साल दो गांवों पचवर और परमानंदपुर के दो पक्षों में हुई मारपीट के मामले में आईपीसी की धारा 308 के तहत थाना में मुकदमा दर्ज हुआ था। उसके बाद उसकी संगत बम्मावन गांव के सुबास यादव के साथ हो गई। उसके बाद वह अपराध के सागर में डूबता चला गया। पुलिस के मुताबिक मध्य प्रदेश के सतना जिले में एक बैंक के कैश वैन लूट मामले में यह भी शामिल था। खबर लिखे जाने आनंद सागर का शव घर नहीं पहुंचा था।

# आतंक का पर्याय कुख्यात लुटेरा आनंद मुठभेड़ में ढेर

**जौनपुर।** पुलिस ने गुरुवार की सुबह वाराणसी-लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग पर बक्शा के अलीगंज के पास मुठभेड़ में कुख्यात लुटेरे आनंद सागर को मार गिराया। मृत पुरस्कार घोषित लुटेरा केराकत कोतवाली क्षेत्र का निवासी बताया गया है। कब्जे से 2 पिस्टल और स्विफ्ट डिजायर कार बरामद हुई।

विगत कई दिनों से सतना के पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता के नेतृत्व में पुलिस जौनपुर में डेरा डाले हुए थी। जिसके बाद जौनपुर पुलिस के साथ मिलकर संयुक्त कार्रवाई के बाद टीम को यह सफलता मिली है। थाना बक्सा के अलीगंज इलाके में हाइवे के किनारे रेलवे लाइन के पास बदमाशों की सतना पुलिस को लोकेशन मिली, जिसके बाद सतना पुलिस और जौनपुर पुलिस द्वारा संयुक्त कार्रवाई कर कर इलाके की घेराबंदी की गई, घेराबंदी तोड़ कर फायर करते हुए बदमाश आनंद सागर यादव ने भागने का प्रयास किया लेकिन जवाबी फायरिंग में वह घायल हो गया, जिसे ईलाज के लिए ले जाया गया जहां अस्पताल में उसकी मौत हो गई, वहीं गिरोह का दुर्दांत अपराधी जेडी यादव को गिरफ्तार कर लिया गया है। मुठभेड़ में मारे गए बदमाश के कब्जे से 2 पिस्टल और स्विफ्ट डिजायर कार बरामद की गई है। बताया जा रहा है कि बदमाश आनंद के खिलाफ जौनपुर, वाराणसी, आजमगढ़ में हत्या, लूट व रंगदारी के कई मुकदमे दर्ज है। पुलिस अधीक्षक डा. अजय पाल शर्मा ने बताया कि 10 दिन पूर्व मध्य प्रदेश के सतना जिले में



**कामयाबी**

### बक्शा के अलीगंज में गुरुवार की अलसुबह बना पुलिस की गोली का निशाना

### केराकत क्षेत्र का निवासी था मृत आनंद सागर

सुभाष यादव गिरोह ने हत्या कर 15 लाख की डकैती की घटना को अंजाम दिया था। मध्य प्रदेश पुलिस ने उस पर इनाम घोषित किया था। तभी से दोनों प्रांतों की पुलिस गिरोह की तलाश में सरगर्मी से जुटी थी। उक्त गिरोह ने जौनपुर, वाराणसी, आजमगढ़, सतना आदि जिलों में लगातार कई संगीन घटनाओं को अंजाम दिया था। पुलिस अधीक्षक ने जिला अस्पताल में बताया कि मृत आनंद सागर का पूरा आपराधिक इतिहास जुटाया जा रहा है।

## संक्षेप

### पुलिस व आरएफ के जवानों ने किया फ्लैग मार्च

**खुटहन।** पटैला बाजार में बुधवार को क्षेत्राधिकारी शाहगंज चोब सिंह के नेतृत्व में पुलिस व आरएफ के जवानों ने फ्लैग मार्च कर शांति व्यस्था बनाए रखने का आह्वान किया। फ्लैग मार्च के दौरान सीओ ने माइक हेरर से सभी व्यसायियों व बाजार में मौजूद लोगों को कानून पर भरोसा करने व अवांछनीय तत्वों पर सख्त कार्रवाई करने की बात कही। उन्होंने वाहनों को सड़क की पटरी से दूर खड़े करने का निर्देश दिया। फ्लैग मार्च के दौरान प्रभारी निरीक्षक इंस्पेक्टर राजेश यादव उपनिरीक्षक राजित राम यादव सहित अन्य पुलिस कर्मी मौजूद रहे।



### पैरामिलिट्री संग पुलिस ने किया पैदल मार्च

**सुजानगंज।** पुलिस अधीक्षक डा. अजय पाल शर्मा के निर्देशन में जनपद की शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत रखते हुए आरती यादव उप सेना नायक, सुरेन्द्र कुमार निरीक्षक 91 बटालियन, थाना प्रभारी निरीक्षक घनश्याम शुक्ला, उप निरीक्षक ईश्वर चंद्र त्रिपाठी द्वारा पैरामिलिट्री के साथ थाना परिसर से बेवार तिराहा, चिरैया मोड़, सुजानगंज पुरानी बाजार बालवरगंज चौराहा होते हुए कस्बे में पैदल मार्च किया गया।

### दो गैरजमानती वारंटी गिरफ्तार

**पवांरा।** पुलिस अधीक्षक अजय पाल शर्मा के आदेश के अनुपालन में गैरजमानती वारंटी ओंकारनाथ, कैलाशनाथ पुत्रगण ब्रह्मदेव निवासी जखनियां पवांरा को थानाध्यक्ष राज नरायन चौरसिया, उपनिरीक्षक अंजनी सिंह ने पुलिसटीम के साथ गुरुवार की सुबह उसके घर से गिरफ्तार कर चालान न्यायालय भेज दिया।

# समाजसेविका उर्वशी सिंह वूमेन एक्सीलेंस अवार्ड से सम्मानित

जनसंदेश न्यूज

**जौनपुर।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर 13 मार्च को लखनऊ बुद्धा इंटरनेशनल इंस्टीटयूट गोमती नगर में एक सम्मान समारोह का आयोजन किया जिसमें जिले से समाज में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए अतुल्य वेल्फेयर ट्रस्ट अध्यक्ष उर्वशी सिंह को सम्मानित किया गया।

उर्वशी सिंह ने कहा कि महिलाओं को ऐसे सम्मानित करके लोग एक दूसरे का हौसला बढ़ाते हैं, आज ये सम्मान पाकर बहुत गौरवांवित महसूस कर रही हूं। उर्वशी सिंह ने पूरे कोरोना काल में 2 साल से लगातर कहीं ना कहीं से लोगों की मदद करती रही। आज भी जब किसी को खून की जरूरत पड़ती हो या कोई मेडिकल समस्या हो या महिलाओं को कोई जरूरत हो तो बिना समय देखे अपने स्तर तक कार्य करके लोगों की मदद करती रहती है।



वूमेन एक्सीलेंस अवार्ड से सम्मानित होती उर्वशी सिंह

उर्वशी सिंह समय समय पर जागरूकता संदेश और महिलाओं और बच्चियों को आत्म निर्भर बनाने और जागरूक करने के लिए बहुत सारे कार्यक्रम करती रहती हैं। उर्वशी सिंह ने कहा कि आज समाज में कार्य करने पर उसके परिवार का पूरा सहयोग रहता है। आज महिलाएं अगर एक दूसरे के साथ कदम से कदम मिलाकर चले तो इस समाज की एक अलग तस्वीर ही दिखेगी।

## रासेयो के अंतिम दिन स्वयंसेवकों ने की साफ सफाई, किया योग

**जौनपुर।** श्री हरिदास पीजी कॉलेज लहंगपुर में आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतिम एवं सातवें दिन गुरूवार को प्रातः लक्ष्य गीत के बाद बड़े उत्साह के साथ ग्राम सभा रेहारी में साफ सफाई का कार्य किया। इसके तुरंत बाद स्वदेश यादव योग शिक्षक द्वारा योग कराया गया। बाद में श्री यादव ने वर्तमान वातावरण में योग के महत्व पर प्रकाश डाला। भोजन उपरांत एक वृहद सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता मुख्य अतिथि के रुप में महाविद्यालय के प्रबंधक डॉक्टर सभाजीत यादव ने किया। स्वयंसेवक एवं सेविकाओं द्वारा विभिन्न प्रकार के गीत एवं नृत्य प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम में वक्ताओं के क्रम में डॉक्टर सभाजीत यादव, बालकृष्ण यादव, दिलीप कुमार आदि ने भाग लिया। प्रबंधक के अध्यक्षीय भाषण के बाद कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सभाजीत यादव ने शिविर को सकुशल संपन्न होने पर क्षेत्रवासियों एवं विद्यालय प्रबंधन तथा बच्चों को धन्यवाद ज्ञापित किया। संचालन प्यारेलाल ने किया।

# कर्मों का अच्छा या बुरा फल इसी धरती पर मिलता है : धर्मवीर प्रजापति

**कारागार मंत्री ने बंदियों से किया संवाद, गीता के माध्यम से बतायी ज्ञानवर्धक बातें**

**जौनपुर।** प्रदेश के कारागार एवं होमगार्ड राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मवीर प्रजापति का गुरूवार को पूर्वाह्न जिला कारागार में आगमन हुआ। उनके द्वारा बन्दियों से सीधा संवाद किया गया। बन्दियों में सुधार हेतु गीता के माध्यम से उदाहरणों के द्वारा समझाया गया तथा ज्ञानवर्धक बातें बतायी गयी कि व्यक्ति अपने कर्मों के अनुसार दुःख व सुख प्राप्त करता है।

मंत्री के द्वारा बन्दियों के घर से आने वाले मुलाकाती परिजन के सम्बन्ध में पूछा गया तथा कारागार में लम्बे समय से सजा काट रहे बन्दियों के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की गयी। बन्दियों से गायत्री मंत्र, महा मृत्युंजय मंत्र के साथ अन्य धर्मों से सम्बन्धित मंत्रो का जाप करने को कहा गया एवं जाप से होने वाले लाभ के बारे में बताया गया। साथ ही बन्दियों को व्यक्ति के द्वारा किये गये कर्मों के भोग के सम्बन्ध में भीष्म पितामाह एवं माण्डव्य ऋषि का एक उदाहरण देकर समझाया गया कि मनुष्य द्वारा किये गये कर्मों का अच्छा या बुरा फल धरती पर ही मिलता है। कारागार में महिलाओं के साथ रह रहे बच्चों के बारे में बताया गया कि इन बच्चो का क्या दोष है? या इनके द्वारा क्या पाप किया गया है कि वह जेल में निरूद्ध है। इस सम्बन्ध में मंत्री द्वारा बताया गया कि यह पूर्व संस्कार की देन है। जिस कारण यह बच्चे जेल में है इसी प्रकार कारागार में निरूद्ध बन्दियों को भी पूर्व संस्कार की देन बताया। उनके द्वारा बन्दियों से अच्छे इंसान बनने के लिए व अच्छा जीवन जीने के लिए कुछ मंत्रो को जाप करने के लिए कहा गया और साथ ही यह भी कहा गया कि आप जब भी कारागार से छूटकर बाहर जायें एक अच्छे इंसान की तरह दूसरों से व्यवहार करें और अपना जीवन अच्छे इंसान की तरह बितायें। मंत्री द्वारा बन्दियों को कौशल विकास के अन्तर्गत प्रशिक्षण दिये जाने हेतु एवं बन्दियों को प्रशिक्षित किये जाने हेतु विशेष ध्यान देने की बात कही गयी ताकि कारागार से बाहर जाने के उपरान्त वें स्वावलम्बी बन सकें। जिससे अपना एवं अपने परिवार का भरण-पोषण कर सके।



बंदियों को सम्बोधित करते कारागार मंत्री धर्मवीर प्रजापति

## ढाई घंटे लेट रवाना हुई शटल एक्सप्रेस

**बदलापुर।** वाराणसी से लखनऊ जाने वाली शटल एक्सप्रेस ट्रेन अपने निर्धारित समय से रेलवे स्टेशन श्री कृष्णा नगर बदलापुर से ढाई घंटे बिलम्ब से रवाना हुई जिससे यात्रियों को भारी मुसीबत का सामना उठाना पड़ा। रेलवे स्टेशन श्री कृष्णा नगर के स्टेशन अधीक्षक मनोज कुमार यादव ने बताया कि शटल एक्सप्रेस वाराणसी से चलकर जौनपुर सीटी पहुंची। 7:30 पर जौनपुर से बख्शा के लिए रवाना हुई। जौनपुर व बक्सा के बीच इंजन खराब हो जाने के कारण घंटों ट्रेन खड़ी रही। चालक ने इंजन की खराबी को ठीक करने का घंटों प्रयास किया किन्तु इंजन ठीक नहीं हुआ। किसी तरह चालक शटल एक्सप्रेस को बक्सा रेलवे स्टेशन पर धीमी गति से लाकर खड़ा कर दिया। घटना की जानकारी बक्सा के स्टेशन अधीक्षक ने कंट्रोल रूम को दिया। सुल्तानपुर से दूसरा इंजन बक्सा पर पहुंचा दूसरे इंजन के सहारे सटल एक्सप्रेस साढ़े दस बजे रेलवे स्टेशन श्री कृष्णा नगर पर पहुंची। इसके बाद ट्रेन लखनऊ के लिए रवाना की गयी। शटल एक्सप्रेस का रेलवे स्टेशन श्री कृष्णा नगर पर 7:30 पर पहुंचने का निर्धारित समय है। निर्धारित समय से 2 घंटे 40 मिनट देर से रवाना हुई।

# भरोसा तोड़िए नहीं, उसे जोड़िए : अजय कुमार दुबे

**सेंटजॉन्स स्कूल में शिक्षा के उन्नयन के लिए सेमिनार का आयोजन**

**जौनपुर।** सेंटजॉन्स स्कूल सिद्दीकपुर में अध्यापक-अध्यापिकाओं के लिए सेमिनार का आयोजन हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत ईशवंदना से हुई। अध्यापिका दीप्ती कश्यप ने अपने सहयोगी अध्यापिकाओं लिली, बीना श्रीवास्तव एवं पूर्णिमा पाठक के साथ प्रार्थना गीत गाया। सिस्टर सेबेस्टिना एवं सिस्टर सावरी ने पवित्र बाइबिल से पाठ किया। डॉक्टर रामजी तिवारी ने वक्ता अतिथि प्रोफेसर अजय कुमार दुबे का स्वागत किया एवं परिचय प्रस्तुत किया।

सेमिनार के प्रथम भाग में विद्यालय के प्रधानाचार्य फादर पी विक्टर ने रचनात्मक कार्यों द्वारा अध्यापक-अध्यापिकाओं को रचनात्मक कार्य एवं मॉडल सम्बंधित ज्ञान प्रदान किया। शिक्षा के उद्देश्य को बताते हुए प्रधानाचार्य ने कहा कि शिक्षक अपने चरित्र के माध्यम से उदाहरण प्रस्तुत करते हुए विद्यार्थियों में नैतिक मूल्यों एवं संस्कारों का संवाहन करे। फादर ने कहा कि मौलिक-गुणों एवं संस्कारों का विकास ही शिक्षा का वास्तविक उद्देश्य है जो शिक्षा अच्छा मानव नहीं बना सकती वह बाँझ है, फलहीन है। शिक्षा को जीविकोपार्जन का साधन तक सीमित करने से ही समाज में अनैतिकता एवं भ्रष्टाचार की वृद्धि हो रही है।

अतः शिक्षा मनुजत्व से देवत्व का साधन बने इसके लिए अध्यापक को सतत क्रियाशील रहना चाहिए। सेमिनार के दूसरे भाग में टीडी पीजी कॉलेज के शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर डॉक्टर अजय कुमार दुबे ने अध्यापक एवं अध्यापिकाओं को सम्बोधित करते हुए विभिन्न शिक्षण कौशलों पर प्रकाश डाला साथ में आधुनिक समय शिक्षकों की चुनौतियों एवं उसके समाधान को भी उद्धृत किया। प्रोफेसर दुबे ने कहा कि भरोसा तोड़िए नहीं बनाइए। जब तक शिक्षक एवं विद्यार्थी के बीच,अभिभावक एवं बच्चों के बीच भरोसा नहीं रहेगा तब तक बच्चों के अंदर आत्मविश्वास की भावना जाग्रत नहीं होगी। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के वरिष्ठ प्रवक्ता प्रेमशंकर यादव ने धन्यवाद ज्ञापित किया।



प्रो. अजय दुबे को स्मृति चिह्न प्रदान कर स्वागत करते फादर पी. विक्टर

## ई रिक्शा से टकराकर पल्सर सवार घायल

**जफराबाद।** स्थानीय थाना क्षेत्र के कल्याणपुर बाजार के पहले कबूलपुर गांव के मोड़ पर गुरुवार की शाम को ई रिक्शा से टकराकर पल्सर सवार युवक घायल हो गया।

धीरेंद्र यादव पुत्र धनराज यादव निवासी पराना पट्टी जफराबाद की तरफ से रोज की भांति नेहरू नगर अपने क्लीनिक पर जा रहे थे। रास्ते में ई रिक्शा से टकराकर गम्भीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से एक निजी चिकित्सालय ले जाया गया। जिसकी हालत ठीक बतायी जा रही है। मौके पर पहुंची पुलिस ई रिक्शा चालक को अपने साथ थाने पर ले गयी।



# गोपेश्वर महादेव मंदिर में आयोजित हुई बरसाने की होली

**शाहगंज।** नगर के पुराना चौक मोहल्ला गोपेश्वर गली स्थित गोपेश्वर महादेव मन्दिर में बुधवार की देर शाम महिलाओं का होली मिलन समारोह आयोजित हुआ। नगर की महिलाओं ने राधा कृष्ण के साथ जमकर होली खेला।

नगर में पहली बार महिलाओं के लिए

**कार्यक्रम**

### महिलाओं ने जमकर उड़ाया प्राकृतिक गुलाल व फूल

### फगुआ गीत से गुंजायमान हुआ परिसर

बरसाने की होली के तर्ज पर होली मिलन समारोह आयोजन हुआ। जिसमें नगर की महिलाओं ने राधा कृष्ण के साथ जमकर गुलाल व फूलों की होली खेली। इसके पहले आयोजकों में नगर पालिका पूर्व अध्यक्ष गीता जायसवाल, गोपेश्वर मंदिर निदेशिका सुनीता अग्रवाल, सिम्मी अग्रहरी, शोभा जायसवाल, बुलबुल अग्रहरी, मीरा रानी आदि को बैच लगाकर होली की बधाई देने के साथ ही सम्मानित किया गया। अयोजिका खुशबू जायसवाल ने विशेष आभार व्यक्त किया। समाजसेवी व ट्रस्टी मोती लाल भावसिंहका सोसल ट्रस्ट स्मृति भवन धर्मशाला शीतल अग्रवाल ने गोपेश्वर मन्दिर व धर्मशाला निःशुल्क देने एवं समाजिक कार्यों को लेकर जितने भी कार्यक्रम हो उसके लिए अपना प्रांगण निःशुल्क देने का वादा किया है। वहीं नगरपालिका अध्यक्ष गीता जायसवाल ने सहयोग देने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में महिला युवतियों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें सोनाली जायसवाल, रूपम जायसवाल, सोनम जायसवाल आदि प्रतिभागियों में प्रथम आने पर पुरस्कृत किया गया। वहीं होली मिलन समारोह में बरसाने की तर्ज पर अबीर गुलाल फूल आदि से होली खेलते भगवान कृष्ण राधा की झांकी प्रस्तुत की गई जो आकर्षण का केन्द्र रहा। साथी महिलाओं ने भगवान श्री कृष्ण राधा के साथ फूलों की जमकर होली खेली। वहीं आपस में भी अबीर गुलाल लगाकर होली के गीतों पर सभी महिलाओं युवतियों में जमकर नृत्य किया। कार्यक्रम का आयोजन निहारिका ब्यूटी सैलून की डायरेक्टर खुशबू जायसवाल की देखरेख में किया गया था। अंत में खुशबु जायसवाल ने आभार व्यक्त किया।



# पड़ताल के दौरान कारागार मंत्री को मिली खामियां

**जायजा**

**जेल अधीक्षक को लगायी फटकार, सुधार लाने का सख्त आदेश**

**जनसंदेश न्यूज**


कारागार मंत्री से फरियाद करती महिला

**जौनपुर।** कैदियों से सीधा संवाद करने जिला जेल पहुंचे कारागार मंत्री धर्मवीर प्रजापति को पड़ताल के दौरान भारी खामियां मिलीं। जेल के गेट पर ही खड़े मुलाकातियों ने मंत्री के मुंह पर ही पैसे लेकर मुलाकात कराने का दो टूक आरोप लगा दिया। इस पर मंत्री का गुस्सा और बढ़ गया। उनके तेवर देख सार्वजनिक स्थानों पर सेल्फी देने वाले जेल अधिकारी की घिग्घी बंध गई। मंत्री ने जेल अधीक्षक को फटकार लगाते हुए कार्यप्रणाली में सुधार लाने का सख्त आदेश दिया। इससे पूर्व जेल मंत्री ने डाक बंगले पर पत्रकारों से बातचीत में कहा कि जेल में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किये जा रहे हैं। सीसीटीवी लगाया जा रहा। आवश्यकता के अनुसार जैमर लगाया जा रहा है। जेल के भीतर कैदियों द्वारा मोबाइल फोन के इस्तेमाल करने के सवाल पर कहा कि इस पर गंभीरता से जांच करायी जाएगी। जेल में क्षमता से अधिक बंदियों पर उन्होंने कहा कि प्रदेश की अधिकांश जेल अंग्रेजों के जमाने की बनी हैं, जिन जिलों में जमीन मिल गई वहाँ पर नया जेल बनाया जा रहा है। इस दरम्यान जेल में व्याप्त अनियमितता के सवाल पर मंत्री ने जांच कराकर आरोपी अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई करने की बात कही। उसके बाद कारागार मंत्री कैदियों से सीधा संवाद करने जेल पहुंचे, उन्होंने मुलाकाती कक्ष में मौजूद लोगों से बातचीत किया तो जेल की कलई खुल गई, मौके भारी गंदगी मिली तथा कई मुलाकातियों ने पैसा लेकर मुलाकात कराने का आरोप लगाया। गंदगी और पैसा लेकर मुलाकात कराने की बात सुनकर मंत्री भड़क गए उन्होंने मौके पर मौजूद जेल अधीक्षक एस के पांडेय को कड़ी फटकार लगाई।

## राष्ट्रहित सभी हितों से सर्वोपरि : राकेश कुमार

**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय से संबद्ध मानवेंद्र सिंह सुमन महाविद्यालय पेसारा में एनएसएस शिविर में संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें छात्र छात्राओं को पढ़ाई के साथ देश व समाज सेवा के लिए भी प्रेरित किया गया और समारोह पूर्वक शिविर का समापन किया गया।

संगोष्ठी को सम्बोधित करते हुए राष्ट्रीय सेवा योजना के पूर्व समन्वयक प्रोफेसर राकेश कुमार यादव ने कहा कि शिविर के माध्यम से जहां प्रशनैलिटी डेवलपमेंट होता है वहीं किसी भी क्षेत्र में कुछ करने का जज्बा भी बढ़ता है। समन्वयक डॉ. राजबहादुर यादव ने कहा कि एनएसएस शिक्षा सेवा क्षेत्र में सबसे बड़ी संस्था है, जो असहाय जरूरतमंदों की मदद के साथ ही गांव गिराव का विकास के साथ-साथ लोगों के अंदर अवरनेश लाने का काम करती हैं। सबको चाहिए कि शिविर के माध्यम से गांव गलियों ग्रामीणों किसानों में सरकारी योजनाओं व बीमारियों से बचने का अभियान चलाएं। अध्यक्षता कर रही प्रबंधक डॉ. सुमन यादव ने छात्रों को सामाजिक विकास और अनुशासन का पाठ पढ़ाया।

## समाज की निःस्वार्थ सेवा सनातन परंपरा का अंग : डॉ. रणजीत सिंह



**सुइथाकला।** राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर का समापन समारोह गुरूवार को गांधी स्मारक पीजी कॉलेज समोधपुर स्थित श्री सर्वेश्वरी समूह संस्थान परिसर में आयोजित हुआ। समापन समारोह का शुभारंभ स्काउट गाइड के जिला मुख्यायुक्त एवं श्री गांधी स्मारक इंटर कॉलेज समोधपुर के पूर्व प्रधानाचार्य डा. रणजीत सिंह ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं पूजा अर्चना करके बतौर मुख्य अतिथि के रूप में किया।

सर्वप्रथम स्मृति दुबे, प्रगति मिश्रा व अंतिमा गुप्ता द्वारा सरस्वती वंदना व स्वागत गीत खुशी पांडेय, प्रीति सिंह प्रीति तथा गुंजा ने प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि का माल्यार्पण करके स्वागत किया गया। समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना का मुख्य उद्देश्य देश व समाज के प्रति सेवा भाव जागृत करना है। आधुनिक पीढ़ियों में सेवा भावना के प्रति उदासीनता पर चिंता जताई। अपने उद्बोधन में उन्होंने बताया कि मां-बाप और समाज की निस्वार्थ सेवा भारतीय सनातन परंपरा का अंग रही है। स्वयंसेवकों द्वारा कव्वाली, राष्ट्रीय गीत एवं विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. आलोक प्रताप सिंह विसेन ने राष्ट्रीय सेवा योजना के इतिहास पर विस्तार से प्रकाश डाला। आभार एवं धन्यवाद ज्ञापन कार्यक्रम अधिकारी डॉ. इंद्र बहादुर सिंह ने किया। संचालन बीए के छात्र आर्यन श्रीवास्तव ने किया। इस अवसर पर डॉ. पंकज सिंह, डॉ. लालमणि प्रजापति, डॉ. लक्ष्मण सिंह, डा. नीलमणि सिंह, जितेंद्र सिंह आदि उपस्थित रहे।

## संक्षेप

### परमहंस इंटरनेशनल स्कूल का वार्षिकोत्सव संपन्न



**सुजानगंज।** भीलमपुर में स्थित परमहंस इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल भीलमपुर के पांचवें वार्षिकोत्सव समारोह में विद्यालय के छात्र/ छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति ने उमड़े जन समुदाय को भावविभोर कर दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधान परिषद सदस्य बृजेश सिंह प्रिंशु ने अपने संबोधन में बताया कि शिक्षा मानव का आभूषण है। बिना शिक्षा के मनुष्य का संपूर्ण विकास संभव नहीं है। उन्होंने सुदूर अंचल में विद्यालय की स्थापना कर शिक्षा का प्रकाश घर-घर पहुंचाने और गरीब वंचित तबके के लोगों के बच्चों को भी शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने पर जोड़ने पर विद्यालय के प्रबंधक सहित विद्यालय की पूरी टीम की सराहना करते हुए बताया कि परिवार समाज की प्रगति के लिए शिक्षा ही मुख्य हथियार है। विद्यालय के छात्र छात्राओं ने विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुत कर लोगों का मन मोह लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्रयागराज विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रोफेसर पीके साहू ने कहा कि शिक्षक एक माली की तरह बच्चों की देखरेख करता है। स्वागत भाषण डॉक्टर विनय कुमार सिंह ने किया। स्कूल के प्रबंधक संतोष सिंह ने स्कूल के प्रगति पर चर्चा किया। सभी अतिथियों के प्रति स्कूल की प्रिंसिपल रिया सिंह ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर बाला पटेल ग्राम प्रधान, दिलीप सिंह, जय सिंह पटेल, विवेक यादव, स्वाति मिश्रा, साधना सिंह, रोशनी सिंह, आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

### सृष्टि में परमात्मा एक है :नारद महाराज

**मड़ियाहूं।** एक परमात्मा में श्रद्धा रखकर भजन करते रहें निश्चित रूप से कल्याण होगा। सृष्टि में सर्वत्र परमात्मा एक ही है, उसके नाम अनेक हो सकते हैं, उसे किसी नाम से पुकारा जा सकता है। गीता के अनुसार आचरण करना चाहिए। उक्त बातें स्वामी अड़गड़ानंद महाराज के शिष्य नारद महाराज ने ग्राम दामोदरा में आचार्य विनय कुमार दुबे द्वारा निर्मित परमहंस परमानंद महाराज जो स्वामी अड़गड़ानंद महाराज के गुरु हैं, मंदिर उद्घाटन के अवसर पर कही। उन्होंने बताया कि गीता भगवान श्री कृष्ण के मुख की वाणी है और गीता स्वयं अपने आप में एक पूर्ण शास्त्र है। यथार्थ गीता की तीन आवृत्ति कर लें शंका निर्मूल हो जाएगी। इसके अलावा स्वामी अड़गड़ानंद महाराज के अन्य शिष्य गुरुचरण आनंद महाराज, राजस्थान, चिंतन मयानंद महाराज फरीदाबाद, सोहन बाबा, प्रेम बाबा, विद्या बाबा, साधु बाबा चित्रकूट अनसूया आश्रम ने अपने संबोधन में कहा कि ईश्वर देखा जा सकता है, उससे बातें भी किया जा सकता है, बशर्ते काम क्रोध लोभ मोह का परित्याग कर गीता के पथ पर चलें। इस मौके पर उत्तर प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री दयालु मिश्र, विधायक डॉक्टर आरके पटेल, जिला प्रचारक मछली शहर प्रभात, पूर्व विधायक लीना तिवारी, पूर्व मंडल अध्यक्ष राजकृष्ण शर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष मछली शहर रामविलास पाल, जगदीश दुबे आचार्य, विनय कुमार दुबे प्रधानाचार्य, सहित संघ के अनेक लोग मौजूद रहे।

### पांच दुकानों का ताला तोड़ चोरों ने उड़ाये हजारों के सामान

**बरसठी।** थाने से चन्द कदम की दूरी पर हौसला बुलन्द चोरों ने एक ही रात में पांच स्थानों पर चोरी की घटना को अंजाम दे डाला। आंगनबाड़ी कार्यालय, राजकीय बीज भण्डार समेत कई दुकानों का ताला तोड़कर लैपटॉप, सामान सहित हजारों रुपये सामान उठा ले गये। एक साथ 5 जगहों पर ताला तोड़कर हुई चोरी की भनक पुलिस को नहीं लगी। चोरी की घटना से अन्य दुकानदार भयभीत है। सुबह जानकारी होने पर सभी घटनाओं की जानकारी पुलिस को दे दी गयी। थाने से करीब दो सौ मीटर दूरी पर ब्लॉक तिराहे पर बगल स्थित ब्लॉक परिसर में मौजूद बाल विकास परियोजना कार्यालय का ताला तोड़कर चोर एक लैपटॉप व अन्य सामान उठा ले गये। परिसर में ही कुछ दूरी पर राजकीय कृषि बीज भण्डार के भी ताला चोर तोड़ दिए, वहां कुछ न मिलने पर चोर खाली हाथ लौट गये। उसके बाद एक एक कर तिराहे पर 3 दुकानों का चोरों ने ताला तोड़ा। मनोज मौर्य के मेडिकल की दुकान का चोर ताला तोड़कर 21 सौ नकदी व सामान चोरी कर ले गए। उसके बाद सुनील बिन्द के पान की दुकान के शटर का ताला तोड़कर करीब 15सौ नकद, पंखा व पान मसाला उठा ले गये। उसके बाद चोर प्रदीप उमर वैश्य के जनरल स्टोर की दुकान का ताला तोड़कर चोर करीब 5 हजार कीमत के सामान उठा ले गये। सुबह दुकान खोलने आये दुकानदारों को घटना की जानकारी हुई। चोरी की सूचना के घण्टों बाद पुलिस मौके पर पहुँच सिर्फ जानकारी लेकर वापस चली गयी। थाने से चन्द कदम दूरी पर एक ही रात 5 जगहों पर ताला तोड़कर चोरी करने से अन्य दुकानदार भयभीत है।

## हमारी संस्कृति हमे जोड़ने की सीख देती है : दिनेश शर्मा


श्रद्धांजलि सभा को सम्बोधित करते दिनेश शर्मा

**मछलीशहर।** प्रदेश के पूर्व उपमुख्यमंत्री दिनेश शर्मा बुधवार देर सांय तहसील के कुरनी गाँव में पूर्व प्रधान स्व. गिरिजा शंकर यादव की श्रद्धांजलि सभा में पहुँचे जहाँ उन्होंने सर्वप्रथम उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। जनसभा को संबोधित करते हुए पूर्व डिप्टी सीएम ने कहा कि सनातन धर्म हमे जोड़ने की सीख देता है। इसलिए हम सब को हमारी संस्कृति पर गर्व करना चाहिए। उन्होंने कहा आजकल लोग जन्मदिन पर केक काटकर व मोमबत्ती को बुझाकर जन्मदिन मनाते है। जबकि हमारी दादी बूंदी के अलग अलग हिस्सों को एककर लड्डू बनाती थी और दीपक जलाकर लंबी उम्र की कामना करती थी। उन्होंने कहा हम सब को रामचरित मानस में भगवान राम के चरित्र से सीख लेनी चाहिए। उन्होंने प्रदेश सरकार द्वारा कराए जा रहे विकास कार्यों को बताते हुए कहाकि गाँव गाँव में भी चौड़ी चौड़ी सड़के दिखाई देने लगी है। प्रत्येक जिले में एक मेडिकल कॉलेज बनाया जायेगा। प्राथमिक विद्यालय को भी अधिक हाईटेक बनाया जाएगा। इस दौरान मछलीशहर के जिलाध्यक्ष राम विलास पाल, मनोज सिंह, पूर्व विधायक कैलाश सोनकर, पूर्व जिलाध्यक्ष राजबहादुर यादव, मनोज जायसवाल, राजन सिंह, सुरेन्द्र विक्रम सिंह, सहित हजारों लोग मौजूद रहे। संतोष जायसवाल ने जहाँ कार्यक्रम का संचालन किया वही आयोजक भोला यादव ने आभार व्यक्त किया।

### सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बीच मनाया गया वार्षिकोत्सव

**खेतासराय।** प्राथमिक विद्यालय गोरारी का वार्षिकोत्सव व पुरस्कार वितरण समारोह गुरुवार को भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बीच मनाया गया। विद्यालय के प्रतिभाशाली बच्चों ने भव्य आकर्षक गीत, एकांकी नाटक, हास्य व्यंग, कव्वाली अन्य पेश कर समाज में फैली तमाम कुरीतियों को खत्म करने के लिए बड़ों को जागरूक किया।समारोह के मुख्य अतिथि शाहगंज ब्लॉक के खंड शिक्षा अधिकारी अमरदीप जायसवाल को आना था लेकिन उनके न रहने पर राज्य संदर्भ समूह एसआरजी के प्रशिक्षक अजय कुमार मौर्य ने मां सरस्वती के चित्र पर पुष्पा अर्पित व दीप प्रज्वलित करके किया।

## राष्ट्रीय चरित्र के निर्माण में सेवा योजना की महत्त्वपूर्ण भूमिका

**खुटहन।** राम करन इंस्टीट्यूट ऑफ हायर एजुकेशन नीमी में गुरुवार को राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय शिविर के समापन दिवस पर भव्य समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि प्रधान कैराडीह श्याम बहादुर यादव ने स्वयं सेवक/सेविकाओं को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय चरित्र के निर्माण में राष्ट्रीय सेवा योजना की महत्वपूर्ण भूमिका है। सेवा योजना से छात्रों में सामाजिकता का उत्तम चारित्रिक गुणों का विकास होता है।

शिविर के प्रत्येक दिवस पर स्वयं सेवकों द्वारा पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता, साक्षरता एवं अच्छे स्वास्थ्य हेतु जागरूकता अभियान चलाया गया। रैली के माध्यम से ग्रामीणों को कई बिंदुओं पर जागरूक किया गया। टिकरी खुर्द, बडनपुर, नौली जहारुद्दीनपुर आदि गांवों में महिलाओं को स्वच्छता, नशामुक्ति, प्रौण शिक्षा के बारे में जागरूक किया गया।

# उत्तरदायित्वों के प्रति संवेदनशील बने छात्र : डॉ. जोखन सिंह

**जनसंदेश न्यूज**

**चंदवक।** श्री गणेश राय पीजी कॉलेज डोभी में सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना विशेष शिविर के समापन अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि प्राचार्य डॉ. जोखन सिंह ने शिविरार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर का मूल उद्देश्य है कि राष्ट्रीय सेवा योजना के सामाजिक उत्तरदायित्व के प्रति छात्र संवेदनशील बने क्योंकि आज के युवा छात्र ही राष्ट्र के भविष्य है। इनके व्यक्तित्व में ऐसे गुणों का समावेश आवश्यक है जिनके द्वारा एक स्वस्थ समाज का निर्माण होना है। स्वस्थ्य व सशक्त समाज से ही सशक्त राष्ट्र का निर्माण होता है। बताया कि छात्र जीवन के दौरान ही व्यक्ति का सवार्गीण विकास होता है जो आगे चलकर कर्तव्यनिष्ठ नागरिक बनता है।

डॉ. सिंह ने कहा कि शिविर के दौरान संचालित स्वच्छता अभियान, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, वृक्षारोपण, मलिन बस्तियों की सफाई, नशा मुक्त समाज का निर्माण व सामाजिक कुरीतियों से लड़ने का संकल्प जैसे कार्यक्रम के साथ युवाओं को जोड़ने के साथ-साथ उनके व्यक्तित्व में रचनाशीलता सृजनात्मकता आदि गुणों को निखारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। स्वयं सेवकों एवं स्वयं सेविकाओं ने प्रभात फेरी के लिए ग्राम महापुर, चकरा, मारिकपुर गए। भोजनोपरांत अपरान्ह 2 बजे से महाविद्यालय परिसर में वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया तथा साथ ही शिविरार्थियों द्वारा विभिन्न रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. बृजेन्द्र कुमार सिंह ने कार्यक्रम में आए सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी राजेंद्र जायसवाल, डॉ. मो. निहाल खान, पूर्व कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सरिता सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## पत्रकार के पिता की मौत पर शोकसभा आयोजित

**मुफ्तीगंज।** स्थानीय विकास खंड में व्यापार मंडल अध्यक्ष अनंत कुमार मोदनवाल के आवास पर पत्रकार मिथिलेश गुप्ता के पिता राम नरायन उर्फ बुद्धू गुप्ता 86 वर्ष के निधन पर शोक सभा आयोजित की गयी। इस मौके पर पत्रकार रत्नेश तिवारी, संजय दुबे, सुधीर यादव, पंकज राय, राजेन्द्र विश्वकर्मा, ऋषिकेश त्रिपाठी, पप्पी मोदनवाल, गोपाल साधू, प्रवेश यादव, शिवकुमार साहू, प्रवेश मोदनवाल आदि लोग उपस्थित रहे।

### टास्क फोर्स टीम ने किया निरीक्षण

**जौनपुर।** महानिदेशक स्कूल शिक्षा उत्तर प्रदेश लखनऊ के निर्देशन में गुरुवार को जनपद स्तरीय टास्क फोर्स टीम जिसमे जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, समस्त 22 खंड शिक्षा अधिकारी एवं 6 जिला समन्वयक के द्वारा विकासखंड करंजकला का आकस्मिक सघन निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय 18 सहायक अध्यापक, 7 शिक्षा मित्र एवं 1अनदेशक अनुपस्थिति पाये गये। सभी अनुपस्थिति शिक्षक, शिक्षा मित्र एवं अनुदेशकों का निरीक्षण तिथि का वेतन/मानदेय अवरुद्ध किया गया है।

## संक्षेप

### नाबालिग को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का आरोपी गिरफ्तार

**औराई।** स्थानीय थाना क्षेत्र के एक गाँव में नाबालिग को आरोपी युवक द्वारा बहला-फुसलाकर भगा ले जाने की घटना के सम्बन्ध में प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना स्थानीय पर अभियोग पंजीकृत किया गया। एसपी डॉ. अनिल कुमार ने महिला सम्बंधित अपराधों में त्वरित कार्यवाही के निर्देश दिए थे। एसपी के निर्देश के क्रम में स्थानीय पुलिस द्वारा अपहृता को सकुशल बरामद करते हुए उक्त अभियोग से सम्बन्धित आरोपी सचिन पुत्र लालजी निवासी पिलखिनी थाना औराई जनपद भदोही को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही करते हुए चालान न्यायालय किया गया।

### ट्रेन की चपेट में आने से एक वृद्ध महिला की मौत

**भदोही।** औराई क्षेत्र के माधोसिंह रेलवे चौकी अंतर्गत मटकीपुर गांव के पास ट्रेन की चपेट में आने से एक वृद्ध महिला की मृत्यु हो गई। मिली जानकारी के अनुसार मीरजापुर जनपद के मटियारी गांव निवासी शोभवंती देवी उम्र लगभग 75 वर्ष का शव वृहस्पतिवार को सुबह मटकीपुर गांव के पास रेलवे ट्रैक पर मिला। सूचना पर परिजनों ने पहुंचकर शिनाख्त किया। इस सम्बन्ध में अधिक जानकारी के लिए जीआरपी चौकी प्रभारी से सम्पर्क करने की कोशिश किया गया तो उनका सीयूजी नंबर बंद था।

### सुरियावां से प्रयागराज के लिए रोडवेज बस चलाने की मांग

**सुरियावां।** नगर सुरियावां व ब्लाक अभोली ब्लाक की आबादी लगभग 3 लाख है, लेकिन सुरियावां से प्रयागराज के लिए आज तक कोई भी रोडवेज बस नहीं चल पा रही है। जिससे क्षेत्र की लाखों लाख की आबादी वाला क्षेत्र प्रयागराज के लिए आने जाने में आरही समस्या का हल नहीं ढूंढ पारहा है। क्षेत्र के लोग त्राहि-त्राहि कर रहे है। क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों एवं संबंधित अधिकारी उपरोक्त जनसमस्याओं पर मौनी बाबा बनें हुए हैं।उद्योग व्यापार मंडल सुरियावां के अध्यक्ष शेषधर गुप्ता ने प्रदेश के मुख्यमंत्री से सुरियावां से प्रयागराज के लिए कम-से-कम 4 रोडवेज बसें चलाएं जाने की माँग की। ताकि सुरियावां क्षेत्र की लाखों जनता व छात्र वकील व्यापारी, शिक्षक आदि लाभ प्राप्त कर सके।

# मखमली कालीनें विदेशी खरीदारों के लिए बनीं आकर्षण का केंद्र

**आयोजन**

**भदोही विधायक जाहिद बेग ने एक्सपो का दौरा कर व्यवस्था पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए दिया समर्थन का आश्वासन**

**इंडिया कार्पेट एक्सपो के 44वें संस्करण में लगे हुए प्रत्येक स्टाल व्यवसाय के लिए एक नए अवसर पैदा करते हुए दिखे**

**जनसंदेश न्यूज**


इंडिया कार्पेट एक्सपो में लगे कालीनों को देखते विदेशी ग्राहक साथ मे सीईपीसी अध्यक्ष उमर हमीद


इंडिया कार्पेट एक्सपो में दूसरे दिन भदोही विधायक जाहिद बेग के पहुंचने पर स्वागत करते सीईपीसी सदस्य

**भदोही।** एनएसआईसी प्रदर्शनी मैदान, ओखला, नई दिल्ली में कालीन निर्यात संवर्धन परिषद द्वारा आयोजित इंडिया कार्पेट एक्सपो के 44वें संस्करण को दो दिनों के दौरान दुनिया भर के 292 विदेशी खरीदारों और 99 खरीदारों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति के साथ एक्सपो में जबरजस्त प्रक्रिया मिली है। इंडिया कार्पेट एक्सपो ₹आकार, डिजाइन, रंग और गुणवत्ता के मामले में खरीदारों की आवश्यकताओं के अनुसार नए फॉल-विंटर कलेक्शन को प्रदर्शित करता है, जो खरीदारों की रुचि को आकर्षित कर रहा है।

मेले के दूसरे दिन भदोही विधायक जाहिद बेग ने एक्सपो का दौरा किया और आयोजकों द्वारा की गई व्यवस्था पर प्रसन्नता व्यक्त की। श्री बेग ने आशा व्यक्त की कि मेला प्रतिभागियों के लिए बहुत बड़ा व्यवसाय उत्पन्न करेगा और कालीन उद्योग से जुड़े बुनकरों को प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से उनके लिए रोजगार के अवसर प्रदान करेगा। श्री बेग ने कालीन उद्योग को अपना पूरा समर्थन देने का आश्वासन दिया। यह एक्सपो भारत सरकार के तत्वावधान में आयोजित किया जाता है, जिसका उद्देश्य अत्यधिक श्रम प्रधान भारतीय हस्तनिर्मित कालीन उद्योग पर ध्यान केंद्रित करना और ग्रामीण क्षेत्रों से जुड़े लगभग 20 लाख श्रमिकों, कारीगरों विशेषकर महिलाओं को प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार प्रदान करना है। इंडिया कारपेट एक्सपो 275 प्रदर्शकों की भागीदारी के साथ एशिया में सबसे बड़े हस्तनिर्मित कालीन मेलों में से एक है, जिसमें खरीदारों के लिए एक ही छत के नीचे सबसे अच्छे हस्तनिर्मित कालीन, गलीचे और अन्य फर्श कवरिंग मिल जाते है।

## पांच सूत्रीय मांग को लेकर प्रदर्शन

**ज्ञानपुर।** प्रधान क्षेत्र पंचायत स्वाभिमान संघ के जिलाध्यक्ष जयप्रकाश यादव के नेतृत्व में जिला मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन किया गया और पांच सूत्रीय मांग पत्र जिलाधिकारी को सौपा गया। धरना प्रदर्शन के दौरान जिलाध्यक्ष ने कहा कि प्रधान क्षेत्र पंचायत संघ लगातार अपने अधिकारो के लिए संघर्ष कर रहा है। कहा कि अपर मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश द्वारा बीडीसी की 6 बैठक व एक हजार रूपया प्रति बैठक व 3 लाख रूपया दुर्घटना बीमा दिये जाने का है लेकिन बीडीसी के साथ ठीक उल्टा हो रहा है। न तो बैठक बुलायी जाती है और न किसी बीडीसी के दुर्घटना में तीन लाख रूपया बीमा दिया जाता है। मांग किया कि बीडीसी के द्वारा बनाये गये आय, जाति, निवास प्रमाण पत्र भी मान्य किये जाये।

# समस्त राजपत्रित पुलिस अधिकारियों ने असंतुष्ट शिकायतकर्ताओं की सुनी समस्या

**जनसंदेश न्यूज**

**ज्ञानपुर।** शासन की मंशा के अनुरूप विभिन्न माध्यमों से प्राप्त जन शिकायतों के शत-प्रतिशत निस्तारण व असंतुष्ट शिकायतकर्ताओं से फीडबैक प्राप्त कर और बेहतर निस्तारण हेतु प्रत्येक बृहस्पतिवार को जनसंवाद दिवस का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत पूर्व में दी गई जनशिकायतों का शिकायतकर्ता से फीडबैक लिया जाता है। यदि शिकायतकर्ता पुलिस कार्यवाही से संतुष्ट न हो तो राजपत्रित पुलिस अधिकारियों द्वारा सुनवाई कर पुनः उनकी शिकायत की जांच कराई जाती है।

आयोजित जनसंवाद दिवस के दौरान डॉ. अनिल कुमार पुलिस अधीक्षक भदोही के निर्देशन में राजेश भारती अपर पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा पुलिस कार्यालय एवं समस्त क्षेत्राधिकारीगण द्वारा सर्किल कार्यालय पर असंतुष्ट शिकायतकर्ताओ के साथ संवाद करते हुए उनकी शिकायतों को सुना गया। असंतुष्ट फीडबैक सम्बंधित प्रकरणों में शिकायतकताओं को सुनते हुए और बेहतर निस्तारण का प्रयास किया गया।

पुलिस विभाग से सम्बंधित प्रकरणों में शिकायतों को सुनते हुए निस्तारण किया गया तथा अन्य विभाग से सम्बंधित प्रकरणों में सम्बन्धित विभाग से सम्पर्क कर यथाशीघ्र निस्तारण कराया जा रहा है। जनशिकायतों के समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु भदोही पुलिस व प्रशासन प्रतिबद्ध है।

### वित्तीय नियमों आदि की जानकारी दिये जाने हेतु ऑनलाइन प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन

**ज्ञानपुर।** वित्तीय धोखाधड़ी व वित्तीय नियमों की जानकारी से सम्बंधित विवेचनाओं में साक्ष्य संकलन करते हुए गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाएगा। पुलिस प्रशिक्षण निदेशालय उ.प्र. लखनऊ के आदेश अनुपालन में पुलिसकर्मियों को वित्तीय धोखाधड़ी तथा वित्तीय नियमों आदि की जानकारी दिए जाने हेतु गुरुवार को जनपदीय पुलिस अधिकारियों को आरबीआई के विशेषज्ञों द्वारा प्रशिक्षित किए जाने हेतु ऑनलाइन प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया।

# कार की चपेट में आने से बाइक सवार गंभीर रूप से घायल

**हादसा**

**स्वरूप रानी मेडिकल कालेज को किया रेफर**

**गोपीगंज।** कोतवाली गोपीगंज क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग के पड़ाव स्थित बरगदा हनुमान मंदिर कट प्वाइंट के पास पाई और कार में टक्कर हो जाने से गुरूवार को राहुल 28 पुत्र मुन्ना पंडित ग्राम सागर रायपुर के गंभीर रूप से घायल हो गये। घटना के संबंध में बताया जाता है कि बृहस्पतिवार को राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित पड़ाव बरगद का हनुमान मंदिर के कट पॉइंट के पास बाईक सवार प्रयागराज की तरफ से रांग साइड से अपनी साइड में जा रहा था, की प्रयागराज की तरफ से आ रही कार के चालक ने टर्न ले लिया और बाइक चालक स्पीड में जा रहा था और संतुलन नही बना पाया और कार में जा भिड़ा, जिससे गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुंची 112 डायल ने तुरंत ही सीएचसी गोपीगंज में भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार के बाद उसे स्वरूपरानी मेडिकल कॉलेज प्रयागराज के लिए रेफर कर दिया गया।

जनसंदेश टाइम्स प्रा.लि.के लिए **प्रवीण कुमार कुशवाहा**, सी 28 /121, तेलियाबाग, प्रथम तल, वाराणसी से प्रकाशित एवं मीडिया टेक्स्ट (Media Text) प्रा.लि. प्रेस, रोहनिया, वाराणसी से मुद्रित।
**प्रधान सम्पादक - सुभाष राय**
**स्थानीय सम्पादक -प्रवीण कुमार कुशवाहा**
पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बन्धित विवादों का न्याय क्षेत्र वाराणसी होगा।
फोन नं. 8177008889
आरएनआई नं. **UPHIN/2012/46221**
डाक पंजीयन सं.: जीपीओएलडब्ल्यू / एनपी - 78/2011-13।

# विद्युत कर्मियों की हड़ताल शुरू, व्यवस्था भगवान भरोसे


हड़ताल के दौरान मांगो को लेकर नारेबाजी करते विद्युत कर्मी


राजस्व कर्मियों व संविदा कर्मियों के साथ नायब तहसीलदार नितिन कुमार

**भदोही।** नेशनल रजपुरा रोड स्थित अधीक्षण अभियंता कार्यालय पर हड़ताल को लेकर चाक चौबंद व्यवस्था नही की गई है। पूरे प्रदेश में विद्युत कर्मियों की ऊर्जा मंत्री के वादा खिलाफी और लंबित मांगो को लेकर कार्य बहिष्कार हड़ताल चल रही है। इस दौरान आपूर्ति बाधित होने पर कर्मचारी गड़बड़ी भी नही बनाएंगे, जिसके मद्देनजर जिला प्रशासन विद्युत सब स्टेशनों पर राजस्व की टीम और पुलिस को सुरक्षा के दृष्टिगत लगाने का सख्त निर्देश दे रखा है। जिसको लेकर जिला प्रशासन विद्युत सब स्टेशनों पर राजस्व की टीम के साथ किसी भी स्थिति से निपटने के लिए तैयार थी।

**भदोही।** नेशनल रजपुरा रोड स्थित अधीक्षण अभियंता कार्यालय पर गुरुवार को ऊर्जा मंत्री के साथ हुए समझौते को लागू कराने की मांग को लेकर 72 घण्टे की सांकेतिक हड़ताल शुरू हो गयी है। गुरुवार से ही देश-भर में उप्र के बिजली कर्मियों के समर्थन में विरोध प्रदर्शन शुरू हो गया है।

विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उप्र के आह्वान पर प्रदेश के सभी ऊर्जा निगमों के साथ भदोही जनपद समस्त बिजली कर्मचारियों, जूनियर इंजीनियरों, अभियन्ताओं और निविदा, संविदा कर्मियों ने बुधवार से ही कार्य बहिष्कार प्रारम्भ कर दिया था। कार्य बहिष्कार आन्दोलन में भदोही के लगभग 200 बिजली कर्मी सम्मिलित हैं। बिजली कर्मचारियों एवं अभियन्ताओं की राष्ट्रीय समन्वय समिति नेशनल कोऑर्डिनेशन कमेटी ऑफ इलेक्ट्रीसिटी इम्प्लॉईज एण्ड इंजीनियर्स (एनसीसीओईईई) ने उप्र के बिजली कर्मियों के आन्दोलन के समर्थन में राष्ट्रव्यापी विरोध प्रदर्शन करने का आह्वान किया। संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि भदोही में संयोजक धीरेन्द्र प्रताप कौशल, जयकार पटेल, ईश्वर सरन सिंह, संजय यादव, रविन्द्र पाल, राहुल सुन्दरम, हरिशंकर कुशवाहा, माधव द्विवेदी, सत्य प्रकाश, ज्योति प्रकाश, मनोज कुमार आनंद प्रकाश, प्रमोद चौहान, समेत समस्त सदस्यों ने प्रदेश के मुख्यमंत्री से समझौते को लागू कराने हेतु प्रभावी हस्तक्षेप करने की पुनः अपील की है।

## व्यापारियों के प्रदर्शन का असर, डीआरएम ने दिया जांच का आदेश

**लालानगर।** गोपीगंज नगर स्थित ज्ञानपुर रोड रेलवे स्टेशन के सामने रेलवे प्रशासन के द्वारा बनवाए गए आरसीसी सड़क को घटिया मैंटेरियल से बनाए जाने के बाद सड़क जगह-जगह से उखड़ रही हैं, इसके कारण जहां आवागमन में आमजन को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, वही रेलवे के करोड़ों रुपए की लागत से बनाए जाने वाला सड़क की स्थिति खराब हो गई।

मामले को लेकर नगर उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष श्रीकांत जायसवाल के नेतृत्व में स्थानीय व्यापारियों ने स्टेशन के सामने धरना प्रदर्शन किया। धरना प्रदर्शन के दौरान अध्यक्ष श्रीकांत ने आरोप लगाया कि करोड़ों रुपए की लागत से बनाई जाने वाली सीसी रोड सड़क में घटिया सामग्री मटेरियल का इस्तेमाल किए जाने से सड़क की गुणवत्ता में कमी आई है। मामले को लेकर ज्ञानपुर रोड स्टेशन मास्टर को वाराणसी के नाम पत्र दिया गया। जहां बातचीत में डीआरएम पूर्वोत्तर रेलवे रामाश्रय पांडेय ने बताया कि मामले की जांच कराई जा रही है।

# वध के लिए ले जा रहे 21 गोवंशों के साथ चार तस्कर गिरफ्तार

**कामयाबी**

**थाना औराई पुलिस टीम को मिली सफलता**

**जनसंदेश न्यूज**

**भदोही।** पुलिस अधीक्षक डॉ. अनिल कुमार के निर्देश के क्रम में भदोही पुलिस द्वारा गौ तस्करों के विरुद्ध लगातार सख्त वैधानिक कार्यवाही सुनिश्चित की जा रही है। बुधवार की रात थाना औराई पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना के आधार पर चेकिंग के दौरान राष्ट्रीय राजमार्ग पर महाराजगंज के पास से ट्रक वाहन में कूटरचित नम्बर प्लेट लगाकर क्रुरतापूर्वक वध हेतु ले जाये जा रहे इक्कीस राशि गोवंश के साथ चार पशु तस्करों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है।

गिरफ्तार आरोपी सोनू यादव उम्र करीब 24 वर्ष थाना करीमुद्दीनपुर उम्र 30 वर्ष जनपद गाजीपुर, सलमान थाना मलिहाबाद जनपद लखनऊ, साबीर उम्र करीब 23 थाना मिश्रिख जनपद सीतापुर, नितिन कुमार निवासी लक्ष्मणिया थाना बहुराज जनपद मुजफ्फरनगर (बिहार) के रूप में पहचान की गयी हैं। आरोपियों के विरुद्ध थाना औराई में धारा-3/5ए/8 गोवध निवारण अधिनियम व 11 पशु क्रूरता अधिनियम तथा धारा-419, 420, 467, 468, 471 भा.द.वि. का अभियोग पंजीकृत करते हुए आवश्यक विधिक कार्यवाही की गई। तस्करों के अन्य आपराधिक घटनाओं में संलिप्तता की जांच व आपराधिक इतिहास की जानकारी की जा रही है। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक औराई नागेंद्र प्रताप सिंह, उपनिरीक्षक रामअशीष, हे.कां. गोपाल सिंह, कां. अनुज कुमार यादव, कां. मनोज कुमार, कां. पुष्पेंद्र अहिरवार शामिल रहें।

# करोड़ों डकारे, गैंगस्टर लगा, अब फरार घोषित



रवि प्रकाश सिंह

## कहानी ठगबाजी की

### आधा दर्जन से अधिक निदेशक और संचालक जेल में, छह जिलों में 450 मुकदमें हैं दर्ज

### शाइन सिटी का मालिक फरार घोषित नोटिस चस्पा

कैंट पर वर्ष 2020 और 2021 में पंजीकृत लगभग एक दर्जन अभियोगो में शाइन सिटी कंपनी के स्वामी और प्रबंध निदेशक राशिद नसीम पुत्र नसीम अहमद निवासी जीटीबी नगर,करेली इलाहाबाद के विरुद्ध धारा 82 सीआरपीसी की नोटिस चस्पा आर्थिक अपराध अनुसंधान संगठन की वाराणसी इकाई की टीम ने किया और उसे फरार घोषित किया।

### 30 कम्पनियों का पंजीयन कराकर लूटा माल

साल 2013 में राशिद नसीम ने अपने छोटे भाई आशिफ नसीम के साथ मिलकर शाइन सिटी इंफ्रा प्रोजेक्ट प्राइवेट लिमिटेड नामक कंपनी बनाई। धीरे-धीरे लगभग 30 कम्पनियों का पंजीयन कराकर शाइन सिटी ग्रुप ऑफ कंपनीज के नाम से व्यवसाय करने लगा। कंपनी के जिम्मेदार लोंगो के द्वारा निवेशकों को रियल स्टेट,वाहन स्कीम, ज्वैलरी स्कीम, मंथली रिटर्न जैसी तमाम लुभावनी योजनाओं को बतलाकर कंपनी में धनराशि निवेशित कराया गया। वर्ष 2016 में कंपनी के निदेशकों और संचालकों ने वाराणसी में सेंट्रल जेल रोड के पास कंपनी का कार्यालय खोला। मोहनसराय, राजातालाब,रोहनिया,रामनगर और बाबतपुर में आवासीय प्लाटिंग और अन्य योजनाओं के नाम पर करोड़ो रुपए जमा कराये और वर्ष 2019 में कार्यालय बंद कर निवेशकों के करोड़ो रुपए लेकर फरार हो गये।

### नहीं होगा हाजिर तो संपत्ति होगी कुर्क

मामले के जांचकर्ता उप निरीक्षक संजय सोनकर और उप निरीक्षक दूधनाथ यादव के द्वारा नोटिस की एक एक प्रति अभियुक्त के घर पर,सार्वजनिक स्थान और न्यायालय परिसर पर चस्पा करते हुए लाउडस्पीकर और डुगडुगी बजवाकर मुनादी करायी। पीआरओ निरीक्षक सुनील कुमार वर्मा ने बताया कि यदि इसके बाद भी अभियुक्त राशिद नसीम नियत समय पर न्यायालय के समक्ष उपस्थित नही होता है तो इसकी चल सम्पति को कुर्क करने की कार्यवाही की जावेगी। राशिद नसीम के विरुद्ध उत्तर प्रदेश के जनपद लखनऊ, प्रयागराज, वाराणसी,मिजार्पुर,सोनभद्र और गाजीपुर में लगभग 450 से ऊपर मुकदमे पंजीकृत है। वह निवेशकों का करोड़ो रुपए लेकर फरार चल रहा है।

### खास मुलाकात

**वाराणसी।** पूर्वांचल समेत अन्य प्रदेशों में निवेशकों को लालच देकर अरबों की संपत्ति गबन करने वाला शाइन सिटी के खिलाफ वैसे मुकदमों को गिना जाए तो समय कम पड़ जायेंगे लेकिन इस बात से अंजादा लगाया जा सकता है कि पूर्वांचल समेत अन्य दूसरे बड़े शहरों में इसके खिलाफ गबन के मामले दर्ज हैं। दूबई से बैठा शाइन सिटी का मालिक अपने मंसूबों को पालने का पूरा प्रयार कर रहा है कि यूपी की पुलिस और खासकर आर्थिक अपराध अनुसंधान की टीम उसकी एक एक हरकत पर नजर बनाये हैं।

ना केवल नजर गढ़ाये है बल्कि ये भी खंगालने में जुटी है कि शाइन सिटी के इतर इसका गिरोह अब कौन सा काम कर रहा है। आर्थिक अपराध अनुसंधान संगठन वाराणसी इकाई के निरीक्षक सुनील वर्मा ने जनसंदेश टाइम्स से खास मुलाकात में कंपनी से जुड़ी कुछ जानकारी सांझा की। उन्होंने बताया कि साइन सिटी के अलावा कैसे गोरखपुर मंडल में सराकरी पैसों का बंदरबांट हुआ और उसमें आरोपितों की ताबड़तोड़ गिरफ्तारियां हुई। ईओडब्ल्यू पुलिस उपाधिक्षक डी प्रदीप कुमार के निर्देशन में टीम लगातार ऐसे लोगों की गिरफ्तारी में जुटी हैं जो सरकारी पैसों का बंदरबांट किये हैं और उसकी जांच ईओडब्ल्यू वाराणसी की टीम के पास है।



सुनील वर्मा (पीआरओ ईओडब्ल्यू)

### अकेले वाराणसी के इन थानों में दर्ज हैं सैकड़ों मुकदमे

पीड़ित निवेशकों के द्वारा वाराणसी जनपद के थाना कैंट,सिगरा, रोहनिया आदमपुर और मंडुआडीह पर कंपनी के निदेशकों और संचालकों के विरुद्ध साजिश, धोखाधड़ी, कूटरचित अभिलेखों सहित गबन का सैकड़ो अभियोग पंजीकृत कराया गया है। जिसकी जांच उत्तर प्रदेश शासन के आदेश पर आर्थिक अपराध अनुसंधान संगठन वाराणसी कर रही है। इस प्रकरण में संलिप्त आधा दर्जन से अधिक निदेशक और संचालक जेल में बंद है। अभी भी कंपनी का स्वामी राशिद नसीम गिरफ्तारी के भय से हट बढ़कर और लुक छिपकर रह रहा है और लंबे समय से फरार चल रहा है।

# बुध होंगे राजा, शुक्र होंगे मंत्री

## नवसंवत्सर

### इस बार नवसंवत्सर का नाम होगा पींगल

### सूर्य ग्रह का तेज सम्पूर्ण संवत्सर पर दिखेगा

### चैत्र नवरात्र के प्रतिपदा से विक्रम संवंत 2080 की होगी शुरूआत

**वाराणसी।** चैत्र नवरात्र के प्रतिपदा से नव विक्रम 2080 नवसंवत्सर का शुभारंभ होगा। नवसंवत्सर पर बुध राजा होंगे। जबकि शुक्र मंत्री होंगे। इस बार नवसंवत्सर का नाम पींगल होगा। अंक ज्योतिष के अनुसार 2080 का संयुक्त अंक 10 तथा एक अंक 1 बनता है। जिसका स्वामी ग्रह सूर्य होता है। सूर्य ग्रह का तेज सम्पूर्ण संवत्सर में रहेगा। प्रसिद्ध ज्योतिषविद् पं. विमल जैन के मुताबिक विक्रम संवंत 2080 का शुभागमन 22 मार्च 2023 बुधवार से हो रहा है। विक्रम संवंत में दशाधिकारियों में पांच अधिकारी सौम्य ग्रहों को तथा पांच पद क्रूर अधिकारी होते हैं। इनमें प्रथम बुध-राजा, शुक्र- मंत्री, सूर्य- सश्चेष्ठ, शनि- धानेश, गुरु- निगेश, मंगल- रसेश, सूर्य- निरशेष, गुरु- फलेश, सूर्य-धनेश, गुरु- दुर्गेश हैं। नव विक्रम संवंत 2080 का प्रवेश वृच्छिक लग्न में हो रहा है। लग्न का स्वामी ग्रह मंगल शत्रु क्षेत्रीय होकर अष्टम भाव में विराजमान है। सूर्य चन्द्रमा, बुध व गुरु से चर्तुग्रही योग बन रहा है। शनि अपनी स्वराशि कुंभ में है जिसके फलस्वरूप समस्त विश्व में सुख-समृद्धि तथा खुशहाली का सुयोग बना रहेगा। पं. विमल जैन के मुताबिक पींगल संवत्सर को शुभ माना गया है। हालांकि इसका स्वामी ग्रह राहु है। दशाधिकारियों को मिले पदों के अनुसार यह संवंत जनमानस को सुख-समृद्धि व सफलता प्रदान करता है। समस्त पक्षों में कम या अधिक रूपों से सामान्य शुभ फलदायी रहेगा।



### राजनीतिक हलचल में होगी वृद्धि

राजनीतिक हलचल में वृद्धि देखी जा सकेगी। विक्रम संवंत 2080 के प्रारम्भिक तीन मास अप्रत्याशित घटनाओं से ओतप्रोत रहेंगे। जिसके फलस्वरूप जनमानस को झकझोर देने वाली घटनाओं से रूबरू होना पड़ेगा। राजनैतिक क्षेत्र में विशेष फेरबदल व परिवर्तन तथा नव समीकरण देखने को मिलेंगे। पक्ष-विपक्ष के समक्ष नई चुनौतियों का सामान करना पड़ेगा। ग्रहगोचर के परिवर्तन के फलस्वरूप विश्व पटल पर अनहोनी एवं अप्रत्याशित घटनाओं का नजारा भी देखने को मिलेगा। राजा बुध होने से नव युवाओं का हर क्षेत्रों में बोलबाला रहेगा।

### हर क्षेत्र में महिलाओं का रहेगा वर्चस्व

शुक्र ग्रह मंत्री होने से सुख-समृद्धि की आकांक्षा तो हर वर्ग में बढ़ेगी। साथ ही रह क्षेत्र में महिलाओं का वर्चस्व देखा जा सकेगा। सूर्य ग्रह को तीन प्रमुख पद पर आसीन होने से विश्व में भारत की प्रतिष्ठा का डंका बजेगा। नव संवंत वर्ष में कई बार चर्तुग्रही व पंचग्रही योग भी बनेगा।

### इस बार सावन अधिक मास होगा

नवसंवत्सर में इस बार सावन मास अधिक मास होने से संवंत में 13 मास हो जायेंगे। नवसंवत्सर पर अपने आराध्य व इष्ट देवी देवताओं की पूजा अर्चना करनी चाहिए। साथ ही पंचांग का श्रवण करना चाहिए। इस दिन नीम के कपोलों (पत्तियों) व गोल मिर्च ग्रहण करना चाहिए। इसी दिन 22 मार्च से वासंतिक नवरात्र का शुभारंभ हो जायेगा।

# तोशाखाने से तोहफे तो सबने लिये हैं, फिर हंगामा क्यों

## रोलेक्स घड़ियों से सिगार के बक्सों तक, पाकिस्तानी जनरलों ने लिए हैं उपहार




काफी सोचकर पाकिस्तान सरकार ने पिछले कुछ सालों में अपने शीर्ष अधिकारियों को मिलने वाले तोहफों की सूची को सार्वजनिक किया है।इसमें 2002 से मार्च 2023 तक प्रधानमंत्रियों, राष्ट्रपतियों, ब्यूरोक्रेट्स और पत्रकारों समेत शीर्ष पदों वाले अफसरों को मिलने वाले उपहारों की सूची शामिल है। प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ के निर्देश पर कैबिनेट डिविजन की वेबसाइट पर अपलोड किए गए इस रिकॉर्ड के अनुसार तोशाखाना में गाड़ियां, घड़ियां, लैपटॉप, आईफोन, बेडशीट और यहां तक कि खाने-पीने के सामान जैसे पाइनएप्पल, कॉफी, श्रीलंकाई चाय और अरब कहवा कप भी उपहार स्वरूप लिए गए हैं। हालांकि, इस लिस्ट में यह नहीं बताया गया है कि कौन सी चीज किस देश से आई थी। मगर यह जरूर बताया गया है कि किस पदाधिकारी ने कितने पैसों के बदले इस चीज को तोशाखाना से लिया और इसकी असली कीमत का क्या अंदाजा लगाया गया था।

सरकारी दस्तावेजों के अनुसार तोहफे लेने वालों में पूर्व राष्ट्रपति परवेज मुशर्रफ, आसिफ अली जरदारी और ममनून हुसैन, पूर्व प्रधानमंत्री शौकत अजीज, यूसुफ रजा गिलानी, राजा परवेज अशरफ, नवाज शरीफ, शाहिद खाकान अब्बासी और इमरान खान शामिल हैं।वर्तमान प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ और राष्ट्रपति आरिफ अल्वी का तोशाखाना रिकॉर्ड भी जारी हुआ है। तोशाखाना (उपहार में मिले कीमती चीजों को रखने वाला भंडार) के 21 साल के रिकॉर्ड के अनुसार पाकिस्तान सरकार के पदाधिकारियों को सबसे अधिक तोहफे 2005 में मिले जिनकी कुल संख्या 475 थी।

सन 2006 और 2007 के दौरान कुल 381 उपहार मिले। इस तरह 2004 में पाकिस्तान के तोशाखाने में 350 तोहफे आए। इस लिस्ट के अनुसार पाकिस्तान के इतिहास में सबसे अधिक तोहफे पूर्व प्रधानमंत्री शौकत अजीज को मिले थे जो देश के पहले वित्त मंत्री के पद पर भी थे। शौकत अजीज और उनकी पत्नी को विदेशी प्रतिनिधियों से 885 उपहार मिले। सन 2006 में शौकत अजीज को अपना सबसे महंगा उपहार एक ज्वेलरी सेट की शक्ल में मिला जिसकी कीमत का अंदाजा 37,64,555 रुपये लगाया गया, मगर इसके लिए उन्होंने लगभग 5,63,184 पाकिस्तानी रुपये (15 प्रतिशत) अदा किए। 2002 के बाद के रिकॉर्ड के अनुसार, आसिफ जरदारी ने 181, नवाज शरीफ ने 55, शाहिद खाकान अब्बासी ने 27, इमरान खान ने 112 और परवेज मुशर्रफ ने तोशाखाने से 126 तोहफे हासिल किए।

वर्तमान सरकार का दावा है कि प्रधानमंत्री नवाज शरीफ ने अब तक कोई तोहफा तोशाखाने से नहीं लिया और रिकॉर्ड के मुताबिक सभी तोहफे वजीर-ए-आजम हाउस में डिस्प्ले किए गए हैं।

### सबसे महंगा उपहार किसे मिला और किसने अपने पास रखा ?

सन 2017 से 2018 के बीच प्रधानमंत्री रहने वाले शाहिद खाकान अब्बासी, उनकी पत्नी और बेटों ने 23 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य के उपहार 20 फीसद रकम अदा करके लिए। इनमें स्विस लग्जरी ब्रांड हुबलोट, रोलेक्स और हैरी विंस्टन की घड़ियां और ज्वेलरी गिफ़्ट सेट्स शामिल हैं। सन 2018 में प्रधानमंत्री बनने के बाद इमरान खान और उनकी पत्नी बुशरा बीबी को ग्राफ (18 कैरेट सोने और हीरे की घड़ी) समेत कई उपहार मिले जिनका अनुमानित मूल्य 14 करोड़ रुपये से अधिक था जो उन्होंने 20 प्रतिशत रकम अदा कर अपने पास रखे। 2009 में राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने 13 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की तीन गाड़ियां उपहार में लीं। इनमें बीएमडब्ल्यू 760 (सिक्योरिटी वर्ज़न, 2008 मॉडल), टोयोटा लेक्सस (सिक्योरिटी वर्ज़न) और बीएमडब्ल्यू 760 (सिक्योरिटी वर्ज़न, 2004 मॉडल) कारें शामिल थीं। इनके बदले आसिफ जरदारी ने सिर्फ 15 प्रतिशत रकम अदा की। साल 2016 में प्रधानमंत्री नवाज शरीफ और उनकी पत्नी कुलसुम नवाज ने लक्जरी क्रिस्टोफर कैरेट घड़ी हासिल की जिनकी असल कीमत नौ करोड़ रुपये से अधिक बनती है मगर उन्होंने इसका 20 फीसद ही अदा किया।

### तोशाखाना से उपहार लेने की प्रक्रिया क्या है ?

सन 2001 के कानूनों के तहत जिन उपहारों का मूल्य 10 हजार रुपये तक लगाया जाता है, ऐसे उपहारों को मुफ़्त लिया जा सकता है। 10 हजार से अधिक के उपहारों के लिए सरकारी पदाधिकारी 15 प्रतिशत रकम अदा कर तोहफे अपने पास रख सकते थे लेकिन 2011 में इस रकम को 20 प्रतिशत कर दिया गया। अब 2018 के नियमों के तहत जिन उपहारों की कीमत का अंदाजा 30 हजार रुपये तक लगता है वह मुफ़्त हासिल किए जा सकते हैं। तीस हजार रुपये से ऊपर के उपहारों के बदले 50 प्रतिशत अदायगी जरूरी कर दी गई है और ऐतिहासिक महत्व के उपहारों को सरकारी इमारतों में डिस्प्ले करने के निर्देश हैं। जबकि शासकों की ओर से तोशाखाने में जमा करवाए गए तोहफे सरकार के बनाए हुए नियमों के तहत ही बेचे जा सकते हैं और इसके लिए नीलामी की जाती है। 2011 में एबटाबाद इंक्वायरी कमीशन के प्रमुख जस्टिस रिटायर्ड जावेद इकबाल ने कॉफी के दो पैकेट रखे, जबकि वर्तमान राष्ट्रपति आरिफ अल्वी, चेयरमैन, सेनेट सादिक संजरानी, आसिफ जरदारी और शौकत अजीज नायाब राइफल और बंदूकें हासिल कर चुके हैं। बेडशीट्स लेने वालों में शौकत अजीज, खुर्शीद कसूरी, ख़्वाजा आसिफ, आसिफ जरदारी और इसहाक डार समेत दूसरे शामिल हैं। बिलावल भुट्टो ने 2013 में उस समय एक गुलदान तोशाखाने से मुफ़्त हासिल किया जब उनके पिता देश के राष्ट्रपति थे। पूर्व नौसेना प्रमुख जकाउल्लाह ने चार बार सस्ते दामों में तोशाखाने से आईफोन और दो बार आईपैड लिया। पूर्व एयर चीफ ताहिर रफीक बट को दो आईपैड, नायकोन और कैनन के कैमरे मिले। रिकॉर्ड के अनुसार ममनून हुसैन ने ड्राई फ्रूट के दो डिब्बे मुफ़्त लिए। रजा रब्बानी, शाह महमूद कुरैशी, नवाज शरीफ शौकत अजीज, परवेज मुशर्रफ, हिना रब्बानी, आसिफ जरदारी और आरिफ अल्वी उन लोगों में भी शामिल हैं जिन्होंने खजूर और टी सेट हासिल किए। सन 2015 में तत्कालीन प्रधानमंत्री नवाज शरीफ, उनकी पत्नी कुलसुम नवाज और बेटी मरियम नवाज- तीनों ने अनानास के डिब्बे लिए जिसके लिए कोई रकम अदा नहीं की। 2015 में दोबारा नवाज शरीफ और कुलसुम नवाज को पाइनएप्पल के डिब्बे मिले।

# इस देश की अर्थव्यवस्था कोरोना भी बिगाड़ नहीं सकी

कोरोना महामारी हो या यूक्रेन में युद्ध, एशिया के इस छोटे से मुल्क की अर्थव्यवस्था पर इसका कोई असर नहीं पड़ा है। दुनिया भर में कई देशों का कर्जा बेतहाशा बढ़ा है लेकिन ब्रुनेई में सब कुछ नियंत्रण में है। कोरोना महामारी से निपटने के लिए कई देशों को अपने खर्चे बढ़ाने पड़े थे क्योंकि अचानक आई मुसीबत के लिए कोई बजट नहीं था। कोविड -19 का दुनिया की अर्थव्यवस्था पर बहुत गंभीर असर पड़ा। दुनियाभर में महंगाई में हुई बढ़ोतरी के पीछे एक तरह से इस महामारी पर हुआ खर्च ही था। लेकिन इन सब चुनौतियों से दूर ब्रुनेई में कोई दिक्कत नहीं दिख रही है। इस देश में जीडीपी के मुकाबले सिर्फ.1.9% ही कर्ज.है, ये दुनिया में सबसे न्यूनतम कर्ज.है। लेकिन इसका ये अर्थ बिल्कुल भी नहीं कि ब्रुनेई की अर्थव्यवस्था स्वस्थ है। कई विकासशील देशों का जीडीपी के मुकाबले ऋण काफी कम है क्योंकि इन देशों में दौलत और कर्ज, दोनों ही कम होते हैं। हालांकि ब्रुनेई के साथ ऐसा नहीं है। **पेट्रो स्टेट और बेपनाह दौलत:** ब्रुनेई में लोगों के जीवन का स्तर दुनिया के संपन्न देशों जैसा है। इसका कारण है यहां तेल और गैस के भंडार। जानकारों का कहना है कि ब्रुनेई एक पेट्रो स्टेट है। देश के जीडीपी में कच्चे तेल और गैस उत्पादन का हिस्सा 90 फीसदी है। एक अनुमान के अनुसार वर्ष 2017 के अंत तक ब्रुनेई में एक अरब बैरल से अधिक तेल था। इसी तरह वहां 2.6 खरब क्यूबिक मीटर गैस थी। दक्षिणपूर्व एशिया में ब्रुनेई द्वीप के उत्तरी तट पर बसा ये देश मलेशिया और इंडोनेशिया के साथ अपनी सीमाएं साझा करता है। सुल्तान हसनअल वोल्किया और उनके शाही परिवार के पास बेपनाह दौलत है। ब्रुनेई के नागरिक कोई इनकम टैक्स नहीं देते। सरकार मुफ़्त शिक्षा मुहैया करवाती है और मेडिकल सेवाएं भी निशुल्क हैं। जो लोग देश की राजधानी बंदर सेरी बगावन गए हैं वो बताते हैं कि ये एक सुरक्षित, साफ और शांत जगह है। इसके अलावा देश के शासक यानी सुल्तान अपनी प्रजा के बीच काफी लोकप्रिय हैं। वे समय-समय पर जरूरतमंदों को प्लॉट और बने-बनाए घर भी देते रहते हैं। आबादी के लिहाज से ये एक छोटा सा देश है. यहां करीब पांच लाख लोग रहते हैं। और ये आबादी भी देश के छोटे से भू-भाग पर ही बसी हुई है। तेल और गैस से होने वाली कमाई की वजह से देश के पास एक बड़ा कैश रिजर्व है। इसी धन से देश के शासक छोटे-मोटे घाटे की भरपाई करते रहते हैं। उन्हें ऋण लेने की जरूरत ही नहीं पड़ती। तेल और गैस के निर्यात के कारण देश का करंट अकाउंट सरप्लस में है, जिसका अर्थ है कि इस देश ने स्वयं कर्ज.लेने के मुकाबले अधिक कर्ज.दूसरे देशों को दिया है।



# सऊदी अरब और ईरान की निटकता से भारत पर क्या असर

## चीन को सुलह कराने का मिल रहा श्रेय भारत के लिए चिंता



कुछ दिन पहले भारत के विदेश मंत्री ने अरब देशों के देश के रिश्तों पर टिप्पणी करते हुए यह कहा कि भारत की विदेशनीति में हुए बड़े बदलावों में से एक भारत का खाड़ी देशों से बदलता रिश्ता भी है। भारत में बदली सरकार के साथ इस क्षेत्र को ज्यादा गहराई और रणनीतिक दृष्टि से देखा गया है, तो यह एक रूटीन बयान की तरह लगा। लेकिन सच यह है कि नए युग में भारत का खाड़ी के देशों से कई महत्वपूर्ण क्षेत्रों में सहयोग लगातार बढ़ रहा है। ऊर्जा और सुरक्षा के क्षेत्रों में भारत इन देशों के साथ कई पक्षों पर काम कर रहा है। अधिकतर खाड़ी देशों के साथ भारत के अच्छे संबंध रहे हैं। इस रिश्ते में सबसे अहम है तेल और गैस का कारोबार। इसके अलावा खाड़ी देशों में काम करने वाले भारतीयों की बड़ी संख्या और अपने घर भेजे जानी वाले पैसे भी इस रिश्ते के अहम पहलू हैं। पिछले साल भारत और संयुक्त अरब अमीरात के बीच व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौता (सीईपीए) हुआ था। सीईपीए संधि के तहत सामानों का कारोबार बढ़ाने के साथ सेवाओं का व्यापार और निवेश बढ़ाने पर भी जोर दिया जाता है।

अरब से भारत सबसे ज्यादा कच्चा तेल इराक से खरीदता है और उसके बाद सऊदी अरब का नंबर है। हालांकि, इस बीच रूस से भारत के कच्चे तेल के आयात में काफी बढ़ोतरी हुई है। ऐसे में सऊदी अरब और ईरान के बीच बदलते रिश्तों के साथ भारत की वहां भूमिका को लेकर भी चर्चा होने लगी है। इसी चर्चा का अहम हिस्सा चीन भी है, जिसकी सऊदी और ईरान के समझौते में प्रत्यक्ष भूमिका दिख रही है।

**चीन की मदद से हुआ सऊदी अरब और ईरान में अहम समझौता, क्या हैं इसके मायने ? :** इससे पहले ईरान, सऊदी अरब, इसराइल और अमेरिका के बीच टकराव की स्थिति और भारत की मुश्किलों को समझना जरूरी है। सात साल पहले ईरान और सऊदी अरब ने भारी विवाद के बाद अपने राजनयिक रिश्ते तोड़ लिए थे। सऊदी अरब में एक जाने-माने शिया धर्म गुरु को फांसी दिए जाने के बाद साल 2016 में रियाद स्थित सऊदी दूतावास में ईरानी प्रदर्शनकारी घुस आए थे। इसके बाद से सुन्नी बहुल सऊदी अरब और शिया बहुल ईरान के बीच भारी तनाव रहा है। सऊदी अरब और ईरान के बीच आधुनिक प्रतिद्वंद्विता 1979 में ईरान की क्रांति के ठीक बाद शुरू हुई थी। तब ईरान ने सभी मुस्लिम देशों में राजशाही को हटा धर्म का शासन लागू करने का आह्वान किया था।1981 में इराक ने ईरान पर हमला किया जिसमें सऊदी अरब ने इराक का साथ दिया।

फिलहाल दोनों देश सीरिया, यमन, लेबनान और लीबिया में आपस में उलझे हुए हैं। इन देशों की उलझन में अमेरिका और इसराइल के हितों ने स्थितियों को और पेचीदा कर दिया है। क्योंकि भारत के दोनों देशों से हित जुड़े हुए हैं इसलिए भारत को अपनी विदेश नीति में बेहद संतुलन बनाकर चलना पड़ा है। लेकिन, जानकारों की मानें तो फिलहाल भारत के लिए स्थितियां थोड़ी अनुकूल दिख रही हैं क्योंकि भारत के दो दोस्त जो पहले आपसी दुश्मन थे, अब दोस्त बन रहे हैं। भारत की दुविधा कुछ कम हो सकती है।

जानकारों के अनुसार, ईरान और सऊदी अरब के द्विपक्षीय संबंधों का खाड़ी देशों में और पूरी दुनिया पर असर हुआ। दो देशों की द्विपक्षीय समस्याएं वैश्विक समस्या बन गई, इसमें दूसरे देश भी शामिल हो गए जैसे मिस्त्र, तुर्की ,रूस और चीन भी अप्रत्यक्ष तौर पर शामिल हो गए। जहां तक भारत का सवाल है तो ईरान के परमाणु कार्यक्रम के चलते अमेरिकी दबाव के चलते भारत को अपना व्यापार कम करना पड़ा। धीरे-धीरे जब ये मामला और उलझता गया तो भारत खाड़ी के देशों से गहरे संबंध बनाने लगा जैसे यूएई, सऊदी अरब और बहरीन। वहीं, ईरान भारत से दूर होता गया और चीन से उसकी नजदीकी बढ़ी। ये भारत के लिए मुश्किल तो रहा लेकिन इससे उसका कुछ खास नुकसान अभी तक नहीं हुआ है। पर अगर पाकिस्तान में सैन्य शासन आता है या अफगानिस्तान में कुछ और बदलाव होता है तो भारत-ईरान संबंधों पर असर होगा। हालांकि, जानकार ईरान और सऊदी अरब के हालिया फैसले पर तुरंत निष्कर्ष निकालने को ठीक नहीं मानते। वो कहते हैं कि ईरान और सऊदी अरब के इन राजनयिक संबंधों को कुछ अरसे तक देखना होगा। इसके तात्कालिक प्रभाव तो भारत पर नजर नहीं आते। ये अच्छा कदम है। पर भारत को इस बात पर सोचना चाहिए कि चीन ने इसका फायदा उठाया है।

अरब देशो में चीन की बढ़ती भूमिका को भारत के लिए ध्यान देने का विषय तो है, लेकिन मौजूदा बदलाव में चीन की भूमिका को बढ़ा-चढ़ाकर आंका जा रहा है। सऊदी अरब और ईरान के बीच बातचीत में चीन के अहम भूमिका निभाने की बात कहना पूरी तरह सही नहीं है। सऊदी अरब और ईरान अपने रिश्तों को सुधारने की कोशिश पिछले तीन-चार से कर रहे हैं। अनौपचारिक तौर पर बातचीत चल रही है। लेकिन, अब इसे औपचारिक रूप देना था तो बात आगे बढ़ाई गई है। एशिया में भारत एक बहुत महत्वपूर्ण देश है। भारत भी सऊदी अरब और ईरान के लिए तेल और प्राकृतिक गैस के लिए उतना ही बड़ा बाजार है जितना की चीन का। भारत की अर्थव्यवस्था भी 6-7 प्रतिशत की दर से बढ़ रही है।

भारत मध्य एशियाई देशों तक संपर्क को लेकर भी ईरान से संबंध मजबूत कर रहा था। वह चाबहार पोर्ट भी विकसित कर रहा है। ईरान और सऊदी अरब दोनों ही भारत को एक मित्र राष्ट्र की तरह देखते हैं और कश्मीर पर नरम रुख अपनाते हैं। वह कहते हैं, यहां चीन और भारत दोनों के अपने रणनीतिक, आर्थिक और राजनीतिक हित हैं। इनमें वैसा टकराव नहीं जो भारत के पड़ोसी देशों में चीन और भारत के बीच दिखता है।

पड़ोसी देशों के मामले में भारत को क्षेत्रीय सुरक्षा को लेकर सीधी चुनौती मिलती है। लेकिन, खाड़ी देशों के सुरक्षा को लेकर अपने समीकरण हैं। अगर चीन मध्यपूर्व में प्रभाव बढ़ा रहा है तो ऊर्जा क्षेत्र में प्रतियोगिता बढ़ेगी लेकिन बाकी निवेश के मौके दोनों देशों के लिए बराबर रहेंगे।

जानकारों का मानना है कि भारत और खाड़ी देश के बीच भारत की व्यवस्थागत समस्याएं और राजनीतिक समीकरण भी अहम हो जाते हैं और यहां पर भारत के हाथ कुछ हद तक बंध जाते है। चीन बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव के जरिए अपना प्रभाव और व्यापार बढ़ा रहा है, जो भारत को भी करना चाहिए लेकिन भारत के पास उतनी पूंजी नहीं है, जितनी चीन के पास है। चीन राजनीतिक प्रभाव भी प्रत्यक्ष तौर पर इस्तेमाल कर सकता है जो भारत नहीं करना चाहता। भारत अमेरिका और इसराइल को नाराज नहीं करना चाहता है। चीन ऐसा कर सकता है क्योंकि उसका अमेरिका के साथ सीधा तनाव है। वहीं, भारत को डिलवरी करने में थोड़ा ज्यादा समय लग जाता है क्योंकि ये एक लोकतांत्रिक देश है, चीन की तरह फैसले नहीं ले सकता है। इसलिए कोई भी फैसला लागू करने में देरी रहती है। इसमें चीन थोड़ा फायदा उठा लेता है।

इस्लामिक देशों और चीन की बात हो तो पाकिस्तान को भूमिका को नकारा नहीं जा सकता। चीन को इस्लामिक देशों के नजदीक लाने में पाकिस्तान अहम कड़ी साबित हुआ है। सऊदी और ईरान के बीच समझौते के बाद पाकिस्तान ने कहा कि इलाके में शांति और स्थायित्व के लिए पाकिस्तान योगदान देता रहेगा। पाकिस्तान ने इसके लिए चीन की सराहना भी की। ऐसे में पाकिस्तान-चीन की जोड़ी भारत के लिए क्या चुनौती बनेगी? पाकिस्तान को सऊदी अरब का साथ प्राप्त है, परमाणु शक्ति संपन्न होने के चलते सऊदी इसे इस्लाम के लिए एक सुरक्षा कवच मानता है। लेकिन, खाड़ी देशों के भारत के साथ नजदीकी बढ़ने से इसमें बदलाव आया है। वहीं, चीन अगर ईरान और सऊदी अरब के नजदीक आता है तो पाकिस्तान का महत्व कम होता चला जाएगा। चीन ने पहले खाड़ी देशों में एक समानांतर समूह खड़ा करने की रणनीति बनाई थी। इसमें तुर्की, मलेशिया और ईरान साथ आ रहे थे। अब ईरान और सऊदी अरब के बीच ही तनाव खत्म हो जाएगा तो पाकिस्तान की भूमिका अपने आप कम हो जाएगी। हालांकि जानकार कहते हैं कि हालात की कसौटी पर ईरान व सउदी के संबंध कसे जाने शेष हैं और इसका इंतिजार करना होगा।

### सऊदी और ईरान के बीच समझौता है क्या

मध्यपूर्व में दशकों से दुश्मन रहे सऊदी अरब और ईरान के रिश्ते अब बदलते दिख रहे हैं। दोनों देशों ने राजनयिक संबंध बहाल करने की घोषणा की है। दोनों ने दो महीने के अंदर दूतावास खोलने और एक दूसरे की संप्रभुता का सम्मान करने और आंतरिक मामलों में दखल न देने को लेकर सहमति जताई है। चीन में दोनों देशों के प्रतिनिधियों की चार दिनों तक चली बातचीत के बाद इस फैसले की घोषणा की गई है।भारत मध्य एशियाई देशों तक संपर्क को लेकर भी ईरान से संबंध मजबूत कर रहा था। वह चाबहार पोर्ट भी विकसित कर रहा है। ईरान और सऊदी अरब दोनों ही भारत को एक मित्र राष्ट्र की तरह देखते है।पिछले शुक्रवार को इस समझौते पर ईरान के शीर्ष सुरक्षा अधिकारी अली शामखेनी और सऊदी अरब के सुरक्षा सलाहकार मुसैद बिन मोहम्मद अल-एबन ने जब हस्ताक्षर किए तो इस मौके पर चीन के शीर्ष राजनयिक वांग यी भी मौजूद थे। उन्होंने इस समझौते को बातचीत और शांति की जीत बताया। साथ ही कहा कि चीन मुश्किल वैश्विक मसलों को सुलझाने में रचनात्मक भूमिका निभाता रहेगा। ऐसे में भारत के संदर्भ में ये देखना अहम हो जाता है कि खाड़ी देशों में भारत के हितों, अमेरिका की घटती दिलचस्पी और चीन के प्रभाव बढ़ाने की कोशिशों के बीच क्या बदलेगा।